3 राजधानी
अवैध कालोनियों की बनेगी सूची

6 अभिमत
संकुचित सोच से प्रभावित निजीकरण प्रक्रिया

10 विदेश
यूरोप में सैन्य मजबूती बढ़ाएगा अमेरिका

12 स्पोर्ट्स
रोहित पांचवें टेस्ट से बाहर बुमराह होंगे कप्तान

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 249
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 30 जून, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



राजस्थान सरकार मूकदर्शक बनी रही

राष्ट्रीय-9

# शक्ति परीक्षण से पहले उद्धव ने मुख्यमंत्री पद से दिया त्यागपत्र

● सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विधानसभा में शक्ति परीक्षण पर रोक लगाने से मना करने के बाद लिया निर्णय

**भाषा।** मुंबई, नई दिल्ली



त्यागपत्र की घोषणा मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बुधवार रात राजभवन में राज्य के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को अपना इस्तीफा सौंप दिया। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने ठाकरे का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था होने तक मुख्यमंत्री पद पर बने रहने को कहा। इससे पहले उद्धव ने कहा कि उनकी रुचि संख्याबल के खेल में नहीं है और इसलिए वह अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने वेबकास्ट पर कहा, मैं विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा दे रहा हूं।

ठाकरे ने यह घोषणा उनके नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार को बृहस्पतिवार को विधानसभा में बहुमत साबित करने संबंधी राज्यपाल के निर्देश पर रोक लगाने से उच्चतम न्यायालय के इनकार के कुछ मिनट बाद की। एमवीए में शिवसेना के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस सहयोगी हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में अधिकतर विधायकों की बगावत का सामना कर रहे ठाकरे ने कहा कि उन्हें अपना पद छोड़ने पर कोई असफोस नहीं है। शिवसेना अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बागी विधायकों को लौटने दें और उनके खिलाफ प्रदर्शन नहीं करें। इससे पहले करीब एक सप्ताह से गुवाहाटी में डेरा डाले बागी विधायक बुधवार शाम को वहां से विशेष विमान में रवाना हुए और गोवा पहुंचे। उद्धव ठाकरे ने कहा, शिवसेना और बाला साहेब ठाकरे की वजह से राजनीतिक रूप से बढ़े बागियों को उनके (बालासाहेब) बेटे के मुख्यमंत्री पद से हटने पर खुश और संतुष्ट होने दें। उन्होंने कहा, मैं संख्याबल के खेल में शामिल नहीं होना चाहता हूं। मैं शर्मिंदा महसूस करूंगा अगर मैं देखूंगा कि पार्टी का एक भी सहयोगी मेरे खिलाफ खड़ा है। उन्होंने कहा कि मुंबई में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और शिवसैनिकों को हिरासत में लिया गया है। ठाकरे ने कहा कि कांग्रेस और राकांपा ने बुधवार शाम को हुई मंत्रिमंडल की आखिरी बैठक में औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर करने के फैसले का विरोध नहीं किया। उन्होंने एमवीए सरकार चलाने के दौरान सहयोग के लिए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार को भी धन्यवाद ज्ञापित किया। ठाकरे ने बागियों का संदर्भ देते हुए कहा, कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने मुझसे कहा कि अगर बागी चाहते हैं तो कांग्रेस सरकार से हटने और बाहर से समर्थन करने को तैयार है। जिनसे खाई में धकेलने की उम्मीद थी वे ही साथ खड़े हुए जबकि मेरे अपने मेरा साथ छोड़कर चले गए। शिवसेना प्रमुख ने कहा, आपकी समस्या क्या थी? सूरत और गुवाहाटी जाने के बजाय आप सीधे मेरे पास आ सकते थे और अपनी राय रख सकते थे। उन्होंने कहा, शिवसेना आम लोगों की पार्टी है और उसने कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। ठाकरे ने कहा कि वह पार्टी का पुनर्निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा, मैं शिवसैनिकों का साथ खड़ा रहने के लिए धन्यवाद व्यक्त करता हूं। जो शिवसेना की वजह से राजनीतिक रूप से बढ़े वे असंतुष्ट हैं जबकि जिन्हें कुछ नहीं मिला वे निष्ठावान हैं। इससे पूर्व दिन में, महाराष्ट्र में राजनीतिक खींचतान, जो एक सप्ताह से अधिक समय पहले ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ शिंदे के विद्रोह के साथ शुरू हुई थी, एक निर्णायक चरण में प्रवेश कर गई जब महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने राज्य सरकार को विधानसभा में शक्ति परीक्षण का आदेश दिया। राज्यपाल का यह फैसला तब आया है जब मंगलवार रात भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात की थी और ( शेष पेज 4 )



मुख्यमंत्री बनने के प्रबल दावेदार भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को मिठाई खिलाते महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल

## भाजपा खेमे में जश्न शुरू, पार्टी नेताओं ने फडणवीस को दी बधाई

**मुंबई( भाषा )।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के इस्तीफे की घोषणा के बाद भारतीय जनता पार्टी के कई विधायक और वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मुंबई स्थित आवास पर एकत्रित हुए। शिवसेना के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के गिरने पर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल समेत भाजपा के कई नेताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी। उनमें से कई ने कहा कि फडणवीस जल्द ही राज्य की कमान संभालेंगे। पूर्व मंत्री ( शेष पेज 4 )

## औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर तथा उस्मानाबाद का धाराशिव कर गए उद्धव

**मुंबई( भाषा )।** महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक संकट के बीच राज्य मंत्रिमंडल ने बुधवार को औरंगाबाद शहर का नाम बदलकर संभाजीनगर करने और उस्मानाबाद शहर का नाम धाराशिव करने को मंजूरी दी। राज्य के ऐतिहासिक महत्व वाले शहर औरंगाबाद का नाम परिवर्तित करने का कदम सरकार ने ऐसे वक्त उठाया है जब महा विकास आघाड़ी (एमबीए) संगठन की अगुवाई कर रही शिवसेना बड़ी संख्या में अपने विधायकों की बगावत ( शेष पेज 4 )

## शिवसेना के बागी विधायक गोवा पहुंचे

**भाषा।** मुंबई, पणजी

**असम** में आठ दिन बिताने के बाद, शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के बागी विधायक बुधवार शाम गुवाहाटी से गोवा पहुंच गए। निजी विमानन कंपनी स्पाइसजेट के एक चार्टर विमान ने गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से शाम छह बजकर 56 मिनट पर गोवा के डाबोलिम हवाईअड्डे के लिए उड़ान भरी। शिवसेना के विधायक कुछ निर्दलीय विधायकों के साथ 22 जून से लगभग 2,700 किलोमीटर दूर गुवाहाटी में डेरा डाले हुए थे, जिससे महाराष्ट्र में उनकी सरकार संकट में आ गई। असम के संसदीय कार्य मंत्री पीयूष हजारिका, आवास और शहरी मामलों के मंत्री अशोक सिंघल, भाजपा सांसद पल्लब लोचन दास और विधायक दिगंत कलिता और सुशांत बोरगोहेन महाराष्ट्र के विधायकों के साथ हवाई अड्डे गए। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त हरमीत सिंह, संयुक्त आयुक्त पार्थ सारथी महंत और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी हवाई अड्डे पर मौजूद थे। हवाई अड्डे पर सुबह से ही सैकड़ों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। एकनाथ शिंदे ने हवाई अड्डे पर संवाददाओं से बातचीत में शिवसेना के बागी कहे जाने पर आपत्ति जताई और कहा कि उनके समूह के सदस्य असली शिवसैनिक हैं। उन्होंने कहा कि वह उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके साथ के विधायकों ने बृहस्पतिवार ( शेष पेज 4 )

# पाकिस्तान से जुड़े हत्यारों के तार

**उदयपुर हत्याकांड**

● डीजीपी ने कहा- एक हत्यारोपी का संबंध दावत-ए-इस्लामी से होने के सबूत मिले, मामले में तीन और लोग गिरफ्तार, एनआईए ने संभाली जांच

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** जयपुर/नई दिल्ली



उदयपुर में मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा मारे गए दर्जी कन्हैया की अंतिम यात्रा में आक्रोशित लोग

**उदयपुर** में दर्जी कन्हैया लाल तेली की दो कट्टरपंथी मुसलमानों द्वारा नृशंस हत्या मामले में एक आरोपी का संबंध पाकिस्तान स्थित दावत-ए-इस्लामी से है और वह 2014 में कराची गया था। यह खुलासा राजस्थान पुलिस प्रमुख ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में किया।

वहीं घटना के एक दिन बाद बुधवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राजस्थान पुलिस से आतंकी घटना की जांच अपने हाथ में ले ली है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एमएल लाठेर ने जयपुर में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पुलिस ने हत्या के सिलसिले में अब तक तीन और लोगों समेत पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। रियाज अख्तरी और ( शेष पेज 4 )

### जगह-जगह उग्र प्रदर्शन, पुलिस कर्मी पर हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**उदयपुर** में एक दर्जी की नृशंस हत्या के खिलाफ बुधवार को राजस्थान के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किए गए। राजस्थान के राजसमंद जिले के भीम कस्बे में निकाले गए विरोध मार्च के दौरान पुलिस पर पथराव भी किया गया। प्रदर्शनकारियों ने तलवार से हमला कर एक पुलिस कांस्टेबल को घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि भीम कस्बे में भीड़ को नियंत्रित करने और उन्हें एक धार्मिक स्थल की तरफ बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। जयपुर में संवाददाताओं से बातचीत में पुलिस महानिदेशक एम एल लाठर ( शेष पेज 4 )

# पैकेट वाले आटे, पापड़, छाछ और दही पर लगेगा कर

● जीएसटी परिषद ने कुछ वस्तुओं पर कर छूट वापस ली

**भाषा।** नई दिल्ली



**जीएसटी** परिषद ने कुछ सामानों पर छूट को वापस लेने जबकि कुछ अन्य पर दरें बढ़ाए जाने का फैसला किया है। इससे अब डिब्बाबंद और लेबल-युक्त गेहूं आटा, पापड़, पनीर, दही और छाछ पर पांच प्रतिशत कर लगेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संवाददाताओं को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की यहां दो दिन की बैठक में विभिन्न समूहों के दरों को युक्तिसंगत बनाने के बारे में दिए गए सुझावों को स्वीकार कर लिया गया।

इससे कर की दरों में बदलाव हुए हैं। कर दर में बदलाव 18 जुलाई से प्रभाव में आएंगे। हालांकि परिषद ने कसीनो, ऑनलाइन गेमिंग और घुड़दौड़ पर रिपोर्ट को मंत्री समूह (जीओएम) के पास फिर विचार के लिए भेज दिया है। गोवा के वित्त मंत्री कसीनो पर जीएसटी दर के बारे में और चर्चा चाहते हैं। ऐसे में ऑनलाइन गेमिंग और घुड़दौड़ पर भी फिर से विचार किया जाएगा। मंत्री समूह ने तीनों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने की सिफारिश की थी। इस बारे में रिपोर्ट 15 जुलाई तक तैयार हो जाने की उम्मीद है और अगस्त में परिषद की अगली बैठक में इसपर विचार किया जाएगा।

छूट समाप्त करने का मतलब है कि डिब्बा या पैकेट बंद और लेबल युक्त (फ्रोजन को छोड़कर) मछली, दही, पनीर, लस्सी, शहद, सूखा मखाना, सूखा सोयाबीन, मटर जैसे उत्पाद, गेहूं और अन्य अनाज तथा मुरमुरे पर ( शेष पेज 4 )

## उपराष्ट्रपति के लिए छह अगस्त को होगा चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** पद के लिए चुनाव छह अगस्त को होगा। चुनाव आयोग ने बुधवार को यह घोषणा की। एम. वेंकैया नायडू के उत्तराधिकारी के चुनाव के लिए अधिसूचना पांच जुलाई को जारी होगी और 19 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। निर्वाचन आयोग (ईसी) के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच 20 जुलाई को होगी और 22 जुलाई तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। मतों की गिनती भी छह अगस्त को ही होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे की बैठक में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य भाग लेते हैं। इस चुनाव में मनोनीत सदस्य भी शामिल होते हैं। उपराष्ट्रपति नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो रहा है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को मतदान में स्पष्ट बढ़त है, जिसमें नामांकित सदस्यों सहित लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य मतदान के पात्र हैं। संविधान ( शेष पेज 4 )

# ओवैसी के पांच में से चार विधायक राजद में शामिल



पटना में बुधवार को राजद नेता लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के साथ एआईएमआईएम छोड़ने वाले चारों विधायक जो राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गए

● बिहार में राजद फिर बनी सबसे बड़ी पार्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**बिहार** में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के पांच में से चार विधायक बुधवार को राजद में शामिल हो गए। इससे 243 सदस्यीय राज्य विधानसभा में राजद सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव एआईएमआईएम के इन चार विधायकों को एक कार में साथ लेकर बुधवार को विधानसभा पहुंचे और सदन अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा को एक पत्र सौंपा। कार स्वयं तेजस्वी चला रहे थे। राजद में शामिल होने वाले एआईएमआईएम के इन विधायकों में कोचाधामन विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहम्मद इज़हार अस्फी, जोकीहाट के शाहनवाज आलम, बायसी के रुकानुद्दीन अहमद और बहादुरगंज के अंजार नईमी शामिल हैं। एआईएमआईएम छोड़ने वाले इन ( शेष पेज 4 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,026 | ↓ 150 |
| निफ्टी | 15,799 | ↓ 51 |
| सोना | 50,649 | ↓ 176 /10g |
| चांदी | 59,725 | ↓ 443 /kg |

## क्विक न्यूज

### प्रदेश में बिजली गिरने से 17 लोगों की मृत्यु

**लखनऊ।** प्रदेश में कई स्थानों पर बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हो गयी। बलिया के पुलिस अधीक्षक आरके नय्यर ने बताया कि मंगलवार शाम और बुधवार की सुबह आकाशीय बिजली गिरने की अलग अलग घटनाओं में चार लोगों की मृत्यु हो गई। रामपुर कोडरहा गांव में संतोष (27), विष्णुपुर गांव में राम भवन शाह (47), रमेश सिंह (40) और अतरौल करमौता गांव में बब्बन राजभर (60) की मृत्यु हो गई। उधर, फतेहपुर में मंगलवार शाम से जिले के विभिन्न हिस्सों में इसी तरह की घटनाओं में छह लोगों की मृत्यु हो गई। मंगलवार शाम जंगल में बकरी चरा रही प्रियंका (10) और शिवदत्त शर्मा (43) की तथा बुधवार की सुबह खेत में काम कर रहे धरमराज पासवान (40) की बिजली गिरने से मौत हो गई।

# रुपया 79 के पार, 18 पैसे टूटकर नए सर्वकालिक निचले स्तर पर

**भाषा।** मुंबई

**रुपए** में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया 18 पैसे टूटकर 79.03 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, विदेशों में डॉलर में आई मजबूती और विदेशी पूंजी की सतत निकासी से रुपए में गिरावट आई है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 78.86 पर खुला और कारोबार के अंत में 18 पैसे की गिरावट के साथ 79.03 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। सत्र के दौरान रुपए ने अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले के 79.05 के सर्वकालिक निचले स्तर को छुआ। मंगलवार को रुपया 48 पैसे गिरकर 78.85 रुपए प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। रुपए में इस महीने में अभी तक 1.97 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है जबकि इस वर्ष के आरंभ से रुपए का मूल्य 6.39 प्रतिशत घट चुका है।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 104.64 पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक, दिलीप परमार ने कहा कि जोखिम-प्रतिकूल भावनाओं और कमजोर क्षेत्रीय मुद्राओं के कारण रुपया नीचे आया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.34 प्रतिशत बढ़कर 118.38 डॉलर प्रति बैरल हो गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड की जिंस एवं मुद्रा शोध विभाग की उपाध्यक्ष, सुगंधा सचदेवा ने कहा, घरेलू बाजारों से भारी मात्रा ( शेष पेज 4 )

# अभूतपूर्व सुरक्षा घेरे में अमरनाथ यात्रा आरंभ

● पारंपरिक पूजा के बाद उपराज्यपाल ने 4890 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को दिखाई झंडी

● लगभग तीन लाख तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया, एलजी सिन्हा आज करेंगे पवित्र गुफा में पहली पूजा

**मोहित कंधारी।** जम्मू



जम्मू से आरंभ हुई अमरनाथ यात्रा के वाहनों को सुरक्षा देने के लिए खड़े सेना के जवान

**जम्मू-कश्मीर** में बढ़ते आतंकी खतरों से बेपरवाह अमरनाथ यात्रा के लिए 4890 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बुधवार को रवाना हो गया। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू के आधार शिविर में पारंपरिक पूजा-अर्चना के बाद 176 हल्के और भारी मोटर वाहनों के काफिले को झंडी दिखाई। समारोह में मुख्य सचिव अरुण मेहता, वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थानीय राजनेताओं ने भाग लिया और तीर्थयात्रियों के लिए शांति, समृद्धि और सुरक्षित आध्यात्मिक यात्रा के लिए प्रार्थना की।

उपराज्यपाल सिन्हा गुरुवार को पवित्र गुफा मंदिर में पहली पूजा करेंगे। बेस कैंप में सुबह से ही उत्साह का माहौल था। यात्रा शुरू करने से पहले विभिन्न राज्यों से आए तीर्थयात्रियों को भगवान शिव की स्तुति गाते और वैदिक मंत्रों का जाप करते देखा गया। इस साल अभी तक लगभग 3 लाख तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है। श्राइन बोर्ड के अधिकारियों को इस साल 6 से 7 लाख तीर्थयात्रियों के बाबा बर्फानी के दर्शन करने की उम्मीद है। तीर्थयात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुए मंदिर बोर्ड के अधिकारियों ने उनकी सुविधा के लिए तत्काल पंजीकरण की भी विस्तृत व्यवस्था की है। पहली बार श्राइन बोर्ड द्वारा तीर्थयात्रियों को रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टैग जारी किया गया है, जबकि कड़ी निगरानी के लिए आधार शिविरों और यात्री निवास में ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं।

इस साल पहली बार तीर्थयात्रियों के लिए श्रीनगर से हेलीकॉप्टर सेवाओं का विस्तार किया गया है। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 के निरस्त होने से पहले 2019 दिनों में अमरनाथ यात्रा की अवधि को कम कर दिया गया था। हालाँकि, कोविड-19 महामारी के कारण यात्रा 2020 और 2021 में स्थगित रही। पूरे यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। केंद्र ने बालटाल और पहलगाम के दोनों यात्रा मार्ग और आधार शिविरों की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों ( शेष पेज 4 )

## अमरनाथ यात्रा मार्ग के निकट मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर( भाषा )।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने यह भी बताया कि जिस जगह मुठभेड़ हुई वह अमरनाथ यात्रा मार्ग के बेहद करीब है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कुलगाम जिले में मीर बाजार इलाके के नवापुरा में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया था। अधिकारी के अनुसार तलाशी अभियान के दौरान ही मुठभेड़ शुरू हो गई जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने ट्वीट किया, मारे गए दोनों आतंकवादियों की पहचान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के स्थानीय आतंकवादियों के तौर पर हुई है। यह एक और ( शेष पेज 4 )

# बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत रखी जाए नजर: मुख्यमंत्री

## ● बाढ़ की आशंका पर एक्शन में सरकार सीएम योगी ने की तैयारियों की समीक्षा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बाढ़** की आशंका को देखते हुए योगी सरकार एक्शन में आ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत नजर रखी जाए। नदियों के जलस्तर की सतत मॉनीटरिंग की जाए। प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ , एसडीआरएफ, पीएसी तथा आपदा प्रबंधन टीमों को 24 गुणे 7 एक्टिव मोड में रहें। आपदा प्रबंधन मित्र, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों की आवश्यकतानुसार सहायता ली जानी चाहिए। इन्हें विधिवत प्रशिक्षण भी दिया जाए। नौकाएं, राहत सामग्री आदि के प्रबंध समय से कर लें। बाढ़-अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देर न हो। प्रभावित परिवारों को हर जरूरी मदद तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री बुधवार को बाढ़ से निपटने की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सिंचाई एवं जल संसाधन, गृह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिंचाई एवं जल संसाधन, खाद्य एवं रसद, राजस्व एवं राहत, कृषि, राज्य आपदा प्रबन्धन, रिमोट सेन्सिंग प्राधिकरण के बीच बेहतर तालमेल हो। भारतीय मौसम विभाग, केन्द्रीय जल आयोग, केन्द्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें। यहां से प्राप्त आकलन-अनुमान रिपोर्ट समय से फ ील्ड में तैनात अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए। भारत सरकार की एजेंसियों की मदद से आकाशीय बिजली के सटीक पूर्वानुमान की बेहतर प्रणाली के विकास के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा बाढ़ से प्रभावित जनपदों में 113 बेतार केंद्र अधिष्ठापित किए गए हैं। मॉनसून अवधि में यह केंद्र हर समय एक्टिव रहे। प्रदेश में बाढ़ से सुरक्षा के लिए विभिन्न नदियों पर 3869 किमी लंबाई वाले 523 तटबंध निर्मित हैं। बाढ़ की आशंका को देखते हुए सभी तटबंधों की सतत निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दौरान और बाद में बीमारियों के प्रसार की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य किट तैयार करके जिलों में पहुंचा दिया जाए।

### 24 जिले अतिसंवेदनशील, तटबंधों का डीएम-एसपी स्वयं करें निरीक्षण

प्रदेश में बाढ़ की दृष्टि से 24 जनपद अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। इसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोंडा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फरर्खाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। वहीं सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील प्रकृति के हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिए पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध होना चाहिए। सभी 875 बाढ़ सुरक्षा समितियां एक्टिव मोड में रहें। अति संवेदनशील तथा संवेदनशील तटबंधों का जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान स्वयं निरीक्षण कर लें। शेष तटबंधों का उपजिलाधिकारी, डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारी द्वारा तटबंधों का निरीक्षण करा लिया जाए। कल 30 जून तक नालों आदि की सफाई का कार्य पूर्ण करा लिया जाए।

### योगी सरकार ने पूरी की 830 बाढ़ परियोजनाएं

प्रदेश में व्यापक जन-धन हानि के लिए दशकों तक कारक रही बाढ़ की समस्या के स्थायी निदान के लिए विगत 5 वर्षों में सुनियोजित प्रयास किए गए हैं। जिसके चलते अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। 2017-18 से अब तक योगी सरकार ने 830 बाढ़ परियोजनाएं पूरी की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार हमने आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर बाढ़ से खतरे को न्यूनतम करने में सफलता पाई है।

### सीएम आज लोन मेले में वितरित करेंगे ऋण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 जून 2022 को लखनऊ में आयोजित एमएसएमई लोन मेले में विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण वितरित करेंगे। ऋण वितरण का यह कार्यक्रम सभी जिलों में आयोजित किया जाएगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि एमएसएमई लोन मेले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना आदि के एक लाख 90 हजार लाभार्थियों को कुल 16 हजार करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया जाएगा।

# मुरादाबाद जेल में बना प्रदेश का पहला चिल्ड्रेन पार्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार की योजना के अनुरूप कार्रवाई करते हुए मुरादाबाद जेल प्रशासन ने चिल्ड्रन पार्क का निर्माण कराया है। ऐसा पार्क बनाने वाली मुरादाबाद राज्य की पहली जेल है। इसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलों से लेकर खिलौनों व स्लाइडिंग आदि की पूरी व्यवस्था की गई है।

काराकार मुख्यालय के प्रवक्त ने बताया कि प्रदेश की जेलों में इस समय कुल 453 बच्चे अपनी मां के साथ रह रहे हैं, जो निर्दोष हैं। जेल की जिंदगी बच्चों के मन पर असर न डाले और उनका भी समग्र विकास हो सके, इसके लिए शासन ने प्रदेश की सभी जेलों में चिल्ड्रन पार्क बनाने के निर्देश दिए थे। इस पर मुरादाबाद जेल प्रशासन ने सबसे पहले अपने वहां यह पार्क तैयार कराया है। बच्चों की देखरेख के लिए पार्क में दो महिला बंदी रक्षकों की अलग से तैनाती की गई है। पार्क में हरियाली का भी पूरी तरह से इंतजाम किया गया है। पार्क महिला बंदियों के बच्चों के लिए पूरी तरह से उपयोगी साबित हो इसका पूरा प्रयास किया गया है। प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति और कारागार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस उपलब्धि के लिए मुरादाबाद जेल के जेल अधीक्षक व जेल प्रशासन के अधिकारियों को बधाई दी है। कारागार राज्यमंत्री ने इसे मिसाल बताते हुए अन्य जेलों के अधिकारियों को इससे सीख लेने को कहा है। उन्होंने कहा कि बचपन सभी के लिए खेलने-कूदने का होता है। ऐसे में किसी भी बच्चे को खेलने-कूदने के अवसर से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इस तरह के पार्क का उद्देश्य है कि जब अपनी मां के साथ बंद बच्चा बाहर आए तो समाज के साथ घुल-मिल सके और अपना भविष्य उज्ज्वल कर सके।

# जन-जन का अभियान बने पौधरोपण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रदेश सरकार के सौ दिन पूरे होने के अवसर पर आगामी 5 जुलाई को आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत प्रदेश में 25 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस वृक्षारोपण अभियान को हमें जन-जन का अभियान बनाना है। वृहद कार्ययोजना बनाकर गांव से लेकर शहर तक हर एक जन-प्रतिनिधि को इस अभियान से जोड़ा जाए। सबके सहयोग से यह अभियान सफल होगा और साथ ही लोगों की देख-रेख में रोपित वृक्षों को भी नष्ट होने से बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं, जैसे कन्या सुमंगला, जननी सुरक्षा, पोषण, कायाकल्प, रोजगार मेले और कौशल विकास से जुड़े लाभार्थियों की जानकारी को आधार व आधुनिक तकनीकी से जोड़कर, थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग के माध्यम से सत्यापन कार्य पूर्ण किया जाए। सारी सूची वेब साइट, पोर्टल पर उपलब्ध रहे ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी प्रकार का फर्जीवाड़ा न हो सके। बुधवार को शासन की प्राथमिकता के कार्यक्रम के संबंध में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुरूप आजमगढ़ और रामपुर में जो भी अब तक लंबित या पिछड़ी परियोजनायें हैं, उनको समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। आज देश डिजिटल एग्रीकल्चर की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में हैसियत प्रमाण पत्र निर्माण में, परिवार रजिस्टर की नकल निकालने में बहुत ज्यादा समय न लगे तथा सभी डीएम और सीडीओ इस पर विशेष ध्यान दें, और अधिकतम 15 दिन के अंदर इन सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करायें। 31 मई तक के मृत्यु के उपरांत लंबित घरौनी और वरासत से जुड़े सभी कार्यों को अभियान चलाकर शीघ्र पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि यूपी में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं।

### कार्ययोजना का संक्षिप्त रोड मैप प्रस्तुत करें अधिकारी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि यूपी सरकार के सौ दिन पूरे होने के अवसर पर गति शक्ति अभियान और विभिन्न विभागों के अंतर-समन्वय से अब तक हुए कार्यों व भविष्य की कार्ययोजना का एक संक्षिप्त रोड मैप प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना बने जिसमें स्वीकृत परियोजनाओं के साथ भविष्य की प्रस्तावित योजनाओं का भी जिक्र हो। इन सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी और इससे जुड़ी मैपिंग को गति शक्ति संचार पोर्टल पर दर्ज किया जाए। मुख्य सचिव बुधवार को पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान के संबंध में गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गति शक्ति योजना की मॉनिटरिंग और सुचारु संचालन के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था बनाने के निर्देश देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि अपलोडिंग प्रक्रिया में तेजी लाने, सत्यापन कार्य, आंकड़ों में सुधार और अपडेट करने के लिए प्रदेश के विभिन्न पॉलिटेक्निक, आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों की मदद ली जाए।

# 2024 को लेकर अखिलेश हर मंडल विधानसभावार करेंगे जनसभा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा है कि इधर जबसे लोकसभा उपचुनाव 2022 के नतीजे आये हैं भाजपा का शीर्ष नेतृत्व कुछ ज्यादा ही इतरा रहा है। एक दूसरे को मिठाई खिलाना, एक दूसरे की पीठ थपथपाना लोकतंत्र का उपहास है। उन्होंने कहा कि भाजपा की अन्यायपूर्ण राजनीति का दमखम और भाजपा के तात्कालिक क्षणिक उत्साह का तब कहीं अतापता नहीं चलेगा जब अखिलेश यादव का समाजवादी रथ दौड़ेगा।

राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि सन् 2024 के लोकसभा के आम चुनावों में अखिलेश यादव न केवल प्रत्येक मंडल और विधानसभा क्षेत्रों में सभायें करेंगे बल्कि इस बीच जनपदों का सघन दौरा भी करेंगे। उन्होंने कहा कि कौन नहीं जानता कि अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में जो विकास का रास्ता अपनाया था उस पर भाजपा दो कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी। उन्होंने कहा कि भाजपा यह समझ ले लोकतंत्र में अहंकार के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता है। राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि हालांकि भाजपा इस सच्चाई से अवगत है कि इन चुनावों में भी जीत के लिए वहीं सब धांधली की गई जैसी सन् 2022 के आम विधानसभा चुनावों में की गई थी। राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि भाजपा यह बात बहुत अच्छी तरह जानती है कि अखिलेश यादव के विराट व्यक्तित्व और स्वच्छ छवि के सामने भाजपा तमाम अनियमितताएं करके भी टिक नहीं सकती। यह कैसी विडम्बना है कि जनहित में बिना कोई विकास कार्य किए कपटपूर्ण राजनीति की जा रही है और उसे ही अपनी उपलब्धियों में शामिल किया जाता है। लोकतंत्र में ऐसे बुरे दिन क्या कभी हो सकते हैं कि नैतिक मूल्यों पर आधारित राजनीति को परास्त करने की साज़िश हो, और इसे ही अपनी सफलता का मूल समझा जाने लगे।

### प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस अलर्ट जुलूस निकालने पर प्रतिबंध

**लखनऊ।** राजस्थान प्रदेश के उदयपुर में हुए कांड के विरोध में हिन्दू संगठनों के प्रदर्शन को देखते हुए यूपी पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। बुधवार को यूपी के कानपुर, प्रयागराज, अलीगढ़, मेरठ, आगरा, सहारनपुरए गोरखपुर, बस्ती, वाराणसी, उन्नाव, कन्नौज, फतेहपुर, हमीरपुर, हापुड़, रामपुर, मुरादाबादए बुलंदशहर, महोबा व अमरोहा आदि जिलों में विहिप, बजरंग दल और हिंदू जागरण मंच समेत कई हिन्दू संगठनों ने में प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका। साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश के एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि सभी जिलों में शांति रही। जुलूस निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस ने लगातार गश्त किया। सोशल मीडिया की भी कड़ी निगरानी की गई। एडीजी ने बताया कि उदयपुर घटना के बाद से ही यूपी के सभी पुलिस कप्तानों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में किसी भी प्रकार की गतिविधि होने पर तत्काल राज्य मुख्यालय को सूचना करने को कहा गया है।

# 'ओडीओपी मार्ट डाट काम' को आनबोर्ड करने के पायलट फेज शुरू

## ● कारीगर अपने उत्पाद अपनी कीमत पर खुद ऑनलाइन बेच सकेंगे:डॉ. नवनीत सहगल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल ने बुधवार को कैसरबाग स्थित निर्यात प्रोत्साहन भवन में केन्द्रीय वाणिज्य मंत्रालय के ओपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स (ओएनडीसी) प्लेटफार्म पर 'ओडीओपी मार्ट डाट काम' को आनबोर्ड करने के पायलट फेज का शुभारंभ किया। इसके पश्चात पोर्टल पर पंजीकृत सभी कारीगरों के उत्पाद उन सभी ई कामर्स साइट और एप पर प्रदर्शित होने लगे। इसके पश्चात उन्होंने ओएनडीसी प्लेटफार्म पर योगा मैट का आर्डर भी प्लेस किया। जिसकी डिलीवरी आज ही उनको हो जायेगी। इस अवसर पर डॉ. सहगल ने कहा कि डिपार्टमेंट फार प्रमोशन आफ इण्डिस्ट्री एण्ड इन्टरनल ट्रेड, वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित ओएनडीसी से जुड़ने वाला देश का पहला राज्य होगा। इसके फलस्वरूप ओडीओपी कारीगरों एवं उद्यमियों को ई कामर्स पोर्टल पर एक वृहद डिजिटल मार्केटिंग ईकोसिस्टम की सुविधा उपलब्ध होगी। इस प्रक्रिया से प्रदेश के ओडीओपी हस्तशिल्पी एवं कारीगर विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि कारीगर ओएनडीसी और ओडीओपी मार्ट के माध्यम से अपने उत्पाद अपनी तय कीमत पर खुद ऑनलाइन बेच सकेंगे। इस नेटवर्क पर जुड़ने से देश विदेश का कोई भी खदीददार ई कामर्स प्लेटफार्म पर जाकर कोई उत्पाद तलाशेगा तो उसे नेटवर्क से जुड़े पोर्टल पर उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त ओएनडीसी पर लाजिस्टिक सुविधा भी उपलब्ध होगी। ग्राहक अपने मन पसंद लाजिस्टिक कंपनी से उत्पाद की डिलीवरी ले सकेंगे। इस मौके पर आयुक्त एवं निदेशक उद्योग मनीष चौहान, विशेष सचिव एमएसएमई प्रदीप कुमार सहित ओएनडीसी से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पुष्टाहार उत्पादन एवं वितरण में स्वयं सहायता समूहों के महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा पुष्टाहार उत्पादन एवं वितरण का कार्य तीव्रता के साथ किया जा रहा है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के साथ अभिसरण के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा प्रदेश के 43 जनपदों के 204 विकासखण्डों में पुष्टाहार उत्पादन एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों को वितरण कराने का कार्य किया जा रहा है। अभी तक 81 टेक होम राशन प्लांट स्थापित किये जा चुके हैए जिसमें से 53 प्लांट को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से लाइसेंस निर्गत किया जा चुका है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से अभिसरण अंतर्गत प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में ड्राई राशन समूह की महिलाओ के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों पर उपलब्ध कराते हुए वितरण में सहयोग किया जा रहा है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं प्रदीप कुमार मिश्रा पुत्र प्रेम शंकर मिश्रा मेरी डीड संख्या 26986 दिनांक 12.03.1989 की चेन डीड कहीं खो गई है प्लॉट 812 ग्राम ख्योरा बांगर (लखनपुर हाउसिंग सोसाइटी) तहसील जिला कानपुर नगर। इसका उपयोग अवैध होगा।

WANTED

AMIRUDDAULA ISLAMIA DEGREE COLLEGE, LALBAGH, LUCKNOW
(a Minority Institution)

Wanted Assistant Professors in Physics, Mathematics, Computer Science, Zoology, Botany, Chemistry (With specialization in Physical/ Inorganic Chemistry), Hindi, Political Science, History (leave vacancy, likely to be continued) Arab Culture, Economics and Commerce. Qualifications and Conditions of service as per Act and Statutes of Lucknow University and Government Orders. Applications on prescribed forms, obtainable from the College Office, with required fee and necessary documents must reach the Assistant Manager within one month of last insertion.

(Athar Nabi)
Assistant Manager

# रेस कार्यक्रम को नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने दिखाई हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिंगल** यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने को लेकर बुधवार को नगर विकास मंत्री, महापौर द्वारा रेस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई गयी। गोमतीनगर के 1090 चौराहे से माई प्लास्टिक फ्री लाइफ थीम के तहत अधिकारियों, पार्षदों और कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। पॉलिथीन एकत्रीकरण अभियान 29 जून से लेकर 3 जुलाई तक चलेगा।

गोमतीनगर के 1090 चौराहे से रेस कार्यक्रम को लांच करने के लिए मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सुबह 6 बजे 1090 चौराहे पर माई प्लास्टिक फ्री लाइफ थीम के तहत रेस कार्यक्रम की लांचिंग की गयी। कार्यक्रम में वहां पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाते हुए की गई ।साथ ही प्लाग रन एवं प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान की शुरुआत भी की गई। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन डॉ अरुण कुमार सक्सेना, राज्य मंत्री पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन केपी मलिक, मुख्य सचिव उप्र शासन दुर्गा शंकर मिश्रा और महापौर संयुक्ता भाटिया मौजूद रहे। साथ ही प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, अपर मुख्य सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मनोज सिंह सहित जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह एवं नगर निगम के समस्त उच्च अधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश में स्थलीय एवं जलीय इकोसिस्टम पर बिखरे हुए प्लास्टिक के कचरे के प्रतिकूल प्रभावों के दृष्टिगत वर्ष 2022 तक एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किये जाएगा। पॉलिथीन एकत्रीकरण अभियान 29 जून से लेकर 3 जुलाई तक चलेगा।

### जल्द शुरू होगा दारोगा भर्ती के चयनित अभ्यर्थियों का चरित्र सत्यापन

**लखनऊ।** पुलिस महकमे में दरोगा भर्ती में चयनित 9534 अभ्यर्थियों का चरित्र सत्यापन और चिकित्सकीय परीक्षण जल्द ही शुरू होगा। जो अभ्यर्थी जिस जिले का होगा उसके चरित्र का सत्यापन व मेडिकल जांच उसी जिले में कराया जाएगा। जो अभ्यर्थी दूसरे राज्य के हैं उनका सत्यापन उनके घरों से निकटतम यूपी के जिलों में होगा। इसके बाद नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। दरोगा भर्ती में सत्यापन कार्य के लिए पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से चयनित अभ्यर्थियों की सूची डीजीपी मुख्यालय द्वारा उनसे संबंधित जिलों को भेजी जाएगी। सत्यापन का कार्य पूरा होने के बाद अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर प्रशिक्षण निदेशालय ने भी इन अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग दिलाने की तैयारी तेज कर दी है। प्रशिक्षण दो या तीन चरणों में कराया जा सकता है।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
मंडलीय कार्यालय : लखनऊ, परिसर विभाग
न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल,हजरतगंज,लखनऊ-226001

लीज पर बैंक हेतु भवन चाहिए

**इंडियन बैंक** एक सार्वजनिक क्षेत्र बैंक के द्वारा दो बोली प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय बोली) के तहत निम्नलिखित स्थान पर शाखा हेतु नए परिसर के लिए निविदाएँ आमंत्रित कर रहा है।

**1. हुसैनगंज, लखनऊ, कार्पेट क्षेत्रफल लगभग 1500 वर्ग फीट**

तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अलग अलग बंद लिफाफों में जिन पर शाखा हुसैनगंज, लखनऊ के भवन हेतु प्रस्ताव लिखा हो उपरोक्त पते पर दिनांक 14.07.2022 साँय 4.00 बजे तक पहुँच जानी चाहिए। आवेदन-पत्र (निविदा) का प्रारूप हमारे बैंक की वेबसाइट **www.indianbank.in** से **30.06.2022 से 14.07.2022** तक डाउनलोड किया जा सकता है अथवा **हमारे अंचल कार्यालय : नया भवन, द्वितीय तल, हजरतगंज, लखनऊ, उ. प्र. -206001, से भी प्राप्त किया जा सकता है।**

इच्छुक परिसर स्वामी निविदा प्रपत्र के साथ उपरोक्त पते पर इंडियन बैंक के पक्ष में जारी दो DD/IOI 1. निविदा शुल्क रु. 250/-की DD (नॉन रिफण्डेबल) 2. अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) रु. 5000/- की DD (रिफण्डेबल) संलग्न करके **दिनांक 14.07.2022 साँय 4.00 बजे** तक पहुँचाने का कष्ट करें। तकनीकी निविदायें अंचल कार्यालय में **दिनांक 15.07.2022 साँय 4.00** बजे खोली जायेंगी। देर से प्राप्त प्रस्ताव अस्वीकृत कर दिए जायेंगे। निविदा को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है। ब्रोकर्स/अभिकर्ताओं से प्राप्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**दिनांक 30.06.2022** **अंचल प्रबन्धक**

Karnataka Bank Ltd.
Your Family Bank. Across India.

प्रधान कार्यालय, मेंगलुरू-575 002 सीआईएन : एल85110केए1924पीएलसी001128

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, 8-बी, प्रथम तल, राजेन्द्र पार्क, पूसा रोड, नई दिल्ली-110060.
फोन : 011-40591567 (एक्सटेंशन 240)
ई-मेल : delhiarm@ktkbank.com
मोबाइल : 9319891680
वेबसाइट : www.karnatakabank.com

अचल सम्पत्ति की बिक्री सूचना

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका सांकेतिक कब्जा प्रत्याभूत लेनदार, कर्नाटक बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 30-04-2015 को प्राप्त किया जा चुका है, कर्जदारों/गारंटरों/आबंधकों (1) श्री राजीव आनंद पुत्र स्व. मनोहर लाल आनंद, (2) श्रीमती सुनीता आनंद पत्नी स्व. मनोहर लाल आनंद, दोनों निवासी नंबर 493, मुठ्ठीगंज, निकट राजा बार का हाता, प्रयागराज-211013 की तरफ प्रत्याभूत लेनदार, कर्नाटक बैंक लिमिटेड, प्रयागराज शाखा, नंबर 23, जी-मार्ग, मनोरमा प्लाजा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001, उत्तर प्रदेश की टर्म लोन खाता नंबर 0297001600020001 के तहत बकाया राशि रू. 60,50,666.50 दिनांक 09-01-2016 से भावी ब्याज सहित + लागत की वसूली के लिए दिनांक 21-07-2022 को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी।

अचल सम्पत्ति का वर्णन :

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री राजीव आनंद के साथ संबंधित सम्पत्ति पुराना नंबर 3, नया नंबर 7, न्यू शान्ति होटल, शिव चरण लाल रोड, प्रयागराज, भूमि परिमाप 277.49 वर्ग मीटर, उसके ऊपर निर्मित भवन सहित।

चौहद्दी :
पूरब : सरकारी रोड ; पश्चिम : लेन ;
उत्तर : लेन ; दक्षिण : श्री सुभाष गुप्ता का मकान ;

सुरक्षित मूल्य/न्यूनतम मूल्य जिससे कम पर सम्पत्ति नहीं बेची जाएगी : रू. 3,90,52,000.00 (रू. तीन करोड़ नब्बे लाख बावन हजार मात्र)

जमा की जाने/प्रदान की जाने हेतु धरोहर राशि : रू. 39,05,200.00 (रू. उन्तालीस लाख पांच हजार दो सौ मात्र)

(कर्जदार/बंधकदाता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है)।

(यह सूचना कर्जदार/गारंटरों को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के उप-नियम (1) के तहत सूचना भी मानी जाएगी)

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया कर्नाटक बैंक की वेबसाइट नामतः www.karnatakabank.com में "mortgaged assets for sale" शीर्षक के तहत उपलब्ध करवाया गया लिंक देखें।

ई-नीलामी दिनांक 21-07-2022 को पूर्वा. 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक पोर्टल https://bankauctions.in/ के माध्यम से 05 मिनट के असीमित विस्तार के साथ संचालित की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता से अपना नाम https://bankauctions.in/ पर पंजीकृत करवाना तथा यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना तथा ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण (अनंतिम रूप से 20-07-2022) मैसर्स 4क्लोजर, 605ए, छठा तल, मैत्रीवनम, अमीरपेट, हैदराबाद-500038, सम्पर्क नंबर 040-23836405, मोबाइल 8142000809, ई-मेल : vinay@bankauctions.in तथा info@bankauctions.in से प्राप्त करना अपेक्षित होगा।

तिथि : 28-06-2022 वास्ते कर्नाटक बैंक लिमिटेड
स्थान : प्रयागराज मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी

# सीआरआईएफ योजना में यूपी का आवंटन बढ़ाने की रखी मांग

## ● लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उत्तर प्रदेश में सीआरआईएफ योजना में प्रदेश का आवंटन बढ़ाने, नये राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने एवं प्रदेश में 250 रेलवे क्रासिंग के ऊपर आरओबी बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी एवं प्रदेश में राजमार्गों के विकास के संबंध में एक प्रेजेन्टेशन भी प्रस्तुत किया। बैठक में केन्द्रीय राज्यमंत्री जनरलद्ध वीके सिंह भी उपस्थित थे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से केन्द्रीय मंत्री द्वारा वित्तीय स्वीकृति शीघ्रता से जारी करने के निर्देश मंत्रालय के अधिकारियों को दिए गए। इस वर्ष मंत्रालय द्वारा 700 करोड़ रूपये की धनराशि प्रदेश के सेतु निगम के माध्यम से आरओबी बनाने हेतु एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास हेतु इस वर्ष 15000 करोड़ रुपए की कार्ययोजना स्वीकृत करते हुए कार्य स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। 2022-23 में एनएच पीडब्लूडी को 15000 करोड़ रुपए के राष्ट्रीय मार्गों के विकास हेतु आवंटित कार्यों के डीपीआर तुरन्त प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।

# दिसंबर तक निराश्रित गोवंश नही बनेंगे समस्या का कारण: धर्मपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पशुधन** एवं दुग्ध विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने आश्वासन दिया कि दिसम्बर 2022 तक निराश्रित गो वंश किसानों व सड़क पर समस्या का कारण नही बनेंगे। मंत्री ने कहा कि यूपी में निराश्रित गोवंश का संरक्षण, छुट्टा पशुओं से होने वाली समस्याओं का समाधान करते हुए गोआधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर इसके उत्पादों को लोकप्रिय बनाकर किसानों की आमदनी को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। मंत्री धर्मपाल सिंह ने यह बात बुधवार को योजना भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। धर्मपाल सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि गोआश्रय स्थलों पर किसी प्रकार की लापरवाही न हो और गोसंरक्षण कार्य पूरी संवेदनशीलता के साथ किया जाये, इसके लिए प्रत्येक गोआश्रय स्थल का स्थलीय सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मदरसों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ा जा रहा है और मदरसों की शिक्षा में आधुनिकीकरण का समावेश किया जा रहा है। अल्पसंख्यक वर्गों के लिए बनाये गये कार्यक्रमों को तेजी से क्रियान्वित करके उनका शैक्षिक, आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान करना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 12 नवीन पेयजल परियोजनाओं का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# अवैध कालोनियों की बनेगी सूची, सील बिल्डिंगों की होगी साप्ताहिक मॉनिटरिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एलडीए** जल्द ही अनाधिकृत कालोनी की सूची बनाकर इनके खिलाफ अभियान चलाएगा। अवैध निर्माणों पर लगाम कसने के लिए सील बिल्डिंगों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग की जाएगी। अवैध प्लाटो पर डिजिटल बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। अवैध कालोनियों पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए एलडीए वीसी द्वारा अवैध प्लाटिंग को सूचीबद्ध करने में कोताही बरतने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्र मणि त्रिपाठी ने अनाधिकृत कालोनियों अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त रूख अपनाते हुए इस सम्बंध में आदेश जारी किये हैं।

एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण सीमा के अंतर्गत अवैध कालोनी, प्लाटिंग की सूची बनाई जाएगी। जिसका समाचार पत्रों में प्रकाशन कराने के साथ ही प्रत्येक अवैध प्लाटिंग स्थल पर डिजिटल बोर्ड लगवाये जाएंगे। इसके लिए सभी जोन के अधिकारियों को एक सप्ताह में अवैध कालोनियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये हैं। उपाध्यक्ष ने बताया कि सभी अधिकारियों को अपने क्षेत्र में हो रही अवैध प्लाटिंग को सूचीबद्ध करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जा रहा है। यदि यह पता चलता है कि किसी अवैध प्लाटिंग को सूचीबद्ध नहीं किया गया है तो सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में कुछ ऐसे प्रकरण संज्ञान में आये हैं जहां विहित प्राधिकारी द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ सीलिंग की कार्यवाही की गई और बाद में सील खोलकर बिल्डर को अवैध निर्माण को पूरा करने का अवसर दे दिया गया। उन्होंने अधिकारियों को इस सम्बंध में सचेत करते हुए दो टूक कहा कि इस तरह की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि सील खोलने के सभी प्रार्थना पत्रों को सचिव के माध्यम से उनके संज्ञान में लाया जाए। तत्पश्चात यदि प्रकरण वैधानिक हो, तभी उसमें नियमानुसार निर्णय लेते हुए आगे की कार्यवाही की जाए। इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये हैं कि प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा सील बिल्डिंगों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग की जाये, जिसकी वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी करायी जाए। समस्त विहित प्राधिकारियों द्वारा इस कार्य की समीक्षा की जाएगी और बैठक के दौरान उनके समक्ष इसकी साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि अवैध निर्माणों की निगरानी के लिए फील्ड स्टाफ को बॉडी वोर्न कैमरे दिये जायेंगे।

### लंबित मुकदमों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश

उपाध्यक्ष ने विहित प्राधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने न्यायालय में प्रचलित मुकदमों में लंबी तारीख देकर इन्हें अनावश्यक रूप से न उलझाएं। उन्होंने कहा कि जो भी प्रकरण लंबित हैं, उन्हें जल्द निस्तारित किया जाए।

# करंट लगने से युवक की मौत हत्या का मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के तरियापुर फरीदीपुर गांव में एक 19 वर्षीय युवक की 11000 हजार वोल्ट के तार से चिपक कर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की मां के द्वारा नया पुरवा के रहने वाले हैं एक किसान पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया। मुकदमे की जांच एसीपी को सौंपी गई है जबकि इंस्पेक्टर गोसाईगंज हत्या के इस मामले को संदिग्ध मान रहे हैं अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

तरियापुर फरीदपुर गोसाईगंज में रहने वाली रामेश्वरी के 19 वर्षीय पुत्र सतीश को मंगलवार की रात नया पुरवा गोसाईगंज का रहने वाला किसान राम सरन यादव अपने साथ ये कह कर ले गया था कि उसके घर में जन्मदिन की पार्टी है। रामचरण यादव के साथ गया सतीश रात भर नहीं लौट और सुबह उसकी लाश गांव के बाहर 11000 वोल्ट के बिजली के पोल के पास पड़ी पाई गई। सतीश की करंट लगने से मौत हुई थी। मृतक सतीश की मां रामेश्वरी ने राम सरन के के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। रामेश्वरी का आरोप है कि राम सरन यादव उसके पुत्र को बुलाकर ले गया था और उसे बिजली के पोल पर चढ़ा दिया जबकि उसके पुत्र को बिजली का काम नहीं आता था। गोसाईगंज थाने में हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जिसकी जांच एसीपी कर रहे हैं। इस संबंध में इंस्पेक्टर गोसाईगंज शैलेंद्र गिरी का कहना है कि हत्या का यह मामला पूरी तरह से संदिग्ध है क्योंकि 11000 वोल्ट के बिजली के पोल पर कोई क्यों चढ़ा कर बिजली सही करेगा मृतक सतीश लाइट का काम करता है और प्रथम दृष्टया हत्या का ये मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मुकदमे की जांच एसीपी के द्वारा की जा रही है अभी किसी की गिरफ्तारी भी नहीं हुई है।

# नालों की सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: मंडलायुक्त



### हैदर कैनाल सहित दूसरे नालों की सफाई का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** की नवनियुक्त मंडलायुक्त रोशन जैकब ने बुधवार को शहर के हैदर कैनाल सहित दूसरे नालों की सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त द्वारा जल्दी नाले की सफाई कराने के निर्देश दिये। मंडलायुक्त द्वारा नालों की सफाई में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यही नहीं मंडलायुक्त ने जेसीबी को चलवाकर भी देखा। इसके साथ ही उन्होंने बिगड़ी मशीनों को मरम्मत कराने के निर्देश दिया।

मण्डलायुक्त ने हैदर कैनाल नाला पहुंचकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कैनाल नाला की सफाई जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निरीक्षण के दौरान जेसीबी मशीनों से नालों की साफ सफाई करायी जा रही थी। इसके बाद मण्डलायुक्त ने बाढ़ पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी लिया कि बाढ़ पम्पिंग स्टेशन में लगी मशीनें अच्छे से कार्य कर रही है कि नहीं और लगे हुए मशीनों को चलवाकर देखा और मशीनें अच्छे से कार्य करती मिली, इसके बाद गोमतीनगर ड्रेन (नालों) का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सम्बन्धित कितनी मशीनें यहां साफ सफाई का कार्य कर रही है और जो जर्जर मशीने है उन्हें तत्काल मरम्मत करा लें जिससे किसी प्रकार समस्या न उत्पन्न होने पाये। निरीक्षण के दौरान फैजाबाद रोड पर बने नालों को लेकर सम्बन्धित अधिकारी को स्लैब हटाकर नालों की साफ सफाई करने के निर्देश दिया। यही नहीं उन्होंने कहा कि जहां पर खुलें नाले मिले उनकों स्लैब से ढक दिया जाये। एक स्थान पर नाले के ऊपर स्लैब न होने पर नराजगी व्यक्त की और तत्काल इसकों स्लैब को ढकने का निर्देश दिया। इसके बाद इन्दिरानगर में बने ड्रेन का निरीक्षण किया और सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी लिया, ड्रेन कितनी दूरी तक बना है और यह कहा से कनेक्ट है, साथ ही पटेल नगर में नालियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पकंज सिंह और सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### नहीं होता जलभराव, बरसात में ढाई घंटे में निकलता है पानी

निरीक्षण के दौरान सतुना तालाब पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण किया और निर्देश देते हुए कहा कि किनारों पर पौध रोपण करा लिया जायें। वहां पर उपस्थित नागरिकों ने बताया कि पम्पिंग स्टेशन बन जाने से जल भराव की समस्या कम हो गयी है जो जल भराव का पानी 7 से 8 दिन में निकलता था वो अब दो से ढाई घण्टे में निकल जाता है।

# जमुनाझील पहुंची एलडीए की टीम, पैमाइश शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जमुनाझील** की जमीन पर एलडीए, नगर निगम और राजस्व की संयुक्त टीमें पहुंची। नजूल अनुभाग के सर्वेयर, एलडीए ट्रस्ट और सदर के लेखपाल ने पैमाईश शुरू किया। पैमाईश के दौरान कुछ अवैध कब्जेदार देखते रहे गए, लेकिन अड़ंगा डालने की हिम्मत नहीं हुई। झील के साथ श्मशान की भी नपाई हुई। बुधवार को जमुनाझील की पैमाइश का काम एलडीए नगरनिगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शुरू किया। इस संयुक्त टीम में एलडीए के नजूल अनुभाग से सर्वेयर उदय नारायण व उनकी टीम, एलडीए ट्रस्ट अनुभाग से दीपक कुमार, तहसील सदर से क्षेत्रीय लेखपाल प्रिंस राजी और नगर निगम से अरुण कुमार गौतम ने झील की जमीन की नपाई किया। संयुक्त टीम ने करेहटा काली जी मंदिर के सामने से लेकर हिन्दू शमशान तक झील की नपाई व निरीक्षण किया। पैमाइश करने आई टीम का कहना है झील के आसपास की भूमि असमतल होने के कारण आगे की पैमाइश ईटीएस द्वारा सम्भव है, जिसके लिए विभाग को पत्र लिखकर अवगत करा दिया जाएगा। झील की पैमाइश के दौरान जहां एक ओर झील बचाओ अभियान के संयोजक गौरव वाजपेयी, संरक्षक गनेश कनौजिया, संजू श्रीवास्तव, जितेंद्र राजपूत, उमाशंकर समेत तमाम क्षेत्रवासी मौजूद थे। पैमाइश के दौरान कब्जेदारों और भूमाफियाओं के समर्थक भी जुगाड़ तलाशते देखे गए, लेकिन कार्य में बाधा पहुंचाने की हिम्मत नहीं की। ऐशबाग क्षेत्र की ऐतिहासिक जमुनाझील को बचाने का कार्य झील बचाओ अभियान पिछले दो वर्षों से लगातार कर रहा है।

### शहर के सौंदर्यीकरण अभियान में हटाई 713 प्रचार सामग्रियां

**लखनऊ।** शहर के सौन्दर्य को बनाये रखने एवं गंदगीमुक्त रखने के लिए शहर की समस्त सार्वजनिक संपत्तियों, दीवारों, फ्लाईओवर की दीवारों, डिवाइडर, विद्युत पोल इत्यादि पर अवैध पेंटिंग तथा चिपकाए गये पोस्टरों को नगर निगम लखनऊ द्वारा हटाए जाने के क्रम में जोनल अधिकारियों के स्तर पर टीमों का गठन कर शहर के समस्त क्षेत्रों में प्रचार सामग्रियां अभियान चलाकर हटाये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

# तीन तस्कर गिरफ्तार, ढाई करोड़ का गांजा बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** ने अंतर्राज्यीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन शातिर सक्रिय सदस्यों को प्रयागराज के कोरांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत गाढ़ा बाजार से गिरफ्तार किया। तस्करों के पास से लगभग 9.29 कुंतल गंजा बरामद हुआ है। जिसकी कीमत अंतर्राज्यीय बाजार में लगभग 2.25 करोड़ रुपए है। एसटीएफ की प्रयागराज फील्ड इकाई की टीम द्वारा प्रयागराज के बडोखर बाजार, थाना क्षेत्र कोरांव में आपराधिक अभिसूचना संकलन किया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर से ज्ञात हुआ कि अवैध मादक पदार्थों की व्यापक तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य अपने सहयोगियों के साथ आज आन्ध्र प्रदेश से अवैध मादक पदार्थों की बड़ी खेप लेकर डीसीएम से मध्य प्रदेश के रास्ते प्रयागराज के सीमावर्ती क्षेत्र में आने वाले है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने डीसीएम सवार तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम-पता अनूप कुमार मिश्रा निवासी जियापुर मानपुर, थाना कोरांव, प्रयागराज, पवन कुमार सिंह निवासी छनना मानपुर, थाना कोरांव, प्रयागराज और हरिकान्त सिंह उर्फ बब्लू निवासी हहोतीपुरवा, थाना सोहागी, रीवां, मध्य प्रदेश बताया। पूछताछ करने अनूप कुमार मिश्राद्वारा बताया गया कि हम लोगों का गांजा तस्करी का संगठित गिरोह है। प्राप्त टैक्स इनवाइस बिल फर्जी है, तथा इसी का उपयोग हम लोग हर बार गांजा छिपाने में करते हैं। अवैध गांजा आंध्र प्रदेश से लाकर प्रयागराज, मिर्जापुर, रीवां, व इसके आसपास ऊंचे दाम पर थोक में बेचते है। हम लोग के सरगना राकेश सिंह निवासी रामपुर सोनौरी, थाना सोहागी, रीवां, मध्यप्रदेश है, जो जगदलपुर, छत्तीसगढ़ में रहता है और वहीं से इस कार्य का संचालन करता है। उसने बताया कि राकेश सिंह आज अपनी डिजायर कार से हमारे आगे-पीछे चल रहा था आप लोगों को देखकर फ रार हो गया। राकेश सिंह द्वारा हम लोगों को यह गांजा राजमुन्दरी, जिला पूर्व गोदावरी, आंध्र प्रदेश की घाटी से लोड कराकर गाड़ी व फर्जी बिल लाकर बाहर रोड पर देता है। जिसे हम लोग मिर्जापुर, प्रयागराज व रींवा उनके सहयोगी हरिकान्त के माध्यम से गांजे के थोक व्यापारियों को सप्लाई करते है। आज भी हरिकान्त यह गांजा प्राप्त करने के लिए हमें हनुमना बार्डर पर मिला। इसके पहले भी मैं कई बार आंध्र प्रदेश से गांजा लाकर सप्लाई कर चुका हूं। हम लोग अभी पिछले माह ही 6 कुंतल गांजा मिर्जापुर में उतारा था।

# एलयू में दाखिले की आवेदन तिथि बढ़ी 20 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

**लखनऊ।** लखनऊ विवि प्रशासन ने सीबीएसई और सीआईएसई बोर्ड का रिजल्ट जारी न होने के कारण स्नातक कोर्सेज में दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया 20 जुलाई तक के लिए बढ़ा दिया है। अभी तक स्नातक कोर्सेज में आवेदन की प्रक्रिया के लिए 30 जून अंतिम तिथि निर्धारित थी। विवि की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एलयू में पीजी कोर्सेज में एडमिशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया की तिथि तीन बार विस्तारित हो चुकी है। प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम दस जुलाई तक वेबसाइट पर जारी कर दिया जायेगा।

### इन बातों का रखें ध्यान

एडमिशन ब्रॉशर में लिखे सभी निर्देशों को अच्छे से पढ़ लें। फोटो की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर होना चाहिए। साइन की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो। आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 केवी के अंतर्गत हो। प्रवेश फार्म की फीस ऑनलाइन भरने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें। असुविधा होने पर हेल्पलाइन न. 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम 6 तक संपर्क कर सकते हैं।

### पहले आओ पहले पाओ के आधार एडमिशन

नारी शिक्षा निकेतन में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन चल रहे हैं। प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश संबंधी सभी सूचनाएं एवं आवश्यक निर्देशक कालेज की वेबसाइट पर मौजूद हैं। एडमिशन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किए जा रहे हैं। बीए में 560 सीटें, बीएससी में 100 सीटें तथा बीकॉम में 80 सीटें और एमए हिंदी में 60 सीटें हैं।

### मुमताज में चार जुलाई से काउंसलिंग

मुमताज पीजी कॉलेज में चार जुलाई से काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। दो-दो शिक्षकों की एक टीम बना दी गयी है, जो काउंसलिंग प्रक्रिया में स्टूडेंट्स को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत संचालित मेजर व माइनर कोर्स के बारे में बताएगी। प्राचार्य ने बताया कि बीए में 650, बीएससी 240, और बीकाम में 60 सीटें हैं. यूपी बोर्ड में 50 फीसद से ऊपर वाले स्टूडेंट्स को मौका दिया जाएगा।

### केएमसी में 13 जुलाई तक होंगे आवेदन

ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि प्रशासन ने बुधवार को स्नातक व परास्नातक कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि विस्तारित कर दी है। इच्छुक छात्र 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रवक्ता डॉ तनु डंग के मुताबिक छात्र विवि के बीए ऑनर्स एवं एमए पाठ्यक्रमों के अलावा बीकॉम ऑनर्स, बीबीए, बीसीए एवं बीए.जेएमसी में प्रवेश ले सकते हैं।

# पत्नी ने गला दबाकर पति को उतारा था मौत के घाट

**लखनऊ।** राजधानी के गौतमपल्ली इलाके में पांच दिन पूर्व राहुल की मौत आत्महत्या के कारण नही हुई थी बल्कि राहुल की पत्नी ने सरिता ने सोते समय राहुल का गला दबाकर उसकी हत्या की थी। पत्नी ने आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है। इंस्पेक्टर गौतम पल्ली सुखबीर सिंह भदौरिया ने बताया कि सरिता और राहुल सिविल अस्पताल में सफाई कर्मचारी थे। दोनो के बीच प्रेम संबंध बने और दोनों ने नवम्बर 2021 विवाह किया था। उन्होंने बताया कि सरिता ने राहुल से दूसरी शादी की सरिता के पहले पति से उसके चार बच्चे भी है। उन्होंने बताया कि अभी तक की जांच में पता चला है कि सरिता ने अपने पति की हत्या पैसों की लालच में की थी। वह चाहती थी कि उसके चार बच्चे आराम से पले बढ़े क्योंकि सरिता का खर्च ज़्यादा और वेतन कम था। उन्होंने बताया कि मृतक राहुल के पिता प्रदीप कुमार भी सिविल अस्पताल में सफाई कर्मचारी हैं और राहुल सरिता से विवाह के बाद जिला मऊ में किराए का घर लिया था। जहां पति पत्नी रहते थे। उनका कहना है कि राहुल के पैसे पर सरिता की नियत खराब थी, जिसकी वजह से उसने अपने पति की गला दबाकर हत्या की थी और पति की मौत को आत्महत्या का रूप देना चाहती थी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने महिला को भेजा सलाखों के पीछे

# मेधावी छात्र परिषद बनाने के लिए छात्रों से मिली समिति



**लखनऊ।** छात्रसंघ की अनुपस्थिति में छात्रों का प्रतिनिधित्व करने के लिए विवि स्तर पर प्रस्तावित मेधावी छात्र परिषद के गठन को लेकर बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति की तरफ से गठित समिति छात्रों से मिली। विभिन्न विभागों के पाठ्यक्रमों के मेधावी छात्रों को डीन छात्र कल्याण के कार्यालय में आमंत्रित किया गया था। मेधावी छात्रों को 3 ऑनलाइन मीटिंग के बाद शॉर्टलिस्ट किया गया है। समिति के सदस्यों ने इन छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मार्गदर्शन और प्रेरित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से बातचीत की। प्रस्तावित एलयूएमएससी के प्रमुख उद्देश्य शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों की दिशा में विश्वविद्यालय की गतिविधियों के आयोजन में छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना है। समिति के सदस्यों द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर मेधावी छात्रों को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, 2 सदस्य, महासचिव, संयुक्त सचिव, 2 सदस्यद्ध, लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से एक-एक प्रतिनिधि और छात्र के रूप में नामित किया जाएगा। खेल, कला, संस्कृति, मीडिया और अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों के समन्वयक भी होंगे। बैठक के बाद समिति ने शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लगभग 65 टॉपर छात्रों में से छात्रों की सिफारिश की है। बैठक में लखनऊ विश्वविद्यालय मेधावी छात्र समिति के सदस्य डीन छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन, डीन एकेडमिक्स प्रो राकेश चंद्रा, डीन आर्ट्स प्रो प्रेम सुमन शर्मा, चीफप्रॉक्टर प्रो राकेश द्विवेदी, डॉ मो अनीस, एसोसिएट प्रो बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग और डीएसडब्ल्यू टीम के सदस्य उपस्थित थे। डीन छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने बताया कि समिति की अनुशंसा के आधार पर एलयूएमएससी के लिए संभावित छात्रों की एक सूची तैयार है और परिषद का अंतिम गठन कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के अनुमोदन से किया जाएगा। प्रोफेसर राय ने हमेशा विश्वविद्यालय प्रणाली के समग्र विकास में छात्र उन्मुख और छात्र समावेशी दृष्टिकोण पर जोर दिया है।

### कुलपति ने किया निरीक्षण

विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने आज प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग तथा राजनीति विज्ञान विभाग का निरीक्षण किया। दोनों विभागों को सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग में स्थापित शैक्षणिक संग्रहालय का भी निरीक्षण किया। इस संग्रहालय में सिंधु घाटी सभ्यता से संबंधित पात्रावशेष एवं पुरावशेष से लेकर मध्यकाल तक के पात्रावशेष एवं पुरावशेष, मूर्तियां सिक्के आदि प्रदर्शित किए गए हैं। यहां पर अजंता, सांची आदि स्मारकों के आन स्केल प्रतिकृति रखे गए हैं जिससे यहां अध्ययन करने वाले छात्रों को अत्यधिक सुविधा प्राप्त होती है।

# मनमाफिक तैनाती के लिए निलंबन पर कसा पेंच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**परिषदीय विद्यालयों** में शिक्षकों को मनमाफिक तैनाती देने के लिए निलंबन के खेल पर महानिदेशक स्कूली शिक्षा ने पेंच कस दिया है। इस बावत उन्होंने आदेश जारी कर सभी बीएसए व खण्ड शिक्षा अधिकारियों से कहा है कि इस तरह का खेल करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने जिलों से निलम्बित शिक्षकों की सूचना व कार्रवाई की सूची पांच जुलाई तक मांगी है। इधर मनमाफिक तैनाती को लेकर शिकायतें महानिदेशक कार्यालय में आ रही थी। जिसमें कहा जा रहा था कि शिक्षक मनचाहा स्कूल पाने के लिए निलम्बन का सहारा ले रहे हैं। महानिदेशक ने कहा है कि निलम्बन की प्रक्रिया कर मनचाहा स्कूल आवंटित करने की प्रक्रिया अक्षम्य है। भविष्य में ऐसी शिकायतें आईं तो इसकी जांच करवाई जाएगी। यदि जांच में यह सिद्ध हो गया कि निलम्बन का कोई औचित्य नहीं था और बहाली में अध्यापक की रुचि या इच्छा का ध्यान रखा गया तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निलम्बित शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई एक महीने के अंदर पूरी की जाए। निलम्बन के बाद पदस्थापन में ध्यान रखा जाए कि स्कूल शिक्षक विहीन, एकल शिक्षक या जहां सबसे ज्यादा शिक्षकों की जरूरत हो।


# तीन चोर गिरफ्तार, बाइक व पार्ट्स बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** की चौक पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल व सात चेसिस बरामद की हैं। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद उनके पार्टस बेच देते थे। फिलहाल पुलिस ने पूछताछ में कुछ अन्य शातिरों की जानकारी हासिल की है जिसकी जांच की जा रही है। उधर गोमतीनगर पुलिस ने चोरी की एक पल्सर के साथ शातिर को दबोचकर भेजा सलाखों के पीछे दिया है। उधर चिनहट पुलिस ने एक शातिर असलहा तस्कर को गिरफ्तार करने का दावा किया है। तस्कर के पास से एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किये हैं। वहीं विभूतिखंड पुलिस ने युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले शोहदे को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर चौक प्रशांत मिश्रा ने बताया कि इलाके में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस की एक टीम को चोरों की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया था। बताया जा रहा है कि पुलिस टीम गिरोह की गिरफ्तारी के प्रयास में विचार विमर्श कर रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पाटानाला इलाके में मौजूद है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंचकर तीनों शातिरों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम शारुख उर्फ मामू चौक निवासी फैज व उपरोक्त निवासी गुडडू बताया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल व सात बाइकों की चैचिस बरामद कर जेल रवाना कर दिया है। उधर गोमतीनगर इंस्पेक्टर दिनेश चन्द्र मिश्रा ने बताया कि बीती रात गस्त के दौरान पुलिस ने एक शातिर चोर वजीरगंज निवासी रेहान को दबोच लिया। जिसने पूछताछ में मौजूद पल्सर बाइक चोरी किए जाने की बात कबूल की है। पुलिस ने बाइक बरामद कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर चिनहट इंस्पेक्टर घनश्याम मणि त्रिपाठी ने बताया कि बीती रात पुलिस अपट्रान इलाके से एक संदिग्ध को दबोच लिया जिसने अपना नाम तिवारी गंज बीबीडी निवासी शुभम शुक्ला बताया। पुलिस ने तलाशी ली तो उसके पास से एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किये। पूछताछ में उसने बताया कि वह तमंचा बनाकर लोगों को बेचता है। वहीं विभूतिखंड पुलिस ने युवती के साथ छेड़छाड़ मामले में फरार चल रहे शातिर शोहदे प्रभाकर दिवेदी निवासी विभूतिखंड को गिरफ्तार कर लिया गया है और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

# प्रो नीरा कोहली सेवानिवृत्त



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किंग जार्ज चिकित्सा** विश्वविद्यालय के रेडियोडायग्नोसिस विभाग की विभागाध्यक्ष डा नीरा कोहली के सेवानिवृत होने पर बुधवार को चिकित्सा विश्वविद्यालय के चिकित्सकों एवं शिक्षकों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विवि के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डा बिपिन पुरी ने डा नीरा को विश्वविद्यालय की ओर से उत्तम स्वास्थय एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। बता दें कि डा नीरा कोहली ने वर्ष 1978 में एमबीबीएस एस एन मेडिकल कालेज आगरा से एवं एमडी रेडियोडाइयग्नोसिस वर्ष 1983 में क्रिश्चियन मेडिकल कालेज लुधियाना पंजाब से पूर्ण किया है।

# केजीएमयू में बुजुर्गों के लिए खुलेगी अलग ओपीडी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बुजूर्गों** के बेहतर इलाज को लेकर किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में अलग से ओपीडी चलाने की तैयारी है। ओपीडी का संचालन जीरियाट्रिक एंड मेंटल हेल्थ विभाग की ओर से होगा। जीरियाट्रिक वेलनेस क्लीनिक जल्द ही न्यू ओपीडी बिल्डिंग में शुरू होगी। उम्र बढ़ने के साथ ही तमाम तरह की बीमारियां बुजूर्गों को घेर लेती हैं। उम्र संग होने वाली इन बीमारियों के लिए मरीजों को भटकना पड़ रहा है। नई क्लीनिक से मरीजों को खासा फायदा होगा। अधिकारियों ने एक माह में क्लीनिक शुरू होने की उम्मीद जाहिर की है।

### पोर्टल पर दर्ज होंगे डेंगू, मलेरिया, टायफाइड, चिकनगुनिया के आंकड़े

अब संक्रामक बीमारियों के आंकड़े भी पोर्टल पर दर्ज होंगे। इस बावत स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ वेदव्रत सिंह की तरफ से आदेश जारी कर दिया गया है। अभी तक कोरोना मरीजों का आंकड़ा पोर्टल पर दर्ज हो रहा है। आदेश के बाद अब डेंगू, मलेरिया, टायफाइड, चिकनगुनिया समेत दूसरी बीमारियों के आंकड़े भी पोर्टल पर अपडेट किए जाएंगे। इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन प्लेटफार्म पोर्टल पर जानकारी उपलब्ध करानी होगी। प्रथम चरण के तहत योजना सरकारी अस्पतालों में लागू की गई है। जल्द ही प्राइवेट अस्पताल व पैथोलॉजी सेंटर को भी इससे जोड़ा जाएगा। सभी प्राइवेट अस्पताल व पैथोलॉजी सेंटर को सूचनाएं पोर्टल पर अपडेट करना जरूरी होगा। वरना स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई होगी।

### पहली जुलाई से स्कूलों में लगेंगे टीकाकरण शिविर

राजधानी में कोरोना वैक्सीन से छूटे बच्चों के लिए टीकाकरण शिविर एक जुलाई से स्कूलों में दोबारा शुरू होगा। वैक्सीनेशन नोडल अधिकारी डॉ एमके सिंह के मुताबिक दोनों आयु वर्गों में लक्ष्य के मुकाबले 70 प्रतिशत को पहली दोस्त और 35 प्रतिशत को दोनों डोज वैक्सीन लग चुकी है। जिला विद्यालय निरीक्षक की मदद लेकर निजी और सरकारी स्कूलों में टीकाकरण शिविर लगाए जाएंगे।

### लखनऊ में कोरोना के 158 नये केस

बुधवार को लखनऊ जनपद में कोरोना के 158 संक्रमित मरीज पाये गये हैं। इनमें 73 पुरूष एवं 85 महिला रोगी है। आज कुल 181 व्यक्ति कोविड संक्रमण से स्वस्थ हुए। आज जनपद के आलमबाग में 29, अलीगंज में 29, सरोजनीनगर में 19, चिनहट में 16, रेडक्रास इलाके में 11, सिल्वर जुबली इलाके में 9, इन्दिरानगर में 8, टूडियागंज में 6, एनके रोड इलाके में 4, गोसाईगंज में 3, मलिहाबाद में 2, माल में 2, ऐशबाग में 1, काकोरी में 1, मोहनलालगंज में 1 कोविड धनात्मक रोगी मिले हैं। इसके अतिरिक्त उपरोक्त धनात्मक रोगियों के सापेक्ष कान्टैक्ट के 37, ट्रैवल के 6, आईएलआई के 25, प्री.सर्जिकल के 6, एएनसी के 1 श्रेणियों में कोविड धनात्मक रोगी पाये गये हैं।

# जनेश्वर मिश्र, लोहिया पार्क के बहुरेंगे दिन

## ● पार्क में वर्दी में दिखेंगे सफाई कर्मचारी, बेहतर होगा पार्कों का रख रखाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**गोमतीनगर** में राम मनोहर लोहिया पार्क और जनेश्वर मिश्र पार्क का कायाकल्प होगा। एलडीए उपाध्यक्ष ने पार्कों के रख.रखाव व सुविधाओं को उन्नत करने के सम्बंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उपाध्यक्ष द्वारा सफाई कर्मियों को वर्दी उपलब्ध कराये जाने और उनके कार्यक्षेत्र को सेक्टर वार वितरित करने के निर्देश दिये गए। उपाध्यक्ष ने इन दोनों पार्कों में कूड़ा निस्तारण के लिए ठोस योजना बनाने के भी निर्देश दिये हैं।

बुधवार को एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि लोहिया पार्क में स्थित ओपन जिम खराब हो गया है, साथ ही कई जगहों पर लाइटें टूटी हुई हैं। उन्होंने ओपन जिम व खराब लाइटों का रिप्लेसमेंट कराने के निर्देश दिये हैं। उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि जनेश्वर मिश्र व लोहिया पार्क में तैनात सफ ाई कर्मियों को वर्दी के रूप में जैकेट उपलब्ध करायी जाए। इन जैकेटों में एलडीए का चिन्ह बना होगा और इससे सफ ाई कर्मियों की पहचान हो सकेगी। उन्होंने पार्कों में सफ ाई व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से सफ ाई कर्मियों को झाड़ू और ठेला उपलब्ध कराने और उनके कार्यक्षेत्र को सेक्टर में बांटने के निर्देश दिये हैं। उपाध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार को जनेश्वर मिश्र पार्क में प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा, जिसके सम्बंध में उनके द्वारा अधिकारियों को व्यवस्था करने के निर्देश दिये गए। बैठक में अधिशासी अभियंता कमलजीत सिंह एवं अवनीन्द्र कुमार सिंह, सहायक उद्यान अधिकारी मो इमरान एवं कर्ण सिंहए सहायक अभियन्ता नवीन शर्मा, मांगे राम वर्मा और नरेन्द्र कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अनावश्यक न जले लाइटें

उपाध्यक्ष डॉ इन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि जनेश्वर मिश्र पार्क के अंदर व बाहर लगी सीसीएमएस (सेंट्रल कंट्रोल एंड मॉनिटरिंग सिस्टम) लाइट्स अनावश्यक रूप से जलती हैं, जिससे बिजली की बर्बादी होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बिजली विभाग के अधिकारियों से बात करके यह सुनिश्चित कराएं कि सुबह पांच बजे तक ये लाइटें स्वत: बंद हो जाएं।

### गारबेज डिस्पोजल के लिए बनेगा प्लान

बैठक के दौरान उन्होंने पार्क में लगे साउंड सिस्टम ठीक कराने के निर्देश दिये, साथ ही जगह–जगह हो गए गड्ढों को भी ठीक कराने के लिए कहा है। उन्होंने गारबेज डिस्पोजल के सम्बंध में ठोस योजना बनाने के निर्देश दिये हैंए जिससे कि गीले व सूखे कूड़े को अलग.अलग जगह सलीके से डिस्पोज किया जा सके। उन्होंने कहा कि कू ?ा निस्तारण के लिए जरूरी उपकरणों की खरीद की जाएगी।

## शव रखकर तीन घण्टे रोड जाम, प्रदर्शन

**मोहनलालगंज।** डेहवा में मंगलवार की शाम बेकाबू ट्रक की टक्कर से किराना दुकानदार शिवकुमार की दर्दनाक मौत हो गई थी। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव जैसे ही गांव लाया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बनी रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया और प्रदर्शन करने लगे। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे और नाराज ग्रामीणों को मनाने की कोशिश करने लगे लेकिन तुरन्त आर्थिक सहायता दिलाने की मांग कर रहे ग्रामीणों ने एक नहीं सुनी। जानकारी पाकर नायब तहसीलदार कीरत सेन और एसीपी धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी मौके पर पहुंच गए। घण्टे भर तक मान.मनौव्वल का दौर चलता रहा लेकिन ग्रामीण अड़े रहे। लिहाजा अधिकारियों ने परिवार को आर्थिक सहायता और आवासीय पट्टा समेत अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने का लिखित भरोसा दिया ।तब जाकर आक्रोशित ग्रामीण अन्तिम संस्कार करने पर राजी हुए। इस तरह करीब तीन घण्टे बाद पुलिस रोड जाम समाप्त कराने में कामयाब हो सकी।

**34 साल पहले चर्चित सैयद मोदी हत्याकांड मामला**

# शूटर भगवती सिंह उर्फ पप्पू की अपील खारिज, उम्र कैद की सजा बरकरार

**विधि संवाददाता।** संवाददाता

**34 साल** पहले बैडमिंटन खिलाड़ी सैयद मोदी की हत्या करने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने आरोपी भगवती सिंह उर्फ पप्पू की उम्र कैद की सजा को बरकरार रखा है। पीठ ने इसके साथ ही उसकी अपील को खारिज कर दिया है। पीठ ने कहा है कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय अपराध की घटना है। इस घटना से आठ बार के राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियन की जिंदगी को खामोश कर दिया गयाए जिसने कई बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया था।

जस्टिस रमेश सिन्हा एवम जस्टिस सरोज यादव की पीठ ने यह आदेश भगवती सिंह उर्फ पप्पू की अपील पर दिया है। सीबीआई ने इस मामले में कांग्रेस के तत्कालीन राज्य सभा सांसद संजय सिंह, अमिता कुलकर्णी मोदी, अखिलेश सिंह, बलई सिंह, अमर बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह उर्फ टिंकू व भगवती सिंह उर्फ पप्पू के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। कहा गया था कि सैयद मोदी की पत्नी अमिता मोदी से संजय सिंह के विवाहेत्तर सम्बंध थे। इस सम्बंध में सैयद मोदी रोड़ा बन रहे थे। उन्हें रास्ते से हटाने के लिए मुल्जिमों ने आपस में साजिश कर इस वारदात को अंजाम दिया। 28 जुलाई 1988 को ही इस घटना की एफआईआर दर्ज हुई। जिसके मुताबिक केडी सिंह बाबू स्टेडियम से वापस लौटते समय शाम करीब 7.45 पर दो अज्ञात मारूति सवार व्यक्तियों ने सैयद मोदी को गोली मार दी। सत्र अदालत ने संजय सिंह व अमिता मोदी को आरोप पत्र दाखिल होने के बाद आरोपों से उन्मोचित कर दिया था। सत्र अदालत के इस निर्णय को हाईकोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा। इधर, हाईकोर्ट ने अखिलेश सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के आदेश को खारिज कर दिया था। जबकि मुल्जिम बलई सिंह व अमर बहादुर सिंह की विचारण के दौरान हत्या हो गई थी। पीठ के समक्ष अपीलार्थी भगवती की ओर से तर्क दिया गया कि घटना कारित करने का जो उद्देश्य बताया गया था, वह संजय सिंह व अमिता मोदी के सम्बंध में था। इनके उन्नमोचन के बाद अपीलार्थी के पास सैयद मोदी की हत्या करने की कोई वजह नहीं थी। पीठ ने इस दलील को अस्वीकार करते हुए कहा है कि डायरेक्ट एविडेंस के मामले में उद्देश्य का सिद्ध होना आवश्यक नहीं है। गौरतलब है कि इस घटना के सम्बंध में स्टेडियम की कैंटीन के कर्मचारी प्रेमचंद यादव ने अपीलार्थी की पहचान की थी।

## सहारा हॉस्पिटल में तीमारदारों के लिए विश्रामालय की सुविधा शुरू



**लखनऊ।** सहारा हॉस्पिटल में गत दिवस मरीज के परिजनों के लिए विश्रामालय की सुविधा शुरू की गयी है, जहां उन्हें रहने, खाने की सुविधा मिलेगी। अभी इस विश्रामालय में 30 से अधिक लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गयी है। हॉस्पिटल प्रशासन के अनुसार अगर तीमारदारों की संख्या बढ़ी तो विश्रामालय को और अधिक विस्तारित किया जाएगा। सहारा इंडिया परिवार के सीनियर एडवाइजर अनिल विक्रम सिंह और सहारा हॉस्पिटल के मेडिकल निर्देशक डॉ मजहर हुसैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विश्रामालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अनिल विक्रम सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल में तीमारदारों के परिजनों के ठहरने की पहले से व्यवस्था है लेकिन अब इस नये तरह के विश्रामालय में तीमारदारों को सुबह के समय में नाश्ता, दोपहर व रात में भोजन दिया जाएगा और इसके साथ ही विश्राम के लिए बेड और सामान रखने के लिए एक अलमारी भी दी जाएगी। सभी सुविधाओं के लिए बहुत ही रियायती दरों का शुल्क लिया जाएगा। इस सुविधा को शुरू करने के पीछे एक उद्देश्य है कि मरीज के परिजनों पर ज्यादा आर्थिक बोझ ना पड़े।

## चरित्र निर्माण मार्च एवं शिक्षक स्वागत समारोह सीएमएस में आज

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 4000 से अधिक शिक्षक एवं कार्यकर्ता भावी पीढ़ी में चारित्रिक उत्कृष्टता एवं नैतिक व आध्यात्मिक उत्थान का अलख जगाने हेतु कल 30 जून को विशाल चरित्र निर्माण मार्च निकाल रहे हैं। सीएमएस शिक्षकों का यह मार्च कल 30 जून वृहस्पतिवार को प्रातः 7.00 बजे सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित मकदूमपुर पुलिस थाना से प्रारम्भ होकर सीएमएस गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम तक जायेगा। सीएमएस शिक्षकों का यह विशाल मार्च सीएमएस गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम में पहुँचकर एक शिक्षक स्वागत समारोह में परिवर्तित हो जायेगा। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है।

## सिंगल यूज पालिथीन के खिलाफ नगर पंचायन द्वारा जागरुकता अभियान

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के निर्देशानुसार पहली जुलाई से सिंगल यूज़ पॉलिथीन का प्रयोग पूर्ण रुप से बंद हो जाएगा, इसका प्रयोग करने पर भारी जुर्माना लगेगा इसे लेकर नगर पंचायत महोना द्वारा बुधवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत महोना के अध्यक्ष एन. इशरत बेग ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग 1 जुलाई से पूर्णतया प्रतिबंधित है और सिंगल यूज पॉलिथीन का प्रयोग ना करने के लिए नागरिकों एवं दुकानदारों को जागरूक करने के लिए 29 जून से 3 जुलाई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत आज नगर पंचायत क्षेत्र में उर्दू मीडियम स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा सिंगल यूज पॉलीथिन का प्रयोग ना करने के लिए शपथ ग्रहण की गई एवं इसके पश्चात महोना के मुख्य मार्गों पर रैली निकाली गई।

## कल से मध्यांचल करेगा बिल संशोधन संबंधी शिकायतों का समाधान

**लखनऊ।** पहली जुलाई से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की तरफ से उपभोक्ताओं के बिल संशोधन प्रक्रिया को बेहतर एवं पारदर्शी बनाने की तैयारी पूरी है। इसके लिए उपभोक्ता को कारपोरेशन की वेबसाइट पर बिल संशोधन सम्बन्धी शिकायतों का पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के पश्चात उपभोक्ता के रजिस्टर मोबाइल नम्बर पर पंजीकरण संख्या एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जायेगी। जिससे शिकायत सम्बन्धी कार्य में पारदर्शिता बनी रहेगी तथा उपभोक्ता से प्राप्त होने वाली समस्त बिल संशोधन सम्बन्धी शिकायतों को उ प्र पावर कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड कराया जायेगा। जिससे विद्युत उपभोक्ता कभी भी शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी वेबसाइट पर प्राप्त कर सकेंगे।

## संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर बैठक

**महोना लखनऊ।** नगर पंचायत महोना में शासन के निर्देशानुसार नगर पंचायत अध्यक्ष एन इशरत बेग की अध्यक्षता में संचारी रोगों की रोकथाम हेतु बैठक आयोजित की गई जिसमें मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी रणनीति तैयार की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नगर पंचायत अध्यक्ष एनए इशरत बेग ने निर्देश दिया कि नगर पंचायत के सभी वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाकर एंटी लारवा एवं फागिंग का छिड़काव कराया जाए। इसके अलावा मच्छर जनित रोगों की रोकथाम हेतु नागरिकों को जागरूक किया जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत महोना ने बताया कि 1 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 16 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

# सरोजनी नगर विधायक ने नवनिर्वाचित एमएलसी मुकेश शर्मा का किया अभिनंदन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर के अध्यक्ष मुकेश शर्मा के विधान परिषद सदस्य निर्वाचित होने पर बुधवार को सरोजनी नगर विधानसभा में विधायक डॉ राजेश्वर सिंह सहित कार्यकर्ताओं द्वारा आशियाना स्थित सेलिब्रेशन गार्डन में अभिनंदन व स्वागत समारोह आयोजित किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत में श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल व अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्पांजलि की गई। इसके पश्चात डॉ राजेश्वर सिंह ने माल्यार्पण व शाल ओढ़ाकर महानगर अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा का स्वागत किया, साथ ही भगवान गणेश जी का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। सरोजनी नगर विधायक ने नवनिर्वाचित एमएलसी मुकेश शर्मा की उपलब्धियों को गिनवाते हुए बताया कि परिश्रम एक इंसान को उस ऊंचाई तक ले जाता है जिसकी केवल कल्पना ही की जा सकती है। साथ ही उन्होंने मुकेश शर्मा के 2022 विधान सभा चुनाव में महानगर अध्यक्ष के पद पर रहते हुए उनके कुशल नेतृत्व की भी सराहना की एवं आभार व्यक्त किया। डबल इंजन सरकार की नीतियों व कार्य कुशलता का उल्लेख करते हुए कहा कि 2024 में भारतीय जनता पार्टी पिछली बार से भी अधिक बहुमत से सरकार बनाएगी। नवनिर्वाचित एमएलसी मुकेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विधान परिषद सदस्य के रूप में पार्टी द्वारा जो दायित्व दिया गया है उसका निर्वहन पूरी निष्ठा से करूंगा। अन्य राजनीतिक दल और भारतीय जनता पार्टी में यह अंतर है कि जो कार्यकर्ता अपने कार्य को पूरी निष्ठा से निरंतर करता है। पार्टी उचित समय पर कार्यकर्ता द्वारा संगठन में किए गए दायित्व निर्वाहन का सम्मान अवश्य करती है। इस अवसर पर लखनऊ महानगर महामंत्री पुष्कर शुक्ला, त्रिलोक अधिकारी, नगर मंत्री आमोद कुमार, वरिष्ठ कार्यकर्ता रमाशंकर त्रिपाठी, पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी, विनोद मौर्या, विमल तिवारी, राम नरेश रावत, राम नरेश रावत द्वितीय, पूनम मिश्रा, नेहा सौरभ सिंह, कमलेश सिंह, सुधीर राजपाल, सरबजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा, शिव शंकर विश्वकर्मा, बृजमोहन शर्मा एवं मंडल के पदाधिकारी शक्ति के संयोजक, मोर्चा के अध्यक्ष पदाधिकारी व अन्य सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपनों को सम्पत्ति की रजिस्ट्री में प्रोसेसिंग फीस का रोड़ा

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**सगे** सम्बन्धियों को सम्पत्ति की रजिस्ट्री महज पांच हजार में आसानी से करने की योजना में प्रोसेसिंग फीस आड़े आ रही है। मालियत का एक फीसदी प्रोसेसिंग फीस जमा करने का नियम है, ऐसे में लोगों को स्टैम्प से अधिक फीस चुकानी पड़ रही है। लिहाजा, भाजपा सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाने के लिए लोग प्रोसेसिंग फीस पर फैसला आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अब तक शासन स्तर पर इसे लेकर कोई आदेश जारी नहीं किया है।

सरकार ने ब्लड रिलेशन में अपनों को महज पांच हजार की स्टाम्प फीस चुकाकर सम्पत्ति की रजिस्ट्री करने की योजना शुरु की है। मोहनलालगंज में इन दिनों सगे सम्बन्धियों को सम्पत्ति की रजिस्ट्री करने के लिए प्रतिदिन लोग तहसील पहुंच रहे हैं। लेकिन अपनों को सम्पत्ति की रजिस्ट्री करने में प्रोसेसिंग फीस बाधा बन रही है। दरअसल सम्पत्ति की रजिस्ट्री में मालियत का एक फीसदी प्रोसेसिंग फीस जमा करने का नियम है। मालियत के लिए सर्किल रेट को आधार बनाया जाता है। इस तरह दस लाख की सम्पत्ति अपनों के नाम करने के लिए लोगों को स्टाम्प फीस का दोगुना यानी दस हजार की प्रोसेसिंग फीस चुकानी पड़ रही है। ऐसे में तमाम लोग प्रोसेसिंग फीस अधिक होने से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। कई लोग तो तहसील स्थित सब रजिस्ट्रार के दफ्तर आकर पूछताछ करके ही वापस लौट रहे हैं। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो सरकार की इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोसेसिंग फीस कम होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सब रजिस्ट्रार दफ्तर के चक्कर काट रहे तमाम लोगों को सरकार से शुभ समाचार मिलने का इंतजार है।

### यह कहते हैं अधिकारी

सब रजिस्ट्रार धर्मेन्द्र तिवारी ने बताया शासन ने ब्लड रिलेशन में सम्पत्ति की रजिस्ट्री करने के लिए स्टाम्प में छूट दी है। महज पांच हजार का स्टाम्प चुकाकर लोग सम्पत्ति अपनों के नाम कर सकते हैं। लेकिन रजिस्ट्री में मालियत की एक फीसदी प्रोसेसिंग फीस भी जमा करनी पड़ती है। मालियत अधिक होने से प्रोसेसिंग फीस बढ़ना लाजमी है। फिलहाल इसे लेकर किसी तरह का आदेश नहीं आया है।

# उदयपुर घटना को लेकर संगठनों में आक्रोश, कड़ी सजा की मांग



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उदयपुर में** कन्हैयालाल साहू की दर्दनाक हृदय विदारक हत्या से आहत विभिन्न संगठनों ने बुधवार को संस्कृत भारती न्यास अवध प्रान्त के तत्वावधान मे सहभागिता कर केंद्र तथा राजस्थान सरकार से इस कुकृत्य के अपराधियों को कठोरतम दण्ड दिलाने की मांग की है। इस बावत संस्कृत भारती न्यास अवध प्रान्त के अध्यक्ष जे पी सिंह, संगठनमंत्री गौरव नायक संगठन मंत्री, मंडल महामंत्री सुनील शांखधर, विनोद श्रद्धानंद नगर शाखा, हनुमंत सिंह प्रताप नगर शाखा, प्रवीन राय विश्व हिन्दू परिषद, डा संजय निरंजन प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ, मानवी द्विवेदी ने अपने अपने संगठन की भावनाओं तथा आहत भावनाओ को प्रखर रूप से व्यक्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से संगठनों ने स्पष्ट संदेश दिया कि ऐसे कुत्सित विचारधाराओं के पोषक असामाजिक आतंकवादियों का भारत की ऋषि मुनियों की पवित्र भूमि मे कोई स्थान नही है। इस मौके पर कन्हैयालाल साहू को अश्रूपूरित श्रद्धांजलि दी गयी।

# जाते-जाते बेघरों को आशियाने की सौगात दे गईं एसडीएम

**संवाददाता।** मोहनलालगंज





**आसरे** के इंतजार में अधिकारियों के चक्कर काटकर थक चुके इन बेघरों के लिए एसडीएम शुभी सिंह मसीहा बन गईं। बारिश की बौछारों में भीगकर और कड़ाके की ठण्ड में ठिठुरकर रातें गुजार रहे इन बेघर परिवारों को एसडीएम की पहल पर आखिरकार आशियाने की सौगात मिल गई। लिहाजा सिर छिपाने की छत पाकर प्रशासन और सरकार का दिन.रात आभार जता रहे यह बेघर परिवार पीसीएस अधिकारी शुभी सिंह को दुआएं देते नहीं थकते हैं। इन परिवारों की दास्तां बयां करती **पायनियर** की खास रिपोर्ट...

**केस–1:** मोहनलालगंज के उत्तरगांव निवासी बेघर भुंइयादीन के परिवार का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची में शीर्ष पर शामिल था। लेकिन पोर्टल में तकनीकि खामी की वजह से इन्हें आवास नहीं मिल सका। लिहाजा पूरा परिवार तिरपाल के नीचे गुजारा कर रहा था। बारिश में तिरपाल का सहारा भी छिन गया। जानकारी पाकर एसडीएम शुभी सिंह ने राजस्व टीम से रिपोर्ट मंगाकर भुंइयादीन के परिवार को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया। जिससे यह गरीब परिवार अब हंसी–खुशी पक्की छत के नीचे जिन्दगी गुजार रहा है।

**केस–2:** मोहनलालगंज के विश्राम खेड़ा निवासी बेघर नौमीलाल के परिवार का नाम भी प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची में शामिल था। लेकिन पोर्टल में तकनीकि खामी आने से लाभार्थी सूची से इस गरीब परिवार का नाम ही कट गया। बारिश में इकलौती कच्ची कोठरी भी ढ़ह गई। लिहाजा परिवार को सारी रात भीगकर गुजारनी पड़ी। एसडीएम शुभी सिंह को जानकारी मिली तो उन्होंने राजस्व टीम से रिपोर्ट मंगाई और आपदा राहत के तौर पर 95100 रुपये की आर्थिक मदद दिलाई। जिसकी मदद से बेघर नौमीलाल ने पक्की कोठरी बना ली है। जिसमें परिवार के साथ गुजर.बसर कर रहा है।

**केस–3:** मोहनलालगंज के दहियर गांव निवासी कमलेश कुमार का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची में शामिल होने से छूट गया था। टूटी–फूटी एस्बेस्टस की चादरों के नीचे गुजारा कर रहे कमलेश का परिवार बारिश में चादरें ढ़ह जाने से दबकर जख्मी हो गया। जानकारी मिलते ही एसडीएम शुभी सिंह ने राजस्व टीम भेजकर खाने–पीने का इंतजाम कराया। फिर जिला प्रशासन से 95100 रुपये की आर्थिक सहायता दिलाई। लेखपाल राजेन्द्र बहादुर ने कमलेश की खराब माली हालत देखकर शटरिंग का खर्च खुद वहन कर लिया। जिसकी बदौलत इस गरीब का भी आशियाना तैयार हो गया। उसी में छोटी सी साईकिल मरम्मत की दुकान खोलकर वह परिवार की आजीविका भी चलाने लगा है।

## उदयपुर घटना के दोषियों पर हो कठोरतम कार्रवाई: फतेह बहादुर

**लखनऊ।** सामाजिक संस्था बहुजन भारत ने उदयपुर (राजस्थान) में हुई घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए केंद्र व राज्य सरकारों से बिना किसी भेदभाव के निष्पक्ष तरीके से कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। संस्था मुख्यालय में हुई बैठक में संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस कुंवर फतेह बहादुर ने कहा कि इस कृत्य की जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए, ताकि धार्मिक उन्माद भड़काने की कोशिश करने वालों के लिए यह नजीर बन सके। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान धर्मनिरपेक्ष है तथा सरकारों के द्वारा किसी धर्म विशेष को बढ़ावा देने की इजाजत नहीं देता है। धार्मिक कट्टरता का विरोध करना धर्मनिरपेक्ष ताकतों के साथ ही सरकारों की भी जिम्मेदारी बनती है। वह धार्मिक कट्टरता फैलाने वालों को सामाजिक मान्यता ना दें क्योंकि धर्मान्धता किसी भी धर्म को लेकर हो उसका नुकसान सभी को होता है।


मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियमावली) के नियम 3(1) के अधीन। आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल)/(पूर्वत: इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से भुगतान की तिथि तक आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। कर्जदार(रों), मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि तथा ऋण की वापसी के लिए अर्पित प्रतिभूति का विवरण निम्नानुसार है :–

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| श्री रणविजय सिंह, श्रीमती मिथलेश सिंह, साई ब्रिक फील्ड, श्रीमती सरोज कुमारी सिंह/प्रेमा देवी (प्रॉस्पेक्ट नंबर 841205 एवं 922548) | 27–06–2022 प्रॉस्पेक्ट नंबर 841205 रू. 37,11,695/– (रूपए सैंतीस लाख ग्यारह हजार छह सौ पिच्यानवे मात्र) प्रॉस्पेक्ट नंबर 922548 रू. 4,74,664/– (रूपए चार लाख चौहत्तर हजार छह सौ चौंसठ मात्र) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : सम्पत्ति म्युनिसिपल मकान नंबर 633/808, प्लॉट नंबर 35 बी पर निर्मित, क्षेत्रफल परिमाप 116.17 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 384 मिन, स्थित ग्राम कंचनपुर मटियारी, वार्ड – शहीद भगत सिंह, लखनऊ–226001, उत्तर प्रदेश, भारत |
| श्री मोहम्मद रजा जैदी, श्रीमती नाजमीन फातिमा (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10016643 एवं आईएल 10077050) | 27–06–2022 प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10016643 रू. 10,34,122/– (रूपए दस लाख चौंतीस हजार एक सौ बाईस मात्र) प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10077050 रू. 1,50,721/– (रूपए एक लाख पचास हजार सात सौ इक्कीस मात्र) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : सम्पत्ति म्युनिसिपल मकान नंबर 546/540 ए, प्लॉट नंबर 6 पर निर्मित, क्षेत्रफल परिमाप 27.881 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 13 मिनजुमला, स्थित ग्राम सरफरागंज, वार्ड – बालकगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत–226001 |

यदि उक्त कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, आईआईएफएल एचएफएल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे।
अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : आईआईएफएल एचएफएल 1017, दसवां तल, साइबर हाइट्स, टीसी 2/2, तथा टीसी 5/5, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226010/अथवा कार्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम, हरियाणा।
स्थान : लखनऊ तिथि : 30–06–2022 हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड


# पेज एक का शेष

### शक्ति परीक्षण...

यह दावा करते हुए शक्ति परीक्षण कराने की मांग की कि शिवसेना के नेतृत्व वाली सरकार अल्पमत में आ गई है। ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु ने राज्यपाल कोश्यारी के निर्देश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया। शिंदे के वकीलों ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि उद्धव ठाकरे नीत खेमा पार्टी के अंदर ही अल्पमत में है और विधानसभा में शक्ति परीक्षण विधायकों की खरीद–फरोख्त रोकने का सर्वश्रेष्ठ उपाय है।

### शिवसेना के..

को शक्ति परीक्षण में भाग लेने के लिए मुंबई पहुंचने की योजना बनाई है, जिसका आदेश महाराष्ट्र के राज्यपाल ने दिया है। यह पूछे जाने पर कि क्या असंतुष्ट भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समर्थन करेंगे, शिंदे ने कहा, हम उसके बाद अपनी भविष्य की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने कहा, हम बालासाहेब ठाकरे के शिव सैनिक हैं। हम हिंदुत्व की विचारधारा को आगे बढ़ाएंगे। हम महाराष्ट्र और राज्य के लोगों के विकास के लिए काम करेंगे।

### औरंगाबाद का...

का सामना कर रही है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का नाम किसान नेता दिवंगत डीबी पाटिल के नाम पर रखने को भी मंजूरी दी गई। दिलचस्प बात यह है कि राज्य योजना एजेंसी सिडको ने पहले नवी मुंबई हवाई अड्डे का नाम शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के नाम पर रखने का प्रस्ताव दिया था।

### भाजपा खेमे...

और भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, आखिरकार सच्चाई की जीत हुई। भाजपा विधायक नितेश राणे ने कहा, फडणवीस हमेशा कहते थे कि वह सदन में लौटेंगे। अब, समय आ गया है। वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में वापसी करेंगे।

### पाकिस्तान से...

गौस मोहम्मद के रूप में पहचाने जाने वाले दो लोगों ने मंगलवार को उदयपुर में अपनी दुकान पर कन्हैया लाल की चाकू से हत्या कर दी और ऑनलाइन वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि वे इस्लाम का अपमान कर रहे हैं।

### जगह-जगह...

ने कहा कि स्थानीय लोग भीम कस्बे में एकत्रित हो गए थे और वे हमले की नीयत से एक धार्मिक स्थान की तरफ बढ़ रहे थे और पुलिस ने आंसू गैस का प्रयोग कर उन्हें रोका। उन्होंने कहा कि भीड़ में कुछ लोगों ने पुलिस कर्मी पर तलवार से हमला कर दिया। घायल पुलिसकर्मी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पैकेट वाले...

अब पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इसी प्रकार, टेट्रा पैक और बैंक की तरफ से चेक जारी करने पर 18 प्रतिशत और एटलस समेत नक्शे तथा चार्ट पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वहीं खुले में बिकने वाले बिना ब्रांड वाले उत्पादों पर जीएसटी छूट जारी रहेगी। इसके अलावा।,000 रुपए प्रतिदिन से कम किराए वाले होटल कमरों पर 12 प्रतिशत की दर से कर लगाने की बात कही गई है। अभी इसपर कोई कर नहीं लगता है।

### उपराष्ट्रपति के...

के अनुच्छेद 68 के अनुसार, निवर्तमान उपाध्यक्ष के पद की अवधि की समाप्ति के कारण हुई रिक्ति को भरने के लिए चुनाव कार्यकाल की समाप्ति से पहले पूरा किया जाना आवश्यक है। 16वें उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य और लोकसभा के 543 निर्वाचित सदस्य मतदान कर सकते हैं। मतदान गुप्त मतदान द्वारा किया जाता है।

### ओवैसी के...

चार विधायकों और पुराने विश्वासपात्रों के साथ मुस्कुराते हुए तेजस्वी सदन अध्यक्ष के कक्ष से निकले और बधाई संदेशों का जवाब देते हुए विधानसभा परिसर से बाहर चले गए। इन चारों विधायकों के राजद में शामिल हो जाने के बाद 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में इस दल के विधायकों की संख्या अब बढ़ाकर 80 हो गई है जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के साथ सत्ता साझा करने वाली भाजपा से तीन अधिक है।

### रुपया 79...

में विदेशी धन की निकासी, डॉलर के दो दशक के उच्चस्तर तक मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती आने के बीच, भारतीय रुपया इस साल की शुरुआत से नीचे आ रहा है। मुद्रास्फीति बढ़ने, चीन में लंबे समय तक कोविड–19 लॉकडाउन, प्रमुख केंद्रीय बैंकों के सख्त मौद्रिक रुख तथा रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान की वजह से वैश्विक आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं और इसके कारण डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में करीब 6.30 प्रतिशत की तेज गिरावट आई है।

### अभूतपूर्व सुरक्षा...

की 350 से अधिक कंपनियों को तैनात किया गया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) सहित जम्मू–कश्मीर के क्षेत्रीय दलों ने तीर्थयात्रियों का स्वागत किया है और लोगों से उनकी सुरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों के लिए पारंपरिक पहलगाम–चंदनवाड़ी मार्ग और बालटाल मार्ग दोनों को खोल दिया है।

### अमरनाथ यात्रा...

महत्वपूर्ण मुठभेड़ है क्योंकि कार्वाई एनएचडब्ल्यू (यात्रा मार्ग) के बहुत नजदीक हुई। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस और सेना का संयुक्त दल मीर बाजार के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग पर संदिग्ध इलाकों की छानबीन कर रहा था।

# भगवान जगन्नाथ के पूजन को उमड़ी भीड़





**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**धर्म** नगरी काशी में तीन सौ साल से अधिक पुराने जगन्नाथ मंदिर के कपाट एक पखवाड़े बाद बुधवार को खुल गए। इसी के साथ भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र ने श्वेत वस्त्र में भक्तों को दर्शन दिए। भगवान के दर्शन-पूजन को भक्तों की भीड़ उमड़ी। कल यानी 30 जून को भगवान की डोली यात्रा निकाली जाएगी और एक जुलाई से लक्खा मेलों में शुमार रथयात्रा उत्सव शुरू हो जाएगा।

परंपरा के मुताबिक, जगन्नाथ मंदिर से 30 जून की शाम चार बजे गाजे-बाजे के साथ निकलने वाली भगवान की डोली यात्रा में हजारों भक्तों संग ट्रस्ट जगन्नाथ जी के पदाधिकारी शामिल होंगे। देर शाम रथयात्रा मेला स्थल पर भगवान के रथ का पूजन अर्चन होगा। एक जुलाई को भगवान रथ पर सवार होकर दर्शन देंगे।

## अधिक जलाभिषेक के चलते भगवान पड़े थे बीमार

**मालूम** हो कि अधिक जलाभिषेक के चलते पखवाड़े भर पहले बीमार पड़े भगवान जगन्नाथ को स्वस्थ होने के बाद बुधवार को अस्सी स्थित मंदिर में परवल के जूस का भोग अर्पित करने के बाद स्वस्थ हो गए। इसी के साथ पखवारे भर बाद जहां जगन्नाथ मंदिर के पट खुल गए तो वहीं उत्सव शुरू हो गया। 15 दिन बाद मंदिर का पट खुलने से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

भगवान बलभद्र, सुभद्रा और बाबा जगन्नाथ ने श्वेत वस्त्रों में दर्शन दिया। श्रद्धालुओं में जहां भगवान के स्वस्थ होने की खुशी थी तो वहीं परवल के जूस का प्रसाद लेने की होड़ मची भी मची हुई थी। श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव व जय जगन्नाथ के जयघोष किया। 12 बजे बंद हुआ मंदिर दोपहर बाद तीन बजे फिर खुला तो दर्शन-पूजन का क्रम अनवरत जारी है।

## दो साल बाद फिर से गुलजार होगा रथयात्रा मेला

**सात** वार नौ त्योहार की काशी के त्योहार भी अनोखे हैं। त्योहारों की श्रृंखला रथयात्रा से आरंभ हो जाती है जो कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली उत्सव के साथ पूरी होगी। रथयात्रा पर नाथों के नाथ भगवान जगन्नाथ मनफेर के लिए काशी की गलियों में निकलते हैं। कोरोना संक्रमण के दो साल बाद रथयात्रा का मेला फिर से सजेगा और भक्तवत्सल भगवान भइया बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपने भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे। बनारस में तीन दिन तक की भगवान की यह यात्रा रथयात्रा काशी के लक्खा मेले में शुमार है। मेले के संयोजक ट्रस्टी आलोक शापुरी ने बताया कि रथयात्रा मेले का आयोजन 218 साल से अनवरत किया जा रहा है, केवल कोरोना संक्रमण काल में दो साल तक भगवान यात्रा पर नहीं निकले।

# श्री कोतवाल की स्वर्ण रजत प्रतिमा की शोभायात्रा कल

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**काशी** के कोतवाल बाबा श्री काल भैरव जी की वर्ष 1954 में निर्मित स्वर्ण – रजत पंचबदन प्रतिमा की भव्य 69 वां शोभायात्रा 1 जुलाई 2022 दिन शुक्रवार को प्रात: 7.00 चौखंबा स्थित काठ की हवेली से स्वर्णकार क्षत्रिय कमेटी वाराणसी के तत्वावधान में निकाली जाएगी।' उक्त जानकारी पराड़कर स्मृति भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में स्वर्णकार क्षत्रिय कमेटी के अध्यक्ष किशोर कुमार सेठ ने दी। अध्यक्ष किशोर कुमार सेठ ने बताया कि 69 वें शोभायात्रा में सर्वप्रथम आगे पुलिस घुड़सवार चलेंगे। उनके साथ ताशा – बाजा के साथ भक्तगण ध्वजा पताका लिए अग्रिम पंक्ति में चलेंगे। साथ ही कमेटी के संस्थापक द्वय स्वर्गीय किशुन दास जी और स्वर्गीय भीकू सिंह जी की तस्वीर भी सुसज्जित रथ पर चलेगी। बैंड पार्टी सुमधुर धुन बिखेरते चलेंगे। साथ में माता स्वरूप प्रतिमाएं अपने करतब दिखाते हुए चलेंगी। '11 सुसज्जित छतरी युक्त घोड़ों' पर देव प्रतिमाएं राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, शंकर, गणेश, नारद, ब्रह्मा जी के साथ दो दरबान भी विराजमान रहेंगे। इस दौरान पाइप बैंड का भी आकर्षण रहेगा।अध्यक्ष श्री सेठ ने बताया कि शोभा यात्रा के दौरान शंकर – पार्वती, राधा – कृष्ण, दुर्गा जी, काली जी, हनुमान



जी की भी आकर्षक 'झांकी' रहेगी। इवेंट प्लानर की टीम नीरज सेठ के नेतृत्व में रास्ते भर भजन प्रस्तुत करती रहेगी। अध्यक्ष ने बताया कि गोविंदेश्वर महादेव की आकर्षक झांकी तथा 'डमरू दल' भी शोभायात्रा के केंद्र बिंदु होंगे। शोभायात्रा के अंत में शहनाई के साथ 'नई साज-सज्जा के साथ फूलों से सुसज्जित बाबा का स्वर्णिम रथ होगा।' रास्ते पर भक्तों को प्रसाद का वितरण भी होता रहेगा। श्री सेठ ने बताया कि बाबा के स्वागत हेतु 'विभिन्न सामाजिक संगठनों तथा बाबा के भक्तों द्वारा लगभग 40 स्थानों पर पूजा अर्चना भी होगा। उन्होंने बताया कि भव्य शोभायात्रा के कुशल संचालन हेतु शोभायात्रा मंत्री राजू वर्मा के सहयोगी के रुप में कमेटी के पदाधिकारियों की टीम बनाया गया है। स्वर्णकार क्षत्रिय कमेटी के महामंत्री श्याम कुमार सराफ ने बताया कि 'शोभायात्रा काठ की हवेली, चौखंभा से प्रारंभ होकर बीवी हटिया, जतनबर, विशेश्वरगंज, महामृत्युंजय, दारानगर, मैदागिन, बुलानाला, चौक, नारियल बाजार, गोविंदपुरा, ठठेरी बाजार, सोराकुआं, गोलघर, भुतही इमली होते हुए कालभैरव मंदिर पर जाकर संपन्न होगा।'

महामंत्री ने बताया कि बाबा की स्वर्ण – रजत प्रतिमा मंदिर में प्रतिस्थापित कर भव्य श्रृंगार व पूजन किया जाएगा। समयानुसार रात्रि 11.00 बजे तक दर्शन पूजन का कार्य चलता रहेगा। पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित के आचार्यत्व में सायंकाल बसंत पूजा होगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर 'काशी के कोतवाल स्मारिका का भी प्रकाशन' किया गया है, जिसका कुशल संपादन श्याम सुंदर सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रांगण में भी टीम बनाकर प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। पत्रकार वार्ता के दौरान कोषाध्यक्ष जनार्दन वर्मा, श्याम सुंदर सिंह, कमल कुमार सिंह के साथ मीडिया प्रभारी डॉ कैलाश सिंह विकास, घनश्याम सेठ बच्चा आदि सदस्य उपस्थित थे।

## दुर्लभ विकृति से पीड़ित ईराकी लड़की का सफल इलाज

**वाराणसी।** डॉक्टरों ने हाल ही में ईराक के एक 9 वर्षीय मरीज का सफल इलाज किया। इस लड़की को खून की एक दुर्लभ बीमारी डायमंड ब्लैकफैन अनीमिया थी जिसे एप्लास्टिक अनीमिया भी कहते हैं उसके शरीर में हीमोग्लोबिन प्लेटेलेट्स और टीएलसी की संख्या कम थी। एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल्स द्वारका के डॉ. दिव्या बंसल के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट करके उसकी जान बचाई। बोन मैरो डोनर उसकी 3 साल की बहन बनी। डायमंड ब्लैकफेन अनीमिया खून की एक दुर्लभ विकृति है जो तब होती है जब बोन मैरो रेड ब्लड सेल्स नहीं बना पाता है जो शरीर में फेफड़ों से अन्य अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता हैं। इस मामले में डायमंड ब्लैकफैन अनीमिया का एक बहुत दुर्लभ संयोग था जिसमें मरीज का बोन मैरो अवरुद्ध था और उसके शरीर में हीमोग्लोबिन प्लेटेलेट्स और टीएलसी बहुत कम थे।

# आईआईटी (बीएचयू) के मुख्य पुस्तकालय का नाम अब श्रीनिवास देशपांडे लाइब्रेरी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) की मुख?य लाइब्रेरी अब 'श्रीनिवास देशपांडे पुस्तकालय' के नाम से जानी जाएगी। आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी के मुख्य पुस्तकालय का नामकरण समारोह बीते शुक्रवार को संस्थान में ऑनलाइन माध?यम से आयोजित किया गया। इस समारोह में अमेरिका और भारत के अतिथि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए थे । संस्थान के पुस्तकालय का नया नामकरण बोस्टन स्थित प्रसिद्ध उद्यमी और दानी श्री देश देशपांडे और उनकी पत्नी श्रीमती जयश्री देशपांडे द्वारा आईआईटी (बीएचयू) फाउंडेशन को 1 मिलियन अमरीकी डालर (रुपये 7.5 करोड़) के उदार दान के माध्यम से संभव हुआ है जो श्रीनिवास देशपांडे के पुत्र और पुत्रवधू हैं । श्री देश देशपांडे औद्योगिक रसायन विज्ञान में 1948 में स्नातक हैं जो पूर्व में कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी बीएचयू था और अब आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी है।

इस अवसर पर संस?थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन ने बताया कि संस्थान के लिए यह अमूल्य योगदान हमें विभिन्न क्षमताओं में आगे बढ़ने में मदद करेगा । हम इस योगदान के माध्यम से आगे बढ़ने और और छात्रों के विकास के लिए एक गुणवत्तापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करेंगे ।

अपने संबोधन में श्रीनिवास देशपांडे ने कहा कि संस्थान से स्नातक हुए 74 वर्ष से अधिक समय हो चुके हैं, यह शिक्षा ही थी जिसने उन्हें सात दशकों से अधिक समय तक सार्वजनिक और निजी सेवा के लिए तैयार किया । इतिहास में ऐसे समय में संस्थान में अपने समय को याद किया जब भारत ने अंग्रेजों से स्वतंत्रता प्राप्त की थी । उन्होंने मेस के भोजन को भी याद किया और आशा व्यक्त की कि वर्तमान छात्रों को उतना ही अच्छा भोजन मिल रहा है जितना कि उन्हें तब मिला करता था । देश देशपांडे और जयश्री देशपांडे ने कहा कि उन?होंने इस उम्मीद के साथ दान दिया कि वर्तमान और भविष्य में आने वाले छात्र समाज में सकारात्मक योगदान देने के साथ-साथ अपने जीवन में महान ऊंचाइयों तक पहुंच सकेंगे ।समारोह में बोलते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुधीर जैन ने एक छोटी सी ज्ञात तथ्य साझा किया कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय को इसके संस्थापक स्वर्गीय पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा 51 लाख रुपये दिया गया , जिसे लगभग 100 साल पहले दिया गया था । उन्होंने स्वीकार किया कि पूर्व छात्रों के माध्यम से इतिहास आज भी जिंदा है। नामकरण समारोह संस्थान में मौजूद कई गणमान्य व्यक्तियों के साथ लाइव आयोजित किया गया था ।

# हत्यारोपी पति की जमानत अर्जी खारिज

**संवाददाता।** मऊ

**अपर** सत्र न्यायाधीश प्रथम अभिनय कुमार मिश्रा ने दहेज की मांग को लेकर हलधर पुर थाना क्षेत्र मे नव विवाहिता की गई हत्या के एक मामले में इसी इसी थाना क्षेत्र के बकराबाद निवासी आरोपी चंद्र शेखर की जमानत अर्जी खारिज कर दिया। न्यायाधीश ने यह आदेश बचाव पक्ष के अधिवक्ता और अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह के तर्कों को सुनने तथा केस डायरी का अवलोकन करने के बाद पारित किया। मामला हलधरपुर थाना क्षेत्र के बकराबाद गांव का है। थाना दक्षिण टोला के औरंगाबाद निवासिनी गौरी देवी ने थाने मे तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री नीलू की शादी 8 मार्च 18 को हलधरपुर थाना क्षेत्र के बकराबाद निवासी चंद्रशेखर सोनकर के साथ हुई थी। शादी में पीड़िता के ससुराल पक्ष द्वारा मोटरसाइकिल की मांग किया गया था। बारात वापस ले जाने की धमकी भी दिया थाए किसी तरह शादी संपन्न कराकर लड़की विदा होकर अपने ससुराल चली गई थी। वादिनी की लड़की को दहेज की मांग को लेकर आरोपीगण मारते. पीटते व प्रताड़ित करते थे। पंचायत के बाद लड़की पुनरू विदा होकर ससुराल गई 17 अगस्त 18 को सूचना मिली की उसकी हालत खराब है परिवार के ससुर सास पति तथा अन्य रिश्तेदार मिलकर लाश ले जाकर दोहरीघाट जला दिए थे। न्यायालय के हस्तक्षेप पर इस मामले में मुकदमा पंजीकृत हुआ। न्यायाधीश ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी पति चन्द्रशेखर की जमानत अर्जी खारिज कर दिया।

## दलित की हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**मऊ।** अनुसूचित जाति जनजाति की विशेष अदालत के न्यायाधीश रामराज द्वितीय ने सरायलखंसी थाना क्षेत्र में एक दलित व्यक्ति की हुई हत्या के मामले में इसी थाना क्षेत्र के बढुआगोदाम निवासी आरोपी प्रकाश की जमानत अर्जी खारिज कर दिया। विशेष न्यायाधीश ने यह आदेश बचाव पक्ष और विशेष लोक अभियोजक सत्येंद्र नाथ राय व अखिलेश कुमार सिंह के तर्कों को सुनने तथा केस डायरी का अवलोकन करने के बाद पारित किया। मामला सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बढुआगोदाम गांव का है। इसी गांव के अनुसूचित जाति के वादी मुकदमा दूधनाथ ने अपने लड़के अवधेश की हत्या के मामले मे थाने में तहरीर दिया था। तहरीर में वादी का कथन है कि आरोपी दो अन्य अज्ञात लोगों के साथ आकर लड़के को 31 मई 2022 को घर से बुला कर ले गया था। उसका लड़का उस दिन रात को घर नहीं लौटा और सुबह उसके लड़के की लाश मठिया में नग्न अवस्था में बाजरे के खेत में मिली थी।

## रैपिड सर्वे कार्य में लगे प्रगणक एवं पर्यवेक्षको का प्रशिक्षण

**मऊ।** आगामी निर्वाचन को देखते हुए नवसृजित नगर पंचायत कुर्थीजाफरपुर एवं सीमा विस्तारित नगर पंचायत कोपागंज में अन्य पिछड़ी जातियों की जनगणना से संबंधित रैपिड सर्वे कार्य में संलग्न प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के प्रशिक्षण कार्यक्रम तहसील सदर के सभागार में उप जिलाधिकारी सदरध्प्रभारी अधिकारी रैपिड सर्वे हेमंत चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंकड़ों के एकत्रीकरण के संबंध में शासन से प्राप्त निर्देशों को विस्तार पूर्वक सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान आंकड़ों की गुणवत्ता एवं रैपिड सर्वे कार्यों को समय रहते समाप्त करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी कुर्थीजाफरपुर कोपागंज अपर सांख्यिकी अधिकारी रजनीश कुमार सिंह के साथ.साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होगा किन्नर समाज

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में किन्नर समाज के कल्याण समिति के जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में जनपद के किन्नर समाज के उत्थान के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ने पर बल दिया गया। बैठक के दौरान यह तय किया गया कि किन्नर समाज के लोगों का निवास प्रमाण पत्र बनवाया जायेगा इसके लिए किन्नर के गुरू को माता पिता के स्थान पर अभिभावक का दर्जा दिया जायेगा, इसी के आधार पर उनका आधार कार्ड बनाया जायेगा और उनको सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। किन्नर समाज के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री आवास को देने के साथ ही उनको शैक्षणिक व आर्थिक उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार किन्नर समाज के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, किन्नर समाज के गुरू को अभिभाव का दर्जा प्रदान कर निवास प्रमाण बनवाया जायेगा और निवास प्रमाण पत्र के आधार पर आधार कार्ड, स्पेशल कार्ड बनाकर उनको केन्द्र व प्रदेश द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिले में किन्नर समाज के लगभग 45 लोग निवास करते हैं, उन्हें केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जोड़ने हुये विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करते हुए उनको अन्य आवश्यक सुविधा प्रदान की जायेगी।

# सरकारी कार्यालय से लेकर कस्बे में जगह-जगह जलभराव

**संवाददाता।** सकलडीहा चंदौली



**सकलडीहा** कस्बा के मुख्य मार्ग से लेकर सरकारी कार्यालय और शिक्षण संस्थानों में भारी जलभरॉव के कारण काफी दिक्कते हुई। बुधवार को सुबह हुई बरसात ने साफ सफाई अभियान का पोल खोलकर रख दिया है। कई दुकानों में बरसात का पानी घुस जाने से हजारों का नुकसान होने पर व्यापारियों में आक्रोश है। कस्बावासियों ने जलभरॉव और नालों पर अवैध अतिक्रमण की समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाया है।

सुबह हुई बरसात के कारण कस्बा के मुख्य मार्ग से लेकर कस्बा में जगह जगह जलभरॉव की स्थिती उत्पन्न होगया है। इसके अलावा ब्लॉक रोड से तहसील मार्ग पर जलभरॉव के कारण आवागमन में दिक्कत हो रही है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से लेकर कस्बा में संचालित कई परिषदीय स्कूल के बाहर और अंदर जलभरॉव के कारण शिक्षक और छात्रों को आने जाने में काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। सधन तिराहा पुलिस पीकेट के सामने पीडब्ल्यूडी मार्ग पर जलभरॉव के कारण दर्जनों दुकानों में बरसात की पानी घुस जाने से दुकानदारो का हजारों का सामान नुकसान होगया है। बारिश के कारण साफ सफाई व्यवस्था की पोल खुल गयी है। ब्लॉक मुख्यालय के सामने विद्युत उपकेन्द्र परिसर में पानी भर गया है। इसके बाद भी जलभरॉव की समस्या से निजात दिलाने के लिये पंचायत विभाग तो दूर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मौन साधे हुए है। इस बाबत एसडीएम अजय मिश्रा ने बताया कि सम्बन्धित विभाग के माध्यम से शीध्र ही जलभरॉव की समस्या से निजात दिलाया जायेगा।

## सकलडीहा में सवारी वाहनों के कारण जाम से परेशानी

**सकलडीहा चंदौली।** पुलिस प्रशासन की लाख कवायद के बाद भी कस्बा से लेकर तिराहों पर सवारी वाहनों के कारण सुबह शाम जाम की समस्या उत्पन्न हो जा रही है। इसके बाद भी यातायात पुलिस से लेकर स्थानीय प्रशासन मौन है। राहगीरों ने जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाया है।कस्बा के मुख्य तिराहा सकलडीहा अलीनगर तिराहा और कस्बा में वाहनों के आड़े तिरछे खड़ा कर दिये जाने के कारण आये दिन जाम की समस्या हो जाती है। इसके अलावा पटरी और ठेला दुकानदारों से खरीदारी के समय आवागमन में काफी दिक्कत होती है। बड़ी वाहन के साथ सवारी वाहनों के खड़ा होने के कारण सुबह शाम जाम की स्थिती उतपन्न हो जाता है। जबकि शासन की ओर से जाम की समस्या और अवैध वाहन स्टैंड संचालन पर रोक लगाने का निर्देश है।

# मातृ स्वास्थ्य के लिए बड़ा जोखिम है असुरक्षित गर्भपात

**संवाददाता।** मीरजापुर

**अनचाहे** गर्भ से बचने के लिए कई अस्थायी व स्थायी साधनों की मौजूदगी के बाद भी असुरक्षित गर्भपात की स्थिति बनना मातृ स्वास्थ्य के लिए जोखिम से भरी हो सकता है। यदि किन्हीं कारणों से अनचाहा गर्भ ठहर भी जाता है तो सुरक्षित गर्भपात करवाना ही उचित होता है जिससे महिला की जान को जोखिम से बचाया जा सकता है। इससे मातृ मृत्यु दर में भी कमी लायी जा सकती है। इसके अलावा किशोरावस्था में अनचाहे गर्भ से मुक्ति पाने और सामाजिक उलाहना से बचने के लिए भी किशोरियों को कतई असुरक्षित गर्भपात का रास्ता नहीं अपनाना चाहिए क्योंकि यह उन्हें शारीरिक व मानसिक दिक्कतों के साथ ही उनकी जान को भी जोखिम में डाल सकता हैद्य

महिलाओं और किशोरियों में असुरक्षित गर्भपात के जोखिम को ध्यान में रखते हुएए मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ़ प्रेगनेंसी ;संशोधितद्ध एक्टए 2021 को समझने की ज़रुरत है जिनमें समाज और धार्मिक नेता भी शामिल हैं ताकि महिलाओं को असुरक्षित गर्भपात से बचाया जा सकेद्यविश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में हर वर्ष कुल गर्भधारण में लगभग आधे गर्भधारण अनचाहे होते हैं। इनमें 10 में से छह अनचाहे गर्भधारण और सभी 10 में से तीन गर्भधारण गर्भपात में समाप्त होते हैं।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजीव सिंघल ने बताया कि डब्ल्यूएचओ का साफ़ मानना है कि गर्भपात तभी सुरक्षित हो सकता है जब वह प्रशिक्षित डॉक्टर की मदद से सही तरीके और सही समय पर कराया जाए । अगर गर्भपात सुरक्षित न हो तो ऐसी स्थिति में यह शारीरिक ए मानसिक विकार के साथ महिला या किशोरी की मौत का कारण भी बन सकता है।असुरक्षित गर्भपात से होने वाली कुल मौतों में 97 प्रतिशत मौत विकासशील देशों में होती हैं । विकसित देशों में जहाँ एक लाख पर 30 महिलाओं की मृत्यु होती है वहीं विकासशील देशों में 220 महिलाओं की जान चली जाती है। विकासशील देशों में करीब 70 लाख महिलाएं हर साल असुरक्षित गर्भपात के कारण अस्पतालों में भर्ती होती हैं।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ;यूएनएफ़्पीएद्ध की स्टेट ऑफद वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2022 के अनुसारए असुरक्षित गर्भपात भारत में मातृ मृत्यु दर का तीसरा प्रमुख कारण है और असुरक्षित गर्भपात से संबंधित कारणों से हर दिन करीब आठ महिलाओं की मौत हो जाती है।

डॉण् ए0के0राय का कहना है असुरक्षित गर्भपात से होने वाली मातृ मृत्यु को कम करने एवं गर्भपात सेवाओं को बेहतर बनाने और गुणवत्तापूर्ण पहुँच बनाने के उद्देश्य से देश में वर्ष 1971 में चिकित्सीय गर्भपात अधिनियम ;मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ़ प्रेगनेंसी एक्ट या एमटीपी एक्टद्ध लागू किया गयाद्य यह अधिनियम सुरक्षित गर्भपात सेवा के लिए दिशा.निर्देश प्रदान करता है जिससे असुरक्षित गर्भपात को कम किया जा सकेद्य पहले इस अधिनियम के अनुसार भारत में विशेष परिस्थितियों में 20 सप्ताह तक के गर्भ का गर्भपात कराना वैध था लेकिन अब संशोधित अधिनियम ;2021द्ध के अनुसार 24 सप्ताह तक के गर्भ का गर्भपात कराना वैध हैद्यडॉण् ए0के0राय के अनुसार 20 वर्ष से कम आयु में गर्भधारण करना किशोरावस्था में गर्भ धारण ;टीन एज प्रेग्नेंसीद्ध कहलाता है। राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण.5 ;2019.21द्ध के अनुसार 15 से 19 वर्ष की लगभग तीन प्रतिशत महिलायें सर्वे के समय या तो गर्भवती थीं या माँ बन चुकी थीं। टीन एज प्रेगनेंसी के कारणों में एक कारण तो कम आयु में विवाह है लेकिन कभी . कभी नासमझी के परिणाम स्वरूप यह हो सकता है। ऐसे में किशोरियाँ असुरक्षित गर्भपात को तरजीह देती हैंए जिसमें वह निजी अस्पतालों या अप्रशिक्षित चिकित्सकों के द्वारा यह प्रक्रिया करवाती हैं ।प्रदेश में कोम्प्रेहेंसिव एबॉर्शन केयर की सुविधा उपलब्ध की जा रही है जहाँ ज़रुरत पड़ने सुरक्षित गर्भपात करवाया जा सकता हैद्य द्य राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य केंद्रों पर एडोल्सेन्ट फ़्रेंडली क्लिनिक संचालित हैं।

# सिलाई प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ



**संवाददाता।** सोनभद्र

**वनिता** समाज, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा समाज के वंचित वर्ग के कल्याण हेतु सार्थक कदम निरंतर उठाए जा रहे है। इसी क्रम में उत्तरा महिला मंडल की अध्यक्षा करबी सेन के कर कमलों द्वारा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए एवं आत्मनिर्भर भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप सिलाई प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आसपास के समुदायों के दिव्याङ्ग जनों को व्हील चेयर का वितरण भी किया गया। श्रीमती सेन ने वनिता समाज द्वारा समाज उत्थान हेतु सार्थक कदम के लिए बधाई दी और भविष्य में भी समाज कल्याण हेतु निरंतर प्रयास जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्ग की मदद करना सभी का कर्तव्य है एवं हम सभी को समाज कल्याण हेतु सक्रिय कदम उठाने चाहिए। इस अवसर पर जयिता गोस्वामी अध्यक्ष वनिता समाज, अंजु झा बाल भवन प्रभारी नील कमल भोगल वेलफैर प्रभारी मीनाक्षी मिश्रा जनरल सेक्रेटरी अन्य वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याएं उपस्थित थीं।

# कबाड़ की दुकान में लगी आग, हजारों की हुई क्षति



चकिया, चन्दौली । शहाबगंज कस्बा स्थित मोटर स्टैंड के समीप कबाड़ की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे दुकान में रखा हजारों का सामान जलकर नष्ट हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार से दुकानदार ने मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई। लोगों के अनुसार दुकान के पीछे खेत में रखें कूड़े में पहले आग लगी थीए धीरे.धीरे आग दुकान तक पहुंच गई और दुकान को भी अपने आगोश में ले लियाए देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लियाए यह देख आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को फोन कर अगलगी की घटना की सूचना दीए फायर ब्रिगेड की टीम मौके पहुंची और पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान में रखा हजारों का सामान जलकर नष्ट हो गया।

## ग्रामीणों को साइबर क्राइम के बारे में दी गई जानकारी

**बीजपुर/सोनभद्र।** अपराधों के रोकथाम के बावत बीजपुर थाना के वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने बुधवार को थाने में एक प्रकरण को लेकर आए हुए ग्रामीणों व युवकों को साइबर क्राइम के संदर्भ में जानकारियां दी। उन्होंने ग्रामीणों को अवगत कराया कि उन्हें छोटी छोटी बातों को लेकर एक दूसरे से लड़ाई झगड़ा नहीं करना चाहिए बल्कि आपस मे



बैठकर उसका निस्तारण कर लेना चाहिए। ऐसा न करने से वहीं बातें बाद में उन लोगों के बीच गांठ बन जाती है और एक दिन बड़ा रूप धारण कर लेती है जो बाद में अपराध को बढ़ावा देती हैं। जिससे दोनों पक्षों के धन जन की हानि हो सकती है। अपराध पर नियंत्रण रखने के कई ट्रिप्स उन्होंने ग्रामीणों को दिए। उपस्थित युवकों को श्री यादव ने बताया कि तैश में आकर किया गया कोई भी निर्णय बाद में उनके लिए घातक साबित होता है। इसलिए कोई भी कार्य करने के पहले उसे अच्छी तरह से सोच समझ कर करना चाहिए। जल्दबाजी में लिया गया निर्णय सार्थक नहीं साबित होता है।

# जी-7 बैठक

## प्रभावी कदम आवश्यक

**यूक्रेन** पर रूस के बर्बर हमले के खिलाफ जी-7 समूह को तेज व प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जानसन ने रूस पर युद्ध अपराधों का आरोप उचित ही लगाया है। उनकी प्रतिक्रिया एक घटना के बाद आई है जिसमें यूक्रेन में एक भीड़ भरे शापिंग माल पर मिसाइल हमले के बाद 18 लोग मारे गए तथा 59 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की 'क्रूरता और जंगलीपन' की निन्दा की। सोमवार को जारी संयुक्त बयान में जी7 नेताओं ने 'यूक्रेन के साथ एकजुटता' पर जोर देते हुए 'यूक्रेन की जनता व सरकार द्वारा अपने देश की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अडिग प्रतिबद्धता' की पुष्टि की जो 'शांतिपूर्ण, समृद्ध व लोकतांत्रिक भविष्य के लिए संघर्ष कर रही' है। इससे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की का उत्साह बढ़ेगा जो ज्यादा बड़े व ज्यादा शक्तिशाली रूस के खिलाफ वीरता से युद्ध कर रहे हैं। घेरेबंद पूर्वी यूरोपीय देश के लिए अमेरिका-नीत पश्चिम का समर्थन प्रशंसनीय रहा है जिन्होंने अपने वित्तीय प्रभुत्व को हथियार में बदला तथा उसका प्रयोग मास्को के खिलाफ किया। इसके साथ ही नवीनतम हथियारों व उपकरणों के माध्यम से यूक्रेन को हथियारबंद करने की सहायता भी प्रशंसनीय है। लेकिन यही बात उसकी प्रभावशीलता के बारे में नहीं कही जा सकती है। रूस के खिलाफ कई महीने से जारी विकलांगकारी प्रतिबंधों के बावजूद उसकी युद्धक क्षमता अभी मजबूत है। एक शताब्दी से अधिक समय बाद रूस 100 मिलियन डालर से अधिक भुगतान नहीं कर सका है। इसका कारण यह नहीं है, लेकिन उसे कर्जदाताओं को भुगतान की अनुमति नहीं है। इसका असर मास्को के बजाय उसके कर्जदाताओं पर पड़ेगा और निश्चित रूप से पुतिन इससे इतने मजबूर नहीं होंगे कि युद्ध समाप्त करने की घोषणा कर दें।



जी7 नेता क्रेमलिन पर दबाव डालने के अन्य तरीके भी अपना रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि रूसी ऊर्जा के आयात पर वैश्विक सीमा निर्धारित करने के बारे में विचार किया जा रहा है ताकि मास्को की यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने की क्षमता प्रभावित हो। रायटर्स की एक खबर के अनुसार वे वैश्विक खाद्य सुरक्षा में सहायता के लिए भी 5 बिलियन डालर का योगदान देंगे। लेकिन वे अपनी इस भूमिका से इनकार नहीं कर सकते हैं जिसके चलते पुतिन इस सीमा तक समृद्ध व दु:साहसी हुए कि यूक्रेन पर हमले की हिम्मत कर सकें, भले ही यह भूमिका परोक्ष रही हो। पर्यावरण एक्टिविस्टों के आंदोलनों से अमीर देश इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने फासिल ईंधनों का प्रयोग नियंत्रित करने के लिए अपने देशों में उसका उत्पादन हतोत्साहित किया। उदाहरणार्थ, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका ऊर्जा का शुद्ध आयातक बन गया, जबकि उनके पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप ने ऊर्जा स्वतंत्रता सुनिश्चित की थी। इसका कारण यह है कि बाइडेन की डेमोक्रेटिक पार्टी उग्र वामपंथी समूहों से लगातार प्रभावित रही। पिछले साल बाइडेन ने रूस को यूरोप में भी तेल बेचने की अनुमति दी। कहने का यह अर्थ नहीं कि पर्यावरण सरोकारों को अनदेखा किया जाए, लेकिन यह कार्रवाई जल्दबाजी के बजाय सुनियोजित रूप से होनी चाहिए। विकसित देश यह समझ नहीं पा रहे हैं कि हालांकि, जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया एक शताब्दी में नष्ट हो सकती है, वहीं नाभिकीय युद्ध से यह काम एक ही दिन में हो सकता है, जिसकी संभावना है। एक छोटे से देश का आत्मसमर्पण न होने से गुस्सा पुलित युद्ध के विस्तार का फैसला कर सकते हैं। इसके विनाशकारी परिणाम न केवल यूक्रेन और यूरोप, बल्कि सारी दुनिया के लिए हो सकते हैं। जी7 को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रूस के खिलाफ उसकी कार्रवाइयां न केवल प्रभावी हों, बल्कि इनसे युद्ध का विस्तार भी नहीं होना चाहिए।

# संकुचित सोच से प्रभावित निजीकरण प्रक्रिया

सरकार द्वारा ईंधन मूल्यों पर नियंत्रण की इच्छा के कारण बीपीसीएल की रणनीतिक बिक्री में बाधा आई है। जब तक यह सोच नहीं बदलती तब तक किसी भी लोक उपक्रम का निजीकरण संभव नहीं हो पाएगा।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



पेट्रोलियम उत्पादों की रिफाइनिंग व मार्केटिंग के क्षेत्र में कार्यरत केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-पीएसयू भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल में सरकार ने लगभग तीन साल पहले अपना 53.29 प्रतिशत का पूरा हिस्सा बेचने का निर्णय किया था, लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ। इसके कारण सरकार ने बिक्री पर विराम लगाने का फैसला किया। इस कदम के पीछे क्या कारण हो सकते हैं? 2021-22 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निजीकरण के प्रति व्यापक दृष्टिकोण अपनाने का फैसला किया था जिसका अर्थ पीएसयू में अपना अधिकांश हिस्सा बेच कर उसे निजी उद्यम में बदलना था। इसके लिए केन्द्रीय पीएसयू को मोटेतौर से दो श्रेणियों-रणनीतिक व गैर-रणनीतिक में बांटा गया था। रणनीतिक क्षेत्रों को चार उप-समूहों में बांटा गया था जिनमें नाभिकीय ऊर्जा, अंतरिक्ष एवं रक्षा, परिवहन व दूरसंचार तथा बिजली, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज तथा बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवायें शामिल थीं। गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में अन्य सभी क्षेत्र आते हैं जिनमें होटल व पर्यटन सेवायें, औद्योगिक व उपभोक्ता उत्पाद, व्यापार व मार्केटिंग शामिल हैं। योजना के अनुसार सरकार का इरादा गैर-रणनीतिक क्षेत्र में सभी उद्यमों का निजीकरण था। इसके साथ ही इस श्रेणी में सभी नुकसान वाले उद्यमों को बंद करने का फैसला भी शामिल था। रणनीतिक क्षेत्र के सीपीएसयू में उसका एक शर्त के साथ निजीकरण करना था कि सार्वजनिक क्षेत्र में उसके कम से कम एक या अधिकतम चार उद्यमों को बनाए रखना था।

बीपीसीएल उप-समूह 'ऊर्जा, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज' में आता था। इसे देश की ऊर्जा सुरक्षा बनाए रखने के दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता था। अत: सरकार संभवत: इसे ऊर्जा सुरक्षा के संदर्भ में बनाए रखना चाहती थी। लेकिन यह 2019-20 में बीपीसीएल निजीकरण फैसले के विपरीत था जिसे 2021-22 में बजट घोषणा के बहुत पहले लिया गया था। शायद यह नीति में पूर्वगामी प्रभाव से परिवर्तन था। इसका दूसरा प्रमुख कारण अनुमतियों व लाल फीताशाही की लंबी व जटिल प्रक्रिया थी। अनुमति की पुरानी प्रक्रियाओं में नीति आयोग ने रणनीतिक विनिवेश के लिए उन कंपनियों की पहचान की थी जिन पर बिक्री पर सचिवों की प्रमुख समिति-सीजीडी को विचार करना था। यह अपने आप में बहुत लंबी प्रक्रिया थी। इसके पश्चात इसे अनुमति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था-एएम में जाना होता था जो वित्त तथा सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रियों समेत मंत्रियों का एक समूह था। एएम की अनुमति के बाद बिक्री व सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग-दीपम को एक प्रस्ताव बनाना होता था जिस पर आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीईए को सैद्धान्तिक सहमति देनी होती थी।

संक्षेप में कहा जाए तो इस प्रकार रणनीतिक बिक्री में 12 चरण थे जिनके कारण प्रक्रिया शुरू होने में स्वाभाविक रूप से विलम्ब होता था। इस कारण जब सरकार बाजार में प्रवेश करती थी तब स्थितियों का अनुकूल होना जरूरी नहीं था। बीपीसीएल जैसे मामलों में चुनौती और बड़ी थी क्योंकि खरीदारों का बहुत अमीर होना जरूरी था। उदाहरण के लिए, 2019-20 में रणनीतिक निवेशक को 60,000 करोड़ रुपये निवेश करने की जरूरत थी। उस वर्ष बाजार परिवेश सकारात्मक था क्योंकि कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मूल्य लगभग 70 डालर प्रति बैरल के आसपास थे। यदि सरकार चाहती तो उसे पूरा हिस्सा खरीदने के लिए आवश्यक धनराशि जमा करने वाले रणनीतिक निवेशक मिल जाते। लेकिन नौकरशाह इसके लिए तैयार नहीं थे। लेकिन 2020-21 में कोविड वैश्विक महामारी के कारण वैश्विक स्तर पर मांग लगभग समाप्त हो गई थी और कच्चे तेल की औसत कीमतें लगभग 40 डालर प्रति बैरल पहुंच गईं, जबकि अप्रैल 2020 में तो ये सबसे निचले स्त 20 डालर प्रति बैरल पहुंच गईं। इस कारण बाजार का परिवेश भयानक रूप से नकारात्मक हो गया था। इसके साथ ही पूरी सरकारी मशीनरी वैश्विक महामारी के परिणामों से निपटने में अत्यधिक व्यस्त थी जिसका लक्ष्य लोगों का जीवन व उनकी आजीविका बचाना था।

2021-22 में मूल्यों में सुधार आया और वे 70 डालर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गए। इससे अधिकांश समय तक बाजार के परिवेश में महत्वपूर्ण सुधार आया। लेकिन अधिकारी फिर तैयार नहीं थे जिसके कारण बिक्री को 2022-23 तक टाल दिया गया। वर्तमान वित्त वर्ष में यूक्रेन युद्ध, अमेरिका व यूरोपीय संघ द्वारा रूस के खिलाफ लगाए आर्थिक प्रतिबंधों तथा इसके कारण तेल व गैस की सप्लाई में बाधा से कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। कच्चे तेल की कीमत 120 डालर प्रति बैरल है जो 140 डालर प्रति बैरल तक जा चुकी है। इसके साथ ही तेल कपंनियों की कीमतों में भी भारी वृद्धि हुई। यह समय बिक्री के लिए बहुत अच्छा था, पर ऐसा नहीं हो सका। सरकार ने बीपीसीएल की बिक्री ऐसे मोड़ पर स्थगित रखने का निर्णय किया है जब बाजार की स्थितियां सकारात्मक हैं तथा इसके लिए सभी आवश्यक प्रक्रियायें पूरी की जा चुकी हैं। यह निर्णय थोड़ा आश्चर्यजनक लगता है। यह पहेली समझने के लिए निम्न बातों पर विचार किया जा सकता है।

सिद्धान्त रूप से पेट्रोल व डीजल की कीमतों को क्रमश: जून, 2010 तथा नवंबर, 2014 में नियंत्रण से मुक्त कर दिया गया। तेल कंपनियों को एक फार्मूले के आधार पर अपने खुदरा मूल्य तय करने की स्वतंत्रता दी गई जिसमें उनके संबंधित इंपोर्ट पैरिटी प्राइस-आईपीपी व एक्सपोर्ट पैरिटी प्राइस-ईपीपी को 80:20 में रखना था। लेकिन व्यावहारिक रूप से पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतों पर राजनीतिक नियंत्रण अभी बना हुआ है। सरकार ऐसा इसलिए कर सकती है कि उसकी तीन तेल मार्केटिंग केन्द्रीय पीएसयू-इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड-आईओसीएल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल व बीपीसीएल का घरेलू ईंधन खुदरा नेटवर्क पर लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा बना हुआ है। हालांकि, तकनीकी रूप से एचपीसीएल तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम-ओएनजीसी की सहायक कंपनी है, लेकिन ओएनजीसी स्वयं एक केन्द्रीय पीएसयू है। ओएनजीसी-एचपीसीएल, आईओसीएल व बीपीसीएल के प्रबंधनों को उनके स्वामियों से प्रत्यक्ष निर्देश मिलते हैं कि वे इच्छित स्तर पर कीमतें बनाए रखें, यानी यह स्तर राजनेताओं की इच्छा पर निर्भर करता है। अक्सर इसका बाजार द्वारा निर्धारित मूल्य से कोई संबंध नहीं होता है। उदाहरणार्थ, दिल्ली में पेट्रोल की पंप पर कीमत 97 रुपये प्रति लीटर है जिसका संबंध कच्चे तेल की 90 डालर प्रति बैरल कीमत से है, जबकि भारत के लिए इसका वर्तमान समय में मूल्य 115 डालर प्रति बैरल है।

यदि ये उद्यम वास्तव में उपरोक्त फार्मूले के आधार पर कीमतें तय करने के लिए स्वतंत्र होते तो पंप पर इसकी कीमत 110 रुपये प्रति लीटर होती। इस पृष्ठभूमि में देखें तो यदि इन तेल पीएसयू का एक हिस्सा निजी हाथों में चला जाए जो लगभग 25 प्रतिशत खुदरा बिक्री का जिम्मेदार है तो ईंधन की कीमतें तय करने की सरकार की क्षमता में काफी कमी आएगी। वर्तमान परिदृश्य में जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतें ऊंची बने रहने की आशा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ईंधनों की खुदरा कीमतों में बेलगाम वृद्धि की अनुमति नहीं दे सकते हैं। यह बात खासकर आने वाले समय में कई राज्यों में विधानसभा चुनावों को देखते हुए महत्वपूर्ण है। वे ईंधन की कीमतों पर अपना प्रभाव बनाए रखना चाहेंगे। इसी कारण बीपीसीएल की बिक्री का निर्णय ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। लेकिन तटस्थ दृष्टिकोण से देखें तो यह कदम समझदारी भरा नहीं है।

पहले ही खुदरा कीमतों पर कृत्रिम नियंत्रण के कारण निजी फर्मों, जैसे आरआईएल व नायरा इनर्जी से ईंधन सप्लाई में भारी कमी आई है। वे एचपीसीएल, आईओसीएल व बीपीसीएल द्वारा तय कीमतों का मुकाबला नहीं कर सकती हैं। यहां तक कि सरकारी कंपनियां भी एक बिंदु से अधिक नुकसान झेलने की स्थिति में नहीं हैं जिसका नतीजा देर-सवेर सप्लाई में कमी के रूप में सामने आएगा। इसके साथ ही इसका असर भविष्य में रणनीतिक बिक्री के समय बीपीसीएल की कीमत पर भी पड़ेगा। रणनीतिक बिक्री में एक बड़ी बाधा अवस्थापना का हमेशा के लिए ड्राइवर सीट पर बने रहने की इच्छा है। जब तक यह सोच नहीं बदलती है, तब तक बीपीसीएल या किसी अन्य पीएसयू का निजीकरण संभव नहीं होगा। यदि बिक्री होती है तो भी ऐसी स्थिति में उसका अच्छा मूल्य नहीं मिलेगा।

# 'ईज़ आफ लिविंग' के लिए बहुत कुछ करना होगा

> स्थानीय स्तर पर सभी प्रणालियों की समझ और संचालन के संदर्भ की बुनियादी इकाई की पहचान करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)



जीवन निरंतर गतिशील मोड में है। गतिशील प्रवाह में अधिक महत्वपूर्ण तत्वों में, भौतिक और संज्ञानात्मक प्रणाली है। शरीर के अंदर और बाहर आवधिक परिवर्तन परिवर्तन के स्पष्ट संकेतक हैं। साथ ही, बौद्धिक और भावनात्मक प्रणालियों में परिवर्तन होता है। जैसा कि होता है, अधिकांश समुदायों के पास इस परिवर्तन के माध्यम से लोगों को पारगमन में सहायता करने के लिए बहुत कम या कोई औपचारिक प्रणाली नहीं होती है।

इस प्रकार, अपने स्वयं के विकास में एक व्यक्ति की भूमिका वास्तविकता से निपटने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह वे अनौपचारिक प्रक्रियाओं के माध्यम से और उस वातावरण से सीखते हैं जिसमें वे अंतर्निहित हैं। स्कूलों और कॉलेजों के माध्यम से औपचारिक शिक्षा और संदर्भ से अनौपचारिक शिक्षा और पर्यावरण परस्पर एक दूसरे का समर्थन कैसे करते हैं, इसका अध्ययन करने में यह एक महत्वपूर्ण तत्व है।

इस प्रकार, यह वह सीखना है जो जीवन जीने की क्रिया का एक बहुत ही महत्वपूर्ण गुण बन जाता है। शारीरिक, बौद्धिक और भावनात्मक रूप से जो परिवर्तन होते हैं, वे जीवित रहने की कला के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह प्रक्रिया अन्य सुविधाओं में अंतर्निहित है।

कोई बड़ा होकर शादी कर लेता है। बच्चे विवाह से पैदा होते हैं और संदर्भ की इकाई बदल जाती है। बाकी सब की तरह, यह भी एक गुज़रता हुआ दौर है; बच्चे बड़े हो जाते हैं और माता-पिता फिर से दो की इकाई बन जाते हैं। यह सब एक गतिशील सामाजिक वातावरण में उलझा हुआ है। बाहरी शासन प्रणाली विकसित होती है। यह नागरिक समाज के निर्माण में दो महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है।



एक है संसाधनों तक पहुंच और दूसरा है विकास के अवसर। यदि बहुत अधिक गतिमान भाग हों तो जीवन यापन की चुनौती बड़ी हो जाती है।

जीने की चुनौती जीवन की सुगमता का सुपरसेट है। जीवन की सुगमता अन्य बातों के अलावा, रूपों और स्वरूपों, स्क्रीनिंग और सत्यापन के बारे में है। जीवन की चुनौती ऊर्जा, पानी और सुरक्षा जैसे इनपुट की उपलब्धता के कार्य से संबंधित है। इस सब में, स्वास्थ्य सेवा का कार्य मौलिक है। एक बार जीवन जीने की चुनौती और जीवन की सुगमता के बीच इस अंतर को पहचान लिया जाता है, प्रगति सरल हो जाती है और इसलिए उच्च स्तर के समाधान के लिए उत्तरदायी होती है। उपरोक्त दोनों मुद्दों, चुनौती और जीवन की सुगमता, को संदर्भ की इकाई को समझे बिना नहीं संभाला जा सकता है। संदर्भ की इकाई अक्सर अपरिभाषित होती है। यह समुदाय से समुदाय में भिन्न हो सकता है। कचरा संग्रहण के मूल कार्य पर विचार करें।

यह इतना बुनियादी है कि ज्यादातर लोग इसे हल्के में लेते हैं। यह एक अति सरलीकरण है। नई दिल्ली की एक अपमार्केट कॉलोनी में, एक दशक से थोड़ा अधिक समय पहले, यह पाया गया कि सीवरेज पाइप पानी के पाइप के समानांतर रखी गई थी और मानसून के दौरान, सीवरेज पाइप में प्रवाह से पानी के पाइप में प्रवाह का संदूषण हुआ। . बीमारी बह गई। फिर उचित कचरा संग्रहण शुरू किया गया। एक था कचरे का पृथक्करण, बायोमास प्रकार और गैर-बायोडिग्रेडेबल प्रकार के बीच। अलग-अलग कूड़े के निस्तारण की संस्तुति की गई। यह प्रथा अभी तक विकसित शहरों की कई कॉलोनियों में जड़ जमा चुकी है।

इस मान्यता को साथ-साथ चलना होगा कि किस एजेंसी से किस प्रकार के कचरे के संग्रहण के स्तर का आरोप लगाया जाता है। दृष्टांत कई हो सकते हैं। समाधान को संदर्भ की इकाई की मान्यता के साथ करना होगा- कचरा संग्रहण के लिए एजेंसी कैसे तय की जाती है? ऊर्जा, मानो, बिजली का उचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए कौन जिम्मेदार होगा? पानी की आपूर्ति कैसे सुनिश्चित होगी? सीधे शब्दों में कहें, तो स्थानीय स्तर पर सभी प्रणालियों की समझ और संचालन के संदर्भ की बुनियादी इकाई की पहचान करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है, जितना कि किसी अन्य स्तर पर। कुछ काम शुरू हो गया है, और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

## आप की बात

### जेनरिक दवाएं

**केंद्र** सरकार ने आमजन को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिये जन औषधि केंद्रों की स्थापना किया था। जिससे लोगों को महंगी दवाओं से निजात मिले। लेकिन सरकारी अस्पतालों में बाहर से ब्रांडेड महंगी दवाये लिखी जाती थी।जब इस मामले को मीडिया ने उठाया तो उप्र के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस मामले का संज्ञान लिया। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने सभी चिकित्सको को जेनरिक दवाएं लिखने का आदेश जारी किया। जन औषधि केंद्रों पर दवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया। स्वास्थ्य मंत्र ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार सबको सस्ती दवाएं और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिये संकल्पित है। डॉक्टरों को पहले भी इस बात के निर्देश दिए गए थे कि वे दवा के साथ साल्ट का भी नाम लिखे। इस आदेश का सख्ती से पालन करने के लिये डीएम और मण्डलायुक्तों को निर्देश दिया गया। अस्पतालों में बैठे सीएमएस और सीएमओ की जिम्मेदारी है कि वे सरकार के आदेश का पालन करे। लेकिन हर जगह लापरवाही स्वास्थ्य विभाग में देखने को मिल रही है। मुझे नही लगता मंडलायुक्त कभी अस्पताल देखने जाएंगे। सरकार अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करे। गड़बड़ी होने पर उन्हें सीधे पदावनत कर दिया जाए।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### देशहित में है अग्निपथ

**आज** अग्निपथ योजना का जिस तरह से कांग्रेस द्वारा विरोध किया जा रहा है तब हम कांग्रेसियों से पूछना चाहते हैं कि आपने जब से बीजेपी की सरकार आई है उसका सिवा विरोध के कुछ भी काम नहीं किया है। आज भारत सरकार देश की खुशहाली के लिए एक के बाद एक कई तरह की योजनाएं ला रही है जिससे नौजवानों को काम मिल सके ऐसी योजना का कांग्रेस द्वारा विरोध करना अनुचित बात है। क्योंकि सरकार की इन योजनाओं का जनता द्वारा स्वागत भी किया जा रहा है स्टार्टअप के जरिए देश में कई हजार नौजवानों को आज काम मिल चुका है इसी तरह से कोरोना काल के चलते काफी समय से सेना की भर्ती में रुकी हुई थी सब काफी सोच विचार कर सरकार ने इस क्षेत्र में अग्निपथ योजना लाई है जिसे सेना के तीनों अंगों ने भी स्वीकृति देकर इसका स्वागत किया है।आज तीनों सेना के अध्यक्षों ने भी नौजवानों से इसमें भाग लेने की अपील भी की है। तब इस योजना स्वागत किया जाना चाहिए इस योजना में नौजवानों के लिए 4 साल काम करने का अवसर दिया गया है इसमें वेतन भी भरपूर है आज स्वयं नौजवान इसमें भाग ले रहे हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### वीभत्स घटना

**उदयपुर** की इस वीभत्स घटना को हत्या नहीं बल्कि आतंकी घटना कहना होगा क्योंकि जिस तरह से कन्हैया लाल की गर्दन रेती गयी और इसके बाद हंसते हुए रिआज़ अख्तरी और गौस मोहम्मद ने जिस तरह का वीडियो बनाया वह काफी आतंकी संघटनों के अतीत में हुए इस तरह की घटनाओं से मिलता जुलता है। यह शर्मनाक है की कन्हैया लाल ने अपनी हत्या से कुछ ही दिन पहले पुलिस में जाकर अपनी जान के खतरे को लेकर अर्जी दी थी और अपने पड़ोसी का साफ़ साफ़ जिक्र किया था और किस तरह से उनकी दूकान की रेकी की जा रही है, और उनकी हत्या कभी भी हो सकती है। इस सब के बावजूद पुलिस ने इसका संज्ञान न लेते हुए कन्हैया लाल का नो कोई सुरक्षा प्रदान की बल्कि नाजिम के भाई को सुरक्षा प्रदान कर दी। इससे राजस्थान पुलिस के इरादों पर भी बड़ा प्रश्नचिन्ह उठता है। वैसे नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने इस मामले को अपने हाथ में ले लिया है और हमें आशा करेंगे की इस घटना की तह तक जांच होनी चाहिए और इन दोनों को मृत्यु दंड अवश्य मिलना चाहिए।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमें** कभी आपातकाल का वह खतरनाक समय नहीं भूलना चाहिए जिससे हम बाहर निकले हैं। इतिहास के हर चरण से सीखना महत्वपूर्ण है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**सरकार** व रुपये के बीच प्रतियोगिता है कि किसकी कीमत ज्यादा तेजी से गिरती है। सुशासन के प्रति ध्यान दिया जाना चाहिए।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता





**राष्ट्रपति** चुनाव में समर्थन के लिए मैं भाजपा में अपने पूर्व सहयोगियों से संपर्क करूंगा।

– **यशवंत सिन्हा**
संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार

नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव

# सात पार्षद निर्विरोध सदस्य निर्वाचित

- महापौर अभिलाषा गुप्ता की देखरेख में हुआ नगर निगम का चुनाव
- भाजपा के चार, सपा दो और कांग्रेस के एक पार्षद ने किया था नामांकन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



निर्वाचित सदस्यों के साथ महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी।

**नगर** निगम कार्यकारिणी समिति के सात सदस्यों के लिए बुधवार को चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव सात सीटों के लिए हुआ। नगर निगम प्रयागराज के इतिहास में दूसरी बार निर्विरोध प्रत्याशी विजयी हुए हैं। चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के चार प्रत्याशी पार्षद पूजा कक्कड़ रोमा भारती रुचि गुप्ता एवं रोचक दरबारी सपा से दो प्रत्याशी रमीज अहसान एवं नेम यादव तथा कांग्रेस पार्टी के एक प्रत्याशी रंजन कुमार समेत कुल सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया। महापौर प्रयागराज अभिलाषा गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ। महापौर अभिलाषा गुप्ता ने कहा नगर निगम प्रयागराज इतिहास में दूसरी बार हुआ है कि सभी कार्यकारणी सदस्य निर्विरोध विजय हुए हैं। अभिलाषा गुप्ता ने कहा शहर के विकास के लिए सभी कार्यकारिणी सदस्य निष्ठा से क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे। नगर निगम प्रयागराज को नंबर वन बनाने में अपना सहयोग देंगे।

पार्षदों ने कहा कि नगर निगम प्रयागराज के इतिहास में महापौर अभिलाषा गुप्ता के नेतृत्व में यह इतिहासिक कार्य हुआ है।जिसका श्रेय महापौर को ही जाता है। इस मौके पर महापौर ने सभी निर्वाचित सदस्यों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी महामंत्री रमेश पासी एवं रवि केसरवानी उपाध्यक्ष राजू पाठक काशी क्षेत्र सदस्य युवा मोर्चा हर्ष केसरी पूर्व काशी क्षेत्र सदस्य गौरव मिश्रा महामंत्री रामजी मिश्रा रितेश शुक्ला रजत दुबे नीरज टण्डन अभिषेक पाण्डेय उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह पार्षद ओ पी द्विवेदी नीलम यादव कुसुमलता जगमोहन गुप्ता दीपक कुशवाहा शिव कुमार साहिल अरोरा अनूप मिश्रा सबीना सिद्दीकी नन्द लाल बबलू सोनकर मोइनुद्दीन स्नेहलता उपाध्याय रंजीव निषाद अशोक सिंह गौसिया समद रतन दीक्षित जयेन्द्र सरोज अजय यादव मुकुंद तिवारी मो आज़म मो आज़ाद कमलेश सिंह पूर्व पार्षद राजेश कुशवाहा और छेदी लाल उपस्थित रहे।

## विशेष कार्यक्रम को आयोजन को लेकर तेज हुईं तैयारियां

**प्रयागराज।** महिलाओं को लेकर मौजूदा समय में विशेष कार्य हो रहे हैं। पिछले तीस वर्षों से ज़ी टीवी भारत में रियलिटी टेलीविजन के नए नए अंदाज़ दिखाने में सबसे आगे रहा है। चैनल ने दर्शकों को अंताक्षरी सारेगामापा डांस इंडिया डांस और इंडियाज़ बेस्ट ड्रामेबाज़ जैसे देसी नॉन फ्किशन फॉर्मेट्स दिए। जो न सिर्फ बेहद पॉपुलर टैलेंट बेस्ड रियलिटी फ्रेंचाइज़ी साबित हुए। इस साल की शुरुआत में जोर शोर से डीआईडी लिटिल मास्टर्स लांच किया गया। इसी तरह पॉपुलर नॉन फ्किशन शो डीआईडी सुपर मॉम्स के पिछले दो सीज़न को भी जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिला। जिनकी डांसिंग स्किल्स यंग लोगों को भी मात दे सकती थीं। अब एक बार फ्रि डीआईडी सुपर मॉम्स का तीसरा संस्करण लेकर आ रहा है। जो दो जुलाई से हर शनिवार और रविवार रात नौ बजे प्रसारित किया जाएगा। सीज़न में हम जजों का एक फ्रेश पैनल देखेंगे।

# भाजपा का हर कार्यकर्ता निष्ठा से संगठन के लिए कर रहा है कार्यः विजय बहादुर

**अम्बेडकरनगर।** संगठन की रीढ़ बूथ समिति का सशक्त होना संगठन की सफ्लता का मुख्य आधार होता है। जिसके सशक्तिकरण का अभियान भाजपा के प्रदेश नेतृत्व द्वारा चलाया जा रहा है जिसमें भाजपा के प्रत्येक छोटे बड़े कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से लग कर संगठन की इच्छा अनुसार कार्य कर रहे हैं। उपरोक्त विचार मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने जलालपुर विधान सभा क्षेत्र के जलालपुर नगर मण्डल में आयोजित बूथ सशक्तिकरण अभियान की कार्यशाला को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र के आवास पर व्यक्त किया। भाजपा कार्यकर्ता प्रधान संगठन है। जिसने अपने कुशल और स्वच्छ छवि के कार्यकर्ताओं की बदौलत देश और प्रदेश में जनहित और देश हित के स्वच्छ छवि की सरकार दी है। उन्होंने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि बूथ की मजबूती हमारी ताकत है। जिनके बल पर ही भाजपा बड़ी से बड़ी राजनैतिक चुनौती को स्वीकार करती है। पहले इसी देश के प्रधान मंत्री कहते थे कि देश की संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। लेकिन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सभी वर्गों और जातियों को देश की संसाधनों और योजनाओं का लाभ बिना भेद भाव किए दिया है। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा की सबसे महत्वपूर्ण इकाई बूथ है।जिसके द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों को भाजपा संपन्न करवाती है। भाजपा की आधार बिंदु बूथ की मजबूत संरचना ही उसके सफ्लता का मुख्य आधार है।



## पालीथीन के प्रतिबन्ध को लागू कराने को जन जागरण

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** शासन की मन्शानुसार पालीथीन के प्रतिबन्ध को शत प्रतिशत लागू कराने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद टाण्डा ने चलाया जन जागरण अभियान। नपाप टाण्डा क्षेत्र मे पालीथीन मुक्त कराने के उद्देश्य से अधिशाषी अधिकारी आरपी श्रीवास्तव केनेतृत्व मेजन जागरूकता रैली निकाला गया। नपाप टाण्डा के कर्मचारियो ने भाग लिया। रिमझिम बरसात मे अधिशाषी अधिकारी महोदय स्वयपालिका कर्मियो के साथ नगर के दुकानदारो, ठेला खोन्चा वालो एंव नगर वासियो सेपालीथीन का प्रयोग न करने की अपील कर जनइससे होने वाले नुकसान के बारे मे बताया और प्रतिबन्धित पालीथीन काप्रयोग करने परभारी जुर्माना अदा करना पडेगा। जनजागरूकता रैली नगर के शब्जी मन्डी, चौक, हयातगंज, छज्जापुर आदि स्थानो पर जनजागरण किया गया। जन जागरूकता रैली मे मुख्य रूप से सभासद जय प्रकाश यादव, जमाल कामिल, छोटू समेत सफाई नायक मो. अहमद, हुसैन अहमद, मन्शाराम, सुहेल एव सफाई कर्मी रहे।

# सतत विकास के लिए सांख्यिकी जरूरीः प्रोफेसर चतुर्वेदी

- निर्णय क्षमता को बढ़ाती है सांख्यिकीः प्रो सीमा
- राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर मुक्त विवि में सिंपोजियम आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



मुख्य अतिथि प्रो अनूप चतुर्वेदी को स्मृति चिन्ह देतीं कुलपति प्रो सीमा सिंह।

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विवि की विज्ञान विद्या शाखा के तत्वावधान एवं सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय भारत सरकार के नेशनल सैंपल सर्वे ऑफ्सि प्रयागराज के सहयोग से बुधवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर मुक्त विवि में डाटा फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर सिंपोजियम का आयोजन किया गया। अतिथियों ने सांख्यिकीविद प्रोफेसर महालनोबिस एवं भारत रत्न राजर्षि टंडन के चित्र पर पुष्पार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि प्रो अनूप चतुर्वेदी पूर्व विभागाध्यक्ष सांख्यिकी विभाग इलाहाबाद विवि ने कहा कि सतत विकास के लिए सांख्यिकी बहुत जरूरी है।

आर्थिक उन्नति एवं सामाजिक समरसता के लिए सांख्यिकी एक व्यापक विषय के रूप में उभरा है। उन्होंने सांख्यिकी के क्षेत्र में महान वैज्ञानिक और सांख्यिकीविद प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस के योगदान की विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि देश में हर साल 29 जून को प्रोफेसर महालनोबिस की जयंती को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के तौर पर मनाया जाता है। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि सांख्यिकी मनुष्य के निर्णय क्षमता को बढ़ाती है। कोविड काल में हर एक नागरिक ने सांख्यिकी का प्रयोग एवं उपयोग किया है। उन्होंने भारतीय जनगणना में सही डाटा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सांख्यिकी के महत्व को रेखांकित किया। सांख्यिकी से आंकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन भी आसान हो जाता है। वक्ता डा राकेश कुमार पांडेय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय पट्टी चंपावत उत्तराखंड ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सतत विकास के लिए बनाए गए 17 बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला। प्रारंभ में कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम समन्वयक अनुज सिंह उपनिदेशक नेशनल सैंपल सर्वे ऑफ्सि प्रयागराज ने सिंपोजियम के बारे में जानकारी दी। सिंपोजियम का संचालन डा गौरव संकल्प एवं धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डा श्रुति ने किया।

## सोशल मीडिया के लगातार बढ़ते क्रेज पर चर्चा

**प्रयागराज।** सोशल मीडिया का वर्तमान में क्रेज बढ़ रहा है। प्यार में होने का एहसास किसी इंसान के लिए सबसे सुखद एहसास होता है। सोनी म्यूजिक के साथ हरनूर का लेटेस्ट सॉन्ग फॉलिन स्टार एक ऐसी ही मेलडी है जो प्यार में होने के एहसास को जबरदस्त तरीके से बयां करती है। सूदिंग कंपोजिशन रिच बीट्स और लिरिक्स से भरपूर यह ट्रैक खूबसूरती से रोमांस की सभी चीजों के सार को सामने लाती है। तुर्की के कुछ सबसे खूबसूरत जगहों पर में फ्लिमाया गया फॉलिन स्टार हरनूर के फैंस के लिए एक विजुअल ट्रीट है। जबकि इसे दिल में उतर जाने वाले पॉप आर एंड बी नंबर्स के साथ पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में तूफ्न ला देने वाले सिंगर हरनूर ने गाया है। सोशल मीडिया पर लगातार बढ़ते हुए फैन बेस जो वर्तमान में चार सौ के हैं के साथ हरनूर का परशवन वालियां और जट्टा जैसे लोकप्रिय रोमांटिक ट्रैक्स के साथ स्पोटिफ्ई और विभिन्न स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स के म्यूजिक चार्ट पर धूम मचाना जारी है।

## क्विक न्यूज

### महिला के उत्पीड़न से आजिज व्यक्ति ने लगाई न्याय की गुहार

**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र के अकबरपुर मोहल्ला निवासी नुकरुद्दीन उर्फ इम्तियाज पुत्र स्वर्गीय मुमताज उद्दीन ने आईजी रेंज प्रयागराज डा राकेश सिंह से मिलकर न्याय की गुहार लगायी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहाँ शिकायत करने पर भी कार्यवाही न किये जाने की वजह से पीड़ित ने आईजी रेंज के यहाँ शिकायत की है। आईजी रेंज को दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित नुकरुद्दीन ने फुफेरी साली और अन्य के खिलाफधोखाधड़ी मारपीट लूटपाट एवं धमकी देने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित की शिकायत पर आईजी रेंज डा राकेश सिंह ने मामले की विशेष टीम से जांच करवाकर मामला सही पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफकड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया है। पीड़ित नूकरुद्दीन के मुताबिक उन्होंने करेली मोहल्ले में 242 वर्ग गज का एक प्लाट अपनी फुफेरी साली के नाम से बैनामा कराया था। नुकरुद्दीन ने उसी भूमि पर तीन मंजिला मकान बनाया। जिस पर उसका कब्जा भी था। फुफेरी साली की सहमति से उसके फ्लैट भी बेंचे। आरोप है कि मकान बेंचकर प्रार्थी ने बैंक का लोन अदा कर दिया। इसके बाद उसकी फुफेरी साली ने विवाद शुरू कर दिया। जिससे दोनों के रिश्ते में खटास आ गई। चार लोगों के बीच समझौता भी हुआ। जिसके तहत तय हुआ कि 31 लाख साठ हजार मकान बेंचकर पीड़ित व्यक्ति अपना पैसा ले ले। इस दौरान 26 मार्च को दोपहर में तीन बजे पीड़ित व्यक्ति को उनके दोस्त ने फोन करके बताया कि कुछ लोग उनके मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए हैं। जब पीड़ित वहां पहुंचा तो उन लोगों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मकान में रखे सामान भी जब्त कर लिए। पीड़ित ने फुफेरी साली उसके दो बेटों और अन्य के खिलाफप्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। भुक्तभोगी नुकरुद्दीन ने आईजी रेंज डा राकेश सिंह से न्याय की गुहार लगाते हुए और मामले की जांच कराते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन मातहत अधिकारियों को दिया है।

### मण्डलायुक्त ने 100 दिन के लक्ष्य की प्रगति रिपोर्ट मांगी

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन आगामी 05 जुलाई को पूर्ण हो रहे है, जिसके क्रम में मुख्य सचिव द्वारा सभी विभागों के निर्धारित 100 दिन के लक्ष्यों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट मांगी गयी है। मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों से कहा है कि सरकार के गठन के उपरान्त सभी विभागों के लिए प्राथमिकता के आधार पर शुरूआती 100 दिनों, 06 माह, 01 वर्ष, 02 वर्ष व 05 वर्ष की तैयार कार्ययोजना के तहत पहले 100 दिनों के लक्ष्य को प्रत्येक दशा में 30 जून तक सुनिश्चित रूप से पूर्ण करा कर उसकी अद्यतन रिपोर्ट शासन को ससमय प्रस्तुत करने की अपेक्षा की है। उन्होंने सभी मण्डल एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी विभाग अपनी.अपनी 100 दिवसीय कार्ययोजना को 30 जून तक पूर्ण कर निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करे और उसकी अद्यतन रिर्पोट मण्डलायुक्त कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध करायें। मण्डलायुक्त ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के हर जनपद में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी से एक.एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को संचालित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर इसे मॉडल के रूप में लागू करे के निर्देश के क्रम में सभी जिलाधिकारी कार्यवाही करें।

### 67वें रेल सप्ताह समारोह को लेकर कार्यक्रम आज

**प्रयागराज।** केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन कोर प्रयागराज की ओर से 67 वां रेल सप्ताह समारोह का आयोजन गुरुवार 30 जून को किया जाएगा। कोर के उप महाप्रबन्धक सामान्य ने बताया कि उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में सायं 4रू30 बजे आयोजित रेल सप्ताह समारोह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन कोर प्रयागराज के महाप्रबंधक अरुण कुमार करेंगे। बताया कि शाम 5 से 6 बजे तक पुरस्कार वितरण और 6 बजे से 7 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं सायं 7 बजे से जीएम द्वारा पुरस्कृत रेल कर्मियों का मैत्री क्लब में जीएम के साथ हाई टी का भी आयोजन किया गया है।

### भारत विकास परिषद ने मनाई डा. सूरज प्रकाश की जयंती

**प्रयागराज।** भारत विकास परिषद तेजस्वनी शाखा प्रयाग प्रांत की ओर से डा सूरज प्रकाश की जयंती मनाई गई। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद भारत माता एवम डा सूरज प्रकाश के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान सृजन अस्पताल में बीपी ब्लड शुगर आदि की निशुल्क जांच आदि भी करायी गयी। इसमें 460 लोगों ने जांच आदि का लाभ लिया। प्रांतीय अध्यक्ष निशा सुनील धवन मधुबाला शाखा अध्यक्ष प्रिया नारायण शाखा सचिव मीना अरोरा, कोषाध्यक्ष मनीष सिंह, राष्ट्रीय सदस्य अरुण जयसवाल, मन्जू, राजेश, पीसी श्रीवास्तव, नूतन आदि उपस्थित थे। इस मौके पर डा सविता अग्रवाल और उनकी पूरी टीम को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# डीएसटीओ ऑफिस में मनाया गया राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस



**अम्बेडकरनगर।** जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया गया।जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरुण कुमार शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकीय दिवस प्रतिवर्ष 29 जून को सांख्यिकीय के पिता प्रशांत चंद महालनोबिस के जन्म दिवस के दिन मनाया जाता है। प्रसिद्ध सांख्यिकीविद प्रशांत चंद महालनोबिस का जन्म 29 जून 1893 में कोलकाता में हुआ था। लंदन में उच्च शिक्षा के दौरान सांख्यिकी की उपयोगिता का ज्ञान हुआ और भारत लौटकर इस पर काम शुरू कर दिया।1931 में भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना की। भारत के मंत्रिमंडल के सांख्यिकी सलाहकार बनकर सरकार के प्रति प्रमुख उद्देश्यों को पूरा करने के लिए योजना का खाका खींचा। उनका सबसे बड़ा योगदान 'महालनोबिस डिस्टेंस' फॉर्मूला को माना जाता है। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरुण कुमार शुक्ला, अपर संख्या अधिकारी रविंद्र यादव,सतीश चंद आजाद तथा अन्य कर्मचारी द्वारा प्रसिद्ध सांख्यिकी विद प्रशांत चंद महालनोबिस की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर नमन किया गया।

## अविश्वसनीय यात्रा के दौरान सभी को दी प्राथमिकताएं

**प्रयागराज।** अविश्वसनीय यात्रा के दौरान सभी को प्राथमिकता दी है। मेगा स्टार शाहरुख खान ने आज इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में अपने शानदार तीस साल पूरे कर लिए। गौरतलब है कि फ्लिम दीवाना के साथ उन्होंने सेल्युलाइड पर अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। जो 25 जून 1992 को रिलीज़ हुई थी। यशराज फिल्म्स ने मोशन पोस्टर के जरिए फिल्म पठान से शाहरुख के बेहद इंटेंस लुक को रिलीज करके इस स्पेशल मोमेंट और सिनेमा में उनकी अविश्वसनीय जर्नी को सेलिब्रेट किया। इस सेलिब्रेशन ने हर किसी को हैरान कर दिया। क्योंकि कोई भी इस बड़े खुलासे के लिए तैयार नहीं था और इसने इंटरनेट पर धूम मचा दिया। शाहरुख खान के खास दिन के खूबसूरत सेलिब्रेशन के बारे में निर्देशक सिद्धार्थ आनंद कहते हैं शाहरुख खान के तीस साल भारतीय सिनेमा के इतिहास में अपने आप में एक सिनेमैटिक मोमेंट है।

# एक हफ्ते के अंदर कन्हैया के हत्यारों को फांसी नहीं हुई तो मैं दूंगा सजाः जगतगुरु परमहंस

- ग्रंथ में लिखा हुआ कहना अपमान है तो सबसे पहले ग्रंथ में संशोधन करें



तपस्वी छावनी जगतगुरु परमहंस आचार्य

**अयोध्या।** राजस्थान के उदयपुर की घटना से मैं आहत हूं और अगर फास्टट्रैक अदालत में सुनवाई करके कन्हैया साहू दर्जी के हत्यारों को एक हफ्ते के अंदर फांसी नहीं दी गई तो जगतगुरु परमहंस आचार्य कानून को अपने हाथ में लेकर के हत्यारों को फांसी देने का काम करुंगा। उन्होंने कहा आईपीसी में अपने परिवार की रक्षा की व्यवस्था है मैं जगतगुरु हूं और सभी हिंदू हमारे परिवार हैं इसलिए अपने परिवार की सुरक्षा के लिए मैं यह कदम उठा सकता हूं। उन्होंने कहा माता सीता के लिए राक्षसों का विनाश हुआ था अब देश की बेटी नूपुर शर्मा के लिए इन राक्षसों का विनाश होगा और नूपुर शर्मा ने वही कहा जो उनके ग्रंथ में लिखा हैए उनके ग्रंथ में लिखे हुए शब्दों को दोहराना अपमान है तो सबसे पहले उनको अपने ग्रंथ में संशोधन करना चाहिए। उन्होंने कहा की हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी के प्रधानमंत्री हैं और देश ही नहीं विदेश में भी उनका सम्मान है आज कुछ अराजकतत्व खुलेआम वीडियो बनाकर के उनके गला काटने की धमकी दे रहे हैं यह धमकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी अगर राजस्थान सरकार पुलिस और कोर्ट इन अपराधियों को तत्काल सजा नहीं देती है तो इसकी सजा जगत गुरु परमहंस आचार्य स्वयं देंगे।

## रोजगार मेला आज

**संवाददाता।** अयोध्या

**जिलाधिकारी** नितीश कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालयए राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में 30 जून 2022 को प्रातः 10 बजे से राजकीय आईटीआई परिसर अयोध्या में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग ले रही है तथा मेले में हाईस्कूलए स्नातकोत्तर एवं आईटीआई डिप्लोमा तथा बीटेक पास अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच है भाग ले सकते हैं। इस रोजगार मेले में लगभग 4000 या इससे अधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों के उपस्थित होने की संभावना है। जिलाधिकारी ने जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों से अपील करते हुये कहा कि राजकीय आईटीआई परिसर अयोध्या में आयोजित हो रहे वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रोजगार के अवसर प्राप्त करें।

## पॉलिटेक्निक में व्याख्याता कंप्यूटर पद पर ऋतु का हुआ चयन

**मिल्कीपुर अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक राम उजागिर वर्मा की बेटी रितु वर्मा का चयन लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित परीक्षा में राजकीय पॉलिटेक्निक व्याख्याता कंप्यूटर पद पर हुआ है। उनके चयन पर विश्वविद्यालय सहित क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रितु वर्मा ने हाई स्कूल की शिक्षा गायत्री विद्या मंदिर कुमारगंज एवं इंटरमीडिएट तक की शिक्षा राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज पिठला से अर्जित की है। रितु वर्मा ने कठिन परिश्रम के द्वारा या पद प्राप्त कर क्षेत्र के बालिकाओं तथा घरों पर पढ़ाई कर रही महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई है।चाहे लक्ष्य कितना भी बड़ा क्यों ना हो रितु वर्मा ने कहा कि संघर्षों से कभी भी नहीं घबराना नही चाहिए जो घर से दूर इलाहाबाद लखनऊ बनारस आदि जगहों पर रहकर तैयारी कर रहे हैं।

# प्रेम प्रसंग में दो युवकों की हत्या का एक और आरोपी गिरफ्तार

**जाना बाजार।** प्रेम प्रसंग में प्रतापगढ़ निवासी दो युवकों को पीट.पीटकर मौत के घाट उतारने के बाद लाश को हैदरगंज बाजार के निकट गड्ढे में फेंकने के आरोप में हैदरगंज पुलिस ने प्रकाश में आए एक और अभियुक्त को बुधवार को जेल भेज दिया है। इस मामले में पहले ही हैदर गढ़ पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं पुलिस की विवेचना और जांच के उपरांत प्रकाश में आए एक अभियुक्त रोहित कुमार उर्फ गोलू पुत्र दिलीप कुमार मोदनवाल निवासी राम गंज कस्बा गोसाईगंज अयोध्या को 11 बजे हैदर गंज थाना अंतर्गत मैहर कबीरपुर मोड़ से मुखबिर की सूचना पर हैदरगंज थानाध्यक्ष ने अपने हमराही सिपाहियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि 24 जून दिन शुक्रवार की सुबह हैदरगंज थाना क्षेत्र के बाजार के पीछे बनी बाईपास सड़क के किनारे गड्ढे में दो युवकों का शव मिला था। जिनकी शिनाख्त प्रतापगढ़ जनपद के थाना लालगंज अंतर्गत बहलोलपुर ग्राम सभा के साहब गंज बाजार निवासी रवि कांत मोदनवाल और मनोज मोदनवाल के रूप में हुई थी । जो 23 जून की सुबह अपनी बाइक से अयोध्या दर्शन के लिए निकले थे और दोनों का शव हैदर गंज में सड़क के किनारे गड्ढे पर पाया गया था। मृतकों की शिनाख्त होने पर पुलिस और जिले की स्वाट टीम ने सर्विलांस की मदद से हत्या में आरोपी प्रेमिका के पिता और भाई सहित 5 लोगों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष हैदरगंज राजेश कुमार मिश्रा कर रहे थे। विवेचना के दौरान प्रकाश में अभियुक्त रोहित कुमार उर्फ गोलू हत्या में शामिल पाया गया। थानाध्यक्ष हैदरगंज राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त रोहित कुमार उर्फगोलू के अपराधिक इतिहास के बारे में अभी कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। उसे हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अन्य कार्यवाही चल रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस के तीन महीने का रोस्टर जारी

**अयोध्या।** डीएम ने जनसमस्याओं के निस्तारण एवं अन्य सुविधाओं को सुगमता उपलब्ध कराने के लिए माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को जिले के प्रत्येक तहसील में माह जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2022 में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी किया है। डीएम की अध्यक्षता में 2 जुलाई को तहसील सोहावल में, 16 जुलाई को तहसील बीकापुर में 6 अगस्त को तहसील मिल्कीपुर में, 20 अगस्त को तहसील रूदौली में, 3 सितम्बर 2022 को तहसील सदर में तथा 17 सितम्बर 2022 को तहसील सोहावल में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। कोविड.19 महामारी संक्रमण के दृष्टिगत जनसमस्याओं के निराकरण के सम्बंध में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित करने हेतु पूर्व में निर्गत शासनादेश द्वारा जनसमस्याओं के समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व शिकायतों के प्रभावी अनुश्रवण एवं विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत मिलने वाली सुविधाओं को सुगमता से उपलब्ध कराये जाने शासकीय सुविधाओं की डिलीवरी, विभिन्न कार्यालयों के स्थान पर यथासम्भव एक ही स्थान पर उपलब्ध कराये जाने तथा जन सामान्य एवं अधिकारियों के मध्य सीधा जन.संवाद स्थापित करने हेतु माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को जिले की प्रत्येक तहसील में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। अन्य तहसीलों में डीएम द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार सीडीओ अथवा डीएम द्वारा नामित किसी एडीएम तथा शेष तहसीलों में संबंधित एसडीएम द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2022 में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रत्येक विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। समाधान दिवसों के अतिरिक्त जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सीडीओ, संबंधित एडीएम, एसडीएम करेंगे तथा शिकायतों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, सत्यापन करेंगे।



शासनादेश के अनुसूची.1 व 2 में अंकित अधिकारीगण सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान दिवस में संबंधित एसडएम/तहसीलदार प्राप्त होने वाली शिकायतों को शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार निर्धारित प्रारूप अनुसूची.4 के अनुसार पंजिका तैयार कर पंजीकरण कराते हुए समन्वित शिकायत प्रणाली आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज करायेंगे। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने विभाग से संबंधित प्रार्थनापत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोड़ेंगे संपूर्ण समाधान दिवस में भाग लेने वाले माननीय सांसद/विधायकगण को सम्मानपूर्वक बैठने हेतु एक प्रमुख स्थान की व्यवस्था की जायेगी प्राप्त शिकायतों का उसी दिन मौके पर यथासंभव निस्तारण करायेंगे एवं शिकायतों का निस्तारण तुरन्त न हो पाने की स्थिति में तत्समय ही संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी को शिकायती प्रार्थनापत्र प्राप्त कराते हुए समय से निस्तारण कराने हेतु निर्देशित करेंगे संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थनापत्रों का निस्तारण, अनुभवण संबंधित शासनादेश के प्राविधानानुसार किया जायेगा। आवेदक के आवेदनपत्र पर उसका मोबाइल नंबर अंकित कराते हुए निहित व्यवस्थानुसार पंजीकरण कराते हुए अनुसूची.3 संपूर्ण समाधान दिवस की रसीद निर्गत की जाये सम्पूर्ण समाधान दिवस पर निस्तारित प्रकरणों एवं शिकायतों के निस्तारण की सूचना शासनादेश में यथाविहित निर्देशानुसार सुनिश्चित करायें तथा शासनादेश के साथ सलग्न चेकलिस्ट में उल्लिखित बिन्दुओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सूचना उसी दिन आईजीआर पोर्टल की वेबसाइट पर अपलोड करायी जाए। प्रत्येक व्यक्ति की थर्मल स्कैनिंग की जाय किसी भी अधिकारी/कर्मचारी एवं आवेदक में कोविड.19 के संक्रमण के लक्षण पाये जाने पर संबंधित जिले के सीएमओ/ जिला चिकित्सालय को सूचित कर अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले व्यक्तियों के लिए कोविड प्रोटोकाल यथा दो गज की दूरी, मास्क को अनिवार्यता तथा स्थल पर सैनिटाइजर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करायी जाय।

अपराधियों के लिए नवागत एसपी का क्या है पैगाम

# महाराष्ट्र के रहने वाले हैं 60वें पुलिस अधीक्षक सुशील घुले

● नवागत पुलिस अधीक्षक का अधीनस्थों के लिए दिए निर्देश

● नवागत पुलिस अधीक्षक का मातहतों को दिए निर्देश



संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** 1974 के बाद 60वें पुलिस अधीक्षक के पद की कमान संभालने वाले सुषील घुले की यूपी में बतौर चौथे जनपद के पुलिस अधीक्षक के रूप में क्या प्राथमिकताएं रहेंगी, नवागत पुलिस अधीक्षक सुषील घुले किस बैच के आईपीएस अधिकारी है, और कहां के रहने वाले है, कार्यभार ग्रहण करने के बाद सड़कों पर उतर कर और अधिनस्थों के साथ लंबी बैठक का दौर चलाकर क्या निर्देष दिए है, पुलिस लाइन में आयोजित अपनी पहली पत्रकार वार्ता में आई इंडिया से नवागत पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने साझा किया। उन्होंने कहा कि शहर को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## नवागत एसपी ने किया खुलासा



उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, दिल्ली, असम के कई जिलों में एटीएम से फ्राड करने वाले एक ऐसे अंतर्राज्यीय एटीम स्वपर गिरोह का सीतापुर की साइबर सेल और शहर कोतवाली पुलिस ने भंडाफोड़ किया है जो एटीएम मषीनों पर आने वाले ग्राहकों से नजर बचाकर उनके पिन को देख लेते थे, और फिर किसी बहाने से ग्राहक के एटीएम कार्ड को अपने पास मौजूद उसी बैंक के अन्य एटीएम कार्ड से बदलकर अन्य किसी एटीएम मशीन पर जाकर नगद रूपए निकालने एवं शॉपिंग कर फ्राड कर लिया करते थे। गिरोह के चार षातिर सदस्यों को पुलिस ने गिरतार किया है, जिनके कब्जे से 28 एटीएम कार्ड 4 पहिया वाहन, नगदी बरामद हुई है। पकड़े गए अभियुक्त उत्तराखण्ड और यूपी के सहारनपुर जनपद के रहने वाले है, जिनके विरूद्ध कई अपराधिक मामले भी दर्ज है। इनसे षहर कोतवाली इलाके की दो घटनाओं का भी अनावरण हुआ है। सीतापुर की स्वाट पुलिस टीम और षहर कोतवाली पुलिस ने ऑनलाइन प्लेसमेंट सर्विस सेंटर के नाम से धोखाधड़ी करने वाले 7 ऐसे अपराधियों को गिरतार किया है, जो बिहार और झारखण्ड प्रांत के रहने वाले है, यह होम मेड सर्विस का विज्ञापन देकर ग्राहकों से ऐप पर फ्राड किया करते थे। इनके पास से पुलिस को 18 स्मार्टफोन, 6 कीपैड मोबाइल, 4 कूटरचित दस्तावेज, कूटरचित क्लाइंट एग्रीमेंट, मोहर, 48 सिमकार्ड और नगदी भी बरामद हुई है।

# तिरुपति महोत्सव के स्टेज पर पहुंची फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी





संवाददाता। सीतापुर

● सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने किया स्वागत

● मंत्री सुरेश राही ने भी मंच किया साझा

● ककरहा में आयोजित तिरुपति महोत्सव ने महिमा ने पहुंचकर लगाए चार चांद

**सीतापुर के** ककरहा गांव में आयोजित हो रहे तिरुपति महोत्सव में फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी ने पहुंचकर चार चांद लगा दिया, फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी सबसे पहले तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंची माथा टेका, पूजन दर्शन किया और फिर 51 लोगों के साथ भव्य आरती की, महिमा चौधरी के साथ फोटो सेशन करवाने के लिए लोग लालायित दिखे, और महिमा भी सभी के साथ फोटो कराते हुए नजर आयी। फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी के साथ आरती में उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही और सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने भी भाग लिया काफी देर तक भव्य आरती करती रही आरती के समापन के बाद फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी तिरुपति महोत्सव 2022 के स्टेज पर पहुंची, इससे पहले महिमा चौधरी मंगलवार की रात 7:30 बजे ककरहा गांव पहुंची सबसे पहले तिरुपति बालाजी मंदिर में पहुंचकर पूजन अर्चन किया, फिर मंदिर के बाहर आयोजित भव्य आरती में 51 लोगों के साथ आरती की। महिमा चौधरी जब तिरुपति महोत्सव के स्टेज के लिए रवाना हुई तो उनके आगे आगे सीतापुर की बेटियों ने फूलों की वर्षा की स्टेज पर पहुंचकर महिमा चौधरी ने सम्बोधित भी किया। इस मौके पर गिरीश मिश्रा, गोपाल टंडन, प्रदीप गुप्ता, संदीप सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पूर्व विधायक नरेन्द्र वर्मा ने बुलडोजर कार्रवाई पर सरकार पर बोला हमला

# होर्डिंग में मकान तोड़े जाने पर विधायक को धन्यवाद

संवाददाता। महमूददाबाद सीतापुर



● रातों रात गायब हो गई कई जगहों पर लगवाई गई होर्डिंग

**महमूदाबाद में** मंगलवार को इलाकाई प्रशासन की ओर से अनिल वर्मा के मकान पर बुलडोजर चलाए जाने का मामला खासा सुर्खियों में है। पहले अनिल वर्मा द्वारा विधायक आशा मौर्या पर चुनावी रंजिश के चलते घर तोड़वाए जाने का आरोप लगाने से यह मामला काफी चर्चा में रहा। देर शाम अनिल वर्मा के अपनाए गए विरोध के अनोखे तरीके से फिर सुर्खियों में आ गया। दरअसल, महमूदाबाद के कई सार्वजनिक जगहों पर मंगलवार की देर शाम गुपचुप ढंग से तमाम होर्डिंस लगा दिए गए। इन होर्डिंग्स में एक ओर मकान को बुलडोजर से तोड़े जाने की फोटो छापी गई थी, वहीं दूसरी तरफलिखा था कि माननीय विधायक जी को बहुत बहुत शुभकामनाएं, मकान गिराने के लिए धन्यवाद, हम सब याद रखेंगे। नीचे लिखा था अनिल वर्मा किसान ग्राम मझिगवां। यह होर्डिंस लगने की खबर प्रशासन को मिली तो हड़कंप मच गया। हैरानी की बात तो यह है कि रात में ही सारे होर्डिंस गायब कर दिए गए। प्रशासन ने होर्डिंग हटवाए जाने की बात से इंकार करते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। अब चर्चाओं के दौर में बहस का एक बिंदु यह भी शामिल हो गया कि होर्डिंग्स किसने हटवाई और क्यों। रातों रात गायब हुई इन होर्डिंग्स को लेकर कयासों और अटकलों का दौर चल ही रहा था, कि पूरे मामले पर सियासत तब गर्म हो गई जब सपा के पूर्व मंत्री और विधायक नरेन्द्र वर्मा खुलकर बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में आ गए। पूर्व विधायक नरेन्द्र वर्मा ने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। नरेन्द्र वर्मा ने क्या कुछ कहा इससे पहले हम आपको बता देते हैं पूरा मामला आखिर है क्या। दरअसल, महमूदाबाद के राजा रोड मोहल्ला भट्ठा में विधायक आशा मौर्या का आवास बना है। इनके आवास से सटकर ठीक उत्तर दिशा में अनिल वर्मा पुत्र राजाराम वर्मा का आवास है। अनिल वर्मा ने अपने घर की दूसरी मंजिल पर रास्ते के ऊपर छज्जा निकालकर किचन और कमरा बनाया था। मकान के इसी भाग को प्रशासन ने मंगलवार को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। अनिल वर्मा ने विधायक आशा मौर्या पर चुनावी रंजिश में घर का अगला हिस्सा गिरवाये जाने का आरोप लगाया। अनिल वर्मा का आरोप है कि उसी मार्ग पर अन्य घरों के भी छज्जे निकले हुए हैं किंतु उनपर कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहीं, ईओ शैलेंद्र दुबे के मुताबिक मोहल्लेवासियों की शिकायत पर रास्ते के ऊपर छज्जे पर अतिक्रमण कर बनाए गए कमरे को जेसीबी की मदद से हटाया गया है। आसपास मार्ग के ऊपर बनाए गए छज्जे वाले घरों के मालिकों को भी नोटिस जारी कर दी गयी है। उधर, विधायक आशा मौर्या ने आई इंडिया को बताया कि इस मामले से उनका कोई लेनादेना नहीं है। वह इन दिनों हिमांचल में हैं। इसी प्रकरण में मंगलवार की रात महमूदाबाद में होर्डिंस लगवाई गई थीं जो रातोंरात गायब भी हो गईं। बुधवार को मामले में पूर्व विधायक की इंट्री से सियासत फिर गर्म हो गई है।

## बालक की चार पहिया वाहन से जोरदार टक्कर, मौत

**मोहम्मदी खीरी।** मगरेना गांव में आजम वेग पुत्र तालिव वेग ;उम्र 17 वर्षद्ध घर का सामान लेने जा रहा था। तभी मोहम्मदी रोड से आ रहा वाहन डम्पर यूपी 25सीसी0810 ने जोर दार टक्कर मार दी। इससे बालक ने मौके पर दम तोड दिया। वाहन चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। जिसे मोहम्मदी पुलिस ने पुवाया के समीप पकड़ा। बालक की मौत की सूचना जैसे ही गांव वालों को हुई लोगों में आक्रोष फैल गया। बालक की मौत की सूचना जैसे ही गांव वालों को हुई लोगों में आक्रोष फैल गया। तत्काल मौके पर कोतवाल अंबर सिंह दलबल के साथ पहुंचे तथा किसी तरह इन लोगों को समझाया बुझाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि डंपर और चालक पुलिस की गिरफ्त में है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

चोरों ने पहले विद्यालय फिर बैंक को बनाया निशाना

# मछरेहटा में नहीं थम रहा बाइक चोरी का सिलसिला

संवाददाता। मछरेहटा/सीतापुर

● लगातार हो रही चोरियों पर नही लग पा रहा अंकुश

● मछरेहटा थाना क्षेत्र में सप्ताह के अंदर दो मोटरसाइकिल व एक साइकिल हो चुकी चोरी

**मछरेहटा थाना क्षेत्र** इन दिनों मोटरसाइकिल चोरी की वजह से सुर्खियों में है पिछले सप्ताह से अब तक लगातार सिलसिलेवार हो रही चोरियां रुकने का नाम नही ले रही है, मछरेहटा पुलिस हाथ हाथ धरे बैठी है। यदि पुलिस की शतर्कता बनी होती तो एक हफ्ते में लगातार दो मोटरसाइकिल चोरी न होती। बताते चले क्षेत्र में मोबाइल चोरी व मोटरसाइकिल का एक गिरोह पूरी तरह सक्रिय है। क्योंकि पिछले हफ्ते मछरेहटा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय से एक साइकिल चोरी हो गयी वही उसी हफ्ते बीआरसी के बाहर से एक मोटरसाइकिल भी चोरी हो गयी। पूरा एक हफ्ता भी न बीत पाया कि दिनाँक 28 जून को दोपहर करीब 3 बजे मछरेहटा आर्यावर्त बैंक के सामने से एक मोटरसाइकिल आई स्मार्ट भी चोरी हो गयी । मिश्रिख ब्लॉक के ग्राम पतौजा निवासी पंकज मिश्रा जो एक हेल्थ इंसोरेंस कंपनी में काम करते है वह मछरेहटा आर्यावर्त बैंक अपनी मोटरसाइकिल आई स्मार्ट यूपी 34- 9633 से बैंक के काम से आये थे करीब तीन साढ़े तीन बजे उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गयी। इस घटना से आहत पंकज मिश्रा ने मछरेहटा थाने में तहरीर दी है लेकिन पंकज मिश्रा का कहना है कि मछरेहटा पुलिस ने मेरी रिपोर्ट अभी भी दर्ज नही की है मोटरसाइकिल की चोरियों का सिलसिला थम नही पाया कि ग्राम पंचायत केसरा के ग्रामीण भी एक तहरीर लेकर थाने पर खड़े दिखे ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बने मंदिर के पांच घण्टे दिनाँक 28 की रात चोर चुरा ले गए है हाल में ही थाना मछरेहटा के कांस्टेबल मनोज कुमार का मोबाइल उनके कमरे से चोरी हो गया था जो सर्विलांस के बाद बरामद हुआ फिलहाल पुलिस ने मोबाईल चोर को जेल भेज दिया है लेकिन सवाल यह उठता है कि जब चोरियों से खुद पुलिस महफूज नही है तो ये औरो की सुरक्षा कैसे करेंगे ? फिलहाल क्षेत्र में लगातार हो रही सिलसिलेवार चोरियो पर थाना प्रभारी अंकुश नही लगा पा रहे है वही मछरेहटा क्षेत्र के लोगो मे ये चिंता का विषय बना हुआ है।अ ब देखना यह होगा कि की मछरेहटा पुलिस इन चोरियों पर किस तरह लगाम लगा सकती है ?

# तीसरे दिन बरामद हुआ लापता आईटीआई छात्र का शव

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी



**जनपद लखीमपुर** की तहसील मोहम्मदी की कोतवाली पसगवा से लापता चल रहे आईटीआई के छात्र का शव तीसरे दिन शारदा नहर की निपनिया झाल पिहानी से बरामद हुआ। बताया जाता है कि सोमवार की शाम से छात्र पसगवा अपने घर से लापता था।

जानकारी के अनुसारए पसगवां थाना क्षेत्र के ग्राम म ?वा की पूर्व प्रधान सुशीला देवी का बेटा प्रियांशु हरदोई में आईटीआई का छात्र था। रविवार को वह हरदोई से घर पसगवा वापस आया था। सोमवार शाम लगभग चार बजे वह घर से किसी बात पर गुस्सा होकर मोबाइल छो? कर साइकिल से निकला था और तब से वापस नहीं लौटा। इस बीच परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। उसका कुछ पता नहीं चलने पर पिता अशोक कुमार ने पसगवां थाने में प्रियांशु की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तलाश के दौरान प्रियांशु की साइकिल और चप्पल शारदा नहर पसगवां के पास पड़े मिले थे। बुधवार को तीसरे दिन घटनास्थल से लगभग पचास किमी दूर पिहानी कोतवाली क्षेत्र में शारदा नहर की निपनिया झाल में उसका शव उतराता मिला। मृतक माता.पिता का इकलौटा पुत्र था। उसकी दो छोटी बहनें हैं।

## सांसद ने दुर्घटना में मृतकों के परिजन को दी सहायता चेक

**संडीला ( हरदोई )।** सड़क दुर्घटना में मृत एवं घायल व्यक्तियों के परिजन को सांसद एवं विधायक ने शासकीय सहायता की चेकों का वितरण किया। ग्राम बहुती के मजरा पकरियाकोल, भिखनीखेड़ा तथा ग्राम गुड़वा के एक दर्जन लोग लखनऊ से वापस लौटते समय दुर्घटना का शिकार हो गये थे। जिनमें से सात लोगों शैलेन्द्र पुत्र संतराम, रामाधार पुत्र परसू, पुरुषोत्तम पुत्र लक्ष्मी, जयकरन व सभमभर पुत्रगण दुधई, राहुल पुत्र नरेश तथा शामीन पुत्र अमीन की मौत हो गयी थी। जबकि पांच लोग घायल हो गये थे। मृतकों के परिजनों को सांसद अशोक रावत, क्षेत्रीय विधायक अलका अर्कवंशी ने मुआवजे की चेकें गांव जाकर दी। मृतक शैलेन्द्र की पत्नी पूनम, रामाधार के पिता इंदल, पुरुषोत्तम के पिता लक्ष्मी, जयकरन और ससम्भर के पिता दुधई, राहुल के पिता नरेश, मृतक शमीम की पत्नी यासमीन को दो दो लाख रुपये के चेक दिये गये जबकि घायलों को पचास पचास हजार रुपये के चेक दिये गये। इस अवसर पर एसडीएम डी पी सिंह भी मौजूद रहे।

# डीएम ने की जिला उद्योग बंधु की बैठक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**डीएम महेंद्र** बहादुर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुईए जिसमें उद्यमियों की उठाई समस्याओं के समाधान पर गहन मंथन हुआ।

डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना प्राथमिकता है। व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ में संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना एवं जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उद्यमियों अपनी समस्या के संबंध में प्रशासन को जानकारी देकर निदान करा सकते हैं।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है। बैठक में उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम एमवाईएसवाई ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

एसपी संजीव सुमन ने कहा कि कभी भी किसी भी उद्यमी को सुरक्षा दृष्टिकोण से कोई भी सूचना या सहायता की आवश्यकता महसूस हो वह निसंकोच उनके मोबाइल पर बात कर उपलब्ध करा कर निदान पा सकता है। इन दौरान सीडीओ अनिल सिंहए उपायुक्त उद्योग संजय सिंहए एक्सईएन विद्युत प्रदीप कुमार वर्मा प्रधानाचार्य आईटीआई वाईडी सिंह एलडीएम अजय कुमार पांडेय एएलसी डॉ महेश कुमार पांडेय अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### कप्तान ने चार्ज लेते ही जेल भेजे 90 वांछित अपराधी

**बरेली।** तेजतर्रार एसएसपी सत्यार्थ अनुरुद्ध पंकज ने चार्ज लेते ही शहर धमाल कर दिया एक ही दिन में 90 वांछित अपराधियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा ।पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ के अभियान के तहत मंगलवार को 90 वांछित वारंटी को गिरफ्तार किया है जिसमें नगर क्षेत्र के सीओ प्रथम के क्षेत्र में 11 सीओ द्वितीय के क्षेत्र में चार सीओ तृतीय के क्षेत्र में 21 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सीओ आंवला क्षेत्र में 16 सीओ मीरगंज क्षेत्र में चार सीओ फरीदपुर क्षेत्र में नवाबगंज क्षेत्र में 12 नवाबगंज क्षेत्र में 13 54 वांटियो को ग्रामीण क्षेत्र में 36 शहरी क्षेत्र में गिरफ्तार किया है टॉप तीन थानों के वांछित अपराधियों में 12 तरीके नो कैंट के छह और इज्जत नगर के छह शामिल है बॉटम के 3थानों में सुभाष नगर में एक वारंटी पकड़ा, ग्रामीण क्षेत्र के टॉप 3 थानों में भोजीपुरा के 9 भमोरा के 7 फरीदपुर के 7 वारंटी ओं को गिरफ्तार किया है ।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत-दो घायल

**बरेली ।** मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी एक की मौके पर ही मौत हुई कई दो को मामूली चोटें आई उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव पतरासी निवासी 25 वर्षीय जसपाल पुत्र बेगराज कि बीती रात भोजीपुरा थाना क्षेत्र के सहेरा पचपेड़ा गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि जसपाल कल दिन में भोजीपुरा के गांव पैगा निवासी अपनी बहन मुन्नी के घर गया था जहां से शाम को बहनोई आंगन लाल और भांजे के साथ बहेरपुरा की बाजार से खरीदारी करने के लिए गया था जहां से वापस लौटते समय जब उनकी बाइक सहेरा पचपेड़ा इलाके में पहुंची तभी तेजी से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों बाइक सवार जमीन पर गिर पड़े और घायल हो गए लेकिन जसपाल गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल जसपाल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज कर दो अन्य घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया जसपाल की इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे घर वालों ने जसपाल के शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक की मां का नाम ललकोरा देवी है वह चार भाई बहन थे

### दबंगों ने युवक का सिर फोड़ा

**बरेली ।** मामूली विवाद के बाद दबंगों ने एक युवक के सिर में ईंट और डंडा मारकर घायल कर दिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई है ।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के सुभाष नगर बाजार में रहने वाले कर्मवीर सिंह को आज दोपहर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां कर्मवीर ने बताया कि वह अपने घर से कुछ ही दूरी पर स्थित एम एस गोल्ड नाम की एक कंपनी में कर्मचारी है और आज सुबह जब वह अपनी ड्यूटी पर गया था इसी दौरान पास में ही स्थित श्रीराम प्लाईवुड नाम की एक दुकान पर काम करने वाला कर्मचारी उसकी कंपनी के कार्यालय के बाहर गंदगी करने लगा उसने उसे देखा और दूसरी जगह जाने को कहा जिससे वह नाराज हो गया कुछ देर बाद अपने पिता व परिजनों के साथ मौके पर पहुंचा और उसके साथ जमकर मारपीट की इसी दौरान उसे सिर में ईट व डंडे से हमला किया जिससे वह घायल हो गया शोर सुन कर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचा लिया घायल कर्मवीर ने घटना की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

### प्लास्टिक से घरती से बचाने की ली शपथ

**संडीला (हरदोई)।** प्लास्टिक से पृथ्वी को बचाने के लिए नगर पालिका परिषद में पहले एक बैठक का आयोजन किया गया। बाद में अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्लास्टिक मुक्ति में हर संभव प्रयास करने की शपथ ली। नगर पालिका परिषद के सभागार में नगर पालिका परिषद के चेयरमैन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण, पुर्नचक्रण तथा उसके सम्बंध में लगाये गये प्रतिबंधों के प्रभावी तरीके से लागू कराने का निर्णय किया गया। यह भी तय किया गया कि प्लास्टिक से मुक्ति के लिए वृहद जन जागरुकता अभियान भी चलाया जाये। इसके बाद नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों नें सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा पर्यावरण के संरक्षण में पूर्ण संहयोग की शपथ भी ली। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार राजेश गुप्ता, कर अधीक्षक अनिल आनंद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सौरभ शुक्ला, लेखाकार परवेज खां, टीएस शोभा मिश्रा, अंगूरी शंकर सिन्हा समेत नगर पालिका परिषद के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने यूपी बोर्ड के टॉपरों को किया सम्मानित

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**बुधवार को** नवाचार मिशन पहचान के तत्वाधान में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा 2022 में जनपद में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह पंण् दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज ;यूपी बोर्ड में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने मां सरस्वती के चित्र का अनावरणए पुष्पार्चन एवं दीप जलाकर किया। प्रधानाचार्य डॉण् योगेन्द्र प्रताप सिंह ने अतिथियों का परिचयए आयोजन की भूमिका डीआईओएस ओपी त्रिपाठी नें रखी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम ने इण्टरमीडिएट के जिला टॉपर पंण् दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज के विनीत कुमार राजपूत एवं हाईस्कूल के जिला टॉपर कृषक समाज इण्टर कालेजए गोला के फैज अहमद को माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान डीएम ने विद्यार्थियों को और कठिन परिश्रम करके अपने जिले का नाम देश में रोशन करने के लिए कहा। इसके बाद डीएम.एसपी व डीआईओएस नें हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट जिले के सभी मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर जन शिक्षा समिति अवध प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक राजकुमार सिंहए सह प्रदेश निरीक्षक मिथिलेश अवस्थी सम्भाग निरीक्षक कैलाश चन्द्र वर्मा प्रबन्धक विमल अग्रवाल उपाध्यक्ष घनश्याम दास तोलानी प्रधानाचार्य ;सीबीएसई शेषधर द्विवेदी सनातन धर्म सण्वि मण् बालिका कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेईए प्रधानाचार्य स0धवसवशिशु मन्दिर मिश्राना मुनेन्द्र दत्त शुक्ल समस्त विद्यालय परिवार व अभिभावक बन्धु उपस्थित रहे।

# बालिका की हत्या की घटना का खुलासा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**29 जून** को थाना कोतवाली सदर पुलिस टीम द्वारा बालिका की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए छह अभियुक्तों व एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को 20000 नगद पुरस्कार की घोषणा की गई। सनद रहे 28 जून को थाना कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम धोबहा भोजपर में गन्ने के खेत में 12 वर्षीय बालिका का शव बरामद हुआ था। जिसके संबंध में मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। घटना के अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि मृतका की बड़ी बहन राजनी का अभियुक्त रंजीत चौहान अमर सिंहए अंकित व संदीप से दोस्ती एवं नाजायज शारीरिक संबंध थे। इस बात की जानकारी एक माह पूर्व मृतका को हुई थी तो वह अपनी बड़ी बहन राजनी को अभियुक्तों से मिलने से मना करती थी। अभियुक्तगण के मृतका के घर के आसपास टहलते व उधर से निकलने पर वह उनको गाली देती थी। इस बात को लेकर मृतका व उसकी बहन राजनी में लड़ाई होती थी। राजनी के घर वाले भी उसे घर से निकलने से रोकते थे। घटना के दिन पूर्व नियोजित तरीके से राजनी अपनी छोटी बहन मृतिका को शौच के बहाने गन्ने के खेत में ले गयी। पहले से राजनी के दोस्त रंजीत अमर सिंह उर्फ अमरू अंकित संदीप दीपू अर्जुन मौजूद थे जहां पर रंजीत अंकित अमर सिंह उर्फ अमरू संदीप चौहान ने बारी.बारी बलात्कार किया एवं दीपू चौहान व अर्जुन सहयोगनिगरानी करते रहे। मृतका की बड़ी बहन राजनी घटनास्थल पर मौजूद रही। मृतका घटना के बारे में घर पर न बता दे इसलिए अभियुक्तगण ने मृतका का गला दुपट्टे से कसकर हत्या कर दी तथा उसके चेहरे पर चोंट पहुंचायी। घटना के बाद अभियुक्तों को राजनी ने मौके से भगा दिया और अपने घर चली आयी तथा सामान्य रूप से घर पर रही। जब उसकी माँ उसकी छोटी बहन मृतका को तलाश कर रही थी तब राजनी ने अपनी माँ को बताया कि उसकी छोटी बहन मृतका गन्ने के खेत में शौच करने जा रही थी मैने देखा था। तब मृतिका की माँ घटनास्थल पर पहुंची और मृतका को गन्ने के खेत में मृत पाया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रंजीत चौहान पुत्र विनोद चौहान निवासी झाऊपुरवा खम्बार खेड़ा अमर सिंह उर्फ अमरू पुत्र रामकिशोर चौहान अंकित पुत्र रामसागर चौहानए संदीप चौहान पुत्र तौलेराम दीपू चौहान पुत्र रामकुमार चौहान अर्जुन पुत्र साहबदीन चौहान निवासीगण धोबहा थाना कोतवाली सदर व राजनी पुत्री महेश प्रसाद निवासी धोबहा थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी के रुप में हुई। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह थाना कोतवाली सदर निरीक्षक अपराध संजय सिंह महिला उप निरीक्षक साधना यादव उप निरीक्षक रनजीत सिंह यादव उप निरीक्षक कमलेश कुमार उप निरीक्षक साहब लाल उप निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा कांस्टेबल मांगेराम महिला कांस्टेबल संगीता व ज्योति शामिल रहे।

# कन्हैया लाल के अंतिम संस्कार में कर्फ्यू तोड़कर जुटी भारी भीड़

**भाषा।** उदयपुर (राजस्थान)



**राजस्थान** के उदयपुर जिले में मंगलवार को दो लोगों द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दिए जाने के बाद दर्जी कन्हैयालाल के शव का बुधवार को उदयपुर के अशोक नगर श्मशान घाट में बडी संख्या में लोगों की मौजूदगी के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। श्मशान घाट पर मौजूद लोगो ने भारत माता की जय, कन्हैया हम शर्मिंदा है तेरे कातिल जिंदा हैं.. जैसे नारे लगाए। स्थानीय लोगों ने गुस्से के साथ घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपराध में शामिल आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की। मृत दर्जी की पत्नी जसोदा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कन्हैया कई दिनों से डरा हुआ था और धमकी के चलते उसने छह दिन तक दुकान नहीं खोली और दुकान खोलते ही उसकी हत्या कर दी गई।

दर्जी कन्हैया (46) का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के दो बेटे है। कन्हैया लाल की अंतिम यात्रा सेक्टर 14 स्थित उनके आवास से शुरू हुई और उनका अंतिम संस्कार भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अशोक नगर श्मशान घाट पर किया गया। उदयपुर के कई हिस्सों में बीती रात कर्फ्यू लगाए जाने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग कन्हैया के आवास पर जमा हो गए और उनके समर्थन में नारेबाजी की। उनके आवास से अंतिम यात्रा के शुरू होने के बाद कई लोग मोटरसाइकिल और कारों में सवार होकर यात्रा में शामिल हुए। उनमें से कुछ लोग भगवा झंडा लिए हुए थे और भारत माता की जय .. देश के गद्दारों को गोली मारो,.. कन्हैया हम शर्मिंदा है तेरे कातिल जिंदा है.. आदि नारे लगाए।

मृतक के घर के बाहर रो रही महिला परिजन बार बार आरोपी को फांसी देने की मांग कर रहे थे। कुछ लोगों ने अशोक नगर श्मशान घाट के पास मुस्लिम समुदाय के एक कब्रिस्तान के गेट को तोड़ने की भी कोशिश की और पथराव किया। हालांकि पुलिस ने समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया। श्मशान घाट के अंदर भी लोगों ने मोदी मोदी के नारे लगाए। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया दर्जी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इससे पहले कटारिया पोस्टमार्टम के समय अस्पताल की मोर्चरी में गए और परिजनों को उनके आवास पर सांत्वना दी। उल्लेखनीय है कि दर्जी कन्हैया लाल की मंगलवार को दो लोगों ने हत्या कर दी थी। आरोपियों ने ऑनलाइन वीडियो पोस्ट किया था जिसमें कहा गया था कि उन्होंने इस्लाम के अपमान का बदला ले लिया। दोनों आरोपियों को राजसमंद जिले के भीम में नाकाबंदी के दौरान पकड़ लिया गया।

दर्जी की हत्या की घटना से उदयपुर में हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुई और मंगलवार रात को शहर के सात थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया। इस बीच, घटना के विरोध में सिरोही के रेवदर कस्बे और जालोर जिले के आसपास के इलाकों में बाजार बंद रहे। राज्य की पुलिस भी अलर्ट पर रही और किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। राज्यभर में बुधवार को मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रेंज के प्रभारी पुलिस महानिदेशक, रेंज पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी बुधवार को राज्य में शांति व्यवस्था पर नजर बनाए रखने के लिए अपने अपने क्षेत्रों में रहे।

## राजस्थान सरकार मूकदर्शक बनी रहीः अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राजस्थान के उदयपुर में दो व्यक्तियों द्वारा एक दर्जी की नृशंस हत्या करने की घटना की निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि राज्य सरकार इस पर मूकदर्शक बनी रही और कांग्रेस की आंतरिक प्रतिद्वन्द्विता के कारण कानून एवं व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हुई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने उदयपुर के धानमंडी थानाक्षेत्र में सोमवार को दो व्यक्तियों द्वारा कन्हैयालाल नामक एक दर्जी की हत्या किए जाने के बारे में सवालों के जवाब में यह बात कही। केंद्रीय मंत्री राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को देश में बढ़ते साम्प्रदायिक तनाव पर राष्ट्र को संबोधित करना चाहिए। ठाकुर ने कहा कि कानून एवं व्यवस्था राज्य का मुद्दा होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हमेशा अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा, यह कोई पहला उदाहरण नहीं है। ऐसी कई घटनाएं घटी हैं लेकिन इस बार सभी सीमाएं पार हो गई। यह अत्यंत निंदनीय है। गौरतलब है कि राजस्थान के उदयपुर में धान मंडी में दो व्यक्तियों द्वारा कन्हैयालाल नामक एक दर्जी की हत्या कर दी गई। दोनों व्यक्तियों की पहचान रियाज अख्तरी और गौस मोहम्मद के रूप में हुई है और उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो डालकर कहा कि उन्होंने इस्लाम के अपमान का बदला लेने के लिए ऐसा किया। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। ठाकुर ने कहा कि उदयपुर में जो कुछ भी हुआ, वह राजस्थान में प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा करता है क्योंकि यह शांतिपूर्ण प्रदेश है और यहां दुनियाभर से पर्यटक आते हैं। उन्होंने कहा, यह एक बड़ा उदाहरण है कि किस प्रकार से राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार के तहत कानून एवं व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त हुई है। सात दिन पहले एक वीडियो जारी हुआ और इसके बाद कोई एहतियाती कदम नहीं उठाया गया तथा सरकार मूकदर्शक बनी रही। इससे स्पष्ट होता है कि किस प्रकार से वोट बैंक की राजनीतिक के कारण कानून एवं व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हुई और आतंक को को जड़ें जमाने दी गईं। मंत्री ने दावा किया कि पूरे राज्य में भय का माहौल बनाया जा रहा है और कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व एवं गहलोत सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा, मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई से कानून एवं व्यवस्था प्रभावित हुई है और सरकार के नाम पर वहां कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि अब एनआईए की जांच शुरू हुई है और उन्हें पूरा विश्वास है कि तेजी से कार्रवाई की जाएगी।

## पड़ोसी ही पड़ा था उसके पीछे, पुलिस ने मामले को नहीं लिया गंभीरता से

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में मंगलवार को बेरहमी से हत्या कर दिए गए कन्हैया लाल को आशंका थी कि दुकान खोलने पर उसकी हत्या कर दी जाएगी और उसने पुलिस सुरक्षा की मांग भी की थी लेकिन पुलिस ने कन्हैया और नाजिम के बीच मामले को सुलझाने के लिए मध्यस्थता की। कन्हैया के पड़ोसी नाजिम ने 11 जून को कन्हैया के खिलाफ एक विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर मामला दर्ज कराया था, जिसमें दर्जी कन्हैया लाल को गिरफ्तार किया गया था। दर्जी ने 15 जून को धान मंडी थाने में संपर्क किया और नाजिम तथा पांच अन्य के खिलाफ लिखित शिकायत दी कि वे उसकी दुकान की रेकी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नाजिम और अन्य ने सोशल मीडिया पर अपने समुदाय के समूहों में उसकी तस्वीर प्रसारित की और सभी को निर्देश दिए कि अगर वह (कन्हैया) कहीं भी दिखे या वह अपनी दुकान खोलता है तो उसे मार दिया जाए। शिकायत में कन्हैया ने कहा था कि उस पर दुकान नहीं खोलने का दबाव बनाया जा रहा था। उन्होंने शिकायत में कहा कि नाजिम और पांच अन्य व्यक्ति मेरी दुकान की रेकी कर रहे हैं और मुझे दुकान खोलने नहीं दे रहे हैं। सुबह शाम पांच सात लोग मेरी दुकान में चक्कर लगा रहे हैं और मुझे पता चला है कि जैसे ही मैं दुकान खोलूंगा वे मुझे मारने की कोशिश करेंगे। चूंकि नाजिम और अन्य चार पांच लोगों ने अपने समुदाय समूह में मेरा नाम और फोटो प्रसारित किया है और सभी से कहा गया है अगर यह आदमी कहीं दिखाई देता है या खरीददारी करने आता है तो उसे मार डालो क्योंकि उसने एक विवादास्पद पोस्ट किया है। कन्हैया लाल के हवाले से दी गई शिकायत में कहा गया है कि वे मुझ पर दुकान ना खोलने का दबाव बना रहे है और अगर मेरे द्वारा दुकान खोली गई तो ये लोग मुझे मार डालेंगे।



जम्मू में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता उदयपुर के दर्जी हत्याकाण्ड को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## पीएम का गब्बर सिंह टैक्स अब गृहस्थी सर्वनाश टैक्स का रूप ले चुका हैः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कई खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी लगाए जाने के फैसले को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री का गब्बर सिंह टैक्स अब गृहस्थी सर्वनाश टैक्स का विकराल रूप ले चुका है। उन्होंने ट्वीट किया, घटती आमदनी और रोज़गार, ऊपर से महंगाई का बढ़ रहा प्रहार। प्रधानमंत्री जी का गब्बर सिंह टैक्स अब गृहस्थी सर्वनाश टैक्स का विकराल रूप ले चुका है। अब दही, पनीर, शहद, मांस और मछली जैसे डिब्बा बंद और लेबल-युक्त खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगेगा। साथ ही चेक जारी करने के एवज में बैंकों की तरफ से लिए जाने पर शुल्क पर भी जीएसटी देना पड़ेगा। अधिकारियों ने कहा कि शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद ने दरों को युक्तिसंगत बनाने के मकसद से छूट वापस लेने को लेकर राज्यों के वित्त मंत्रियो के समूह की ज्यादातर सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है।

## क्विक न्यूज

### भवनों को गिराने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर न्यायालय 13 को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि पैगंबर मोहम्मद के बारे में भाजपा के दो निलंबित पदाधिकारियों की आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर उत्तर प्रदेश के कानपुर और प्रयागराज में हुई हिंसा में संलिप्त आरोपियो से संबद्ध भवनो को कानून से परे जाकर गिराए जाने के खिलाफ दायर की गई याचिकाओ पर वह 13 जुलाई को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे बी परदीवाला की अवकाशकालीन पीठ ने यह आदेश जारी किया। इससे पहले, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्होने याचिकाकर्ता एवं एक मुस्लिम संगठन जमियत उलेमा ए हिंद की याचिका द्वारा सामने लाए गए तथ्यो का जवाब देने के लिए एक पत्र जारी कर कुछ और वक्त मांगा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित पक्ष ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया है और उनकी याचिका पर मंगलवार को एक नोटिस जारी किया गया। मेहता ने यह पूछे जाने पर इस बात का जिक्र किया कि प्रभावित पक्ष (मकानों को ध्वस्त किए जाने के) ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय में मौजूद मामले से इसका कोई लेना-देना नही है। इसके बाद पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता नित्य रामाकृष्णन को याचिकाकर्ता मुस्लिम संगठन की ओर से पेश होने को कहा। साथ ही, क्या राज्य सरकार द्वारा मांगे गए समय पर उन्हे कोई आपत्ति है। रामाकृष्णन ने कहा कि उन्हे कोई आपत्ति नही है और उच्चतम न्यायालय जुलाई की तारीख दे सकता है, जब छुट्टियों के बाद शीर्ष न्यायालय फिर से खुल जाएगा। पीठ ने विषय की आगे की सुनवाई के लिए 13 जुलाई की तारीख निर्धारित कर दी। जमियत ने दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके मे कथित अवैध ढांचे ढहाए जाने के मुद्दे पर एक अन्य याचिका भी दायर की थी। उप्र सरकार ने एक हलफनामे में शीर्ष न्यायालय से कहा था कि भवनो और अन्य अवैध ढांचो को ध्वस्त करने की यह कार्वाई कानून के मुताबिकी की गई और इसका उद्देश्य हिसक प्रदर्शनो मे संलिप्त आरोपियो को दंडित करना कही से भी नही था।

### सीबीएसई, सीआईएससीई 15 जुलाई तक दसवीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित करेंगे

**नई दिल्ली।** सीबीएसई और सीआईएससीई दसवी और 12वी कक्षा के बोर्ड परीक्षाओ के नतीजे 15 जुलाई तक घोषित कर सकते है। सूत्रो ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि मूल्यांकन प्रक्रिया चल रही है और उम्मीद है कि परिणाम 15 जुलाई तक घोषित कर दिए जाएंगे। वर्ष 2021-2022 के लिए शैक्षणिक सत्र को विभाजित करना, दो सत्रांत परीक्षा आयोजित करना और दसवी और 12वी कक्षा के लिए पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाना, सीबीएसई द्वारा कोविड-19 महामारी को देखते हुए एक बार के लिए घोषित बोर्ड परीक्षाओ के लिए विशेष मूल्यांकन योजना का हिस्सा था। सीआईएससीई ने भी इसका पालन किया था। सीबीएसई की दसवी कक्षा की परीक्षा 24 मई को संपन्न हुई, जबकि 12वी कक्षा की परीक्षाएं 15 जून को समाप्त हुई थी। सीआईएससीई की दसवी कक्षा की परीक्षा 20 मई को और 12वी कक्षा की परीक्षा 13 जून को संपन्न हुईं थी। अधिकांश राज्य बोर्डो ने परीक्षाओ के परिणाम घोषित कर दिए है। सीबीएसई और सीआईएससीई ने दसवी और 12वी कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं महामारी के मद्देनजर देर से कराई थी।

### अंग्रेजों के जमाने का पटना डीएम कार्यालय ध्वस्त

**पटना।** ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित फिल्म गांधी मे दिखाए गए और अंग्रेजो के शासन के दौरान निर्मित पटना के जिलाधिकारी कार्यालय भवन को ध्वस्त कर दिया गया है। यह इमारत सदियो पुराने आयुक्तालय परिसर की हिस्सा थी। प्रशासन के इस कदम से धरोहर प्रेमी और गांधीवादी शोकाकुल है। करीब दो दिन पहले गंगा नदी के किनारे बने पटना आयुक्तालय की दो मंजिला भव्य मुख्य इमारत को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। अब वहां केवल मलबा है। इस इमारत को बिहार सरकार की पुनर्विकास योजना के तहत ध्वस्त किया गया है। बुधवार को मजदूरो को इमारत का मलबा हटाते देखा गया जो कभी जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियो का कार्यालय था। इस इमारत का निर्माण 20वी सदी की शुरुआत मे कराया गया था। शहर के धरोहर प्रेमियो ने अधिकारियो से अपील की थी वे ऐतिहासिक कलाकृतियो जैसे पुरानी तिजोरी, घड़ी, फर्नीचर, बत्तियां, घुमावदार सीढ़ी, पुरानी स्टीम रोलर और बहुत ही पुराने प्रिंटिग मशीन को बचाएं क्योकि आयुक्तालय परिसर में मौजूद इस इमारत को चरणबद्ध तरीके से गिराने की घोषणा की गई थी। आयुक्तालय कार्यालय के नजदीक रहने वाले एक व्यक्ति ने पहचान गुप्त रखते हुए बताया, इमारत को ध्वस्त करने का कार्य उसी दिन (24 जून) शुरू हुआ जिस दिन गंगा ड्राइव (गंगा के किनारे-किनारे बनी सड़क) का उद्घाटन हुआ, मैने देर रात तक बुलडोजर की आवाज सुनी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गत शुक्रवार को 3,831 करोड़ रू की लागत से तैयार जेपी गंगा पथ को आम लोगो के लिए खोला था जिसे पटना का मरीन ड्राइव बताया जा रहा है। 13 मई को उच्चतम न्यायालय ने विरासत संगठन इनटैक की उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें पटना के आयुक्तालय कार्यालय की इमारत को ध्वस्त करने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

## नायडू ने बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया

**चेन्नई।** छात्रों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने के लिए ध्यान देने पर जोर देते हुए उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने बुधवार को देशभर के स्कूलों से कहा कि बच्चों में जिज्ञासा, नवाचार और उत्कृष्टता की भावना मजबूत की जाए। उप राष्ट्रपति ने वेल्लोर प्रौद्योगिकी संस्थान (वीआईटी) द्वारा यहां केलामबक्कम के पास कयार में स्थापित वेल्लोर इंटरनेशनल स्कूल (वीआईएस) का उद्घाटन करते हुए कहा, छात्रों को स्वयं सोचने में सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए, उन्हें 21वीं सदी की समस्याओं के समाधान के लिए नई तकनीकों के उपयोग के लिए दक्ष बनाया जाना चाहिए। वीआईटी शिक्षण संस्थान समूह की शैक्षणिक यात्रा में इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए सराहना करते हुए नायडू ने कहा कि वीआईटी समूह निजी क्षेत्र में उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के वास्ते सतत प्रयास कर रहा है। मुझे विश्वास है कि यह संस्थान उनकी इस यात्रा में एक और उपलब्धि होगा।




नई दिल्ली में करपात्री महाराज पर स्मारक डाक टिकट का विमोचन करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

## उद्धव ने 52 विधायकों को छोड़ा, सरकारी आवास छोड़ा लेकिन राकांपा प्रमुख को नहीं छोड़ाः पाटिल

**मुंबई।** शिवसेना के बागी विधायक एवं महाराष्ट्र सरकार में मंत्री गुलाबराव पाटिल ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे अपने 52 विधायकों को छोड़ चुके हैं, लेकिन राकांपा के प्रमुख शरद पवार को छोड़ने को तैयार नहीं हैं। गुलाबराव पाटिल ने शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर प्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि बागी विधायक अवसरवादी नहीं थे और उन्होंने पार्टी और अपने नेता के लिए सब कुछ किया जब वे ऐसा करने की स्थिति में भी नहीं थे। शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पार्टी विधायकों के एक समूह की बगावत के कारण महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार के अस्तित्व पर खतरा पैदा हो गया है। गुलाबराव पाटिल भी बागी विधायकों के इस समूह में शामिल हैं। ये विधायक शिवसेना प्रमुख से राकांपा और कांग्रेस के साथ संबंध तोड़ने का आग्रह कर रहे हैं। राज्य की एमवीए सरकार में शिवसेना के अलावा राकांपा और कांग्रेस भी शामिल है।

शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे की अगुवाई में पार्टी के विधायकों के एक समूह ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ करीब एक सप्ताह पहले बगावत कर दी थी। इसके बाद इन विधायकों को सूरत के होटल ले जाया गया था, जहां से विधायकों का यह समूह गुवाहाटी चला गया था। गुलाबराव पाटिल ने गुवाहाटी में शिवसेना के अन्य बागी विधायकों को संबोधित करते हुए कहा, उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास वर्षा छोड़ दिया, 52 विधायकों को छोड़ दिया, सभी को छोड़ दिया, लेकिन वह शरद पवार को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। हमें जो कुछ भी मिला है वह भी हमारे द्वारा किए गए बलिदानों के कारण है। हमने अपने घर का बलिदान दिया है। हम अवसरवादी नहीं हैं। उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को शिवसेना के बागी विधायकों से मुंबई वापस लौटने और बातचीत करने की अपील की थी। पार्टी नेता संजय राउत की टिप्पणी के लिए कि पाटिल को उनकी पान की दुकान पर वापस भेजा जाएगा।

## देश में 3.59 करोड़ घरेलू गैस ग्राहकों ने नहीं भराया साल भर में एक भी सिलेंडरः आरटीआई

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**रसोई गैस** की बढ़ती महंगाई के बीच सूचना के अधिकार से खुलासा हुआ है कि सार्वजनिक क्षेत्र की तीन तेल मार्केटिंग कंपनियों के कुल 3.59 करोड़ घरेलू गैस कनेक्शन धारकों ने पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान एक भी सिलेंडर नहीं भराया। वहीं, 1.20 करोड़ ग्राहकों ने पूरे साल में केवल एक सिलेंडर भराया। गौर करने वाली बात है कि ए ग्राहक गरीब परिवारों की महिलाओं के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) से नहीं जुड़े हैं। पीएमयूवाई के तहत ग्राहकों को सरकारी सब्सिडी वाले घरेलू गैस सिलेंडर प्रदान किए जाते हैं।

नीमच के आरटीआई कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने बुधवार को बताया कि उन्हें घरेलू गैस ग्राहकों से संबंधित जानकारी सूचना का अधिकार कानून के तहत मिली है। जानकारी के मुताबिक, 2021-22 के दौरान इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन में घरेलू गैस का एक भी सिलेंडर नहीं भराने वाले गैर पीएमयूवाई ग्राहकों की तादाद 2.80 करोड़ रही, जबकि इस अवधि में कम्पनी के 62.10 लाख गैर पीएमयूवाई ग्राहकों ने केवल एक सिलेंडर भराया। आरटीआई के तहत गौड़ को मिले ब्योरे से पता चलता है कि 2021-22 में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के गैर पीएमयूवाई ग्राहकों की श्रेणी में 49.44 लाख लोगों ने घरेलू गैस का एक भी सिलेंडर नहीं भराया, जबकि 33.58 लाख व्यक्तियों ने महज एक सिलेंडर भराया।

इसी तरह, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन में 2021-22 के दौरान घरेलू गैस के 30.10 लाख गैर पीएमयूवाई ग्राहकों ने एक भी सिलेंडर नहीं भराया, जबकि इस श्रेणी के 24.62 लाख ग्राहक ऐसे थे जिन्होंने साल भर में सिर्फ एक सिलेंडर भराया। अर्थशास्त्री जयंतीलाल भंडारी ने इन आंकड़ों की रोशनी में कहा,रसोई गैस की बढ़ती महंगाई से आम लोग परेशान हैं। लिहाजा हो सकता है कि खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई गरीब लोग लकड़ी, उपलों और कोयले सरीखे सस्ते पारम्परिक ईंधनों की ओर लौट गए हों। शहरी क्षेत्रों में पाइपलाइन के जरिए घरों तक रसोई गैस की आपूर्ति से सिलेंडरों पर लोगों की निर्भरता घटी है। इंदौर के एक डीलर ने बताया कि चार सदस्यों वाला कोई परिवार आमतौर पर साल भर में घरेलू गैस के आठ से 12 सिलेंडर भराता है। हालांकि, यह आंकड़ा देश भर के परिवारों पर लागू नहीं हो सकता क्योंकि सिलेंडरों की सालाना खपत परिवारों की आर्थिक स्थिति और स्थानीय मौसमी हालात के मुताबिक अलग-अलग हो सकती है।

## अग्निपथ योजना के तहत वायु सेना को छह दिन में दो लाख से ज्यादा आवेदन मिले

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना को अग्निपथ भर्ती योजना के तहत पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होने के बाद छह दिन के भीतर दो लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। पंजीकरण की प्रक्रिया 24 जून को शुरू हुई थी और रविवार तक 56,960 तथा सोमवार तक 94,281 आवेदन प्राप्त हुए थे। योजना की घोषणा 14 जून को की गई थी और इसके एक सप्ताह बाद तक योजना के विरोध में कई राज्यों में प्रदर्शन हुए थे। प्रवक्ता ए. भारत भूषण बाबू ने ट्वीट किया, 2,01,000 से अधिक उम्मीदवारों ने अग्निवीर वायु बनने के लिए आवेदन किया है। पंजीकरण की अंतिम तारीख पांच जुलाई 2022 है। वायु सेना ने ट्वीट किया, अब तक पंजीकरण वेबसाइट पर 1,83,634 भविष्य के अग्निवीरों ने आवेदन किया है। पंजीकरण पांच जुलाई को बंद होगा। सरकार साढ़े सत्रह से 21 वर्ष के युवाओं को चार साल के कार्यकाल के लिए सशस्त्र बलों में भर्ती करेगी।

## दार्जिलिंग में जीटीए चुनाव में गोरखा पार्टी ने 27 सीट पर जीत हासिल की

**भाषा।** कोलकाता

**दार्जिलिंग में** गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) के चुनाव में नौ महीने पुराना भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा (बीजीपीएम) 45 में से 27 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जीटीए के पूर्व अध्यक्ष अनीत थापा के नेतृत्व में बीजीपीएम, बिमल गुरुंग के नेतृत्व वाले गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) से अलग हुआ एक गुट है, जिसने पर्वतीय क्षेत्र में एक दशक के बाद हुए जीटीए चुनाव का बहिष्कार किया था। अधिकारियों ने कहा कि एक अन्य नवगठित दल हमरो पार्टी ने आठ सीट पर जीत दर्ज की है तथा तृणमूल कांग्रेस के खाते में पांच सीट गई हैं। चुनाव में पांच निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी विजय हासिल की है।

पहली बार तृणमूल ने जीटीए चुनाव में सीट जीतने में कामयाबी हासिल की है। दार्जिलिंग की अर्ध-स्वायत्तशासी परिषद जीटीए का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ था। एक दशक के दौरान क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति में कई परिवर्तन होने के बाद यह चुनाव हुआ। चुनाव परिणाम के बारे में एक अधिकारी ने कहा, बीजीपीएम ने 27 सीट पर विजय प्राप्त की है। हमरो पार्टी ने आठ सीट जीती हैं। तृणमूल कांग्रेस ने पांच सीट जीती हैं और निर्दलीय के खाते में पांच सीट गई हैं। गोरखा जनमुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष बिमल गुरुंग के नजदीकी सहयोगी थापा ने गत वर्ष सितंबर में बीजीपीएम का गठन किया था। उन्होंने पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए।

थापा की पार्टी ने 36 सीट पर चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा, पर्वतीय क्षेत्र के लोग विकास चाहते हैं। हम सभी को क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना है। जीटीए के लिए चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि जो भी इसे नियंत्रित करता है उसे पर्वतीय क्षेत्र की राजनीति में काफी महत्व मिल जाता है। चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए हमरो पार्टी ने कहा कि वह जीटीए में एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाएगी। हमरो पार्टी के प्रमुख अजॉय एडवर्ड्स ने कहा, पर्वतीय क्षेत्र के लोगों ने जनादेश दिया है। हम इसे पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं। टीएमसी के विजई उम्मीदवार बिनय तमांग ने कहा कि पार्टी क्षेत्र के विकास के लिए काम करना जारी रखेगी। टीएमसी ने 10 सीट पर चुनाव लड़ा था।

चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए जीजेएम प्रमुख बिमल गुरुंग ने दावा किया कि चुनाव परिणाम पर्वतीय क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं को नहीं दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, जीटीए के पास कोई स्वायत्तता नहीं है। वर्ष 2012 में गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) ने जीटीए के पहले चुनाव में सभी सीट पर जीत दर्ज की थी। हालांकि हिंसक प्रदर्शन होने के कारण 2017 में चुनाव नहीं हुआ था और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त एक प्रशासक निकाय ने परिषद का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था। इस बार भारतीय जनता पार्टी, जीजेएम और जीएनएलएफ ने चुनाव का बहिष्कार किया था। उत्तर बंगाल में सिलीगुड़ी महकुमा परिषद की नौ सीट, 22 पंचायतों और चार पंचायत समितियों के लिए भी सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुई।

इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, टीएमसी ने पंचायत समितियों में सर्वाधिक सीट जीती हैं और सिलीगुड़ी महकुमा परिषद में तृणमूल कांग्रेस आगे चल रही है। दिन में राज्य की छह नगर पालिकाओं के छह वार्डों में हुए उपचुनाव में भी मतों की गिनती हुई। इनमें से टीएमसी ने चार, जबकि कांग्रेस और माकपा ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की। कांग्रेस ने पुरुलिया जिले की झालदा नगर पालिका के वार्ड संख्या दो में 778 मतों के अंतर से जीत हासिल की, जबकि तृणमूल कांग्रेस उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी नगर पालिका के वार्ड संख्या आठ में विजई रही।

# यूरोप में सैन्य मजबूती बढ़ाएगा अमेरिका

एपी। मैड्रिड



**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए अमेरिका यूरोप में अपनी फौज बढ़ा रहा है और पोलैंड में पहला स्थाई केंद्र बनाएगा। मैड्रिड में नाटो के सदस्य देशों के नेताओं के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर नाटो महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग से मुलाकात में बाइडन ने कहा, नाटो मजबूत और एकजुट है और इस सम्मेलन में उठाए जाने वाले कदम हमारी सामूहिक शक्ति को और बढ़ाएंगे। बाइडन ने कहा कि अमेरिका पोलैंड में एक स्थाई मुख्यालय स्थापित कर रहा है, दो अतिरिक्त एफ-35 लड़ाकू विमान के बेड़े को ब्रिटेन भेज रहा है और जर्मनी तथा इटली में भी और अधिक वायु रक्षा तथा अन्य क्षमता वाली प्रणालियां भेजेगा। बाइडन ने कहा, आज मैं घोषणा कर रहा हूं कि अमेरिका यूरोप में अपने बल की मौजूदगी बढ़ाएगा तथा बदलते सुरक्षा परिदृश्य में वह सक्रियता दिखाएगा और हमारी सामूहिक सुरक्षा को पुख्ता करेगा। उन्होंने कहा, हम पोलैंड में एक स्थाई मुख्यालय, अमेरिकी पांचवी सैन्य कोर स्थापित करने जा रहे हैं और पूरे पूर्वी क्षेत्र में अमेरिका-नाटो अंतर-सक्रियता को मजबूत कर रहे हैं। बाइडन ने एक दिन पहले घोषणा की थी कि रोटा, स्पेन में अपने नौसैनिक केंद्र पर अमेरिका दो अतिरिक्त विध्वंसक पोत तैनात करेगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन की प्रतिबद्धता है कि यूरोप में अमेरिका के एक लाख से अधिक जवानों की मौजूदगी रहेगी। यह संख्या चार महीने पहले यूक्रेन पर रूस के हमले शुरू होने से पूर्व से करीब 20,000 बढ़ी है।

# समझौता हुए बिना अमेरिका के साथ ईरान की परमाणु वार्ता समाप्त

एपी। दुबई

● **अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि रॉब मैली ने वार्ता के दौरान ईयू अधिकारी एनरिक मोरा के माध्यम से ईरान के प्रतिनिधियों से बात की**

**वैश्विक महाशक्तियों** के साथ संकट की स्थिति में पड़े ईरान के परमाणु समझौते को लेकर उसके और अमेरिका के बीच परोक्ष वार्ता गतिरोध तोड़े बिना समाप्त हो गई। ईरान की एक अर्द्ध-सरकारी समाचार एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के विदेश विभाग और कतर में वार्ता की मध्यस्थता कर रहे यूरोपीय संघ ने दोहा में बातचीत समाप्त होने की बात तत्काल स्वीकार नहीं की है। हालांकि ईरान के कट्टरपंथी रिवॉल्यूशनरी गार्ड की करीबी माने जाने वाली तसनीम समाचार एजेंसी ने बातचीत समाप्त होने की बात कही और कहा कि इससे वार्ता में गतिरोध तोड़ने की दिशा में कोई असर नहीं पड़ा है। अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि रॉब मैली ने वार्ता के दौरान ईयू अधिकारी एनरिक मोरा के माध्यम से ईरान के प्रतिनिधियों से बात की। मोरा ने संदेशों को ईरान के शीर्ष परमाणु वार्ताकार अली बघेरी कानी तक पहुंचाया। तसनीम ने अज्ञात विश्वस्त सूत्रों के हवाले से दावा किया कि अमेरिका के रुख में ईरान को समझौते से आर्थिक रूप से लाभ मिलने की गारंटी शामिल नहीं है। ईरान और वैश्विक महाशक्तियों ने 2015 में परमाणु करार पर सहमति जताई थी। इसमें तेहरान ने आर्थिक पाबंदियां हटाने के ऐवज में तेजी से अपने यूरेनियनम संवर्धन की सीमा तय की। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में एकपक्षीय तरीके से अमेरिका को समझौते से हटा लिया जिसके बाद पूरे पश्चिम एशिया में तनाव पैदा हो गया और हमलों का सिलसिला शुरू हो गया। वियना में समझौता बहाल होने के बारे में वार्ता मार्च से रुकी हुई है।

## क्विक न्यूज

### तालिबान और अमेरिकी अधिकारी मुलाकात करेंगे

**इस्लामाबाद** । अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के वित्त और केंद्रीय बैंक के अधिकारी बुधवार को अमेरिका के राजकोषीय मंत्रालय के अधिकारियो से मुलाकात करने के लिए बुधवार को कतर रवाना हुए। यह मुलाकात ऐसे समय हो रही है जब पिछले हफ्ते आए विनाशकारी भूकंप ने दर्शाया था कि देश की ध्वस्त हुई अर्थव्यवस्था कैसे अहम राहत कार्यों को करने मे असफल है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ो के मुताबिक पिछले हफ्ते दक्षिण पूर्वी अफगानिस्तान में आए भूकंप में करीब 770 लोगो की मौत हुई है। लेकिन तालिबान ने मृतकों की संख्या।,150 बताई है जबकि हजारों अन्य घायल हुए है। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हफीज जिया अहमद ने तालिबान सरकार के अधिकारियो और अमेरिकी अधिकारियो की बैठक की पुष्टि की है। उन्होने बताया कि अफगान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेशमंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी कर रहे है। अहमद ने बताया कि (अफगान)अधिकारी कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के लिए नियुक्त विशेष अमेरिकी प्रतिनिधि और अमेरिकी राजकोष मंत्रालय के अधिकारियो के साथ बैठक कर अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था और बैंकिंग क्षेत्र पर चर्चा करेंगे।

### नाटो ने रूस को शांति, सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया

**मैड्रिड** । नाटो ने रूस को अपने सदस्यो की शांति और सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा और सीधा खतरा करार दिया है। तीस देशों के गठबंधन ने बुधवार को मैड्रिड में अपने शिखर सम्मेलन में एक बयान में यह बात कही। नाटो की यह घोषणा इस बात को रेखांकित करती है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने शीतयुद्ध के बाद के यूरोप की सुरक्षा व्यवस्था को नाटकीय रूप से कैसे प्रभावित किया है। गठबंधन के नेताओं ने रूस के आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन के लिए 'राजनीतिक और व्यावहारिक समर्थन बढ़ाने का वादा किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इससे पहले बुधवार को अपने देश की पूरी तरह से मदद नही करने को लेकर नाटो से नाराजगी जताई तथा रूस से लड़ने के लिए और अधिक हथियार मांगे। नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि गठबंधन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे गंभीर सुरक्षा संकट चुनौती का सामना कर रहा है। लेकिन गठबंधन को बड़ा सैन्य हिस्सा प्रदान करने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि शिखर सम्मेलन' एक अचूक संदेश भेजेगा ... कि नाटो मजबूत और एकजुट है।

### सेनेगल समुद्र तट के पास नाव पलटी, 13 लोगों की मौत

**डकार** । यूरोप जाने की कोशिश कर रहे प्रवासियों को ले जा रही एक नाव सेनेगल के तट पर पलट गई, जिसमें कम से कम 13 लोगो की मौत हो गई। स्थानीय रेड क्रॉस अधिकारियो ने यह जानकारी दी। सेनेगल रेड क्रॉस के एक अधिकारी, जादजा साम्बो ने कहा कि यह घटना सोमवार रात दक्षिणी कैसामांस क्षेत्र मे काफौटीन के पास हुई। बचावकर्मियों ने बताया कि नाव पर करीब 150 लोग सवार थे और 91 लोगो को बचा लिया गया है, जबकि 40 से ज्यादा लोग लापता है। किसी भी जीवित बचे व्यक्ति या शवो को निकालने के लिए खोज जारी है। स्थानीय समाचार खबरों के अनुसार, नाव में आग लगने के बाद वह पलट गई। ज़िगुइनचोर क्षेत्र के अधिकारियों के अनुसार, सरकारी अधिकारी इस बात की जांच कर रहे है कि दुर्घटना किस कारण से हुई और नाव तथा प्रवास अभियान का प्रभारी कौन था। सेनेगल में कई लोग हर साल पश्चिम अफ्रीका के समुद्र तट के साथ खतरनाक समुद्री मार्ग पर छोटी नावें लेकर यूरोप जाने की कोशिश करते है।

### सरकारी आदेशों के अनुपालन के लिए ट्विटर को मिला चार जुलाई तक का समय

**नई दिल्ली**। सरकार ने सोशल मीडिया मंच ट्विटर को नोटिस जारी कर चार जुलाई तक पूर्व के सभी सरकारी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। एक आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने चार जुलाई की समयसीमा तय की है। इसका पालन नही करने पर ट्विटर मध्यवर्ती का दर्जा खो सकती है जिसका मतलब होगा कि उसके मंच पर की जाने वाली सभी टिप्पणियो की जिम्मेदारी उसकी होगी। सरकार के एक सूत्र ने कहा, 27 जून को ट्विटर को नोटिस जारी करके अबतक जारी सभी सरकारी आदेशों का पालन करने को कहा गया है। इस महीने की शुरुआत मे भी उसे नोटिस जारी किया गया था लेकिन उसने इसका पालन नही किया। यह अंतिम नोटिस है। इस बारे में ट्विटर को भेजे ई-मेल पर कोई जवाब नही मिला है। कई मौकों पर ट्विटर का सरकार के साथ विवाद रहा है। 26 जून को ट्विटर ने 80 से अधिक ऐसे ट्विटर खातो तथा ट्वीट की सूची सौपी है जिनको 2021 मे सरकार के आग्रह के बाद ब्लॉक किया गया है। सरकारी सूत्र ने कहा कि कई और ऐसे आदेश है जिनका ट्विटर ने अभी तक अनुपालन नही किया है और इसके लिए उसे चार जुलाई की अंतिम समयसीमा दी गई है। जनवरी, 2012 से जून, 2021 के बीच ट्विटर को सरकार की ओर से 17,000 से अधिक अनुरोध मिले थे जो ट्विटर खातों को बंद करने और ट्वीट को हटाने से संबंधित थे। इनमे से इस सोशल मीडिया मंच ने केवल 12.2 प्रतिशत अनुरोध का अनुपालन किया।

# रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक आतंकवादी बन गए हैं : जेलेंस्की

संयुक्त राष्ट्र (एपी)

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर एक आतंकवादी बनने और आतंकवादी देश का नेतृत्व करने का आरोप लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र से रूस को निष्कासित करने का अनुरोध किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक को वीडियो के जरिए संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र से रूस के यूक्रेन की धरती पर अंजाम दिए कृत्यों की जांच करने और उस देश को जवाबदेह ठहराने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण स्थापित करने का आग्रह किया। जेलेंस्की ने कहा, रूस द्वारा की जा रही इन हत्याओं को रोकने के लिए हमें तुरंत कार्वाई करनी होगी। उन्होंने आगाह किया कि ऐसा न करने पर रूस के आतंकवादी कृत्य अन्य यूरोपीय देशों और एशिया में भी फैलने लगेंगे।जेलेंस्की ने कहा, पुतिन एक आतंकवादी बन गए हैं। हर दिन आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं, सप्ताहांत पर भी नहीं रुक रहे। हर दिन वे आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र से रूस को बाहर करने का आग्रह करते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद-6 का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि एक सदस्य देश जिसने वर्तमान चार्टर के सिद्धांतों का लगातार उल्लंघन किया है, उसे सुरक्षा परिषद के अनुरोध पर महासभा द्वारा संगठन से निष्कासित किया जा सकता है। रूस को निष्कासित करना असल में असंभव है, क्योंकि वह सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य है और अपने खिलाफ ऐसी किसी भी कार्वाई को रोकने के लिए वह वीटो का इस्तेमाल कर सकता है। जेलेंस्की ने अपने संबोधन को समाप्त करते हुए सुरक्षा परिषद के सदस्यों और अन्य लोगों को युद्ध में मारे गए लाखों यूक्रेनी बच्चों तथा वयस्कों को खड़े होकर एवं मौन रखकर श्रद्धांजलि देने का आग्रह किया।जेलेंस्की के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलांस्की सहित सभी सदस्य खड़े हुए। वहीं, रूस के राजदूत ने यूक्रेन के राष्ट्रपति के वीडियो संबोधन को परिषद की परंपराओं तथा उन मौजूदा सिद्धांतों का उल्लंघन करार दिया, जिसके अनुसार किसी भी नेता को परिषद में अपनी बात रखने के लिए कक्ष में उपस्थित होना चाहिए।

# यूरोपीय संघ के देशों ने जलवायु संबंधी उपायों को मंजूरी दी

ब्रसेल्स (एपी)

**यूरोपीय संघ** (ईयू) के देशों ने नई कारों से 2035 तक कार्बन उत्सर्जन समाप्त करने वाले सख्त जलवायु नियमों को वापस अपनाने के लिए बुधवार को लंबी बातचीत के बाद एक समझौता किया। ईयू के 27 सदस्य देशों ने 2030 में ईयू के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 1990 की तुलना में कम से कम 55 प्रतिशत कम करने के प्रावधान वाले मसौदा विधेयक पर समझौता किया। इसे फिट फॉर 55 की संज्ञा दी गई है। पहले इसे 40 प्रतिशत कम करने पर सहमति बनी थी। यूरोपीय आयोग के हरित समझौते के प्रभारी उपाध्यक्ष फ्रांस टिमरमैन्स ने लक्जमबर्ग में पर्यावरण मंत्रियों के सम्मेलन के बाद कहा, जलवायु संबंधी कार्वाई के लिए लंबा लेकिन अच्छा दिन। फिट फॉर 55 पर परिषद का निर्णय ईयू के हरित समझौते की दिशा में बड़ा कदम है। ईयू की कार्यकारी शाखा द्वारा पिछले साल प्रस्तावित पांच कानूनों पर हुआ समझौता यूरोपीय संसद के साथ अंतिम बातचीत का रास्ता साफ करता है। ईयू के सांसद महत्वाकांक्षी समूह आधारित लक्ष्यों का समर्थन कर रहे हैं। इस विधाई रूपरेखा को अंतिम मंजूरी के लिए जरूरी है कि संसद विभिन्न विषयों पर समूह के सदस्य देशों की सरकारों के साथ मतभेदों को सुलझा ले। फ्रांस की ऊर्जा हस्तांतरण मंत्री एग्निस पैनियर रूनाचेर ने कहा, परिषद पैकेज को अंतिम रूप देने पर यूरोप की संसद के साथ बातचीत के लिए अब तैयार है। इससे जलवायु परिवर्तन से लड़ने की अगुवाई करने में यूरोपीय संघ पहले से कहीं आगे रहेगा। नई कार और वैन से 2035 तक सीओ2 (कार्बन डाइ ऑक्साइड) उत्सर्जन को 100 फीसदी कम करने का फैसला ईयू के सभी 27 सदस्य राष्ट्रों में उन गाड़ियों की बिक्री पर रोक लगाएगा जो पेट्रोल या डीज़ल से चलती हैं। ईयू 2050 तक गाड़ियों से उत्सर्जन को बेहद कम करना चाहता है, इसके लिए वह इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा दे रहा है, लेकिन संगठन के बाहरी ऑडिटर की पिछले साल की रिपोर्ट बताती है कि सदस्य देशों में चार्जिंग स्टेशनों की कमी है। यूरोपीय संघ में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 25 फीसदी हिस्सा गाड़ियों से निकलता है।

# शेयर बाजारों में तेजी थमी, सेंसेक्स 150 अंक गिरा

भाषा। मुंबई




● **विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और रुपए में गिरावट का सिलसिला बने रहने से भी घरेलू शेयर बाजार प्रभावित हुए**

**शेयर बाजारों** में चार दिन से जारी तेजी का दौर बुधवार को कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच मुनाफावसूली से थम गया और मानक सूचकांक सेंसेक्स 150 अंक से ज्यादा गिर गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और रुपए में गिरावट का सिलसिला बने रहने से भी घरेलू शेयर बाजार प्रभावित हुए। उतार-चढ़ाव से भरे कारोबारी सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 150.48 अंक यानी 0.28 प्रतिशत गिरकर 53,026.97 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 564.77 अंक यानी 1.06 प्रतिशत तक टूटकर 52,612.68 अंक तक आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 51.10 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,799.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 में से 34 शेयर नुकसान में रहे। इस तरह पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। पिछले चार सत्रों में सेंसेक्स।,354 अंक और निफ्टी 436 अंक मजबूत हुआ था। सेंसेक्स में शामिल 30 में से 20 शेयर घाटे में रहे। इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक, टाइटन, कोटक महिंद्रा और बजाज फाइनेंस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। हालांकि, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईटीसी के शेयरों में बढ़त रहने से सेंसेक्स को थोड़ा समर्थन मिला। एनटीपीसी में सर्वाधिक 2.46 प्रतिशत की तेजी रही जबकि रिलायंस के शेयर 1.98 प्रतिशत चढ़े।रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, बाजारों में फिर से उठापटक रही और ए करीब आधा प्रतिशत के नुकसान में रहे। कमजोर वैश्विक संकेतों ने कारोबारी धारणा पर असर डाला। हालांकि, कुछ बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीद होने से इस नुकसान की थोड़ी भरपाई हुई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि मुद्रास्फीति में अनियंत्रित एवं सतत वृद्धि से उपभोक्ताओं का भरोसा बहुत तेजी से गिर रहा है। हालांकि, कुछ प्रमुख कंपनियों में मजबूती रहने से नुकसान कम करने में मदद मिली। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 0.70 प्रतिशत गिर गया, जबकि स्मॉलकैप 0.18 प्रतिशत के नुकसान में रहा। बाजार में सूचीबद्ध।,781 कंपनियां नुकसान में रहीं जबकि।,521 कंपनियां लाभ में रहीं और 148 के शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे।एशिया के अन्य बाजारों में जापान के निक्की, चीन के शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट दर्ज की गई। यूरोप के बाजारों में भी दोपहर के सत्र में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में रहे थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत बढ़कर 118.3 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार गिरावट में है। रुपया बुधवार को पहली बार 79 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारतीय बाजारों से निकासी जारी है। शेयर बाजारों से उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को एफआईआई ने।,244.44 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। मिश्रा ने कहा, बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी जीडीपी के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देंगे और फिर उनकी तवज्जो मासिक डेरिवेटिव निपटान पर रहेगी।

# सेबी ने डार्क फाइबर मामले में एनएसई, चित्रा रामकृष्ण समेत अन्य पर जुर्माना लगाया

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय प्रतिभूति** एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने डार्क फाइबर मामले में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), उसके व्यापार विकास अधिकारी रवि वाराणसी, पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चित्रा रामकृष्ण तथा उनके सलाहकार सुब्रमणियम आनंद समेत कुछ शेयर ब्रोकर समेत 18 इकाइयों पर कुल 44 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। एनएसई और उसके पूर्व अधिकारियों के अलावा सेबी ने शेयर ब्रोकर... वे टू वेल्थ ब्रोकर्स और जीकेएन सिक्योरिटीज...तथा संपर्क इन्फोटेनमेंट एवं उनके कर्मचारियों पर जुर्माना लगाया है। नियामक ने एनएसई पर सात करोड़ रुपए जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही रामकृष्ण, वाराणसी और सुब्रमणियम आनंद पर पांच-पांच करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा, सेबी ने वेटूवेल्थ ब्रोकर्स पर छह करोड़ रुपए, जीकेएन सिक्योरिटीज पर पांच करोड़ रुपए और संपर्क इंफोटेनमेंट पर तीन करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। मंगलवार को पारित सेबी के एक आदेश के अनुसार, उन्हें 45 दिनों के भीतर जुर्माने की कुल राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया है। यह मामला एनएसई में डार्क फाइबर के रूप में कुछ ब्रोकिंग कंपनियों को अन्य सदस्यों के मुकाबले सूचना प्राप्त करने को लेकर पहले पहुंच की सुविधा देने से जुड़ा है। इसके तहत उन्हें अन्य सदस्यों का तुलना में कोलेकेशन सुविधा से जुड़ने की सुविधा दी गई थी।नेटवर्क संपर्क के रूप में डार्क फाइबर या यूनिट फाइबर से आशय ऐसे नेटवर्क से है, जो पहले से उपलब्ध है लेकिन उसका उपयोग नहीं हुआ है। यह सक्रिय इलेक्ट्रॉनिक्स । उपकरण से जुड़ा नहीं होता है और उनके माध्यम से आंकड़ों का प्रवाह नहीं होता तथा यह फाइबर ऑप्टिक कम्युनिकेशन में उपयोग के लिए उपलब्ध होता है।बाजार नियामक ने 2009 से 2016 की अवधि के लिए कई संस्थाओं के लेन-देन के संबंध में जांच शुरू की थी ताकि एनएसई द्वारा कुछ स्टॉक ब्रोकरों को इस तरह से जुड़ाव की सुविधा देने के मामले की जांच की जा सके जो निवेशकों या प्रतिभूति बाजार के लिए नुकसादायक हो सकता है। सेबी ने अपने आदेश में कहा, वे टू वेल्थ और जीकेएन ने एनएसई और संपर्क के कर्मचारियों के साथ साठगांठ कर उनके पास उपलब्ध आंकड़ा अन्य के मुकाबले कुछ जल्दी प्राप्त कर अनुचित तरीके से लाभ कमाया। सेबी ने जिन लोगों पर जुर्माना लगाया वे नागेंद्र कुमार एसआरवीएस, देवीप्रसाद सिंह और एमआर शशिभूषण, प्रशांत डिसूजा, ओम प्रकाश गुप्ता, सोनाली गुप्ता, राहुल गुप्ता, नेताजी पाटिल, रीमा श्रीवास्तव, प्रशांत मित्तल, मोहित मुतरेजा हैं।

# विवेकपूर्ण निर्णय लेने के लिए आंकड़ों की उचित व्याख्या जरूरीः आरबीआई गवर्नर

भाषा। मुंबई



**भारतीय रिजर्व** बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने अधिक विवेकपूर्ण निर्णय लिए जाने के लिए आंकड़ों की उचित व्याख्या की जरूरत पर बल देते हुए बुधवार को कहा कि इससे निर्णय-निर्माताओं की तरफ से संचार में स्पष्टता आएगी।

दास ने आरबीआई के वार्षिक सांख्यिकी दिवस सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, सार्वजनिक नीति में आंकड़ों का बहुत महत्व है। कोविड-19 महामारी के कारण बहुत अधिक अनिश्चितता का माहौल बना है, ऐसे में सांख्यिकी पर जोर बढ़ा है। इस अभूतपूर्व वैश्विक परिघटना ने विभिन्न रूपों में मानवीय प्रयासों का परीक्षण किया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि भारत समेत विभिन्न देशों में लॉकडाउन लगने के कारण महामारी के प्रकोप और विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं पर उसके असर से संबंधित आंकड़ों की उपलब्धता और संग्रह को लेकर गंभीर चुनौतियां आईं। दुनिया को ऐसी समस्या के समाधान की तुरंत जरूरत है जिसका सामना उसने पहले कभी नहीं किया। आंकड़े जुटाने के भारत के अनुभव के बारे में उन्होंने कहा कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय 2020 में कोरोना वायरस महामारी की पहली लहर के दौरान लगातार दो महीने तक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुमानित आंकड़े प्रकाशित करने को मजबूर हुआ।उन्होंने कहा कि महामारी के कारण पैदा हुए व्यवधानों से सांख्यिकीय नवोन्मेष हुए हैं जिसके दीर्घकालिक लाभ होंगे। दास ने कहा, आंकड़ों के प्रवाह को अनुकूलित करने के आरबीआई के प्रयास, प्रौद्योगिकी में निवेश और नियमित प्रतिष्ठानों से निरंतर सरोकार के लाभ मिले। उन्होंने आरबीआई का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्रीय बैंक ने अपने मिशन को जारी रखने के लिए महामारी के दौरान सांख्यिकीय प्रयासों को नए सिरे से निर्धारित किया।

## आईएमएफ ने पाकिस्तान का सहायता पैकेज बहाल करने के लिए सख्त शर्तें लगाईं

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान का आर्थिक पैकेज बहाल करने के लिए बिजली दरें बढ़ाने और पेट्रोलियम उत्पादों पर कर लगाने जैसी सख्त शर्तें लगाई हैं। इससे पहले नकदी के संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ के साथ एक समझौता किया था जिससे उसका रुका हुआ 6 अरब डॉलर का सहायता पैकेज बहाल हो जाए। मीडिया में आई खबरों में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि आईएमएफ ने पाकितान से कहा है कि वह एक भ्रष्टाचार निरोधी कार्यबल का गठन करे जो सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बनाए गए वर्तमान कानूनों की समीक्षा करे।डॉन अखबार की खबर में कहा गया कि इन शर्तों के पालन के बाद आईएमएफ कर्ज को मंजूरी देने और कार्यक्रम को बहाल करने के पाकिस्तान के अनुरोध को कार्यकारी निदेशक मंडल के समक्ष पेश करेगा।

# पैक्स के कंप्यूटरीकरण का मंत्रिमंडल का निर्णय सहकारिता क्षेत्र के लिए वरदानः अमित शाह

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय गृह** एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सहकारिता से जुड़े लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है और केंद्रीय मंत्रिमंडल का 63,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के कंप्यूटरीकरण करने का फैसला इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 63,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कंप्यूटरीकरण के लिए 2,516 करोड़ रुपए के खर्च की बुधवार को मंजूरी दी है।

शाह ने बयान में कहा कि सहकारिता मंत्रालय का गठन हो या उसके बाद इस क्षेत्र को सशक्त करने की दिशा में लिए गए सभी निर्णय, इनसे पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी का सहकार से समृद्धि मात्र एक वाक्य नहीं है बल्कि यह सहकारिता से जुड़े लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का अटूट संकल्प है।

उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में आज मंत्रिमंडल ने लगभग 63,000 पैक्स का कंप्यूटरीकरण करने का अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसके लिए मैं उनका आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा, पैक्स सहकारिता क्षेत्र की सबसे छोटी इकाई है और इसका कंप्यूटरीकरण क्षेत्र के लिए वरदान सिद्ध होगा। शाह ने कहा कि 2,516 करोड़ रुपए की लागत से 63,000 पैक्स का कंप्यूटरीकरण किया जाएगा, जिससे लगभग 13 करोड़ छोटे व सीमांत किसान लाभांवित होंगे। सहकारिता मंत्री ने कहा कि इस डिजिटल युग में पैक्स के कंप्यूटरीकरण का निर्णय इनकी पारदर्शिता, विश्वसनीयता व कार्यक्षमता को बढ़ाएगा व बहुउद्देश्ईय पैक्स की अकाउंटिंग में भी सुविधा होगी। लोगों की सुविधा के लिए सॉफ्टवेयर स्थानीय भाषाओं में भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि इससे पैक्स को विभिन्न सेवाएं जैसे प्रत्यक्ष नकद अंतरण (डीबीटी), फसल बीमा योजना व खाद, बीज आदि लागत प्रदान करने के लिए एक नोडल केंद्र बनने में भी मदद मिलेगी।गौरतलब है कि इस कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम का उद्देश्य पैक्स की दक्षता बढ़ाने के साथ उनके संचालन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही लाना है। इसके तहत पैक्स को अपने व्यवसाय में विविधता लाने तथा विभिन्न गतिविधियांसेवाएं शुरू करने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। पांच साल की अवधि में लगभग 63,000 कार्यरत पैक्स के कंप्यूटरीकरण का प्रस्ताव है। सरकारी बयान के अनुसार, देश में अधिकांश पैक्स को अबतक कंप्यूटरीकृत नहीं किया गया है और वे अभी भी हस्तचालित तरीके से कार्य कर रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप उनके संचालन में क्षमता और भरोसे की कमी दिखाई देती है। कुछ राज्यों में पैक्स का कहीं-कहीं और आंशिक आधार पर कंप्यूटरीकरण किया गया है। उनके द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे सॉफ्टवेयर में कोई समानता नहीं है और वे राज्य सहकारी बैंकों (एसटीसीबी) और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी) के साथ जुड़े हुए नहीं हैं।बयान के अनुसार, पूरे देश में सभी पैक्स को कंप्यूटरीकृत करने और उनके रोजमर्रा के कार्य-व्यवहार के लिए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर एक साझा मंच पर लाने तथा एक सामान्य लेखा प्रणाली (सीएएस) के तहत रखने का प्रस्ताव किया गया है।

## सहयोगी दल ने उठाए सपा अध्यक्ष की नेतृत्व क्षमता पर सवाल

# अखिलेश ने किया सिर्फ बंटाधार सीएम बने भी तो पिता के दम पर

**बलिया।** उत्तर प्रदेश की आजमगढ़ और रामपुर लोक सभा सीटों के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की पराजय के बाद पार्टी के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाए हैं।

राजभर ने बुधवार को जिले के रसड़ा में पार्टी के प्रधान कार्यालय पर संवाददाताओं से बातचीत में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपने दम पर नहीं बल्कि अपने पिता मुलायम सिंह यादव की कृपा से मुख्यमंत्री बने थे। वर्ष 2012 का विधानसभा चुनाव मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में हुआ था मगर ताज अखिलेश के सिर सजा। उन्होंने अखिलेश की नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े करते हुए कहा, "अखिलेश यादव के नेतृत्व में वर्ष



2014, 2017, 2019 और 2022 में लोकसभा व विधानसभा के जो भी चुनाव हुए, सभी में सपा पराजित हुई। उपचुनाव व विधान परिषद के चुनाव में भी सपा हारी है। अखिलेश यादव स्वयं स्पष्ट करें कि अभी तक एक भी चुनाव में उन्हें जीत क्यों नहीं हासिल हुई। राजभर ने अखिलेश यादव को वातानुकूलित कमरों से निकलकर क्षेत्र में काम करने की सलाह देते हुए पूछा, "अखिलेश यादव बताएं कि उन्होंने अभी तक धरातल पर क्या कार्य किया है। उन्होंने अभी तक कितने गांवों में बैठक की है। हाल के लोकसभा उपचुनाव में सपा ने स्वयं अपने पैर में कुल्हाड़ी मार ली। जिस पार्टी का मुखिया चुनाव प्रचार में नहीं जाएगा, वह पार्टी क्या चुनाव लड़ेगी ?" वर्ष 2024 में भाजपा द्वारा उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने की संभावना संबंधी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दावे के बारे में पूछे जाने पर राजभर ने कहा कि विपक्षी दलों के नेताओं के रवैए में बदलाव नहीं आया तो भाजपा उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीट जीत सकती है। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि उत्तर प्रदेश में संविधान और आरक्षण की रक्षा तथा पिछड़े वर्ग व दलितों के हित में बसपा, सपा तथा अन्य सभी विपक्षी दलों को एकजुट होकर चुनाव लड़ना चाहिए। राजभर ने एक सवाल पर सलाह देते हुए कहा कि अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश में 2024 में होने वाले लोकसभा के आम चुनाव में 80 सीट में से 60 सीट पर स्वयं व 20 सीट पर सहयोगी दलों को चुनाव लड़ाना चाहिए।

## उदयपुर की घटना को लेकर बढ़ाई गई सतर्कता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक डी. एस. चौहान ने बुधवार को कहा कि राजस्थान के उदयपुर में एक दर्जी की सनसनीखेज हत्या के मामले को लेकर उत्तर प्रदेश में भी सुरक्षा चौकसी बढ़ा दी गई है। चौहान ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, "उदयपुर की घटना के बाद पूरे प्रदेश में सभी पुलिसकर्मियों को अलर्ट कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री डालने वाले लोगों के खिलाफ हम बहुत सख्त कार्वाई करेंगे। हमारी प्राथमिकता हर हाल में प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने की है" पुलिस मुख्यालय में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक विभिन्न जिलों में पुलिस की सोशल मीडिया इकाइयों को हिदायत दी गई है कि वे सोशल मीडिया पर डाली जा रही सामग्री पर पैनी निगाह रखें और अगर कहीं कोई व्यक्ति सांप्रदायिक सामग्री पोस्ट करता है तो उसके खिलाफ फौरन कार्वाई की जाए। उन्होंने बताया कि सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों से कहा गया है कि वे सांप्रदायिक रुख लेने की आशंका वाले हर मुद्दे के समाधान के लिए शांति समितियों की बैठक आयोजित करें जिसमें स्थानीय धर्मगरुओं से भी बातचीत हो।

# मांझरा पूरब में दहशत का पर्याय बना बाघ पकड़ा गया

**लखीमपुर खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व (डीटीआर) बफर जोन के मांझरा पूरब इलाके में पिछले कई महीनों से दहशत का पर्याय बने बाघ को पकड़ लिया गया। इससे अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। पहले ऐसा माना जा रहा था कि वह बाघ नहीं बल्कि बाघिन है जो एक अन्य बाघिन के साथ मजरा पूरब इलाके में घूम रही है। इससे दलराजपुर, दमेडा तथा खैरतिया समेत अनेक गांव में दहशत का माहौल था। कतर्नियाघाट के उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) अमित कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि "सोमवार की देर रात वन विभाग द्वारा बनाए गए पिंजरे में बाघिन फंस गई" दुधवा टाइगर रिजर्व के क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार पाठक ने पीटीआई-भाषा को बताया कि विडालवंशी जीव को पकड़कर कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार लाया गया और पशु चिकित्सकों की जांच में पाया गया कि वह बाघिन नहीं बल्कि बाघ है। उन्होंने बताया कि बाघों को लेकर भ्रम की स्थिति इसलिए पैदा हुई क्योंकि ए जीव अपने सामान्य स्वभाव के विपरीत आचरण कर रहे थे और अपना इलाका साझा करते हुए साथ घूम रहे थे। पाठक ने बताया कि दूसरे बाघ को पकड़ने के लिए उसकी तलाश में तीन टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे होशियार रहें और दूसरे बाघ के पकड़े जाने तक खेतों तथा जंगलों में जाने से परहेज करें। गौरतलब है कि 18 जून से दुधवा बफर जोन में मांझरा पूरब के जंगलों के करीब खैरतिया क्षेत्र में आठ दिनों में चार लोगों को बाघ ने मार डाला था। बाघ ने 18 जून को 52 वर्षीय स्थानीय पुजारी मोहन दास को खैरतिया-मांझरा मार्ग स्थित मंदिर परिसर में मार डाला जबकि 23 जून को खैरतिया गांव के पास 14 वर्षीय लड़के सूरज सिंह भी इस



जीव के हमले में मारा गया। गत 27 जून को नरेंद्रनगर बेली गांव में 33 वर्षीय युवक नागेंद्र सिंह को और उसी दोपहर खैरतिया में घूम रही उसी बाघिन ने 43 वर्षीय महिला मिंदर कौर को मार डाला। लगातार एक के बाद एक चार लोगों की मौत ने ग्रामीणों के साथ-साथ वन अधिकारियों को भी झकझोर कर रख दिया। दुधवा के फील्ड निदेशक संजय कुमार पाठक ने पीटीआई-भाषा को बताया, "उप्र के मुख्य वन्यजीव संरक्षक को एक रिपोर्ट भेजी गई थी, जिन्होंने मानव जीवन के लिए खतरे को देखते हुए बाघ को पकड़ने की अनुमति दी थी" पाठक ने कहा कि सघन तलाशी, पेट्रोलिंग, ड्रोन और कैमरा सर्विलांस के जरिए मां-बेटी पाई गई दो बाघिनों की आवाजाही क्षेत्र में दिखी। इनमें एक पकड़ ली गई।

## फर्जी चेक से 29.42 लाख निकालने का आरोपी बैंक प्रबंधक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** एक ग्राहक के खाते से फर्जी चेक के जरिए 29 लाख रुपए से अधिक की रकम निकालने के आरोप में पंजाब नेशनल बैंक के तत्कालीन प्रबंधक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पीएनबी की खतौली शाखा के तत्कालीन प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार और दो अन्य व्यक्तियों- शाह आलम और उरूज के खिलाफ बैंक के ग्राहक अशोक की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। बैंक ग्राहक अशोक ने शिकायत की थी कि बैंक प्रबंधक ने कुछ महीने पहले फर्जी चेक के जरिए उसके खाते से 29.42 लाख रुपए निकाल लिए थे। पुलिस ने जांच के दौरान बैंक प्रबंधक अनिरुद्ध को इस फर्जीवाड़े में लिप्त पाया था। कल शाम उसे खतौली टाउन में गिरफ्तार किया गया। हाल ही में बैंक प्रबंधक को खतौली शाखा से बागपत स्थानांतरित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि दो अन्य आरोपी फरार हैं।

## आवासीय परिसर विस्फोट मामला: पटाखा बनाने की सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार

**मेरठ।** मेरठ शहर के लिसाड़ी गेट क्षेत्र के समर गार्डन इलाके से मंगलवार को पुलिस ने काफी मात्रा में विस्फोटक बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि पुलिस ने छानबीन के दौरान कुछ जगहों पर दबिश दी थी। दबिश में 20 बोरा गंधक और पटाखा बनाने की सामग्री बरामद कर कानूनी कार्वाई कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक विस्फोटक सामग्री जिस स्थान से बरामद की गई है, वह सुहैल और उसके भाई का बताया गया है। सुहैल सोमवार को हुए धमाके में घायल हो गया था और गंभीर हालत में दिल्ली के अस्पताल में भर्ती है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इतना विस्फोटक-बारूद कहां से लाया गया। गौरतलब है कि समर गार्डन में 60 फुटा रोड पर सोमवार शाम इंतजार के मकान में बारूद में आग लगने के कारण विस्फोट हुआ था। मामले की जांच में पता चला था कि आरोपी पटाखे बना रहे थे। पुलिस ने कुछ अन्य जगहों पर दबिश दी है। यहां भी बारूद की खेप होने की सूचना मिली थी। पुलिस का अभियान फिलहाल जारी है।

## आयुष वाटिका का हुआ शुभारंभ

**सोनभद्र।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के जयंत स्थित नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में बुधवार को आयुष वाटिका का उद्घाटन हुआ। आयुष वाटिका का उद्घाटन कंपनी स्तरीय स्वच्छता निरीक्षण दल द्वारा औषधीय पौधों के बगीचे को विकसित करने के उद्देश्य से किया गया जिसमें शतावर स्टीविया लेमन ग्रास एलोवेरा गिलोए तुलसी मीठी नीम पुदीना पथरचटा आदि के पौधे लगाए गए है। आने वाले समय में इस वाटिका में बड़े पैमाने पर औषधीय पौधे एवं जडी बूटी लगाए जाएंगे। एनएससी जयंत के परिसर मे वाटिका के शुभारंभ के साथ ही कंपनी में औषधीय पौधों की एक वाटिका तैयार हो गई है।

## पत्रकार के निधन पर शोक संवेदनाएं

**सोनभद्र।** जिले के एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार के निधन पर पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता मे जनपद मुख्यालय स्थित कार्यालय पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मंगलवार की शाम जनपद के पत्रकार एवं रंगकर्मी सुरेश प्रसाद का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे पिछले लगभग एक साल से बीमार थे जिनका इलाज चल रहा था। सोमवार स्थिति गंम्भीर होने के बाद परिजन उन्हें वाराणसी इलाज के लिये ले गए। जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वाराणसी में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्होनें पिछले लगभग दो दशक से भी अधिक समय से विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों से जुड़कर जनपद की समस्याओं को उठाने का कार्य किया। सौम्य व्यक्तित्व होने के कारण पत्रकारों के साथ ही आम लोगों के बीच में भी लोकप्रिय थे। उनके निधन का समाचार सुनते ही जनपद में शोक की लहर व्याप्त हो गई। वक्ताओं ने सुरेश के असामयिक निधन को पत्रकारिता की अपूर्णीय क्षति बताया। इस मौके पर जुल्फेकार हैदर, रामप्रसाद यादव, प्रदीप चौबे, दीपक शुक्ल, सतीश भाटिया, अमित मिश्रा, मुनिमहेश शुक्ल, विनय सिंह, सुरेंद्र तिवारी, विधुशेखर मिश्र, सचिन कुमार गुप्ता, गिरीश पाण्डेय, आशुतोष कुमार आदि थे।

## राजधानी में होने वाले आम महोत्सव में जनपद भी लेगा बढ़ चढ़कर हिस्सा

**फतेहपुर।** जिला उद्यान अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 04, 05, 06 एवं 07 जुलाई को अवध शिल्प ग्राम अवध विहार योजना, सेक्टर-9 अमर शहीद पथ, लखनऊ में आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उद्यान विभाग की ओर से जनपद के आम बागवानों को उक्त आम महोत्सव स्थल में प्रतिभाग किया जाना है जिसमें बागवान व क्रेता आम बिक्री हेतु अपना स्टाल भी साथ में आकर्षक पैकिंग में लाकर विक्रय कर सकते है। जनपद में दशहरी, चौसा, फजली, लंगडा प्रजाति के आम का उत्पादन अधिक होता है। लगभग 250 हे0 क्षेत्रफल में आम का उत्पाद जनपद के मुख्यत: हसवा, अमौली, तेलियानी, ऐराया, विजयीपुर, खजूहा, बहुआ, मलवा विकास खण्ड में किया जा रहा है जिसमें औसतन 750-800 टन का उत्पादन किया जा रहा है। इस वर्ष आम उत्पादकों के अनुसार मार्च अप्रैल में तापमान अधिक होने के कारण 30-35 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। जिससे आम के व्यवसाय प्रभावित हुआ है।

# भाजपा नेता और मां पर दहेज उत्पीड़न का केस

**बदायूं।** यहां के एक भाजपा नेता और उनकी मां के खिलाफ सदर कोतवाली थाने में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। बदायूं के अपर पुलिस अधीक्षक, नगर, प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आतिf2398 निजामी की पत्नी ने अपने पति और सास पर मारपीट, दहेज मांगने व प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी जिसके आधार पर सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। निजामी की पत्नी कहकशां फातिमा का आरोप है कि दहेज में कार नहीं मिलने पर आतिफ और उनकी मां उसे प्रताड़ित करते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कहकशां फातिमा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसका पति अपनी मां रफत जहां उर्फ मीना के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करता है। शिकायत के मुताबिक दहेज में कार के लिए 27 जून को उसके साथ मारपीट की गई, जिससे उसके शरीर में काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने कहकशां फातिमा की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है। इधर कहकशां का इलाज जिला अस्पताल बदायूं में चल रहा है। कहकशां का आरोप है कि राजनैतिक दबाव में पुलिस उनके पति पर उचित कारवाई नहीं कर रही है। वहीं, भाजपा नेता आतिफ निजामी ने इन आरोपों से इनकार किया है। एएसपी चौहान ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के उपरांत जो भी तथ्य निकल कर सामने आएंगे उसके आधार पर उचित वैधानिक कार्वाई की जाएगी।

## कौशल को काम, जन सामान्य को आराम

**कानपुर देहात।** प्रदेश के कुशल प्रेशोवरों को स्व:रोजगार के अवसर प्रदान करने में के लिए श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश ने सेवा मित्र पोर्टल एवं एप लॉच किया हैं। इसके द्वारा नागरिकों उतम सेवाऐं उचित दर पर उनके द्वार पर ही उपलब्ध हो जायेगी। विभिन्न कार्य जैसे इलेक्ट्रिक रिपेयरिंग, एसी0 सर्विस करपेन्टर, साफसफाई, आरो सर्विस, पलम्बर, व्यूटिशियन की सेवाऐं एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी अंजलि शर्मा ने जानकारी दी की यह ऑल-इन-वन प्लेट फॉम हैं। इस कार्य के लिए कॉल सेन्टर नंबर 155330/ जारी कर दिया गया हैं, एवं एक पूर्णत:समर्पित कॉल सेन्टर बनाया गया। अत: जनपद में उपरोक्त सेवा प्रदान करने वाले फर्म इंटर प्राइजेस, सेवाप्रदाता सेवायोजन कार्यालय कानपुर देहात से सम्पर्क कर सेवामित्र से जुड़े सकते एवं जनपद भर के नागरिकों को सेवाप्रदान कर अपना व्यवसाय कई गुणा बढ़ा सकते है।

## नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**मथुरा।** जैत पुलिस थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपी दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक प्रवीण मलिक ने बताया, आरोपी प्रमोद और राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पीड़िता लड़की के पिता ने मंगलवार को दर्ज कराई प्राथमिकी में कहा कि इलाके के चार युवकों ने कुछ समय पहले जलाने के लिए लकड़ी देने का लालच देकर उसकी 13 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। प्राथमिकी के मुताबिक आरोपियों ने न केवल दुष्कर्म किया, बल्कि इसका वीडियो भी बनाया। प्राथमिकी के मुताबिक इन आरोपियों ने दो दिन पहले लड़की पर गलत काम करने के लिए फिर से दबाव बनाया और ऐसा नहीं करने पर वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी दी थी। जब लड़की ने शारीरिक संबंध बनाने से इनकार किया तो उन्होंने यह वीडियो सोशल मीडिया मंच पर अपलोड कर दिया। पुलिस ने कहा कि लड़की के पिता ने मंगलवार को जैत पुलिस थाना में चारों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 376डी, आईटी कानून की धारा 67 और पोक्सो कानून की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# संचारी रोग और दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता

**बांदा।** जुलाई में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु विभिन्न विभागों के कार्य एवं दायित्वों के निर्धारण सम्बन्धित बैठक जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि संचारी रोंगो तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है। यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक तथा दस्तक अभियान 16 जुलाई से 31 जुलाई तक मानाया जायेगा।

उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार से सम्बन्धित रोगथाम एवं नियंत्रण गतिविधियों हेतु विभिन्न विभागों के बीच समन्वय हेतु



नोडल विभाग का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि बृहद स्तर पर इसका प्रचार.प्रसार एवं व्यवहार परिवर्तन गतिविधियों हेतु जागरूक किया जाए तथा एन्टीलार्वा एवं फागिंग करायी जाए। नगर विकास विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में फागिंग करवानाए शुद्ध पेयजल एवं मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करानाए नालियों की साफसफाई तथा कचरे की उठान करवाना तथा शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता के अनुश्रवण के लिए वैक्टीरियो जलॉजिकल ध्वायरोलॉजिकल जांच करवाना, सडकों के किनारे उगी वनस्पतियों की नियमित रूप से सफाई करवाना। पंचायती राज विभागध्ग्राम विकास विभाग को निर्देशित किया कि 469 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान उपरोक्त अभियान में अपने.अपने गॉव के नोडल होंगे। संचारी रोंगो के बारे मे निरन्तर जागरूकता स्थापित करवाना और ग्राम स्तर पर साफसफाईए हाथ धोनाए शौचालय की सफाई तथा घर से जल निकासी हेतु जनजागरूकता हेतु प्रचार.प्रसार करवाना तथा वी0एच0एस0एन0सी0 के माध्यम से संचारी रोंगो तथा दिमागी बुखार के रोकथाम हेतु ष्क्या करें.क्या न करेंष् का सघन प्रचार.प्रसार करवाना सुनिश्चित करें।

# महिला रोजगार सेवक ने प्रधान पर लगाया फर्जी काम करने का आरोप

### फर्जी काम न करने पर नौकरी से निकालने की प्रधान दे रहे धमकी, डीएम ने दिया जांच का निर्देश
### महिला रोजगार के चलते गांव में मनरेगा का एक भी पैसा काम नहीं हुआ- प्रधान, कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत थन्हवा मुड़ियारी का मामला

**बस्ती।** कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत थन्हवा मुड़ियारी की महिला रोजगार सेवक दीपकला ने प्रधान पर फर्जी काम करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है, कहा कि जब फर्जी काम करने का विरोध करती हैं, तो प्रधानजी नौकरी से निकालने की धमकी देते है। प्रधान के द्वारा उन्हें कोई काम करने नहीं दिया जा रहा है। चूंकि वह एससी वर्ग से आती है, इस लिए उन्हें कमजोर समझ कर डराया और धमकाया जाता है। प्रधान कहते हैं, कि जैसा मैं चाहूंगा वैसे तुम्हें करना पड़ेगा। कहा कि जब भी वह गलत काम करने से मना कर करती, तब प्रधान उनके साथ अभ्रदता करते हैं, और वीडियो भी बनाते है। महिला ने डीएम से षिकायत करते हुए कहा कि प्रधान उनका मानसिक षोषण कर रहे है। कार्यालय में बुलाकर कहते हैं, कि जहां भी चाहो षिकायत कर दो मगर मेरा कुछ नहीं होगा। कहा कि जिसके चलते हमेषा उसे किसी अप्रिय घटना होने का डर रहता है। महिला ने इसकी जांच डीपीआरओ से कराने की मांग की है।वहीं प्रधान षैलेंद्र यादव ने रोजगार सेवक पर ही पलटवार करते हुए कहा कि उनकी लापरवाही के चलते इस वित्तीय वर्ष में मनरेगा में एक भी काम नहीं हुआ। श्रमिक काम के लिए परेषान कर रहे हैं, कहा कि इसकी षिकायत वह डीएम, डीसी मनरेगा और बीडीओ से तीन-तीन बार कर चुके है। मेरी ओर से इन्हें काम न करने का नोटिस भी दिया जा चुका है, इसी नोटिस के चलते सेक्रेटरी से कहासुनी भी हुई, और इसकी उन्होंने षिकायत भी की जिसके चलते वह चार दिन पहले निलंबित भी हो चुके है। बताया कि सारी षिकायतें रोजगार सेवक के स्थान पर काम करने वाले इनके करीबी के कारण हो रहा है। कहते हैं, कि यह कभी मौके पर नहीं आती और इनके स्थान पर कोई दूसरा आता है, और यही कारण है, कि हम अपने बचाव के लिए कार्य का वीडियो बनाने लगे। कहा कि रोजगार सेवक ग्राम रघउपुर में रहती है, और उनके स्थान पर कोई अन्य काम करना चाहता है, जिसका उसने जब विरोध किया तो मेरी षिकायत करने लगे। बताया कि इन्हीं की लापरवाही के चलते आज तक पंचायत भवन और सामुदायिक षौचालय का निर्माण अधूरा है। सवाल के लहजे में कहा कि क्या कभी कोई प्रधान यह चाहेगा कि उसके गांव में मनरेगा का काम न हो।

# जेठ के साथ हलाला से इनकार करने पर पत्नी पर तेजाब फेंका

**बरेली।** जेठ से हलाला करने से इनकार करने पर एक व्यक्ति ने अपनी ससुराल जाकर पत्नी पर कथित तौर पर तेजाब फेंक दिया जिससे उसका चेहरा बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल दिया है। बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनुरुद्ध पंकज ने बताया की तेजाब से हमले में 32 वर्षीय महिला नसरीन बुरी तरह से झुलस गई। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी इशाक (34) ने करीब एक महीने पहले अपनी पत्नी नसरीन को तीन तलाक दिया था। वह अपनी पत्नी को फिर से घर लाना चाहता था जिसके लिए उसने अपने बड़े भाई को हलाला के लिए राजी किया था। हलाला एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें तलाकशुदा महिला को अपने पति के साथ दोबारा रहने के लिए पहले एक अन्य व्यक्ति से निकाह करना पड़ता है और फिर उससे तलाक लेना होता है। दूसरे पति से तलाक मिलने के बाद ही वह पहले पति से दोबारा निकाह कर सकती है। पीड़िता को देखने जिला अस्पताल पहुंचे एसएसपी ने कहा कि महिला के उचित इलाज के लिए व्यवस्था की गई है। पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, तीन तलाक देने के बाद आरोपी अपनी पत्नी को दोबारा घर लाने के लिए अपने बड़े भाई पर हलाला का दबाव बना रहा था, लेकिन आरोपी की पत्नी हलाला से इनकार कर रही थी। शिकायत के मुताबिक, महिला का कहना था कि वह अकेले जिंदगी गुजार लेगी, लेकिन और दुख नहीं सहेगी। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता ने कहा कि उसका घर ना टूटे, इसलिए उसने तीन तलाक का मामला दर्ज नहीं कराया। उसने बताया कि उसके पति ने इस बात को उसकी कमजोरी समझ लिया और संदेश भेजा कि वह उसे फिर से पत्नी के रूप में स्वीकार करना चाहता है। पीड़िता ने बताया कि 11 साल पहले उसकी शादी बरेली के मलुकपुर निवासी इशाक से हुई थी और उनकी दो बेटियां हैं।

# युवा वैज्ञानिक के कीर्तिमान युवाओं के लिये प्रेरणादायी

### दस बार यूपी बोर्ड से हाईस्कूल पास कर बनाया रिकार्ड, समाजसेवियों ने वैज्ञानिक को नये अविष्कारों के लिये किया सम्मानित

**उरई (जालौन)।** शिक्षा की कोई उम्र नहीं होती। युवा नौजवान, यहां तक अब बुजुर्ग भी शिक्षा को अपना हथियार बनाने के लिए आगे आने लगे हैं। यहीं पर एक ऐसा कीर्तिमान देखने को मिला जहां एक युवक ने एक नहीं दो नहीं बल्कि 10 बार उत्तर प्रदेश इलाहाबाद बोर्ड द्वारा हाई



स्कूल, और 4 बार इंटरमीडिएट की परीक्षा अलग-अलग विषय से उत्तीर्ण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अलग-अलग बोर्ड परीक्षा पास करने के पीछे युवा वैज्ञानिक दिनेश कुमार की सोच में हर एक विषय का ज्ञान अर्जन कर उस विषय पर शोध करना है। उनके इसी कार्य को लेकर पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी के कार्यालय पर उनको मुंबई से आए समाजसेवियों ने सम्मानित किया। मुंबई से आई साइकोलॉजिकल काउंसलर रक्षान हुसैन और गुलाम हुसैन जो मुंबई के एक बड़े सामाजिक कार्यकर्ता एवं कारोबारी और पूर्व पालिकाध्यक्ष की पत्नी शिक्षिका यशोधरा दिनकर ने दिनेश को सम्मानित कर उनका हौसला अफ्जाई की। यहां तक की दिनेश द्वारा कई अविष्कार भी किए गए हैं। जिसको लेकर दिनेश को युवा वैज्ञानिक भी कहा जाता है। दिनेश ने अपनी शिक्षा जनपद जनपद जालौन से पूर्ण की है। वह उरई के पटेल नगर के निवासी हैं। उन्होंने संस्कृत, कला, रंजन कला, उर्दू, मानव विज्ञान, विज्ञान, संगीत वादन, आदि विषयों में अलग-अलग परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनके पिता रिटायर्ड जिला कृषि अधिकारी रहे हैं। और वह विकासखंड डकोर मिनोरा कालपी में पंचायत विभाग में नौकरी भी कर रहे हैं। उनके हौसले की हर जगह तारीफकी जा रही है कि उन्होंने शिक्षा के प्रति उनके लगाओ से लोगों को जागरूकता हासिल होगी।

**दिनेश बना चुके ऑटो डिवाइस हेलमेट:** युवा वैज्ञानिक दिनेश एक ऐसा हेलमेट भी बना चुके हैं जब तक आप हेलमेट नहीं पहनोगे तब तक बाइक स्टार्ट नहीं होगी। जिसका डेमो वो तत्कालीन डीएम मन्नान अख्तर के सामने भी दे चुके हैं जिससे सफर पर दुर्घटनाएं होने से रोकी जा सकेंगी। और वो कई ऐसे अविष्कार कर चुके जो सफाई उपकरण में सहायक व प्लास्टिक की रोकथाम में सहायक हुई।

# रोहित पांचवें टेस्ट से बाहर बुमराह होंगे कप्तान

## ● दोबारा कोरोना पॉजिटिव पाए गए रोहित शर्मा

**भाषा।** नई दिल्ली

**जसप्रीत** बुमराह पिछले 35 साल में भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करने वाले पहले तेज गेंदबाज बन जाएंगे क्योंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा दोबारा कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में नहीं खेल सकेंगे। आखिरी बार भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करने वाले तेज गेंदबाज कपिल देव थे जिन्हें 1987 में कप्तानी से हटा दिया गया था। उसके बाद से किसी तेज गेंदबाज ने भारतीय टेस्ट टीम की कमान नहीं संभाली है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने पीटीआई को गोपनीयता की शर्त पर बताया , रोहित एक जुलाई से शुरू हो रहा पहला टेस्ट नहीं खेल सकेगा क्योंकि उसका आरटी पीसीआर टेस्ट



जसप्रीत बुमराह

फिर पॉजिटिव आया है। वह अभी भी पृथकवास में है। केएल की गैर मौजूदगी में उपकप्तानों में से एक जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे। भारत ने 1932 में पहला टेस्ट खेला था और उसके बाद से टीम की कमान संभालने वाले बुमराह भारत की कप्तानी करने वाले 36वें क्रिकेटर होंगे। गुजरात के तेज गेंदबाज ने 29 टेस्ट में 123 विकेट लिए हैं और उनकी गिनती दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में होती है। चयन समिति के प्रमुख चेतन शर्मा पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें भविष्य के कप्तान के रूप में तैयार किया जा रहा है। भारत में आम तौर पर तेज गेंदबाजों को कप्तानी नहीं दी जाती है जबकि पाकिस्तान में इमरान खान, वसीम अकरम और वकार युनूस जैसे तेज गेंदबाज कप्तान रह चुके हैं। वेस्टइंडीज में कर्टनी वाल्श ने कप्तानी संभाली जबकि आस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस भी तेज गेंदबाज हैं। रोहित के अंतिम एकादश में नहीं होने से शुभमन गिल के साथ चेतेश्वर पुजारा पारी की शुरूआत कर सकते हैं। सूत्र ने बताया कि मयंक अग्रवाल को बस कवर के तौर पर बुलाया गया है और वह अंतिम एकादश में नहीं होंगे। देखना यह भी है कि शार्दुल ठाकुर के रूप में चौथे तेज गेंदबाज को उतारा जाता है या रविंद्र जडेजा के साथ दूसरे स्पिनर के तौर पर आर अश्विन खेलते हैं। टेस्ट पांच जुलाई को खत्म होगा और पहला टी20 मैच सात जुलाई को है लिहाजा आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच खेलने वाली टीम पहला टी20 खेलेगी। इसके बाद दूसरे टी20 से सभी सितारा खिलाड़ियों की वापसी होगी।

## तीन देशों की वार्षिक टी20 श्रृंखला की योजना बना रहा है पीसीबी

**कराची ( भाषा )।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) 2023 से 2027 तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नए भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के साथ तीन देशों की वार्षिक टी20 श्रृंखला की मेजबानी की योजना पर काम कर रहा है। इस मामले की जानकारी रखने वाले विश्वसनीय सूत्र के अनुसार पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा के बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान होने वाली आईसीसी की बैठक में इस प्रस्तावित योजना को पेश करने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, बोर्ड योजना पर काम कर रहा है और यह चार देशों के वार्षिक टूर्नामेंट का विकल्प होगा जिसका प्रस्ताव रमीज ने आईसीसी की पिछली बैठक में रखा था और जिसे अन्य सदस्यों से जरूरी समर्थन नहीं मिलने के कारण रद्द कर दिया गया था। सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच मौजूदा राजनीतिक और कूटनीतिक रिश्तों तथा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की चार देशों के टूर्नामेंट के प्रस्ताव पर ढीली प्रतिक्रिया के बाद नई योजना से भारत को हटा दिया गया है और सिर्फ आस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड को शामिल किया गया है।

# कोहली को पछाड़कर सबसे लंबे समय तक नंबर एक टी-20 बल्लेबाज बने आजम

**भाषा।** दुबई

**पाकिस्तान** के कप्तान बाबर आजम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 बल्लेबाजी सूची में शीर्ष पर बरकरार रहने के साथ भारत के विराट कोहली को पछाड़कर सबसे लंबे समय तक टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली पिछले दशक में 1,013 दिन तक दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज रहे थे लेकिन बाबर ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है। अन्य बल्लेबाजों में भारत के इशान किशन को दो स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है लेकिन आयरलैंड के खिलाफ दूसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में शानदार प्रदर्शन की बदौलत दीपक हुड्डा और संजू सैमसन ने रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है।

आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 में 26 और तीन रन की पारी खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज किशन सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। पहले मैच में 47 और दूसरे मैच में करियर का पहला शतक जड़कर भारत को चार रन की जीत दिलाने वाले हुड्डा 414 रन की लंबी छलांग के साथ 104वें स्थान पर




पहुंच गए हैं। दूसरे टी20 में 77 रन बनाने वाले सैमसन भी 144वें पायदान पर पहुंच गए हैं। भारत के खिलाफ 39 और नाबाद 64 रन बनाने वाले आयरलैंड के हैरी टेक्टर भी 55 स्थान के फायदे से 66वें स्थान पर हैं। रैंकिंग को भारत और आयरलैंड के बीच दो टी20 की श्रृंखला के बाद अपडेट किया गया है। गेंदबाजों की सूची में भारत के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल 37वें से 33वें स्थान पर पहुंच गए जबकि पहले 45वें स्थान पर मौजूद आयरलैंड के मार्क एडेयर अब 43वें स्थान पर हैं टेस्ट रैंकिंग में जो रूट दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की घरेलू श्रृंखला खत्म होने के बाद अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग में काफी बदलाव हुआ है। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिशेल और टॉम ब्लंडेल के अलावा इंग्लैंड के स्पिनर जैक लीच ने लीड्स में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। श्रृंखला के तीनों टेस्ट में शतकीय साझेदारी करने वाले मिशेल और ब्लंडेल अब शीर्ष 20 बल्लेबाजों में शामिल हैं। 109 और 56 रन की पारी खेलने वाले मिशेल चार स्थान के फायदे से 12वें जबकि 55 और नाबाद 88 रन बनाने वाले ब्लंडेल 11 स्थान के फायदे से 20वें स्थान पर हैं। तीसरे टेस्ट में 162 और नाबाद 71 रन बनाने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो 20 स्थान चढ़कर 21वें स्थान पर हैं। दूसरी पारी में 82 रन बनाने वाले ओली पोप तीसरे स्थान के फायदे से 49वें पायदान पर हैं। इंग्लैंड ने तीसरा टेस्ट सात विकेट से जीतकर श्रृंखला 3-0 से जीती। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर गेंदबाजों की नवीनतम रैंकिंग में एक स्थान के नुकसान से 10वें स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड (एक स्थान के फायदे से 13वें) और जैक लीच (13 स्थान के फायदे से 25वें) की रैंकिंग में सुधार हुआ है।

## क्विक न्यूज

### मुक्केबाजी : सिमरनजीत अनंता क्वार्टर फाइनल में

**नूर सुल्तान।** भारतीय मुक्केबाज सिमरनजीत कौर (60 किलो) और अनंता चोपाडे (54 किलो) ने एलोरडा कप के पहले दिन जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व चैम्पियनशिप 2018 की कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने कजाखस्तान की इशानोवा नाजिम को महिलाओं के 60 किलोवर्ग में एकतरफा मुकाबले में हराया। दूसरी ओर अनंता को पुरूषों के 54 किलोवर्ग में मंगोलिया के डी गनबोल्ड से कड़ी चुनौती मिली लेकिन उन्होंने 3-2 से जीत दर्ज की। सिमरनजीत का सामना अब चीन की शू शिजुन से होगा जबकि अनंता कजाखस्तान के अल्तिनबेक नूरसुल्तान से खेलेंगे। भारत के मोहम्मद अताश खान (60 किलो), के जॉनसन सिंह (63.5 किलो) और मनजीत सिंह (प्लस 92 किलो) कजाखस्तान के मुक्केबाजों से हारकर पहले ही दौर में बाहर हो गए। भारत का 33 सदस्ईय दल इस टूर्नामेंट में भाग ले रहा है।

### चेन्नईयिन एफसी ने ईरान के डिफेंडर हखामानेशी से अनुबंध किया

**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फ्रेंचाइजी चेन्नईयिन एफसी ने इस फुटबॉल लीग के आगामी सत्र से पहले बुधवार को एशियाई खिलाड़ी के रूप में ईरान के डिफेंडर वाफा हखामानेशी से अनुबंध किया। छह फीट छह इंच लंबे हखामानेशी इससे पहले थाईलैंड के क्लब रत्चाबुरी मित्र फोल एफसी का हिस्सा थे जिसके लिए उन्होंने एएफसी चैपियन्स लीग में तीन मैच खेले। हखामानेशी ईरान की पहली टीयर की लीग में कई क्लब की ओर से खेले है। वह 2013-14 में ईरान की शीर्ष लीग पर्शियन गल्फ प्रो लीग जीतने वाली फूलेड एफसी टीम का भी हिस्सा थे।

### गुजरात में सितंबर अक्टूबर में होंगे राष्ट्रीय खेल : आईओए

**नई दिल्ली।** अलग अलग कारणो से कई बार स्थगित हो चुके राष्ट्रीय खेल इस साल सितंबर अक्टूबर में गुजरात के विभिन्न शहरों में होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने पीटीआई को यह जानकारी दी। आईओए ने यह फैसला गुजरात ओलंपिक संघ और राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से खेलों की मेजबानी में दिलचस्पी जताने के बाद लिया। मेहता ने कहा , गुजरात सरकार ने हमें लिखा कि वे खेलों की मेजबानी की इच्छा जताने वाले गुजरात ओलंपिक संघ के साथ है। हमने उनका प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा , खेल अहमदाबाद समेत गुजरात के पांच या छह शहरों में सितंबर अक्टूबर में होंगे। आने वाले कुछ दिनों में तारीखों की घोषणा हो जाएगी। हमें खुशी है कि इतने विलंब के बाद खेल हो रहे है। मेहता ने कहा, आईओए के आला अधिकारियों के पास फैसला लेने का अधिकार है और बाद में आईओए की आमसभा से स्वीकृति ले सकते है। हमने कई एनएसएफ और प्रदेश ईकाइयों से ईमेल के जरिए स्वीकृति ले ली है। उन्होंने कहा, हम आमसभा की बैठक बुलाकर कुछ अहम फैसलों को मंजूरी देंगे। हम दिल्ली उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय की शरण लेकर जीबीएम बुलाने की अनुमति मांगेंगे।

आखिरी बार राष्ट्रीय खेल 2015 में केरल में हुए थे। गोवा में नवंबर 2016 में 36वें राष्ट्रीय खेल होने थे लेकिन राज्य सरकार की असमर्थता के कारण दो बार टल गए।

# स्टॉकहोम डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा पदक के दावेदार

**भाषा।** स्टॉकहोम

**सत्र की** दमदार शुरूआत करने के बाद ओलंपिक चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा यहां बृहस्पतिवार को होने वाली डायमंड लीग में पहली बार पदक जीतने की पूरी कोशिश करेंगे।

चोपड़ा ने तुर्कु में पावो नुरमी खेलों में 89-30 का थ्रो फेंककर रजत पदक जीता और कुओर्तानि खेलों में 86-60 मीटर के साथ शीर्ष रहे। फिनलैंड में हुए इन दोनों टूर्नामेंटों में मुकाबला कड़ा था। कुओर्तानि में तो बारिश के कारण फिसलन की वजह से तीसरे प्रयास में चोपड़ा गिर भी गए थे लेकिन तुरंत खड़े होकर चोटिल हुए बिना खिताब जीता। चोपड़ा ने कहा , हमने दिसंबर में अभ्यास शुरू किया जो देर से था। मुझे फिर से फिट होना होगा क्योंकि तोक्यो ओलंपिक के बाद मेरा वजन भी बढ गया है। उन्होंने टूर्नामेंट से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मेरा वजन 13-14 किलो बढ गया तो लक्ष्य फिर से फिट होने पर है। यही वजह है कि सत्र की शुरूआत देर से की। उन्होंने कहा, हमारा मुख्य लक्ष्य विश्व चैम्पियनशिप और राष्ट्रमंडल खेल है चूंकि एशियाई खेल स्थगित हो गए हैं। ज्यूरिख में अगस्त 2018 में 85-73 मीटर थ्रो करके चौथे स्थान पर रहने के बाद चोपड़ा पहली बार डायमंड लीग में खेलेंगे। वह सात डायमंड लीग खेल चुके हैं जिनमें तीन 2017 में और चार 2018 में खेली थी लेकिन इसमें पदक नहीं जीत पाए। दो बार चौथे स्थान पर रहे हैं। अमेरिका में अगले महीने




होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले चोपड़ा के लिए यह सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। इसमें तोक्यो ओलंपिक के तीनों पदक विजेता मैदान में होंगे। मौजूदा दौर के भालाफेंक खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा बार 90 मीटर की बाधा पार करने वाले जर्मनी के जोहानेस वेटर चोट के कारण बाहर हैं। कुओर्तानि में स्वर्ण जीतने के बाद चोपड़ा यहां से सौ किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित उपसाला में अभ्यास कर रहे हैं।वह डायमंड लीग के बाद और 15 जुलाई से होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले कोई और टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे। भारत के मुरली श्रीशंकर को भी इसमें लंबी कूद में भाग लेना था जो डायमंड लीग कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है लेकिन अतिरिक्त प्रतियोगिता के रूप में शामिल है। वह हालांकि पहुंच नहीं पाएंगे क्योंकि विश्व चैम्पियनशिप के लिए वीजा औपचारिकताएं पूरी करने के लिए उनका पासपोर्ट दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में है।

# श्रीलंका के खिलाफ आस्ट्रेलिया की खराब शरुआत

**एपी।** गॉल

**नाथन** लियोन के पांच विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने पहले क्रिकेट टेस्ट में श्रीलंका को 212 रन पर समेट दिया लेकिन पहली पारी के शुरूआती तीन विकेट 98 रन पर गंवा भी दिए। श्रीलंका के आफ स्पिनर रमेश मेंडिस ने डेविड वॉर्नर (25) को पगबाधा आउट किया और मार्नस लाबुशेन (13) को असिथ फर्नांडो के हाथों लपकवाया। आस्ट्रेलिया के दो विकेट 35 रन पर गिर गए थे। स्टीव स्मिथ छह रन बनाकर रन आउट हो गए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर उस्मान ख्वाजा 47 और ट्रेविस हेड छह रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले लियोन के पांच और लेग स्पिनर मिशेल स्वीपसन के तीन विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को कम स्कोर पर आउट कर दिया। श्रीलंका के लिए निरोशन डिकवेला ने सर्वाधिक 58 रन बनाए। उन्होंने छठे विकेट के लिए एंजेलो मैथ्यूज (39) के साथ 42 रन जोड़े। श्रीलंका ने पांच विकेट 97 रन के भीतर गंवा दिए। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और लंच तक स्कोर दो विकेट पर 68 रन था। लियोन ने इसमें छह रन का इजाफा होने पर श्रीलंका को एक और झटका दिया। उन्होंने श्रीलंकाई कप्तान दिमुथ करूणारत्ने को सिली प्वाइंट पर डेविड वॉर्नर के हाथों लपकवाया।

स्वीपसन ने 37वें ओवर में लगातार दो विकेट लिए। उन्होंने पहली गेंद पर धनंजय डिसिल्वा को आउट किया जिनका कैच विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने लपका। दिनेश चांदीमल का कैच दूसरी स्लिप में वॉर्नर ने पकड़ा। लियोन ने एंजेलो मैथ्यूज (39) को



लेग स्लिप में वॉर्नर के हाथों लपकवाया। श्रीलंकाई पारी की शुरूआत करते हुए करूणारत्ने और पाथुम निसांका ने पहले विकेट के लिए 38 रन जोड़े। कमिंस ने निसांका (23) को उछाल लेती गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। चार रन बाद स्टार्क ने तीसरे नंबर के बल्लेबाज कुसाल मेंडिस (03) को भी कैरी के हाथों कैच कराके श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 42 रन कर दिया। आस्ट्रेलियाई स्पिनरों को सुबह के सत्र में कोई विकेट नहीं मिला लेकिन उन्होंने श्रीलंका के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया विशेषकर आफ स्पिनर नाथन लियोन ने पिच से मिल रहे टर्न और उछाल का अच्छा फायदा उठाया। श्रीलंका इस मैच में तीन स्पिनरों के साथ उतरी है। बाएं हाथ के स्पिनर लसिथ एंबुलदेनिया और आफ स्पिनर रमेश मेंडिस की जोड़ी को लेग स्पिनर जैफ्रे वांडरसे का साथ मिलेगा जो टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहे हैं। इस श्रृंखला को वार्न-मुरलीधरन ट्रॉफी नाम दिया गया है जो मिलकर 1508 टेस्ट विकेट हासिल करके खेल के लंबे प्रारूप में दो सबसे सफल गेंदबाज हैं। मार्च में थाईलैंड में छुट्टियां मनाने के दौरान दिल का दौरा पड़ने से शेन वार्न के निधन के बाद यह इस ट्रॉफी के लिए पहली श्रृंखला है। मैच से पहले वार्न को याद किया गया। आस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर वार्न ने 708 टेस्ट विकेट चटकाए हैं जबकि श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम 800 टेस्ट विकेट दर्ज हैं।

## सेरेना साल के पहले मैच में हार के साथ विंबलडन से बाहर

**विंबलडन ( एपी )।** दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने 364 दिन बाद महिला एकल मुकाबले में वापसी की लेकिन विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में ही हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। सेरेना के खेल में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। कभी तो ऐसा लगा कि वह बिलकुल भी लय में नहीं है जबकि कई मौकों पर उन्होंने ऐसा खेल दिखाया जैसे वह अपने 23वें ग्रैंडस्लैम खिताब के अभियान में आगे बढ़ेंगी। सेरेना ने अपना पिछला एकल मुकाबला विंबलडन में ही पिछले साल 29 जून को खेला था लेकिन पहले सेट में ही चोटिल होने के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा था। विंबलडन में सात बार की पूर्व चैंपियन 40 साल की सेरेना जीत दर्ज करने से दो अंक की दूरी तक पहुंची। उन्हें अंततः विंबलडन में पदार्पण कर रही दुनिया की 115वें नंबर की खिलाड़ी फ्रांस की हारमोनी टेन के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में 7-5, 1-6, 7-6 (10-7) से हार झेलनी पड़ी।

## रूड विम्बलडन दूसरे दौर में हारे, जोकोविच जीते

**एपी।** विम्बलडन

**फ्रेंच** ओपन उपविजेता कैस्पर रूड विम्बलडन के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए जबकि छह बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने तीसरे दौर में जगह बना ली। फ्रेंच ओपन फाइनल में रफेल नडाल से हारे रूड इस साल शीर्ष 11 पुरूष खिलाड़ियों में से सातवें हैं जो शुरूआती दौर में हारने, चोट, बीमारी या प्रतिबंध के कारण विम्बलडन से बाहर हो गए हैं। उन्हें फ्रांस के यूगो हुम्बर्ट ने 3- 6, 6 -2, 7-5, 6-4 से हराया। छह बार के विम्बलडन चैम्पियन जोकोविच ने आस्ट्रेलिया के थानासी कोकिनाकिस को 6- 1, 6-4, 6-2 से मात दी।



महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त एनेट कोंटावेट और 2017 विम्बलडन चैम्पियन गारबाइन मुगुरूजा बाहर हो चुके हैं। कोंटावेट को जर्मनी की जूक नीमेइर ने 6-4, 6-0 से हराया जबकि नौवीं वरीयता प्राप्त मुगुरूजा को ग्रीट मिनेन ने 6-4, 6-0 से मात दी। चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिसकोवा ने टेरेजा मार्तिनकोवा को 7-6, 7-5 से हराया।

# विश्व कप से बाहर रहने की भरपाई करना चाहती हैं सुशीला

**भाषा।** एम्सटेलवीन (नीदरलैंड)

**चोट** के कारण 2018 एफआईएच हॉकी विश्व कप से बाहर रहीं भारत की अनुभवी मिडफील्डर सुशीला चानू टूर्नामेंट के आगामी सत्र में अच्छा प्रदर्शन करके इसकी भरपाई करना चाहती हैं। सुशीला ने भले ही भारत के लिए 208 मैच खेले हों लेकिन नीदरलैंड में होने वाला टूर्नामेंट उनका पहला विश्व कप होगा। भावुक सुशीला ने कहा, 2018 में चोट के कारण मैं लंदन में विश्व कप में नहीं खेल पाई थी। इसके बाद मुझे फॉर्म को लेकर जूझना पड़ा और मैं उस साल एशियाई खेलों में भी नहीं खेल पाई। यह संभवतः मेरे करियर का सबसे मुश्किल दौर था। उन्होंने कहा, यह मुश्किल चरण था लेकिन मैं उससे बाहर निकलने के लिए प्रतिबद्ध थी और मैंने टीम में दोबारा जगह बनाई। विश्व कप एक जुलाई से शुरू होगा लेकिन भारत अपने अभियान की शुरुआत तीन जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ करेगा। एशियाई खेल 2018 से बाहर रहने के बाद 30 साल की सुशीला ने मजबूत वापसी की और पिछले चार साल में टीम की प्रगति में अहम भूमिका निभाई।




मंगलवार शाम चिली के खिलाफ टीम के अभ्यास मैच के इतर सुशीला ने कहा, टीम की मेरी कई साथी दूसरी बार विश्व कप में खेल रही हैं लेकिन मेरा यह पहला विश्व कप है। यह मेरे लिए भावुका लम्हा है और मुझे निश्चित तौर पर यकीन है कि यह हमारे लिए यादगार होगा। सुशीला एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर और भुवनेश्वर में एफआईएच सीरीज फाइनल्स में जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहीं। एशियाई खेल 2014 की कांस्य पदक विजेता टीम में शामिल सुशीला ने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में भारत को एतिहासिक चौथा स्थान दिलाने में भी भूमिका निभाई।

बड़ी प्रतियोगिता से पहले ड्रेसिंग रूम के मूड पर सुशीला ने कहा, पिछले हफ्ते रोटरडम में हमारे प्रो लीग मुकाबलों के तुरंत बाद हम एम्सटेलवीन पहुंचे। हमें टीम होटल में सहज होने का पर्याप्त समय मिला और हम विश्व कप आयोजन स्थल पर भी ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर सभी अपना शत प्रतिशत देने को लेकर उत्साहित हैं। हम सभी की नजरें हमारे पहले मैच पर टिकी हैं और हमें इंग्लैंड के खिलाफ अच्छी शुरुआत की जरूरत है।

# मलेशिया ओपन: सिंधू और कश्यप जीते, साइना बाहर

**भाषा।** कुआलालंपुर

**भारतीय** महिला बैडमिंटन की दो दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधू और साइना नेहवाल बुधवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले के लिए कोर्ट पर उतरीं जिसमें सिंधू ने दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि साइना को शिकस्त का सामना करना पड़ा।

पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड की दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग को सीधे गेम में 21-13 21-17 से हराया लेकिन लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी अमेरिका की आइरिस वैंग के खिलाफ सीधे गेम में 37 मिनट में 11-21 17-21 से हार मिली। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन पारूपल्ली कश्यप ने भी चोट के बाद वापसी करते हुए सकारात्मक नतीजा हासिल किया और कोरिया के हियो क्वांग ही को 21-12 21-17 से हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। सातवीं वरीय सिंधू अगले दौर में


पीवी सिंधू

थाईलैंड की 21 साल की फिटायापोर्न चाइवान से भिड़ेंगी जो विश्व जूनियर रैंकिंग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रह चुकी हैं और बैंकॉक में उबेर कप में कांस्य पदक जीतने वाली थाईलैंड की टीम का भी हिस्सा थी। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी कश्यप दूसरे दौर में थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ उतरेंगे जिन्होंने मार्च में जर्मन ओपन सुपर 300 का खिताब जीता। बी सुमित रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की मिश्रित युगल जोड़ी को भी रोबिन टेबलिंग और सेलेना पीक की नीदरलैंड की दुनिया की 21वें नंबर की जोड़ी के


पारूपल्ली कश्यप

खिलाफ 52 मिनट चले कड़े मुकाबले में 15-21 21-19 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। चोचुवोंग के खिलाफ सिंधू का जीत-हार का रिकॉर्ड 5-3 है। दोनों खिलाड़ियों के बीच 2021 विश्व चैंपियनशिप के दौरान हुई पिछली भिड़ंत में सिंधू ने जीत दर्ज की थी। बुधवार को दोनों खिलाड़ियों ने मुकाबले में तेज शुरुआत की लेकिन सिंधू ने धीरे धीरे दबदबा बनाया। सिंधू ने जल्द ही 4-1 की बढ़त बनाई और फिर पहले गेम में हर समय आगे रहीं। वह ब्रेक तक 11-7 से आगे थीं। सिंधू ने नेट पर बेहतर खेल दिखाया और उनके स्मैश तथा रिटर्न दमदार थे।सिंधू ने अपनी बढ़त को 16-11 तक पहुंचाया और फिर सात गेम प्वाइंट हासिल करने के बाद स्मैश के साथ पहला गेम जीता। दूसरे गेम की शुरुआत में ही चोचुवोंग ने सहज गलतियां की। थाईलैंड की खिलाड़ी ने नेट पर दो शॉट मारे और उनके रिटर्न भी कमजोर थे जिससे सिंधू ने 4-2 की बढ़त बनाई। सिंधू ने भी इसके बाद सहज गलतियां की और कुछ शॉट नेट पर उलझाए जिससे चोचुवोंग 11-8 की बढ़त बनाने में सफल रहीं।चोचुवोंग ने 16-10 की बढ़त बनाई लेकिन सिंधू ने पांच अंक के साथ वापसी की और 17-17 के स्कोर पर बराबरी हासिल कर ली। चोचुवोंग के नेट पर शॉट मारने से सिंधू ने बढ़त बनाई और थाईलैंड की खिलाड़ी के दो शॉट बाहर मारने पर तीन मैच प्वाइंट हासिल किए और फिर मुकाबला जीत लिया।

प्लास्टिकमुक्त भारत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

# डीएम ने अकबरपुर नगर पंचायत से किया 'रेस' अभियान का शुभारंभ

● सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबन्ध करने को दिलायी शपथ

संवाददाता। कानपुर देहात

**प्लास्टिक** मुक्त भारत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 महाशपथ कार्यक्रम अकबरपुर नगर पंचायत के अन्तर्गत अकबरपुर ओवर ब्रिज के नीचे जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबन्ध करने हेतु कार्यक्रम में शपथ दिलाई, जिलाधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक मुक्त भारत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 ''रेस'' अभियान को जनपद में सफल बनाना है, यह कार्यक्रम 29 जून से 3 जुलाई तक चलाया जायेगा, इस दौरान विभिन्न गतिविधियां संचालित की जायेगी, उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थल, बस अड्डे, बाजार, मॅण्डी, रेलवे लाईन व रेलवे स्टेशन, कार्यालय परिसरों, शैक्षिक संस्थानों के परिसरों, खाली पड़ी भूमि, घाट एवं नदी-नालों के किनारें इत्यादि स्थलों पर व्यापक जन सहयोग एवं राजकीय संसाधनों की सहायता से प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्रित कराते हुए उसे ब्राण्ड ओनर्स एवं री-साईक्लर्स के माध्यम से निस्तारित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी से कहा कि ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाये, जिससे कि पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि अकबरपुर नगर पंचायत सहित सभी नगर निकायों में गौ-ग्रास योजना संचालित की गयी है, इस योजना के माध्यम से प्रत्येक घर से गऊ माता के लिए रोटी एवं खाद्य पदार्थ एकत्र कर गौशालाओं में पहुंची जाती है, उन्होंने इस योजना में ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता करने की अपील की है। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री व मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबन्ध करने हेतु इस अभियान को प्रारंभ किया गया है, इसमें हर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र कर री-साईक्लर्स किया जायेगा। इसके पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योतिषना कटियार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक मुक्त भारत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 रेस अभियान को सफल बनाना है, सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबन्ध करना है, इसमें नगरवासी ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग कर इस अभियान को सफल बनायेंगे। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, नोडल ईओ पंकज, अकबरपुर नगर पंचायत लिपिक राजेश, बबलू कटियार, गोपाल सैनी आदि उपस्थित रहे।

## गृह कलह से क्षुब्ध विवाहिता ने जहरीला पर्दाथ खाकर दी जान

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** गृहकलह से छुब्ध होकर विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच पड़ताल शुरू की।

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत मऊ गांव में सुधा देवी 35 पत्नी रामनरेश ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। जब महिला की हालत बिगड़ी तो आनन.फानन में परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना पर मृतका के मायके बाहलवापुर से उसके पिता कुंवर सिंह व मां प्रेमवती आईं। मृतका के दो बच्चे हैं। जिनमें 4 वर्षीय पुत्र शिवा व 1 वर्षीय पुत्री दीपका है। सूचना पर तहसीलदार राजकुमार चौधरी व कोतवाल शिव ठाकुर पहुंचे। जहाँ शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं पुलिस ने मृतका के पति व ससुर को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

## प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत पालिका ने चलाया प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान



● प्रतिबंन्धित पॉलिथीन व थर्माकोल से बनी चीजों का उपयोग और मॉग न करने की भी दिलाई गयी शपथ

**घाटमपुर।** अधिशाषी अधिकारी उमेश कुमार मिश्र की अगुवाई में प्लास्टिक मुक्त भारत को लेकर पालिका कर्मचारियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रीकरण का अभियान चलाया। पालिका के स्वच्छता सेवक पालिका कार्यालय के अलावा मूसानगर रोड और कुष्माँण्डा देवी मंदिर, गेस्ट हाउसों और सरकारी कार्यालयों में जाकर प्लास्टिक एकत्र की। इसके पहले अधिशाषी अधिकारी उमेश कुमार मिश्र ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा प्रतिबन्धित पालिथीन व थर्माकोल से बनी बस्तुओं को लेकर शपथ दिलाई गयी। तथा सामान खरीदने जाने पर घर से झोला लेकर जाने की भी शपथ दिलाई, अधिशाषी अधिकारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि शासन के निर्देश पर प्लास्टिक एकत्रीकरण और जगरुकत अभियन आगामी 3 जुलाई तक चलेगा। अभियान में अधिशाषी अधिकारी के अलावा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक दीपक अग्रवाल, लेखाकार शान्ति प्रकाश निगम, कम्प्यूटर आपरेटर दीपक गुप्ता, सफाई प्रभारी सुधीर सचान, जलकल प्रभारी योगेन्द्र सचान, प्रेमसिंह भदौरिया, श्रीमती उपासना और रामकिशोर तथा संन्तोष कुमार व सफाई सेवक अशोक कुमार आदि भी शामिल रहे। सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्री करण के पहले दिन 40 किग्रा प्लास्टिक एकत्र की गयी।

## सीएमओ ने सीएचसी का किया मुआयना

**रूरा, कानपुर देहात।** बुधवार दोपहर को रूरा सीएचसी पहुंचे सीएमओ डॉ एके सिंह ने सीएचसी का निरीक्षण किया एवहीं सीबीसी मशीन की जल्द ही उपलब्धता का आश्वाशन दिया। वहीं उन्होंने दवा स्टॉक आदि देखा। बुधवार दोपहर को रूरा सीएचसी के निरीक्षण पर पहुंचे सीएमओ डॉ एके सिंह ने मंगलवार को रूरा सीएचसी में सीबीसी मशीन की अनुपलब्धता का संज्ञान लेते हुए ।जल्द ही रूरा सीएचसी में सीबीसी मशीन कराए जाने का आश्वाशन दिया।उन्होंने बताया कि सीएचसी में ही खून की जांच होने से मरीजों को बाहर से महंगी जांच से मुक्ति मिल जाएगी।वहीं उन्होंने दवाओं के स्टॉक आदि को देखा।साथ ही मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए निर्देशित किया।वहीं दंत रोग विभाग आदि में भी जल्द से जल्द मरीजों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया।

## 'सुविधा के लिए पॉलिथीन का प्रयोग कर भविष्य की समस्या पैदा कर रहा मनुष्य'

● पॉलिथीन का प्रयोग नहीं रूका तो तरसेंगे बूंद-बूंद पानी को

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात



पुखरायां की रैली में मौजूद कर्मचारी एवं अन्य लोग



अमरौधा में लोगों को जानकारी देते आरएन वर्मा

**आजादी** का अमृत महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को नगर पंचायत अमरौधा और नगर पालिका परिषद पुखरायां की ओर से पॉलिथीन के विरोध में रैलियां निकाली गईं। जिनमें पालिकाकर्मियों ने नारेबाजी करके लोगों को पॉलिथीन न अपनाने को प्रेरित किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी अजय कुमार राय ने परिसर में रैली में शामिल सभी लोगों को शपथ भी दिलाई।

उप जिलाधिकारी अजय कुमार राय ने कहा कि इस अभियान में कर्मचारियों ही नहीं बल्कि आम जनता की सहभागिता बहुत आवश्यक है। यदि हर घर के व्यक्ति सफाई के प्रति जागरूक हो जाएं तो शहर ही नहीं गांव को भी स्वच्छ बनाया जा सकता है। कानपुर देहात प्रदेश में स्वच्छता के प्रति नंबर-3 पर है। कर्मचारियों को सफाई की शपथ दिलाई। इस दौरान कस्बे की दुकानों में सर्च अभियान भी चलाया गया। दुकानों में मिली पॉलिथीन को जब्त कर सभी दुकानदारों को जुर्वाना लगाने चेतावनी दी गई। उन्होंने व्यापारियों को भी कहा कि यदि दुकान में पॉलिथीन पकड़ी गई तो उसके खिलाफकानूनी कार्यवाही की जाएगी। अधिसाशी अधिकारी अजय कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष सत्यप्रकाश संखवार, अवर अभियंता व समस्त कर्मचारियों ने नगर पालिका से बस स्टॉप होकर शहर के मेन रोड से रैली निकालकर रेलवे स्टेशन ग्राउंड तक गए। वहां पर सफाई अभियान चलाकर रैली का समापन किया गया। वहीं नगर पंचायत कार्यालय अमरौधा की ओर से टंडन बाजार, बाजार वार्ड, आजाद नगर, जुलहठी, कटरा समेत सभी मोहल्लों में रैली निकालकर लोगों को पॉलिथीन के खिलाफ जागरूक किया गया। इस दौरान श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्यामंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा ने लोगों को बताया कि यदि इंसान ने पॉलिथीन का प्रयोग करता रहा तो एक दिन बूंद-बूंद पानी को तरसेगा। तेजी से गिरते भूगर्भ जलस्तर में पॉलिथीन की अहम् भूमिका है। बारिश से पहले सुधार करेंगे तो जल स्तर बढ़ सकता है। दरअसल, धरती में कचरे के रूप में तेजी से पॉलिथीन की परत बिछती जा रही है। इस वजह से बारिश का पानी अपने पूरे प्रवाह में भूगर्भ में नहीं जा पा रहा है। निस्तारण के अभाव में मिट्टी में बड़े पैमाने पर पॉलिथीन दबती जा रही है। विशेषज्ञ इस स्थिति को भविष्य के लिए बेहद ही खतरनाक मानते हैं। वहीं प्लास्टिक के कारण मिंट्टी की उर्वरक क्षमता भी कम हो रही है। पूरे क्षेत्र में प्रतिदिन कम से कम 30 टन से अधिक पॉलिथीन की खपत हो रही। इसके कचरे का सही निस्तारण न होने से कहीं ना कहीं यह मिंट्टी में ही दब रही है। यही वजह है कच्ची जमीन में प्लास्टिक की लेयर तेजी से बन रही है। पॉलिथीन जब तक कैरी बैग के रूप में हाथ में रहती है तब तक मनुष्य को सुविधा होती है, लेकिन जमीन पर गिरते ही समस्या बन जाती है। पॉलिथीन का यह कचरा सिर्फशहरों में ही नहीं है बल्कि खेत खलिहान तक पहुंच रही। पर्यावरण की .ष्टि से बेहद संवेदनशील है। जमीन के संपर्क में आतीसे सभासद कमल प्रकाश मेहरोत्रा, विकास मिश्र, इरसाद खां, संजय कुमार संखवार, रामभजन, विकास कुमार मिश्र एवं नौशाद, कार्यालय कर्मचारियों में राजेश कुमार, हेमवती, राकेश कुमार, ब्रजकिशोर श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## स्तूप परिसर में लगेगा परंपरागत मेला, नाराज भिक्षु व बौद्ध अनुयायी करेंगे विरोध

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**किसा भगवान** बुद्ध के स्तूप परिसर में परंपरागत मेला लगेगा। खिलाफफैसला होने के कारण भिक्षु एवं बौद्ध अनुयायियों मायूस हो गए हैं। संकिसा संघर्ष समिति के संयोजक एवं धम्मालोको बुद्ध विहार प्रबंध समिति के अध्यक्ष कर्मवीर शाक्य आज तीसरी बार जिलाधिकारी से भेंट की। डीएम से स्तूप परिसर में लगने वाले मेले की अनुमति न दिए जाने की मांग की गई।

इस दौरान पवन कुमार शाक्य एडवोकेट ने डीएम को हाई कोर्ट एवं पुरातत्व विभाग के आदेश एवं आरटीआई की जानकारी से अवगत कराया। कि पुरातत्व विभाग के आदेश के तहत स्तूप परिसर में कोई मेला आदि । कार्यक्रम नहीं हो सकता है। पूर्व में ही डीएम व एसपी को आदेश दिये जा चुके है। आदेशों का पालन कराया जाना है। संकिसा भिक्षु संघ के अध्यक्ष डॉक्टर भिक्षु धम्मपाल थैरो भिक्षु धम्मदीप डॉ देवेश शाक्य एवं रघुवीर शाक्य साथ गए थे।

जिला प्रशासन ने तय कर दिया है की संकिसा बौद्ध स्तूप परिसर में परंपरागत अषाढ़ी मेला लगेगा। इस फैसले से बच्चों एवं बौद्ध अनुयायियों को काफी धक्का लगा। अपर जिलाधिकारी एसडीएम सदर अपर पुलिस अधीक्षक सीओ मोहम्मदाबाद ने मेरापुर थाने में सायं दोनों पक्षों के साथ बैठक की। भिक्षु संघ के अध्यक्ष डॉक्टर भिक्षु धम्मपाल थैरों ने एडीएम को हाई कोर्ट के आदेश के अलावा पुरातत्व विभाग के आदेश एवं आरटीआई के जवाब की कॉपियां दी। जिसमें पुरातत्व विभाग के परिसर में किसी प्रकार का मेला आदि कार्यक्रम न होने देने का डीएम व एसपी को आदेश दिया जा चुका है। एडीएम ने इन आदेशों की अनदेखी करते हुए बताया अषाडी मेला परंपरागत ढंग से लग रहा था और उसी तरह लगेगा। कोई नई व्यवस्था नहीं लागू की जाएगी संकिसा संघर्ष समिति के संयोजक एवं धम्मा लोको बुद्ध विहार प्रबंध समिति के अध्यक्ष कर्मवीर शाक्य ने स्तूप परिसर में अवैध रूप से लगने वाले मेले का विरोध किया। लेकिन उनकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। बैठक में डॉक्टर भिक्षु धम्मपाल थैरों भिक्षु धम्मदीप भिक्षु धम्म रतन भिक्षु शीलानंद भिक्षु धम्म मित्र डॉ देवेश शाक्य सरदार सिंह एवं विषारी देवी समिति की ओर से अतुल दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे। फैसले से नाराज भिक्षुओं एवं बौद्ध अनुयायियों ने धम्मालोको बुद्ध बिहार में आपात बैठक की। बैठक में तय किया गया कि भिक्षु संघ एवं धम्मालोको बुध विहार प्रबंध समिति संयुक्त रुप से अवैध रूप से लगने वाले मेले का सांकेतिक विरोध करेगी। कल सुबह 10 बजे से डॉक्टर धम्मपाल थैरो आदि बौद्ध भिक्षु एवं कर्मवीर शाक्य रघुवीर शाक्य डा0 देवेश शाक्य आदि लोग धम्मा लोको बुषद्ध विहार परिसर शाम 5 बजे तक शांति पूर्वक धरना देगे। जब तक मेला चलेगा तब तक निरंतर सांकेतिक विरोध किया जाएगा। अतुल दीक्षित ने बताया कि कल अषाढ़ी पूर्णिमा से पूर्णमासी तक अषाढ़ी मेले का आयोजन किया जाएगा। स्तूप परिसर प्रांगण में दोनों तरफकरीब 50 .60 साल दुकाने लगेंगी। श्री दीक्षित ने बताया कि हम मेले में निरंतर सफाई व्यवस्था के साथ ही व्यवस्थित ढंग से मेले का इंतजाम करवाते हैं। ग्राम पंचायत की ओर से पूरे वर्ष स्तूप परिसर की सफाई करवाते हैं। बीते दिनों स्तूप परिसर में लगा हैंडपंप खराब हो गया था स्तूप परिसर में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों आदि के समक्ष पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया था हमने 4 दिन पहले ही दूसरा हैंडपंप लगवाया है।

## कमीशन व भाड़े को लेकर विभागीय अधिकारियों के कोरे आश्वासन से आर्थिक तंगी से परेशान कोटेदार कर्ज लेकर कर रहे परिवार का गुजारा

**फर्रुखाबाद।** एन एफ एस ए तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 'निशुल्क राशन वितरण कर रहे कोटेदारो का कई महीने से बकाया भाडा व कमीशन आपूर्ति विभाग के अधिकारी की लापरवाही से लटका पडा है। कमीशन व भाडा ना मिलने से कोटेदार आर्थिक तंगी से लगातार परेशान है । तो वही आपूर्ति विभाग के अधिकारी कोटेदारो को कमीशन व भाडा कई दिनो से जल्द खातो मे भिजवाने का झूठा आश्वासन दे रहे है।

गौरतलब है कि जनपद फर्रुखाबाद मे नगर व ग्रामीण क्षेत्रो को मिलाकर लगभग 798 कोटेदार महीने मे दो बार नियमित व पीएमजीकेबाई योजना के तहत निशुल्क राशन वितरण करते है। जिसका भाडा व कमीशन आपूर्ति विभाग के अधिकारियो को कोटेदारो के खातो मे भिजवाना था । मगर विभागीय अधिकारियो की लापरवाही का आलम देखिये कि कोटेदारो का कई महीने से राशन वितरण का बकाया कमीशन भाडा अभी तक लटका पडा है । आर्थिक तंगी से जूझ रहे परेशान कोटेदार विभागीय अधिकारियो की तरफ टकटकी लगाये है । तो वही विभागीय अधिकारी कोटेदारो को जल्द कमीशन भाडा खातो मे पहुंचाने का झूठा आश्वासन दे रहे है। बकाया भाडा व कमीशन कोटेदारो को कब तक मिल पायेगा यह भी अभी तय नही है । लेकिन लाचार व परेशान कोटेदारो को विभागीय अधिकारी कोरे आश्वासन देकर लटकाये जरूर है। कोटेदारो का धैर्य टूट गया है कोटेदारो की माने तो पूर्ति विभाग के अधिकारियो की लापरवाही से कोटेदारो का छह महीने से कमीशन फंसा पडा है । लगातार पूर्ति विभाग के अधिकारी कोटेदारो को एक महीने से कमीशन व भाडा जल्द खातो मे पहुचाने का कोरा आश्वासन दे रहे है । तारीख पर तारीख बढ रही है कोटेदारो को एक भी रूपया नसीब नही हुआ है।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार की हुई मौत

**फतेहपुर।** मलवा थाना क्षेत्र के सौंरा के समीप एनएच-2 में बोलेरो की चपेट में आ जाने से 52 वर्षीय अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया जहॉ उसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया जिसकी रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार औंग थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव निवासी स्व0 प्रमोद कुमार शुक्ला का पुत्र बाबूराम शुक्ला जो गोपालगंज सीएचसी में नौकरी करता था। बताते है कि देर शाम वह साइकिल से किसी काम से जा रहा था जब वह सौंरा के समीप पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रही बोलेरो ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल हो उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में पहुंचाया जहॉ इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिये रेफर कर दिया जिसकी रास्ते में ही मौत हो गई।

## आकाशीय बिजली गिरने से दम्पति समेत पांच की मौत

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत बीते 24 घंटों के अन्तराल में आकाशीय बिजली गिरने से दम्पति समेत पॉच लोगों की मौके पर मौत हो गई वही एक किशोरी झुलस गई जबकि सात बकरियों की भी मरने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार ललौल थाना क्षेत्र के वाहिदपुर गांव निवासी रामकुमार का 45 वर्षीय पुत्र गोरेलाल अपनी 40 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी व 15 वर्षीय पुत्री अंजू के साथ आज सुबह खेत में मूंग तोड़ रहे थे तभी बूंदाबादी के दौरान आकाशीष बिजली गिरने से गोरेलाल व उसकी पत्नी की मौके पर मौत हो गई वही अंजू झुलस गई जिसे बहुआ सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसी प्रकार गाजीपुर थाना क्षेत्र के बड़ागांव मछरियॉ गांव निवासी रामानन्द की 10 वर्षीय पुत्री प्रियंका व स्व0 दादू का 45 वर्षीय पुत्र शिवदत्त गांव के बाहर खेत में बकरी चरा रहे थे। इसी दौरान बारिश होने लगी जिससे बचने के लिये दोनों लोग एक पेड़ के नीचे खड़े हो गये तभी एक तेज आवाज के साथ बिजली कड़की और उन पर जा गिरी जिससे प्रियंका और शिवदत्त की मौके पर मौत हो गई वही बिजली की चपेट में आने से प्रियंका की तीन बकरी व शिवदत्त की चार बकरियॉ भी मौत के काल में समा गई। वही ललौली थाना क्षेत्र के गनेशपुर मजरे बीनू निवासी परमेश्वर का 68 वर्षीय पुत्र मुन्नू खेत में काम कर रहा था तभी बारिश शुरू हो गई और वह एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया तभी बिजली गिरने से वह चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पॉचों शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## झुक जाओ तनिक-तनिक रघुवीर लली मेरी छोटी सी

संवाददाता। फर्रुखाबाद




**केन्द्रीय कारागार** फतेहगढ़ में मानस के चौथे दिन गाजियाबाद से पधारे कथाव्यास श्री राघवेन्द्राचार्य जी महाराज ने कहा कि सीता राम विवाह तो एक है परंतु इसमें चार विभाग हैं। यहां जगत जननी ने परमात्मा को मन से वरण कर लिया, अपना मन प्रभु को सौंप दिया। दूसरा समर्पण रूपी विवाह है, बुद्धि का समर्पणए इसमें जनकजी द्वारा की हुई सीता विवाह की प्रतिज्ञा पूरी हुई। सीताजी का विवाह रामजी से संभव हुआ। तीसरा है चित्त का समर्पणए इसमें माता सीता प्रभु श्रीराम के गले में वरमाला डालती हैं। वही पर सीता की माता सुनैना श्री राम से कहती है कि । झुक जाओ तनिक रघुवीर , लली मेरी छोटी सी । चौथा है अहंकार का समर्पण, जब श्रीराम धनुष भंग करके सीताजी का वरण करते हैं। कथा व्यास कहते हैं कि मुख्य बात है कि यदि प्राणी मात्र प्रभु की प्राप्ति चाहते हैंए तब चारों मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार का त्याग करना होगा।

सायंकाल की कथा में श्री राम वन गमन एवं केवट प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य श्री द्वारा बताया गया कि सुमंत को अयोध्या भेजने के बाद श्री राम गंगा तीर पर पहुंचे। जहां उन्होंने केवट से नाव मांगीए पर वह नाव नही लाता हैं। वह कहने लगा मैंने तुम्हारा मर्म ;भेदद्ध जान लिया। तुम्हारे चरण कमलों की धूल के लिए सब लोग कहते हैं कि वह मनुष्य बना देने वाली कोई जड़ी है। इसलिए प्रभु बिना पैर धोए मैं अपनी नाव पर आप को चढ़ने नही दूंगा। कथा व्यास श्रोताओं को आगे बताते हुए कहते हैं एक बार जिनका नाम स्मरण करते ही मनुष्य अपार भवसागर से पार उतर जाते हैं। वही कृपालु श्री रामचन्द्रजी उस पार उतारने के लिए केवट का निहोरा कर रहे हैं। यह प्रभु का केवट के प्रति प्रेम को दर्शाता है। प्रभु श्रीराम ने केवट को पैर धोने की अनुमति दी। तो उसके खुशी का ठिकाना न रहा। उस पार उतारने के बाद जब प्रभु श्रीराम उसे उतराई देने लगे तो उसने कहा हे नाथ आज मैंने क्या नही पाया। मेरे दोषए दु:ख और दरिद्रता की आग बुझ गई। लौटते वक्त आप जो देंगें उसे मैं सहर्ष स्वीकार कर लूंगा। श्री राम जी की आरती की संगीतमयी प्रस्तुति पर कारागार के अधिकारी कर्मचारी बंदीगण एवं समस्त श्रोतागण भाव विभोर हो गये। इस अवसर पर केंद्रीय कारागार के अधीक्षक प्रमोद कुमार शुक्ला , कारापाल बद्री प्रसाद, उपकारापाल , शेष नाथ यादव, जयदीप त्रिवेदी, दीपक कुमार जेलवार्डर सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के लोग भी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### रंजिश में चले लाठी-डंडे, आठ लोग घायल

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के डिलौलिया बांगर गांव में दो पक्षों में मारपीट हो गई है। जिसमें पति पत्नी सहित चार लोग घायल हो गए हैं। थाने में तहरीर दी गई है। गांव निवासी बाबू सिंह पुत्र नंद किशोर ने बताया कि पड़ोसी सुरेश आएदिन गंदगी फैलाता रहता है। मना करने पर आपसी रंजिश के कारण आए दिन बाबू सिंह व उसकी पत्नी पिंकी के साथ गाली गलौज करता है। बुधवार को सुबह जब बाबूसिंह ने सुरेश को गाली गलौज करने से मना किया तो सुरेश, नितेश, आकाश, मंजू और नीरज ने लाठी-डंडे लेकर बाबू सिंह की पिटाई कर दी। बचाने पहुंची उसकी पत्नी पिंकी, साधना और रामबाबू को भी मारपीट कर घायल कर दिया है। वहीं दूसरे पक्ष के नीरज ने बताया कि आपसी रंजिश के कारण नंद किशोर का लड़का परमात्मा, अनूप, श्याम बाबू, पिंकी, गायत्री, लक्ष्मी व अनूप घर पर चढ़ आए और बुरी तरह गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडे से मारपीट कर दी है। जिससे नीरजा, मंजू, सोमवती, आकांक्षा व हरिकिशन बुरी तरह घायल हो गए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया है।

### पोषण पाठशाला का आज होगा आयोजन, लाइव वेब कास्ट वेब लिंक के माध्यम से जुड़ेंगे लाभार्थी: सीडीओ

**कानपुर देहात।** निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0 लखनऊ के निर्देशों की जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडे ने बताया कि जन-मानस एवं लाभार्थियों को आईसीडीएस विभाग की सेवाओं, पोषण प्रबन्धन, कुपोषण से बचाव उपाय एवं पोषण शिक्षा आदि के सम्बन्ध में सचिव महोदया बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार की अध्यक्षता में पोषण पाठशाला का आयोजन दिनांक 30.06.2022 को अपरान्ह 12 से 2 बजे के मध्य किया जायेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य थीम प्रभावी स्तनपान हेतु सही तकनीकी है। इस पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञों द्वारा इस सम्बन्ध में हिन्दी में विस्तार से चर्चा की जायेगी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों व अन्य द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया जायेगा। इस कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट वेब लिंक पर किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जनपद स्तर पर एन.आई.सी. तथा जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर किया जायेगा इस लिंक के माध्यम से कोई भी लाभार्थी आम जन-मानस इस कार्यक्रम से सीधे जुड़ सकता है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने स्मार्टफोन के द्वारा वेब लिंक के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़ेंगी। उक्त कार्यक्रम में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अपने केन्द्र पर पंजीकृत अन्तिम त्रैमास की गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं/ उनके अभिभावक की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी।

### पोषण समिति व कन्वर्जेंस विभागों की डीएम ने की समीक्षा



**फतेहपुर।** जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेंस विभागों की समीक्षा बैठक गांधी सभागार कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के मंशा के अनुरूप बच्चो, गर्भवती, धात्री, किशोरियों महिलाओं को पोषण स्तर में सुधार लाने के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराये जाए और निरंतर निगरानी की जाय। महिलाएं बच्चों को उनके बच्चे के स्वास्थ्य के प्रति सजगता के लिए जागरूक करें। कुपोषित/अतिकुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करके नियमित सुविधाएं उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य में सुधार लाने के साथ ही ई-कवच पोर्टल में भी फीड कराया जाय ताकि उन बच्चों की परस्पर निगरानी किया जा सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सी0डी0पी0ओ0 गण सहित अन्य सम्बंधितगण उपस्थित रहे।

### लापता युवक का शव खेत से बरामद

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नरतौली में बुधवार की सुबह गांव के बाहर खेत किनारे से 38 वर्षीय युवक का हत्यायुक्त शव पुलिस ने बरामद करते हुये विच्छेदन गृह भेजा। जानकारी के अनुसार नरतौली गांव निवासी जगतपाल का धर्मराज मंगलवार की शाम जानवर चराने गया था उसके बाद वह लापता हो गया। काफी देर बीत जाने पर जब वह घर नही पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी लेकिन कोई सुराग नही लगा। आज सुबह धर्मराज का शव गांव के बाहर खेत किनारे से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया है जिसका पंचनामा कर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का भतीजा दिनेश ने हत्या का आशंका जाहिर करते हुये बताया कि उसके चाचा की कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी है। वही पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

### ट्रक ने महिला को रौंदा

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गड़रियनपुरवा में बुधवार की सुबह सड़क पार कर रही 55 वर्षीय महिला को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गड़रियनपुरवा गांव निवासी स्व0 रामकुमार की पत्नी कैलशिया देवी आज सुबह दुकान सामान लेने जा रही थी जब वह सड़क पार करने लगी तो उसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतका के परिजनों में मातम छा गया।

### चाइल्ड लाइन ने होटल-ढाबे में की जांच



**फतेहपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवम बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ के प्राप्त निर्देशो के क्रम में बच्चो में ड्रग्स व मादक पदार्थ कीं लत पर रोक लगाने के संदर्भ में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में थाना एएचटीयू एवम चाइल्डलाइन द्वारा फैक्ट्री एरिया मलवा, होटल, ढाबा एवं बिंदकी में गैरेज, चाय की दुकान एवं बकेवर श्री नारायण होटल पर बाल श्रम निरोधक जागरूकता अभियान चलाया गया। बताया गया कि 18 वर्ष से नीचे के नाबालिक बच्चों को बाल श्रम में न लगाया जाए। साथ ही जो भी कर्मचारी अपने यहां काम पर रखे हैं उनका पूरा रिकॉर्ड आधार सहित रजिस्टर में पंजीकृत करें तथा शिक्षण संस्थान के पास तंबाकू बीड़ी सिगरेट गुटखा तथा शराब न बेचा जाय। ऐसा करने पर धारा 77/78 जे.जे .एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी। इस अभियान के दौरान एएचटीयू थाना प्रभारी अंसार अहमद ने दुकानदारों से बताया कि 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को कोई भी नसीला पदार्थ एवम शराब मत दीजिये अगर देते हुए पाए गए तो आपके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। चाइल्ड लाइन जिला समन्वयक अजय सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार बाल विवाह, बच्चों से भिक्षावृत्ति, बालश्रम, बाल शोषण, बंधुआ मजदूरी अगर कोई दुकानदार बच्चो से काम कराता हुआ मिला तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। यदि कोई अनाथ बच्चा या किसी बच्चे के माता पिता/संरक्षक की मृत्यु 1 मार्च 2020 के बाद हो जाती है तो है तो उसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य का लाभ मिलेगा उसके लिए चाइल्डलाइन 1098 पर सूचना दें।

### ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के बावन इमली के समीप ट्रक की चपेट में आ जाने से 40 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कस्बा के खजुहा निवासी स्व. हरिशंकर का पुत्र राकेश साइकिल से किसी काम से जा रहा था जब वह बावन इमली के समीप पहुंचा उसी समय आ रहे बेकाबू ट्रक ने उसे रौंद दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अजनई में खेतों में काम कर रहे 23 वर्षीय युवक को जहरीले सर्प ने डस लिया जिसे उपचार के लिये अस्पताल ला रहे थे तभी उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार अजनई गांव निवासी गोवर्धन का पुत्र राजेश अपने खेतों में काम कर रहा था उसी दौरान उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। इस बात की जानकारी जब परिजनों को हुई तो तत्काल उसे उपचार के लिये सरकारी एम्बुलेंस से अस्पताल ला रहे थे तभी उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### नहर से किशोर का शव बरामद

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के कोरसम नहर से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने एक लगभग 12 वर्षीय अज्ञात किशोर का शव बरामद किया है। पुलिस ने आस-पास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नही हो सकी है।

# दस्तक अभियान के सफल संचालन पर मंथन

संवाददाता। अमेठी

**मुख्य विकास** अधिकारी डा. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु द्वितीय अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक की गयी। बैठक में सीडीओ ने कहा कि संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, संचारी रोगों की रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय अपनाते हुये व्यापक अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का द्वितीय चरण जनपद में 01 से 31 जुलाई तक चलाया जायेगा। इस अभियान के अन्तर्गत साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जल भराव रोकने तथा शुद्ध पेयजल उपलब्धता पर विशेष जोर दिया जाये। संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पाने के लिये सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करना होगा। सीडीओ ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार से सम्बन्धित रोकथाम एवं नियंत्रण गतिविधियों हेतु जनपद, ब्लाक, तथा पंचायत/ग्राम स्तरों पर


सीडीओ ने की समीक्षा बैठक

विभिन्न विभागों के बीच समन्वय हेतु नोडल का कार्य करेगें, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार केसेज की निगरानी, रोगियों के उपचार की व्यवस्था, रोगियों के नि:शुल्क परिवहन हेतु रोगी वाहन सेवा की व्यवस्था सहित आदि कार्य सुनिश्चित करायेगें। इसी प्रकार नगर पालिका एवं नगर पंचायतों द्वारा स्वच्छता के उपाय, खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरों के रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाये जैसे खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था, शहरी क्षेत्रों में फागिंग किया जाये, नालियों/कचरों की सफाई आदि के कार्य किये जाये। पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम स्तर साफ-सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई तथा घर से जल निकासी हेतु जनजागरण के लिये लोगों को जागरूक किया जाये, ग्राम प्रधान ग्राम स्तर पर इसके नोडल अधिकारी होगें। पंचायती राज विभाग द्वारा जलाशयों एवं नालियों की नियमित सफाई, ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा फण्ड से एण्टीलार्वल छि?काव की व्यवस्था, अपशिष्ट/रूके हुये पानी तथा मच्छरों के प्रजनन की समस्याओं को रोकने के लिये गढ्डों का भराव तथा मकानों के बीच कंकरीट अथवा पक्की ईंटों वाली स?कों का निर्माण, झा?ियों की कांट-छाट आदि के कार्य किये जायेगें। महिला एवं बाल विकास विभाग आंगनबा?ी कार्यकत्रियों के द्वारा अपने क्षेत्र के समस्त कुपोषित तथा अति कुपोषित बच्चों की सूची बनाकर उनको उचित पोषाहार उपलब्ध कराया जाये तथा आवश्यकता होने पर पोषण पुर्नवास केन्द्रो पर भेजा जाये। संचारी रोग तथा दिमागी बुखार हेतु जन जागरण अभियान यथा दस्तक अभियान में स्थानीय ए0एन0एम0 तथा आशा कार्यकत्रियों को सहयोग करते हुये कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान किया जाये। शिक्षा विभाग द्वारा अभिभावकों व शिक्षकों का व्हाट्सऐप ग्रुप बनाकर दिमागी बुखार एवं संचारी रोगों से बचाव एवं रोकथाम तथा सुरक्षित पीने के पानी, शौचालय का प्रयोग आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी जाये। बैठक में सीडीओ ने बताया कि जनपद में व्यापक जनजागरूकता हेतु दस्तक अभियान 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन बीमारियों से बचाव तथा उपचार के सम्बन्ध में जानकारी देगें तथा सभी विभाग अपनी-अपनी गतिविधियों का संचालन करेगें। ब्लाक स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी ग्राम प्रधानों द्वारा किये जाने वाले समस्त कार्यो के लिये नोडल अधिकारियों की भूमिका निभायेगें तथा उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रगति की निरन्तर समीक्षा करेगें। ग्राम प्रधान समुदाय के सदस्यों, वार्ड सदस्य, सामाजिक समूहों के सदस्यों इत्यादि की बैठक सोशल डिस्टेसिंग के प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुये करेगें। इस अभियान के जरिये दिमागी बुखार सम्बन्धित शिक्षा एवं व्यवहार परिवर्तन के संदेश गांव के हर एक घर और परिवार तक पहुॅचाने का हमारा लक्ष्य है। यह जानकारी देनी है कि क्या करना है क्या नहीं करना है ताकि वे समय रहते सही उपाय अपनाने के लिये जागरूक बने। अभियान को प्रभावी बनाने में क्षेत्रीय कार्यकर्ता जैसे आशा, आंगनबा?ी एवं ए0एन0एम0, स्कूल शिक्षक और प्रधान की अहम भूमिका है। इस अभियान में बुखार के रोगियों का निकटवर्ती सरकारी अस्पताल में त्वरित तथा सही उपचार कराये जाने पर विशेष बल दिया जाना है। बैठक में अन्त में सीडीओ ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौपे गये दायित्वों का अक्षरश: निर्वहन करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि न बरती जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सचिन यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम किसान ई केवाईसी कैंप का हुआ आयोजन


कैंप में उपस्थित लाभार्थी किसान

**तिलोई,अमेठी** । तीस जून तक पी एम किसान लाभार्थियों को ई केवाईसी करवाना अनिवार्य है जिन लाभार्थियों की ई केवाईसी नहीं होगी उनके खाते में अगली किस्त नहीं आयेगी।इसी समस्या के निजात के लिए सिंहपुर क्षेत्र के जैतपुर गांव में पीएम किसान ई केवाईसी कैंप का आयोजन किया गया ।पंचायत भवन पर आयोजित इस कैंप में बड़ी संख्या में लाभार्थी किसानों ने ई केवाईसी करवाया।इस मौके पर कृषि विभाग से आत्मा योजना के बीटीएम नीरेश कुमार स्वयं मौजूद रहे। बीटी एम नीरेशकुमार ने पीएम किसान ई केवाईसी में छूटे किसानों की सूची लेकर गांव में घूम घूमकर लाभार्थियों को पंचायत भवन पर बुलाकर ई केवाईसी करवाया। बीटीएम ने बताया कि ई केवाईसी से वंचित सभी लाभार्थी किसानों को ई केवाईसी कराना अनिवार्य है अन्यथा पीएम किसान की अगली किस्त किसानों के खातों में नहीं आयेगी।

## क्विक न्यूज

### आईटीआई गोराबाजार में रोजगार मेला आज

**रायबरेली** । जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार, रायबरेली के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन आईटीआई गोराबाजार के परिसर में 30 जून 2022 को किया जा रहा है। रोजगार मेला में ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल, स्फ़किया एग्रोटेक प्रा0लि0, पुखराज हेल्थ केयर लि0, पंकज इंटरप्राइजेज द्वारा सेल्स रिपैसेन्टेटिव, वेलनेस एडवाइजर, ब्लाक हेड, क्लस्टर हेड, एनजीओ वर्क पद हेतु चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। आयु 18 से 35 वर्ष, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल इंटर स्नातक अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते है। उपरोक्त कंपनियां लगभग 417 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है।मेला में प्रतिभाग करने हेतु विभागीय पोर्टल`मूंलवरंद.नच.दपब.पद (रोजगार मेला आई0डी0 5812) के माध्यम से पंजीकृत अभ्यर्थी लॉगिन करके नियोजकों व कंपनियों में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

### 30 जून को आयोजित होने वाली 'पोषण पाठशाला' स्थगित

**रायबरेली** । बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा जन-मानस एवं लाभार्थियों को विभाग की सेवाओं, पोषण प्रबंधन, कुपोषण से बचाव के उपाय, पोषण शिक्षा आदि के सम्बन्ध में पोषण पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन 30 जून 2022 को अपरान्ह 12 बजे से 02 बजे के मध्य वेब-कॉस्ट लिंक के माध्यम से आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया था। 30 जून 2022 को आयोजित होने वाली पोषण पाठशाला कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी जिला विकास अधिकारी एस0एन0 चौरसिया द्वारा दी गई है।

### ऋण वितरण मेले का आयोजन

**अमेठी** । उपायुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक ने बताया है कि मुख्यमंत्री द्वारा 30 जून को प्रातः 11-00 बजे लखनऊ के इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान में स्वरोजगार संगम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश स्तरीय आन-लाइन ऋण वितरण किया जाएगा। इसके अंतर्गत मिशन रोजगार, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0) और अन्य योजनाओं के अंतर्गत बैंकों द्वारा ऋण का वितरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर की विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं के लाभार्थियों को जिला बैंक प्रबन्धक तथा सभी अग्रणी बैंक के अधिकारियों से समन्वय करके ऋण का वितरण किया जाना है। उपरोक्त के अनुपालन में 30 जून को प्रातः 11-00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में ऋण मेले का आयोजन किया गया है, जिसमें मिशन रोजगार, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0) और अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण वितरण किया जायेगा।

### अधिवक्ता स्व. अविनाश चन्द्र शुक्ल की स्मृति में पुत्र ने बार को दान की उनकी लाइब्रेरी

**अधिवक्ताओं ने स्व. शुक्ल के बड़े भाई व पुत्र को किया सम्मानित**

रायबरेली। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्व0 अविनाश चन्द्र शुक्ल एडवोकेट की लायब्रेरी की पुस्तके उनके पुत्र डा0 अभिषेक शुक्ल ने सेण्ट्रल बार एसोसिएशन को दान कर दी है तथा उनका एक चित्र डिस्ट्रक्ट बार एसोसिएशन व सेण्ट्रल बार एसोसिएशन मे लगाकर माल्यार्पण किया इस परिपेक्ष्य में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की ओर से पूर्व उपाध्यक्ष व सेण्ट्रल बार एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य मिलिंद द्विवेदी एडवोकेट ने डा0 अभिषेक व उनके बड़े भाई गिरीशचन्द्र चन्द्र एडवोकेट को शॉल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेण्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश चन्द्र पाण्डेय, महामंत्री अमरेन्द्र चौधरी, आशीष बाजपेयी, सरोज शुक्ला, रवीन्द्र प्रताप, ओ.पी. सिंह, पूर्व अध्यक्ष अतुल शुक्ला, डी.पी. श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, अतुल समद, रईस अहमद आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



# हत्या के अभियोग में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता। अमेठी

**● अभियुक्तों की निशानदेही पर घटनास्थल से आलाकत्ल 02 अदद बांस की लाठियां बरामद हुई**

**बाजारशुक्ल** पुलिस हत्या के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया है द्ध उ0नि0 अखिलेश गुप्ता थानाध्यक्ष बाजारशुक्ल मय हमराही द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र के दौरान मु0अ0सं0 146/22 धारा 302,201 भादवि में वांछित 02 नफर अभियुक्तों सुशील कुमार शुक्ला उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र गंगा प्रसाद शुक्ला, सुनील कुमार शुक्ला उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र गंगा प्रसाद शुक्ला निवासीगण ग्राम सैदपुर मजरे किशनी थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी को ग्राम सैदपुर से समय करीब 06-05 प्रात: बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों की निशानदेही पर घटनास्थल से आलाकत्ल 02 अदद बांस की लाठियां बरामद हुई । थाना बाजारशुक्ल द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि 06 जून को हमलोग सेवान जंगल में अपनी गाय चरा रहे थे उसी दौरान एक व्यक्ति साइकिल से हमारी गायों के पास आकर एक गाय को हाककर किनारे ले जा रहा था । हम लोग यह देख कर उस व्यक्ति को दौड़ाये तब वह गाय छोड़कर साइकिल लेकर भागने लगा । हम लोगों ने दौड़ाकर उसे लाठी डन्डों से पीटा था । जिससे वह मौके पर जंगल में गिर गया था । जब वह नही उठा तो हम लोगों ने उसे हिलाडुला कर देखा कि वह मर गया है । हम लोग बहुर डर गये थे और लाश को वहीं झाड़ियों में छिपा दिया था ।

# पुलिस के संरक्षण में फल-फूल रहा अवैध कारोबार

संवाददाता। महराजगंज रायबरेली



**जहां एक** तरफ प्रदेश की योगी सरकार खनन माफ़ियाओं पर नकेल कसने के लिए पूर्णत: तत्पर है, और ज़िम्मेदारों को समय समय पर शासन से प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर शासन के निर्देशों का पालन करने को कौन कहे यहां महराजगंज पुलिस द्वारा सारे आदेश और निर्देशों को कथित तौर पर अपनी ऊंची पकड़ तले रौंदा जा रहा है,और खनन माफ़ियाओं को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिसके चलते खनन माफ़िया रात्रि के अंधेरे और दिन के उजाले में भी बे खौफहोकर धरती का सीना छलनी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों अवैध कारोबार का गोरख धंधा तेजी से फ्लफूल रहा है, जानकारों की माने तो अवैध कारोबार करने वालों को पुलिस का वरदहस्त प्राप्त है, जिसके बदले में अवैध कारोबारियों द्वारा भारी भरकम चढ़ावा चढ़ाया जाता है, और बदले में लगातार खनन जैसे अवैध कारोबार को धड़ल्ले से किया जा रहा है, बीती रात्रि कोतवाली से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित महराजगंज बछरावां रोड पर पुलिस की नाक के नीचे जेसीबी मशीन से खनन माफ़ियाओं द्वारा धरती का सीना छलनी किया जा रहा था और डफ्फ़रों से मिट्टी को अन्य जगह पर पहुंचाया जा रहा था जो सिलसिला सुबह तक चलता रहा,जब तक मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचता तब तक कारोबारी भाग खड़े हुए मामले में उच्चाधिकारियों द्वारा सीओ महराजगंज को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, मामले में सीओ रामकिशोर ने बताया कि जांच कि जाएगी जो भी लोग अवैध खनन में संलिप्त होंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी

**अपने बेतुके** व्यवहार और कथित पहुंच का हवाला देकर जनप्रतिनिधियों ग्राम प्रधानों और फरियादियों पर रौब गांठने वाले कोतवाल महराजगंज की कार्यशैली का महराजगंज क्षेत्र सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक चर्चा का विषय बनी हुई है, जानकारों की मानें तो कोतवाल के क्रियाकलापों से थाना स्तर पर भी अंदर खाने में रोष व्याप्त है, एक कार्यक्रम के दौरान ब्लाक प्रांगण में ग्राम प्रधानों द्वारा कोतवाल के बे तुके व्यवहार की शिकायत राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह से भी की जा चुकी है।

# प्लास्टिक पर्यावरण के लिए जहर के समानः एसडीएम

संवाददाता। अमेठी

**शासन की** योजना के अन्तर्गत 29 जून से 23 जुलाई तक सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण पुनर्चक्रण , उसके सम्बन्ध में लगाये प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू कराये जाने के उद्देश्य से वृहद जन जागरूकता अभियान के सफल संचालन के लिए नेहरू युवा केन्द्र अमेठी - नगर पंचायत अमेठी के संयुक्त प्रयास से युवा मण्डल के स्वयं सेवकों , स्थानीय जन समुदाय एवं जल बिरादरी आदि के दल को तहसील प्रांगण से स्वच्छता शपथ कराने के उपरान्त हरी झण्डी दिखाकर उप जिलाधिकारी अमेठी प्रीती तिवारी,उपनिदेशक नेहरू युवा केन्द्र डॉ0 आराधना राज,संयोजक अमेठी जल बिरादरी डॉ0 अर्जुन पाण्डेय,नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी,प्रशासनिक अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह एवं जिला क्रीडाधिकारी विमला सिंह द्वारा रवाना किया गया । उप जिलाधिकारी की उपस्थिति में नगर के व्यापारियों से भारी मात्रा में पॉलिथिन का एकत्रीकरण किया गया,साथ ही यह निर्देशित किया गया कि दोबारा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते पाये जाने पर जुर्माना किया जायेगा । इस अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमेठी के कैम्पस में उपजिलाधिकारी सहित के साथ शामिल सभी अधिकारियों,समाज सेवियों,स्वयं सेवकों द्वारा प्लास्टिक एकत्रित करने का कार्य किया गया। उप जिलाधिकारी प्रीती तिवारी ने कहा कि उत्तर-प्रदेश सरकार के चलाये जा रहे प्लास्टिक मुक्त अभियान को सफल बनाने हेतु लोगों का आवाह्न करते हुये कहा कि सभी को जागरूक होने की जरूरत है। प्लास्टिक पर्यावरण के लिए जहर के समान है । इसके उपयोग से हमें बचने की जरूरत है द्ध पर्यावरणविद् डॉ0 अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि प्लास्टिक कार्बनिक ठोस पदार्थों का एक ब? समूह का नाम है,जो किसी भी प्रकार से प्रकृति में घुल नहीं सकता । डॉ0 आराधना राज ने कहा कि यदि प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध न लगाया गया तो 2050 तक महासागरों में मछलियों की तुलना में प्लास्टिक अधिक हो सकता है,जो चिन्ता का विषय है। नगर पंचायत अध्यक्ष देवी ने कहा कि हमें प्लास्टिक के उपयोग से स्वयं को बचाने की जरूरत है,उन्होंने प्लास्टिक के निर्माण पर रोक लगाने की बात कही । डॉ0 सौरभ सिंह प्रभारी चिकित्साधिकारी अमेठी ने माइक्रो प्लास्टिक से होने वाले खतरे के प्रति आगाह करते हुये कहा कि वह दिन दूर नहीं कि जब प्लास्टिक के उपयोग से होने वाली जानलेवा बीमारियों से जन मानस का जीवन दूभर हो जायेगा। इस अभियान में अन्जू पाल, अनुराग,विकास शुक्ल, शिवशंकर यादव, आसना कायनात, अंजली कौशल, अनिल मौर्य, आशीष मौर्य आदि की सहभागिता सराहनीय रही ।


प्लास्टिक एकत्रीकरण पुनर्चक्रण अभियान की शुरुआत करती हुई एसडीएम

# मुठभेड़ में ईनामी बदमाश को लगी गोली, गिरफ्तार

संवाददाता। सलोन,रायबरेली

**लूट और टप्पेबाजी** की घटना में वांछित अन्तर्राजिया 25 हजार रुपये के वांछित बदमाश और सलोन पुलिस की मंगलवार देर मुठभेड़ हो गई ।दोनो तरफ हुई फायरिंग में एक गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी ।घायल बदमाश को सीएचसी सलोन से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।मंगलवार की देर रात सलोन कोतवाल सजंय त्यागी और एसओजी प्रभारी को सूचना मिली कि एक बदमाश परशदेपुर से डीह सलोन मार्ग की तरफ किसी घटना को अंजाम देने जा रहा है ।पुलिस ने बदमाश को पकड़ने के लिए फौरन फील्डिंग लगा दी ।वही पुलिस को तरकोलवा के पास पुलिस को देखते ही बदमाश ने पुलिस पर तमंचे से फायर झोंक दिया ।इसके बाद पुलिस की जवाबी कार्यवाही में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई ।पुलिस की पूंछतांछ में आरोपी बदमाश ने अपना नाम दीपक कुमार पुत्र देव ठठेरा निवासी छोटी बाजार राम चरन टोला मन्दिर,थाना मसलामी जिला पटना बिहार बताया है ।पुलिस ने घायल बदमाश को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी सलोन सलोन में भर्ती कराया ।यहां से डाक्टर रूपेश जायसवाल ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया ।सीओ सलोन अमित सिंह ने बताया कि कोतवाल सजंय त्यागी और एसओजी की सयुंक्त टीम ने 25हजार के इनमिया बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है ।बदमाश दीपक के पास से एक तमंचा जिंदा कारतूस और टप्पेबाजी की गई आभूषण बरामद हुई है ।अभियुक्त के दो दिन पूर्व लूट के मामले में जेल भेज गए थे।

# कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला में चला व्यापक स्वच्छता अभियान

**तिलोई, अमेठी** । कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला में आज स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी के निर्देशानुसार प्रात: 8 बजे से 9 तक स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया ।जिसके अंतर्गत विद्यालय परिसर, कक्षा- कक्षों, रसोईघर, शौचालय, हैंडपंप के आसपास, एवं पुस्तकालय की सफाई की गई। सफाई कार्य में प्रधान प्रतिनिधि- मोहम्मद अशरफ, प्रधानाध्यापक एवं जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी- धीरेंद्र प्रताप सिंह विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष- शिव देवी एवं शिक्षिकाएं अमिता जायसवाल ,रजिया बानो ,शशि कुमारी सिंह, प्राची श्रीवास्तव, सरिता सिंह, पल्लवी श्रीवास्तव, सुचित्रा सती, प्रभावती- अनुचर एवं समस्त बच्चे सफाई कार्य में संलग्न रहे ।ग्राम प्रधान ताज बानो जी पत्नी मो0 अशरफ जी द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से विद्यालय में सफाई कार्य कराया जा रहा है ।प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया यह सफाई कार्य स्वच्छ विद्यालय, सुन्दर विद्यालय के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह शनिवार को प्रात:8 बजे से 9 बजे तक शिक्षकों व बच्चों द्वारा कराया जायेगा।


विद्यालय में साफ सफाई का कार्य करते हुए शिक्षक व बच्चे

# सरैया नहर में बालिका का मिला शव

**बछरावां रायबरेली** । बछरावां विकासखंड के सरैया मजरे रामपुर की नहर में थुलेण्डी ग्राम सभा की साहिबा बानो पुत्री चांद मोहम्मद उम्र लगभग 12 वर्ष का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका दो दिन पूर्व से ही घर से गायब थी वह मानसिक विक्षिप्त व उसको मिर्गी के दौरे से भी ग्रसित थी। इसके पूर्व में अपनी बहन पर भी हमला कर चुकी थी। वहीं ग्रामीणों ने जब बालिका के शव को देखा तो बछरावां थाने को सूचना दी। सूचना मिलने पर बछरावां थाने की पुलिस में मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# नगर पंचायत बछरावां ने प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के लिए निकाली रैली

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**नगर पंचायत** प्रशासन द्वारा शासन के निर्देशानुसार 29 जून 2022 से 3 जुलाई 2022 तक सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण, पुनर्चक्रण तथा उसके संबंध में लगाए गए प्रतिबंध को प्रभावी तरीके से लागू किए जाने के उद्देश्य से जन जागरूकता अभियान रैली के माध्यम से चलाया गया। यह रैली नगर पंचायत के कूटी मोहल्ले में स्थित उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज से प्रारंभ की गई। जिसमें नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी श्वेता सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, विद्यालय के संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी, वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा, स्कूल के बच्चों व नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा रैली निकालकर बछरावां नगर पंचायत का भ्रमण कर जागरूक किया गया। यह रैली विद्यालय से मुख्य बाजार, सब्जी मंडी होते ही पूरे नगर का भ्रमण करके जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान से भी जागरूक किया गया। वहीं नगर पंचायत बछरावां अधिशासी अधिकारी श्वेता सिंह ने बताया कि अब सार्वजनिक स्थानों, शैक्षणिक, व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं होगा। वही नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक की जगह हम लकड़ी, बांस, मिट्टी, जूट आदि से बनी वस्तुओं का प्रयोग करेंगे। जो प्रकृति को हानि नहीं पहुंचाती है।



# इस हरियाली पर अब दुनाली की जुगाली

**सजनाखोर में खूनी खेल**

- सड़क किनारे इस जमीन को लेकर हो चुकी हैं दो हत्याएं, और खूनी जंग की आशंका
- तीन में एक कथित असली हकदार आजीवन कारावास का सजा काटकर बाहर आ चुका था, फिर उसे एक साजिश के तहत जेल भिजवा दिया गया, ब्लॉक प्रमुख के चुनाव की तरह इस जमीन पर भी हो रहा सियासी खेल

संवाददाता। बस्ती

**बस्ती–महुली** मार्ग के बनकटी ब्लॉक के पास सड़क किनारे की दस बीघा कीमती जमीन खूनी साबित हो रही है। इस जमीन को लेकर अब तक दो हत्याएं हो चुकी हैं, और न जाने कितनों की हत्या होने की आषंका क्षेत्र के लोग जता रहे है। राजनैतिक दखलंदाजी के चलते जिस तरह ब्लॉक प्रमुख के चुनाव को लेकर हाल ही में एक व्यक्ति की हत्या हुई, ठीक उसी तरह इस जमीन में भी जिस तरह राजनैतिक दखलंदाजी हो रही है, उसे देखते हुए अन्य की हत्या होने की आषंका क्षेत्र के लोग जता रहे है। प्रमुखी के चुनाव में तो भाजपा के नेताओं के एक गलत निर्णय की कीमत एक निर्दोष को जान देकर चुकानी पड़ी, कहीं ऐसा न हो कि इस जमीन के मामले में भी भाजपा नेताओं की हस्तक्षेप की कीमत किसी को अपनी जान देकर न चुकानी पड़े। इससे पहले भी प्रमुखी के लिए दो हत्या हो चुकी है। इन तीनों घटनाओं ने क्षेत्र के लोगों को दहषत के साए में जीने को मजबूर कर दिया है। हालत यह है कि ताबड़तोड़ घटनाओं को लेकर क्षेत्र के लोग हमेषा किसी अप्रिय घटना होने की आषंका से सहमे हुएं है, और इस सबके के लिए क्षेत्र की जनता भाजपा के नेताओं को जिम्मेदार मान रही है। इस क्षेत्र में मारपीट और संघर्ष की घटनाएं होना आम बात हो गई है। यही कारण है, कि लालगंज थाने को सबसे अधिक संवेदनषील माना जा रहा है। क्षेत्र के लोग बताते हैं, कि यहां का थाना और चौकी पुलिस की मर्जी से नहीं चलता, बल्कि नेताओं की मर्जी से चलता है।



इसी कीमती जमीन के लिए हो चुकी दो हत्याएं

हम बात कर रहे सजनाखोर के खूनी जमीन की। क्षेत्र के लोग बताते हैं, कि यह जमीन लगभग 10 बीघा है, और इसका अधिकाषं भाग सड़क के किनारे पड़ता हैं, जिसके चलते इस जमीन की कीमत आठ से दस करोड़ की बताई जा रही है। बताते हैं, कि यह जमीन सजनाखोर निवासिनी कथित एक विधवा के नाम थी। इस विधवा की तीन लड़कियां हैं, लड़की की षादी संतकबीरनगर के मेहनिया गांव में हुई। कोई लड़का नहीं है। बताते हैं कि महिला ने उक्त जमीन को अपने तीनों दामाद के नाम लिख दिया। यहीं से इस मामले ने नया मोड़ ले लिया, बताते हैं, कि सजनाखोर निवासी एक व्यक्ति ने अभिलेखों में कथित असली विधवा के स्थान पर उसी नाम के एक कथित महिला को अपनी पत्नी बना लिया, और बाद में उसी कथित महिला को रजिस्टी कार्यालय में खड़ा करके जमीन को दो बेटों के नाम रजिस्टी करवा लिया, बाद जमीन की बिक्री होनी षुरु हो गई। इससे पहले कथित महिला के पति की जमीन को लेकर हत्या हो गई, और उसके बाद एक और व्यक्ति की हत्या हुई। हत्या के मामले में एक दामाद को आजीवन कारावास हुआ। बताते हैं, जिन चार लोगों के नाम सड़क किनारे की जमीन बेचे जाने का दावा किया जा रहा है, उनमें तीन 'भरवलिया' के और एक 'कैथोरा' के निवासी बताए जाते है। कैथोरा वाले का संबध एक दमदार भाजपा नेता से है, और भरवलिया को तो लोग डुमरियागंज के सांसद के गांव के नाम से जानते है। जमीन का दाखिल खारिज भी हो गया। बताया जाता है, कि जैसे ही इन लोगों के द्वारा सड़क किनारे की जमीन पर निर्माण करवाने की नीयत से हैंडपंप लगाना और ईट गिरवाना षुरु किया तो इसी बीच हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहा व्यक्ति सजा पूरी करके वापस आ गया। बताते हैं, कि जब उसने निर्माण का विरोध किया तो यहां पर फिर नेताओं की इंटी हुई, और उस व्यक्ति का चालान करवाकर फिर से उसे जेल भेजवा दिया गया। मंषा तो इन लोगों की जेल में रहने का फायदा उठाकर निर्माण कराने की बताई जा रही है, मगर इनकी मंषा पर उस समय पानी फिर गया जब महिला का दामाद जेल से छूटकर वापस आ गया। हालांकि अभी भी कथित असली और कथित नकली के बीच जमीन के हक को लेकर न्यायालय में लड़ाई चल रही है। मनी, पावर और लालच ने कई लोग अपनों को खो चुके! कई घर उजड़े: क्षेत्र के लोग कहते हैं, कि पावर, मनी और जमीन को लेकर न जाने कितने घर उजड़ गए, कितनी विधवा हो चुकी, कई माताओं की गोदें सूनी हो गई, कई बच्चे अनाथ हो गए, बावजूद लोगों तीनों को मोह नहीं छोड़ा। जबकि सबसे अधिक अपनों को खोने वालों को आर्थिक और राजनैतिक रुप से काफी मजबूत माना जाता है, और इन लोगों की गिनती बड़े लोगों में होती है, ऐसे लोगों के पास इतना धन और संपत्ति हैं, कि इन्हें खुद नहीं मालूम की वह कितने करोड़ों या फिर अरबों के मालिक है। वैसे भी कहा जाता है, कि जिसने भी लालच किया, उसे कुछ न कुछ खोना ही पड़ा। बनकटी क्षेत्र के 'बड़े बाबू साहब' कहलाने वाले ही सबसे अधिक अपनों को खो चुके है। फिर भी यह लोग बीते हुए कल से कोई सबक लेने को तैयार नहीं है। कहा भी जा रहा है, कि सबसे अधिक गुस्सा क्षेत्र के बड़े कहे जाने वाले परिवार के नौजवानों में देखा जा रहा है। कहते है, कि इनके भीतर गलत और सही निर्णय लेने की क्षमता ही नहीं है, और जिसके चलते अप्रिय घटनाएं हो रही है। ऐसे लोगों पर अंकुष लगाए जाने की आवष्यकता क्षेत्र के लोग महसूस कर रहे है।

# विकलांग लेखपाल का 20 दिन में किए तीन ट्रांसफर

- पहली बार बक्सर से कलवारी बार्डर, दूसरी बार बक्सर से बेलाड़ी और तीसरी बार बेलाड़ी से बक्सर भेजा

**बस्ती।** लेखपालों के तबादले के मामले में सदर तहसील प्रषासन सवालों के घेरें में है। जारी तबादले की सूची को देखकर ऐसा लगता कि किसी लेखपाल ने अपनी खुन्नस निकालने के लिए सूची को अंजाम देने में अपनी भूमिका अदा की, वरना ऐसे लेखपाल का तबादला नहीं होता, जिसने अभी तीन साल पूरा ही नहीं किया, और ऐसे विकलागं लेखपाल को मानसिक पीड़ा पहुंचाने के लिए उसका तबादला 20 दिन में तीन बार किया, लेखपाल परेषान हो गया कि आखिर उस जैसे विकलांग लेखपाल के साथ ऐसा क्यों किया जा रहा हैं, जिस लेखपाल के साथ सहानुभूति होनी चाहिए उसके साथ असवेंदषीलता का परिचय दिया गया। हैरान करने वाली बात यह है, कि इस मामले में लेखपालों की नुमाइंदगी करने वाले लेखपाल संघ के पदाधिकारी न जाने क्यों अपने साथी के साथ खड़े नजर नहीं आ रहे है। इसे लेकर पूरे तहसील में चर्चा का विषय बना हुआ है।

तबादला नीति के तहत एक तहसील में अगर कोई लेखपाल दस साल तक कार्य कर चुका है, तो उसे दूसरे तहसील में और अगर तहसील में कोई लेखपाल तीन साल तक एक हल्का में रहा हो उसे तहसील क्षेत्र के दूसरे हल्के में तबादला होना था। इसी के तहत सदर तहसील में भी तीन चरणों में तबादले की सूची जारी हुई। पहले चरण में छह जून को 69 दूसरे चरण में 24 को 43 और तीसरे चरण में एसडीएम के तबादले वाले दिन यानि 25 जून को दो सूची जारी जारी हुई पहली सूची में 17 और दूसरी सूची में चार लेखपालों का नाम था। अब जरा विकलांग लेखपाल जुगुज किषोर श्रीवास्तव के तबादले पर नजर डालिए। इनका पहला तबादला छह जून को हल्का संख्या 164 बक्सर से हल्का संख्यां 187 कलवारी बार्डर पर हुआ। फिर इनका तबादला 24 जून को हल्का संख्या 164 से हल्का संख्या 165 यानि बेलाड़ी हो गया, फिर इनका तबादला 25 को हल्का संख्या 165 से हल्का सख्यां 164 यानि बक्सर कर दिया गया, यानि बक्सर से चले थे और अंत में बक्सर पहुंच गए।

# अब एससीएसटी को भी मिलेगा पीएम आवास योजना का लाभ

- गलती से अगर पात्रता की सूची में ओबीसी का नाम एससीएसटी में अंकित हो गया तो भी मिलेगा आवास

संवाददाता। बस्ती

**भारत** एवं राज्य सरकार ने उन भ्रतियों को दूर कर दिया, जिसके चलते कई पात्र लाभीथर्[यों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। अपर मुख्य सचिव की ओर से जारी षासनादेष में कहा गया है, कि षासन को लगातार यह षिकायत मिल रही है, पात्रता की सूची में उनका नाम तो हैं, मगर जाति बदल दिया गया, जिसके चलते आवास नहीं मिल रहा है। कई जिलों का उदाहरण देते हुए कहा गया कि भारत सरकार ने उन सभी लाभार्थियों को आवास देने का निर्णय लिया है, जिसमें किसी लाभार्थी का नाम सूची में गलती से ओबीसी के स्थान पर एससीएसटी वर्ग का लाभार्थी अंकित हो गया। कहा कि सरकार ने उन सभी लाभार्थियों को आवास देने का निर्णय लिया है, जिसका नाम पात्रता की सूची में हैं, मगर उनकी जाति बदल गई है। सरकार के इस निर्णय से उन लाभार्थियों को आवास मिलने का रास्ता साफ हो गया, जो अभी जाति के कारण बाधा बनी हुई थी। इस आदेष के बाद अधिकारियों को भी अब आवास आंवटित करने में आसानी होगी। इस कड़ी में कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत छरदही के उन दर्जनों लाभार्थियों को आवास मिल सकेगा, जिनका नाम गलती से पात्रता की सूची में एससी या फिर ओबीसी के स्थान पर एससीएसटी अंकित हो गया था। इन लोगों को इस लिए आवास नहीं मिल रहा था, क्यों कि जिले में एससीएसटी की संख्या षून्य है। इसी के चलते छरदही समेत अन्य ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में ओबीसी/एससी अंकित होने के कारण पात्र होने के बावजूद भी उन्हें आवास नहीं मिल पा रहा था। आदेष में कहा गया है, कि सरकार की मंषा आवासविहीन लोगों को आवास देने की है, ऐसे में उन्हें इस लिए वंचित नहीं किया जा सकता, क्यों कि सूची में उनकी जाति गलत अंकित हो गया।

# भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने का किया आह्वान

संवाददाता। बस्ती

**पूर्वांचल विकास** बोर्ड की बैठक मंडलायुक्त सभागार में उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बस्ती मंडल के साथ-साथ पूर्वांचल के आठ मंडल एवं 28 जिलों के समग्र विकास के संबंध में चर्चा की गई। बोर्ड में नामित अलग-अलग जिलों के सदस्यों ने वहां की समस्याओं को रखा। उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कहा कि अधिकारीगण सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को तेजी से लागू करें, आम जनता को योजनाओं का लाभ दिलाएं तथा उनके समस्याओं कागुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होने भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन देने तथा नैतिक स्तर ऊँचा उठाने के लिए अधिकारियों का आह्वान किया।



पूर्वांचल विकास बोर्ड की अध्यक्षता करते नरेंद्र सिंह

उन्होने बताया कि पूर्वांचल विकास बोर्ड में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव तथा पूर्वांचल में स्थित विश्वविद्यालयों के वाइसचांसलर सदस्य है। बोर्ड का उद्देश्य पूर्वांचल के समग्र विकास से संबंधित सुझाव देना है, बोर्ड के अध्यक्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं है। बैठको में प्राप्त सुझावों से शीघ्र ही उन्हें अवगत कराया जायेंगा। बैठक में डीएम प्रियंका निरंजन ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए, उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार की मंशा के अनुरूप विभागीय अधिकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करेंगे। पूर्वांचल विकास बोर्ड के सलाहकार साकेत मिश्रा ने कहा कि पूर्वांचल के विकास के लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करना होगा क्योकि पूर्वांचल के लोग पूरे भारत मे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है। सांसद जय प्रकाश निषाद ने कहा कि आम आदमी के समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को मौके पर जाना होगा। ग्राम स्तरीय कर्मचारी गरीब आदमी का शोषण करते है, जिसके कारण उनकी समस्याओं का निदान नही हो पाता है। एमएलसी (प्रयागराज) के.पी. श्रीवास्तव ने कहा कि विद्युत विभाग में पांच से 15 प्रतिशत लाईनलास अनुमन्य है परन्तु यह बस्ती में 42 प्रतिशत से अधिक है, जिसका वित्तीय भार आमजनता को उठाना होता है। शहरों में फैले तारों के जाल से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होने शहरों में बरसात के दौरान जल भराव का स्थायी हल निकालने का भी सुझाव दिया। बोर्ड के सदस्य राज कुमार शाही (देवरिया) ने कहा कि बोर्ड की पिछली बैठको में जो प्रकरण सदस्यों द्वारा रखे गये उस पर कृत कार्यवाही से उन्हें अवगत कराया जाय। बैठक में विशेष सचिव नियोजन आर.एन.एस. यादव, निदेशक क्षे. नियो. प्रभाग विजय कुमार अग्रवाल, अपर आयुक्त प्रशासन गोरेलाल शुक्ल, संयुक्त विकास आयुक्त पद्मकान्त शुक्ल, अपर निदेशक स्वास्थ्य डा. चन्द्रप्रकाश कश्यप, महेश शुक्ल, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या अमजद अली अंसारी, वरिष्ठ शोध अधिकारी राजेश सिंह लोधी एवं तेजई प्रसाद तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# राप्ती खतरे के निशान से पार

- जिलाधिकारी ने राहत और बचाव कार्य की तैयारियों के दिये निर्देश

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया कि राप्ती नदी का जलस्तर घट.बढ़ रहा है। राप्ती बैराज लक्ष्मनपुर में खतरे का निशान 127ण्70 सेंटीमीटर है। बुधवार को राप्ती का जलस्तर 128.30 सेंटीमीटर पर पाया गया जो कि खतरे के निशान से 60 सेंटीमीटर अधिक है। फिर भी नदी के घटते.बढ़ते जल स्तर पर निगरानी रखी जा रही है। जिलाधिकारी ने सभी बाढ़ चौकी प्रभारियों एवं चौकी पर तैनात अधिकारियोंध्कर्मचारियों को सक्रिय रहने का निर्देश दिया है। इसके अलावा सभी नोडल अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी भी अपने क्षेत्रों में निगरानी रखे जाने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी ने राहत एवं बचाव कार्य से जुड़े सभी सम्बंधित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को दिया निर्देश कि सम्भावित बाढ़ के मद्देनजर राहत एवं बचाव कार्य के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाय। सम्भावित बाढ़ वाले गाँवो के निवासियों से सीधा संवाद रखा जाय। उन्होने यह भी बताया कि जनपद स्तर पर बाढ़ आपदा के बेहतर प्रबन्धन एवं सूचनाओं के त्वरित सम्प्रेषण हेतु बाढ़ कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इस कन्ट्रोलरूम का दूरभाष नम्बर 8429321551 एवं 7395045570 है यह कन्ट्रोल रूम अनवरत क्रियाशील रहेगा।



# डीएम-एसपी ने जनपदवासियों से की अपील, भावनाओं पर रखें नियंत्रण

- अराजकता फैलाने वालों को चिन्हित कर होगी कड़ी कार्रवाईः एसपी

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी श्रीमती** दिव्या मित्तल ने जनपदवासियों से जनपद में आपसी भाई-चारे, अमन-चौन एवं सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रखने की अपील करते हुए कहा है कि सम्मानित जनपदवासी आगामी त्योहारो को जनपद के परम्परागत गंगा-जमुनी तहजीब के वातावरण में एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए मनावे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया जैसे-व्हाटसएप, फेसबुक आदि पर पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणीयों से बचें, एवं इस प्रकार के कॉन्टेन्ट को फारवर्ड न करें। उन्होंने कहा कि अपने गॉव, मोहल्ले और क्षेत्र में शांति स्थापित करने में सहयोग करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनपद में किसी भी तरह की अराजकता फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी, पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैदी के साथ सभी गतिविधियों पर नजर बनाये हुए है। उन्होंने कहा कि जनपद में आगामी 31 जुलाई 2022 तक धारा-144 लागू है, जिसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में जनपद में धारा 144 लागू है, किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन इत्यादि पर रोक है, सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी की जा रही है। किसी भी भ्रामक/उत्तेजक खबर को प्रसारित ना करें। कहीं भी भीड़ का हिस्सा ना बनें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। किसी भी अवांछित गतिविध में संलिप्त पाये जाने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## जिले के छह कानूनगो बने नायब तहसीलदार

**बस्ती।** जिले के छह कानूनगो को नायबतहसीलदार के पद पर पदोन्नति हुई है। इसके साथ जिले को छह नये नायब तहसीलदार मिले है। जारी सूची में राघवेंद्र कुमार पांडेय एवं महबूब आलम को सिद्धार्थनगर, राम सूरज, जीवेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं देवेंद्र कुमार यादव को गोरखपुर और राजेष कुमार मिश्र को संतकबीरनगर तबादला किया गया। इसी तरह जिले को जो नए एनटी मिले उनमें वीरबहादुर एवं घनष्याम षुक्ल गोरखपुर से बस्ती, कृष्ण मोहन यादव कुषीनगर से बस्ती, नीरज कुमार सिंह जौनपुर से बस्ती एवं लक्ष्मी वर्मा कुषीनगर से बस्ती भेजी गई है।

# बैकों में लम्बित आवेदन पत्रों का करें समय से निस्तारण



**संतकबीरनगर।** अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैंको की जिला परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मे सम्पन्न हुयी। बैठक में वर्ष 2021-22 की सभी बैंक की प्रगति की समीक्षा की गयी। अपर जिलाधिकारी ने पिछले साल प्राथमिकता क्षेत्र ऋण मे हुयी प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिक दिनो से लंबित आवेदन पत्रो पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने सभी बैंको को इस साल कम से कम 60 प्रतिशत ऋण जमा अनुपात का लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर रिजर्व बैंक के एजीएम भीम चौधरी, लीड बैंक मैनेजर दिवाकर पाण्डेय, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र राजकुमार शर्मा, डीडीएम नाबार्ड, अनुपम शर्मा ,उप प्रबंधक सहित सभी बैंको के जिला समन्वयक आदि उपस्थित रहे।

# जिला जज ने डीएम के साथ बाल आश्रम का किया निरीक्षण

संवाददाता। संतकबीरनगर

**अध्यक्ष किशोर** न्याय समिति उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के अनुसार जिले में स्थित बाल संरक्षण गृह, बाल संप्रेक्षण गृह, शिशु सदन एवम् महिला शरणालय का जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा माह जून में संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जनपद न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिकेश कुमार द्वारा आज अपरान्ह में जिले के एक मात्र बाल आश्रम (कबीर बाल आश्रम) का संयुक्त निरीक्षण किया गया। साथ में ही जेल में शिखा रानी जायसवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी डा स्वेता त्रिपाठी उपस्थित रहीं। जनपद में कोई भी शिशु सदन, बाल संप्रेक्षण गृह एवं महिला शरणालय संचालित नहीं है। निरीक्षण के समय आश्रम में कबीर मठ के महन्त विचार दास, अधीक्षक पारसनाथ, शिक्षक रामबदन एवम् रसोइया काजल उपस्थित मिले। वर्तमान में आश्रम में मात्र 06 बालक, आनन्द, अभिषेक, शिव शंकर, चंदन, श्रवण उर्फ शाहरुख और सचिन आवासित हैं। आनन्द, शिवशंकर, अभिषेक एवं चंदन स्कूल जाते हैं। श्रवण कुमार उर्फ शाहरूख मंदबुद्धि है तथा सचिन दिव्यांग (मूक बधिर) हैं। वर्तमान में बालक श्रवण का स्वास्थय ठीक नहीं है जिसके उपचार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आश्रम में बालक बाल कल्याण समिति की संस्तुति पर रखे जाते हैं तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाता है। आश्रम में बालकों के रहने के लिए छः बड़े कमरे एवम् हॉल है तथा रसोई पृथक से है। बच्चों के स्कूल जाने के लिये साइकिल है। अधीक्षक द्वारा बताया गया कि आश्रम को कोई सरकारी वित्तीय सहायता नहीं प्राप्त होती है,सारी व्यस्था कबीर मठ मगहर द्वारा की जाती है। जब कोई बालक आश्रम से बाहर जाते तो उसकी प्रविष्ठियां आवागमन पंजिका में कितने जाने का निर्देश दिया गया। उक्त जानकारी जिला प्राधिकरण के सचिव/न्यायिक अधिकारी हरिकेश कुमार द्वारा दी गई।



जानकारी लेते जनपद न्यायाधीश

# पालिथीन है पूरी तरह प्रतिबंधित पालिका प्रशासन ने किया जागरूक

- ईओ सुरेश कुमार ने दिलाई शपथ जगह-जगह सफाईकर्मियों ने उठाई पालिथीन



जागरूकता रैली निकालते नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारी

**संतकबीरनगर।** शासन के आदेश के क्रम में बुधवार को नगर पालिका खलीलाबाद के अधिकारी व कर्मचारियों ने मौसम खराब होने के बाद भी आम जनमानस को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकालकर सभी को जागरूक किया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पालिथीन का प्रयोग न करें। ई0ओ0 खलीलाबाद सुरेश कुमार मौर्या समस्त अधीनस्थ कर्मियों के साथ खलीलाबाद नगर पालिका से जागरूकता रैली निकालते हुए बरदहिया बाजार, मुखलिसपुर तिराहा, गोला बाजार सहित जागरूक करते हुए कार्यालय पर रैली समाप्त हुई तदोपरान्त ईओ खलीलाबाद सुरेश कुमार ने पालिथीन प्रयोग न करने की शपथ दिलाई। जागरूकता रैली के दौरान सफाई कर्मियों ने जगह-जगह सड़को से पन्नी को उठाकर एकत्रित किये। ईओ खलीलाबाद ने नगर पालिका के निवासियों से अपील के साथ चेतावनी भी दिया है कि पालिथीन के प्रयोग से बचे तथा दूसरे को भी जागरूक करें। इस दौरान गोला चौकी इंचार्ज वीरेन्द्र मिश्र, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक पंकज द्विवेदी, लिपिक गोरख यादव, राधेश्याम, महेन्द्र कुमार, इमरान, अच्छू, पंकज, उमेश सहित सफाई नायक के अलावा सफाई कर्मी शामिल रहे।

# कुआनो नदी में डूबने से तीन युवकों की हुई मौत

**संतकबीरनगर।** थाना महुली अंतर्गत ग्राम सांखी के पास कुआनो नदी में नहाने के दौरान 03 बच्चों के डूबने के संबंध में बुधवार को पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा विधायक धनघटा गणेश चन्द्र चौहान व पुलिस / प्रशासनिक अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर वस्तु स्थिति की जानकारी की गई। इस दौरान पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर वार्ता कर उनसे घटना की जानकारी ली गई व उन्हें सांत्वना दिया गया। सांखी पुल के पास नदी में नहाने क दौरान 03 बच्चे क्रमशः चंदन पुत्र अयोध्या, अनुराग उर्फ छोटू पुत्र अयोध्या निवासीगण साखी थाना महुली, प्रिंस पुत्र डब्लू राय निवासी कौड़ीराम धनौड़ा थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर डूब गए थे, जिनकी तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम, पीएसी गोताखोर की टीम को लगाया गया था, राहत बचाव टीम द्वारा चलाये गये सर्च आपरेशन के दौरान सतत प्रयास करते हुए तीनों बच्चों के शवों को बाहर निकाल लिया गया है। इस दौरान उपजिलाधिकारी धनघटा, क्षेत्राधिकारी घनघटा, तहसीलदार धनघटा, प्रभारी निरीक्षक थाना महुली, चौकी प्रभारी काली जगदीशपुर उपस्थित रहे ।

# मौदहा व नौरंगा के एमओआईसी को डीएम ने दी प्रतिकूल प्रविष्टि

**● स्पष्टीकरण का जवाब ने देने पर बेहद नाराज**

संवाददाता। हमीरपुर

**जिला स्वास्थ्य** समिति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमे नौरंगा व मौदहा सीएचसी की बार बार स्पष्ट निर्देशो के बावजूद विभागीय कार्यों में शिथिलता बरतने पर तथा स्पष्टीकरण का जवाब न देने पर जिलाधिकारी ने एमओआईसी नौरंगा व मौदहा को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं में एनीमिया न हो इसके लिए नियमित रूप से आयरन की दवाई दी जाए । बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाए। कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनस्वास्थ्य के कार्यों ध्विभाग के स्वास्थ संबंधी विभिन्न योजनाओं में तेजी लाई जाए । गर्भवती महिलाओं ,बच्चों के टीकाकरण आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए, नियमित टीकाकरण से वंचित छोटे बच्चों , गर्भवती महिलाओं को शीघ्र टीकाकरण किया जाए , कहा कि कोई भी नियमित टीकाकरण से वंचित नहीं होना चाहिए, डिलीवरी होने के बाद उन्हें टीके की जीरो डोज अवश्य दी जाए। आशा ,आंगनवाड़ी कार्यकत्री,एएनएम एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के नियमित रूप से समयबद्ध ढंग से भुगतान किया जाय , इसमें अनावश्यक देरी नही की जानी चाहिए, स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का समय से भुगतान किया जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों को समयबद्ध ढंग से योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए इसमें अनावश्यक पेंडेंसी नहीं रहनी चाहिए । कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पोर्टल पर लाभार्थियों का डाटा समय से फीड कराया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी मथुरा प्रसाद मिश्र, पीडी साधना दीक्षित, सीएमओ डॉ एके रावत, एसीएमओ डॉ पीके सिंह, सीएमएस पुरूष अस्पताल , सीएमएस महिला अस्पताल डॉ फौजिया अंजुम नोमानी, डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ,समस्त एमओआईसी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# शांति कमेटी की बैठक में अमन चैन बनाये रखने को कहा



बैठक में भाग लेते पुलिस अधिकारी

**मौदहा ( हमीरपुर )।** कल राजस्थान की घटना को लेकर पुलिस ने आज शांति कमेटी की बैठकर बुलाकर अमन चौन बनाये रखने को कहा। कल देर शाम राजस्थान के उदयपुर में घटी एक घटना को लेकर जहां पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी है तो वहीं दूसरी ओर जनपद के सबसे अति संवेदनशील कस्बा मौदहा में कोतवाल परिसर में क्षेत्राधिकारी विवेक यादव की अध्यक्षता में एक मीटिंग बुलाई गई, जिसमें कस्बे के अधिकांश हिंदू संगठनों के नेताओं ने प्रतिभाग कर अपने वक्तव्य रखे और इस कायरता भरे काम करने वाले दोनों युवकों को पकड़कर बीच चौराहे पर लोगों के समक्ष फांसी देने की मांग की है।जिस पर कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पटेल ने सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और कस्बे में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने की बात कही। इस दौरान बैठक में भाजपा नेता आकाश त्रिपाठी,बसंत सोनी, शिवसेना प्रदेश उपप्रमुख रतन ब्रह्माचारी, विश्व हिन्दू परिषद के राजनारायण गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मामूली मानदेय पाने वाले संविदा कर्मियों को जिले में किया जायेगा इधर उधर

**हमीरपुर।** जिले में पहली मर्तवा बेसिक शिक्षा विभाग में मामूली मानदेय पाने वाले तीन साल पूरे कर चुके संविदा कर्मियों का जिले में तवादला करने का निर्देश राज्य परियोजना निदेशक ने दिया है,इस आदेश से संविदा कर्मियो में हड़कंप मचा है। जिले में सात सहायक लेखाकार,सात कम्प्यूटर आपरेटर है जिनकी भर्ती आउटसोर्सिंग से हुई है इनका बेतन 11 व बारह हजार के मध्य बताया जाता है। इसी प्रकार जिले में सात ब्लाक एमआईएस कोआर्डिनेटर व सात क्वालिटी कोआर्डिनेटर की नियुक्ति होनी है दो साल से लिखा पढ़ी चल रही है मगर उनकी भर्ती आउटसोर्सिंग से नही हो पा रही है इनका मानदेय सोलह सोलह हजार रुपये बताया जाता है। संविदा कर्मियो का कहना है कि ग्यारह व बारह हजार रुपये मानदेय मिलने पर वह दूसरे व्लाक में अपने परिवार का जीविकोपार्जन नही कर सकते है। वही परियोजना निदेशक ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा है कि यह प्रक्रिया तीस जून तक पूरी कर दो जुलाई तक उन्हे सूचना उपलब्ध करायी जाये।

## क्विक न्यूज

### पानी के लिये चल रहा अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में पेयजल की समस्या को लेकर शुरू किए गए अनशन का तीसरे दिन भी कस्बे के युवाओं ने अनशन जारी रखा समर्थन के लिए भी कई संगठनों के लोग अनशन स्थल पर पहुंचे और पानी की मांग की मुहिम को अपना समर्थन दिया वही जल संस्थान व जल निगम के अधिकारी आज भी कस्बे के कई स्थानों में नलकूप लगाने के लिए स्थान की तलाश करते रहे। कल अनशन में याकूब गड्डी के अतिरिक्त तैयब वारसी पहलवान बाबू खान मुख्य रूप से थे वही आज मनीष गुप्ता ब्रज नरेश सूर्यवंशी पंडित व उनके समर्थन में रजा मोहम्मद मोहम्मद जाकिर शेरू बाबू व कांग्रेस के शफकतउल्ला राजू आसाराम आदि थे।

### राजस्थान घटना को लेकर शिवसेना ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



**मौदहा (हमीरपुर)।** राजस्थान के उदयपुर में हुई घटना को लेकर शिवसेना के प्रदेश उपप्रमुख रतन ब्रह्मचारी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार दिवाकर मिश्रा को दिया पीडित कन्हैया के परिजनों की सुरक्षा सहित इस संबंध में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है कथा बैठक कर घटना पर शोक व्यक्त किया और घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की इस अवसर पर अशोक कुमार तिवारी आशुतोष शुक्ला संतराम सोनकर सूर्यभान गुप्ता रामलाल पतंगा आदि लोग मौजूद रहे स्थानीय हिंदू संगठन के पदाधिकारियों के साथ क्षेत्राधिकारी विवेक यादव व कोतवाल पवन कुमार पटेल ने बैठक कर कस्बे में शांति कायम करने की अपील की।

### आटो रिक्शा यूनियन ने वाहन चलाने की अनुमति देने को कहा

**मौदहा(हमीरपुर)।** हाईवे मे हुई सड़क दुर्घटना के बाद पुलिस द्वारा आटो व ई रिक्शा के अंकुश पर आज आटो रिक्शा यूनियन ने उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह को एक ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि वे लोग आटो रिक्शा चलाना बंद कर देंगे तो उनका परिवार भूखों मरने की कगार पर पहुंच जाएगा। इस वजह से उन्हें यातायात गाइडलाइंस का पालन करते हुए आटो रिक्शा चलाने की अनुमति दी जाए।ज्ञापन देने वालों में जितेंद्र सिंह, बब्लू,नम्मू, कल्लू,राजू यादव,जमील खान सहित लगभग एक दर्जन आटो चालक मौजूद रहे।

### भू-जल योजना में 76 गांव चयनित: डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने अटल भू-जल योजना की बैठक में कहा कि जिले के 76 गांव को योजना में लिया गया है। भूगर्भ जल विभाग (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग) जल शक्ति मंत्रालय प्रदेश में भारत सरकार चला रही है। जिलाधिकारी ने कलेक्टेªट सभागार में बुधवार को बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि 76 गांव में योजना वाटर रिर्सोसेज का काम कर रही है। विभागीय लोगों से कहा कि गांवों में जाकर जहां पानी की समस्या है, वहां अध्ययन करें। स्प्रिंकलर बांटने से समस्या का हल नहीं होगा। चेकडैम बनाकर वाटर लेबिल ऊपर आ सकता है। तालमेल बनाकर कार्य करने से सफलता मिलेगी। उन्होंने वर्षा जल संचयन भूगर्भ जल संरक्षण को प्रोत्साहित कर जनसामान्य को जागरूक करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि अन्य विभागों से बातचीत कर तालमेल बनायें। फंडिंग की व्यवस्था कहां से होगी। 76 गांवों के जीपीएस जानकारी प्राप्त करें। योजना में छह विभाग बैठकर कार्य करें। तभी 76 गांव की सही ढंग से जानकारी हो सकेगी। 145 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई स्प्रिंकलर से होगी तो बहुत महंगी पड सकती है। इस बैठक में उद्यान अधिकारी डॉ बलदेव, हाइड्रोलिक भूगर्भ जल विभाग चित्रकूट धाम बांदा के अक्षय कुमार, कृषि उपनिदेशक बालगोविन्द यादव आदि मौजूद रहे।

### नमामि गंगे योजना में डाली गयी पाइप लाइन चंद दिनों में हुई धड़ाम



**जालौन (उरई)।** नमामि गंगे योजना के तहत गांव में डाली गई पाइप लाइन लीकेज है। लगभग एक हफ्ते पहले शुरू की गई पाइप लाइन से पानी बह रह है। लेकिन कोई सुध नहीं ले रहा है। ग्रामीण ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। नमामि गंगे योजना के तहत क्षेत्रीय ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में पानी की पाइप लाइन डाली गई है। बोरिंग चालू होन के साथ ही पानी की सप्लाई भी गांव में शुरू कर दी गई है। गांव में जो पाइप लाइन डाली गई है। वह पाइप लाइन लीकेज है। पाइप लाइन लीकेज होने से गांव में सड़कों पर एक हफ्ते से पानी बह रहा है। सोहन सिंह के मकान के सामने लीकेज पाइप लाइन से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बह रहा है। एक ओर सरकार जल संरक्षण पर जोर दे रही है। दूसरी ओर लीकेज लाइन से हजारों लीटर प्रतिदिन पानी सड़कों पर बहकर बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने ठेकेदार से मिलकर लीकेज पाइप लाइन को दुरूस्त करने के लिए भी कहा लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अबकी ग्रामीण गजेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए लिखा कि जल संरक्षण के लिए सरकार करोड़ों रुपये लोगों को जागरूक करने के लिए व्यय कर रही है। लेकिन सरकार के नुमाइंदे ही जल की बर्बादी को नहीं रोक पा रहे हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि प्रतिदिन हजारों लीटर हो रही पानी की बर्बादी को रोकने के लिए पाइप लाइन को अतिशीघ्र दुरुस्त कराया जाए।

### प्राइवेट बस चालक ने बाइक सवारों को रौंदा, दोनों की मौत



मृतकों के शव ले जाती एम्बुलेंस

**माधौगढ़ (जालौन)।** माधौगढ़ कोतवाली के बंगरा मिहोना मार्ग पर बाइक सवार दंपत्ति को प्राइवेट बस ने सीधी टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सीओ, इंस्पेक्टर और चौकी इंचार्ज घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक दंपती के शवों को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। वहीं बस को पकड़ कर खड़ा करवा लिया गया है लेकिन चालक भाग गया। मप्र के सुंदरपुरा बड़ोखरी के निवासी केशव सिंह (45) पुत्र मुन्नीलाल अपनी पत्नी सुमन (42) के साथ बंगरा से गांव की ओर जा रहे थे। तभी गड़ेरना मोड़ के पास मप्र के मिहोना से आ रही प्राइवेट बस ने सामने से टक्कर मार दी। हादसा इतना भयंकर हुआ कि बाइक बस के इंजन में फंस गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सीओ आलोक सक्सेना, इंस्पेक्टर अजय कुमार अवस्थी और चौकी इंचार्ज सुनील कुमार मौके पर पहुंचे। शवों को बाहर निकलवा कर एम्बुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। बस को पकड़ लिया गया लेकिन चालक फरार हो गया है।

### भदारी में करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**कोंच (जालौन)।** ग्राम भदारी में करंट से चिपक कर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो जाने की घटना सामने आई है। कोंच-उरई मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम भदारी संपर्क मार्ग पर तोताराम महाराज की समाधि स्थल के समीप विधुत आपूर्ति हेतु ट्रांसफार्मर रखा हुआ है।गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे उक्त ट्रांसफार्मर के चबूतरे में करंट उतर आया जिसके चलते वहां विचरण कर रही मोर करंट से चिपक कर मौके पर ही मर गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिवम पटेल पिंटू ने इसकी सूचना वन विभाग को दी जिसके बाद वन दरोगा खुशीराम व राकेश मौके पर पहुंचे और मरी मोर को घुसिया के समीप स्थित नर्सरी में गड्ढा खोदकर दफना दिया।

### झमाझम बारिश होने से किसानों के मुर्झाये चेहरे खिले



**कोंच (जालौन)।** भीषण उमस और गर्मी से दो दो हाथ कर रहे लोगों को उस वक्त राहत सी महसूस हुई जब उमड़ घुमड़ कर आये बादलों ने झमाझम बारिश शुरू कर दी जिसके चलते नाले नालियां और रास्ते एक हो गए, लेकिन जब बरस कर बदरा निकल गए तो लोगों को ऐसा लगा जैसे उन्हें किसी ने तपती भट्ठी में झोंक दिया हो। घंटों से गुल बिजली ने तो कोढ में खाज जैसा काम किया। हालांकि यह स्थिति कुछ देर ही रही क्योंकि थोड़ी ही देर बाद बारिश फिर से जब शुरू हुई तो ऐसी मूसलाधार हुई कि सब कुछ पानी पानी हो गया। इसके इतर किसानों के चेहरे जरूर खिल गए, इस बारिश ने खरीफकी बुबाई की उम्मीद किसानों में भर दी है। पिछले कुछ दिनों से उमस भरी गर्मी ने नागरिकों को हलकान करके रख दिया था। गुजरे दो-तीन दिनों से भीषण उमस में लोग बुरी तरह बिलबिला रहे थे, लेकिन बुधवार की शाम अचानक आसमान बादलों से घिर गया और देखते ही देखते मूसलाधार बारिश शुरू हो गई जिससे लोगों को काफी राहत महसूस हुई। इस बारिश ने नाले नालियों से लेकर सड़कों तक सब कुछ एक कर के रख दिया जिसके चलते आवागमन भी काफी देर तक बाधित रहा। हालांकि यह कमोवेश पहली ठीक-ठाक बारिश थी जो कुछ ही देर तक रही और जब रुकी तो धरती से उठने बाले भभके ने लोगों का बुरा हाल करके रख दिया। रही सही कसर बिजली ने दूर कर दी, बिजली घंटों गुल रही जिसके चलते लोगों की हालत पतली कर के रख दी।

# कल से शुरू होगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान: डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा इसके साथ ही 16 जुलाई से 31 जुलाई तक घर घर जाकर दस्तक अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत शिक्षा विभाग, पंचायती राज, महिला एवं बाल कल्याण, ग्राम्य विकास, पशुपालन, जल निगम, नगर निकाय, कृषि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर निरोधात्मक कार्यवाहियां की जानी है वही जन जागरूकता बढ़ाने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जाना है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को



निर्देश देते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल

निर्देश दिए कि प्रतिदिन विद्यालयों में प्रार्थना के समय बच्चों को साफसफाई एवं संचारी रोग से बचाव के प्रति जानकारी अवश्य दी जाए ताकि बच्चे स्वयं और अपने अभिभावकों को भी जागरूक कर सके, उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए की वन पेजर पंपलेट संचारी रोग से बचाव के प्रति तैयार कर शिक्षा विभाग को उपलब्ध करा दिया जाए ताकि बच्चों को जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए की साफ-सफाई गांव में अच्छी कराई जाए जहां गड्ढे हैं वहां पर जलभराव का निस्तारण कराएं इंडिया मार्का हैंड पंप तथा उनके प्लेटफार्म की मरम्मत भी कराई जाए नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोस्टर बनाकर फागिंग का कार्य किया जाए। नालियों की साफ-सफाई कचरा का निस्तारण असुरक्षित जल स्रोतों का चिन्हीकरण किया जाए जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित कर एंटी लारवा का छिड़काव किया जाए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूपों पेयजल स्रोतों का नियमित क्लोरिनेशन व नलकूपों का क्लोरीन डोजर सुचारू रूप से संचालित किया जाए वाटर लीकेज पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि पानी दूषित न हो। जिलाधिकारी ने जल निगम तथा जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए इस शहर में बने ओवरहेड टैंक की नियमित साफ-सफाई टंकियों में एयरटाइट ढक्कन साथ ही साथ पाइपलाइन बिछाते समय गड्ढों को तुरंत बंद करवा दिया जाए। ताकि बारिश में जलभराव न हो सके खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराएं कम बोर वाले/ दूषित जल स्रोत वाले हैंडपंपों पर जनमानस की निर्भरता कम से कम हो, निमित्त रूप से वाटर सप्लाई पाइप लीकेज का सर्वेक्षण एवं पानी के विसंक्रमण का अनुश्रवण नियमित रूप से किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बुखार एवं दिमागी बुखार के मरीजों के उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता बनी रहे, मलेरिया के रोगियों की जांच अधिक से अधिक मलेरिया किट द्वारा किया जाए।

# पुलिस ने प्रधान पति समेत तीन के खिलाफ छेड़खानी व एससीएसटी की रिपोर्ट लिखी

**कुरारा ( हमीरपुर )।** थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी महिला द्वारा पशु पड़ोसी के घर में चले जाने पर दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने व बुरी नीयत से पकड़ कर कपड़े फाड़ देने के आरोप में पुलिस ने प्रधान पति सहित तीन लोगों के खिलाफ तहरीर थाने में दी है। वही पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छेड़खानी सहित एससीएसटी व गाली गलौज मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी दलित महिला मुन्नी देवी खटीक पत्नी लल्लू खटिक ने थाने में बताया कि 27 अप्रैल 22 को अपने पशु लेकर खेत से घर आई थी। जिसमे मेरा एक पशु पड़ोसी संतोष के घर चला गया तो सन्तोष व उसका भाई जितेंद्र तथा उनके साथ ग्राम प्रधान पति ललित मोहन शिवहरे मेरे चबूतरे पर चढ़कर आये तथा गाली गलौज करने लगे। तब प्रधान पति ललित मोहन ने ललकारा जाति सूचक गालियां देते हुए दोनो से जान से मार डालने को कहा। तब सन्तोष ने मुझे बुरी नीयत से पकड़ कर छेड़खानी की तथा मेरे कपड़े फाड़ दिए। तीनो ने एक राय होकर मारपीट की जिससे मेरे चोट आई। दूसरे दिन 28 अप्रैल को थाने में तहरीर दी लेकिन पुलिसने कोई कार्यवाहीं नहींकी। तब मैंने चोट का परीक्षण कराया। पीड़ित महिला न्याय के लिए दो दिन से जिला मुख्यालय में अनशन पर बैठी रही।उच्च अधिकारियों के आदेश पर आज थाना पुलिस ने झलोखर गांव निवासी प्रधान पति ललित मोहन शिवहरे पुत्र रामप्रकाश शिवहरे, संतोष कुमार व जितेंद पुत्र गण राम नरायन खटिक के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट करने, व एससीएस टी के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है।

# बीज विधायन संयंत्र व बीज गोदाम निर्माण को किसानों का प्रशिक्षण सम्पन्न

संवाददाता। चित्रकूट

**उप निदेशक** कृषि बाल गोविंद यादव ने बताया कि मंगलवार को ग्राम पंचायत नांदिन कुर्मियान विकास खण्ड रामनगर में स्थित देव बाबा बायो एनर्जी बायो फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी जिसको कृषि विभाग द्वारा ( दृष्टि योजना ) के अन्तर्गत बीज विधायन संयंत्र एवं बीज गोदाम निर्माण के लिए 100 प्रतिशत अनुदान दिया गया था का प्रशिक्षण मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी , उप कृषि निदेशक बाल गोविन्द यादव , जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल, जिला उद्यान अधिकारी बल्देव प्रसाद , एवं जिले के एफपी.ओ. कर्बी आर्गेनिक , पहाड़ी मसूर , मऊ मण्डाओ , मानिकपुर आयल सीड एवं टी.एस.यू. तकनीकि सहायक सलाहकार एवं किसानों की उपस्थिति में किया गया ।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस बीज विधायन संयंत्र का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता के बीज प्रसंस्कृत करवा कर किसानों की आय व एफपी.ओ. की आय को बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र दलहन तिलहन एवं मोटे आनाजों का है यही इस क्षेत्र की



लाभार्थी को बीज प्रसंस्करण इकाई का प्रमाण पत्र सौपते मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी साथ में उप कृषि निदेशक बाल गोविन्द यादव

शक्ति है जिसका इस्तेमाल कर किसान अत्यधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि बड़े शहरों व विदेशों में मोटे आनाजों की मांग अत्यधिक तेजी बढ़ रही है इस अवसर का लाभ उठाकर किसान कई गुना लाभ प्राप्त कर सकते हैं । एफपी.ओ. के किसान संगठित रूप से मोटे आनाजों जैसे ज्वार , बाजरा , रागी , सांया , कोदो , काकुन का उत्पादन प्रसंस्करण व पैकेजिंग करके बाजार में बेच कर कई गुना लाभ प्राप्त किया जा सकता है । जिससे कृषक समुदाय की आजिविका एवं पोषण सुरक्षा आजीविका को सुनिश्चित कराने में मदद मिलेगी ।

कृषि निदेशालय की तरफसे बिल एण्ड मिलिण्डा गेट्स फाउण्डेशन समर्थित तकनीकि सहायक सलाहकार नासिर ने बताया कि के.वी.के. कृषि विज्ञान केन्द्र गनींवा में ड्रिप इरीगेशन के लेजर सिंचाई विधि का डिमांस्ट्रेशन / प्रदर्शन कराकर के किसानों एवं एफपी.ओ. को प्रशिक्षित किया गया है एवं इसकी डीलर सिप 20-30 प्रतिशत के लाभ पर ड्रिप टेक कम्पनी द्वारा एफपी.ओ. को दिया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी अधिकारी ने ड्रिप टेक कम्पनी का एफपी.ओ. के साथ मिल कर भी प्रदर्शन करने के लिये कहा। जिला उद्यान अधिकारी बल्देव प्रसाद ने बताया कि उद्यान विभाग में उपलब्ध योजना के अन्तर्गत सब्जियों के बीज नि:शुल्क किसानों व एफपी.ओ. के सदस्यों को उपलब्ध कराने की बात कही गयी । जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि दीज प्रसंस्करण यूनिट को सफल बनाने हेतु बीज का उत्पादन प्रमाणी करण एजेन्सियों के मानक अनुसार बीज का प्रसंस्करण कराना जरूरी है। उन्होने दृषि योजना के अन्तर्गत कैसे बीज प्रसंस्करण यूनिट लिया जा सकता है की प्रक्रिया को समझाया एवं इससे जुड़े सूचना प्रपत्र वितरित किये।

# बुंदेली सेना ने सीएनडीएस के घोटालों की जांच की मांग मंत्री के समक्ष उठाई

**चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर स्थित राजकीय पालीटेक्निक कालेज की समस्याओं को लेकर बुन्देली सेना ने कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से लखनऊ में भेंट कर मांग किया कि निर्माण इकाई सीएनडीएस के कार्यों की जांच कराकर अधूरे निर्माण कार्य जल्द पूरे किए जायें।



कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से भेंट करते बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष

बुधवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि लखनऊ में प्राविधिक शिक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल को सौंपे पत्र में कहा है कि वर्ष 2012 में राजकीय पालीटेक्निक मानिकपुर का भवन विभाग को हैंडओवर हुआ था। निर्माण एजेंसी सीएनडीएस ने बाउंड्रीवाल समेंत विद्युतीकरण व कई कार्य अधूरे छोड़ दिए थे। इससे विभागीय स्टाफऔर छात्रों को तमाम दिक्कतें उठानी पड रही हैं। विभाग ने तब से लेकर तमाम पत्राचार किए। अब सीएनडीएस दोबारा रिवाइज इस्टीमेट बनाकर बजट आने पर अधूरे कार्यों को पूरा करने की बात कह रहा है। सवाल यह है कि उस समय निर्माण क्यों अधूरा छोड़ा गया। इस मामले की मंत्री से जांच कराने व दोषियों पर कार्यवाही व अधूरे निर्माण जल्द से जल्द पूरे करने की मांग की गई है। मंत्री आशीष पटेल ने जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिया है। इस मौके पर व्यापारी जानकीशरण गुप्ता व भाजपा नेता पप्पू खान मौजूद रहे।

# पंचनद क्षेत्र में नाव पलटने से एक की मौत

**● युवक का शव देर शाम गोताखोरों ने नदी से खोजा**

**उरई ( जालौन )।** बुधवार को पंचनद क्षेत्र में उस दौरान हड़कंप मच गया जब नाव में सवार होकर आधा दर्जन युवक जलधार का आनंद उठा रहे थे उसी दौरान नाव असंतुलित होकर पलट गयी जिससे इटावा निवासी एक युवक की मौत हो गयी जबकि पांच लोगों को स्थानीय गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद नदी से बाहर निकाला जिससे उनकी जान बच गयी। घटना की जानकारी मिलते ही रामपुरा थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये थे। समाचार लिखे जाने तक गोताखोरों की मदद से नदी में महाजाल डलवाया गया ताकि मृत युवक के शव को बरामद किया जा सके जिससे देर शाम मृतक युवक का शव बरामद कर लिया गया था। वहीं नदी में नाव दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गये थे।



नदी किनारे खड़ी पुलिस व ग्रामीण

मिली जानकारी के अनुसार इटावा जनपद निवासी अंशुल यादव 20 वर्ष पुत्र रामवीर सिंह अपने मित्र सौरभ यादव, साहब सिंह सहित तीन अन्य लोगों के साथ पंचनद क्षेत्र में घूमने आया था। बताया जाता है कि नदी की जलधारा का आनंद उठाने के लिये उक्त लोग एक नाव में सवार होकर अथाह जलधारा वाले क्षेत्र में पहुंच गये तभी अचानक नाव असंतुलित होकर नदी की जलधारा में हिचकोले खाकर पलट गयी। जैसे ही उक्त नजारा नदी के तट पर बैठे स्थानीय गोताखोरों ने देखा तो होहल्ला मचना शुरू हो गया इसके साथ ही नदी की जलधारा में डूबते लोगों का बचाने के लिये नदी तट पर बैठे स्थानीय गोताखोरों ने नदी में छलांग लगा और वह कुछ ही देर में जिस स्थान पर नाव पलटी थी वहां पहुंच गये और पांच लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित नदी तट पर ले आये। जबकि अंशुल यादव 20 वर्ष पुत्र रामवीर सिंह निवासी इटावा पानी के तेज बहाव में बह गया। इसी दौरान रामपुरा थानाध्यक्ष कमलेश प्रजापति को जैसे ही नाव के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिली तो वह हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से नाव के दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जानकारी ली। इसके बाद नदी में स्थानीय गोताखोरों ने महाजाल डलवाया गया देर शाम तक महाजाल की मदद से जलधारा में बहे युवक का शव बरामद कर लिया गया था। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर कानूनी औपचारिकतायें पूरी करने में जुट गयी थी।

# स्टैंड फॉर सेफ्टी अभियान पुनः शुरू

**लखनऊ।** वीमैन फर्स्ट सोशल नेटवर्किंग ऐपए बंबल ने पिछले साल अपने पहले संस्करण के सफल लॉन्च के बाद ष्स्टैंड फॉर सेफ्टी के साथ वापसी की है। यह अभियान ऐप द्वारा एक सुरक्षित, दयावान और ज्यादा सम्मानपूर्ण इंटरनेट का निर्माण करने में मदद करने के इसके वैश्विक प्रयास का हिस्सा है। भारत में डिजिटल सुरक्षा की बढ़ती समस्या को देखते हुएए इस सालए बंबल भारत में अहिंसकए लैंगिक समानता वाले समाज का निर्माण करने के लिए समर्पित एक गैरलाभकारी संगठन सेंटर फॉर सोशल रिसर्च के साथ साझेदारी में अपनी तरह की अलग सेफ्टी हैंडबुक रिलीज़ कर रहा है, जो डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ाएगी और समुदाय को ऑनलाईन नफरत उत्पीड़नए एवं भेदभाव के खिलाफ लड़ने में समर्थ बनाएगी। यह हैंडबुक न्याय के साथ गठबंधन में बनाई गई हैए जो एक स्वतंत्र एवं ओपन एक्सेस डिजिटल संसाधन है और लोगों को ऑनलाईन नफरत एवं भेदभाव का सामना करने पर अपने कानूनी अधिकारों एवं उन अधिकारों को प्राप्त करने के तरीकों के बारे में शिक्षित करने के लिए सरलए कार्ययोग्य जानकारी प्रदान करता है। महिमा कौल हेडए पब्लिक पॉलिसी एशिया पैसिफिक बंबल ने कहा कि हमें अपनी तरह की अलग सेफ्टी हैंडबुक बनाने और समुदायों को ऑनलाईन दुर्व्यवहार भेदभाव एवं उत्पीड़न को पहचानकर उनसे लड़ने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए सेंटर फॉर सोशल रिसर्च एवं न्याय के साथ साझेदारी करने की खुशी है।

# टीम ने चेकिंग में पांच किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद की

**जालौन ( उरई )।** सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए नगर पालिका की टीम ने नगर में चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान करीब 5 किग्रा पॉलीथीन जब्त कर व्यापारियों से जुर्माना वसूला गया। नगर पालिका में तैनात सफाई निरीक्षक देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए बाजार में चौकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्राहकों पॉलीथीन में सामान देने से रोकने के लिए भी जागरूक किया गया। साथ ही चौकिंग अभियान में जिन दुकानों में पॉलीथीन मिली उन्हें जब्त भी किया गया। इस दौरान आधा दर्जन दुकानों से लगभग 5 किग्रा पॉलीथीन जब्त की गई और व्यापारियों से जुर्माना भी वसूला गया। एसआई देवेंद्र कुमार ने बताया कि 30 जून से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। अभियान लगातार जारी रहेगा। दुकानों पर पॉलीथीन मिलने पर न सिर्फ उसे जब्त किया जाएगा बल्कि जुर्माना भी वसूला जाएगा। प्लास्टिक अथवा थर्मोकॉल के गिलास, दोने, पत्तल आदि भी बंद हैं।



दुकान से प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद करती टीम।